

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, परिवार का महत्व और बदलता स्वरूप व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -274, पृष्ठ -18+4, मूल्यः -6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 39.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 23 | सूर्यास्त 18 : 47

अयोध्या, रविवार, 12 मई 2024


सरफरोश के सीक्वल में काम करना चाहते हैं आमिर...-17

# दूल्हे सहित चार बाराती जिंदा जले

कार्यालय संवाददाता, जालौन


हादसे के बाद धू-धू कर जलती कार।

- झांसी-कानपुर हाईवे पर बड़ागांव क्षेत्र के पारीछा ओवरब्रिज पर हुआ हादसा
- एरच थाना क्षेत्र के बिलाटी गांव से बड़ागांव क्षेत्र के छापर जा रही थी बारात

**अमृत विचार :** झांसी-कानपुर हाईवे पर शुक्रवार देर रात डीसीएम और कार की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। इससे कार सवार दूल्हे समेत चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। बारात एरच थाना क्षेत्र के बिलाटी गांव से बड़ागांव थाना क्षेत्र के छापर जा रही थी। पुलिस और दमकल टीम ने कार से दो घायलों को निकालकर झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। हादसे के बाद वर-कन्या पक्ष में मातम पसर गया।

एरच थाना क्षेत्र के बिलाटी गांव से आकाश (23) बारात लेकर बड़ागांव थाना क्षेत्र के छापर गांव जा रहा था। उसके साथ कार में भतीजा ईशु (7) और आशीष (20) समेत अन्य परिजन सवार थे। शुक्रवार रात करीब 12 बजे कार जैसे ही परीछा ओवरब्रिज के पास पहुंची, तभी पीछे से तेज रफ्तार आए डीसीएम ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद कार में आग लग गई। सभी बाराती कार के अंदर फंस गए। कोई भी बाहर नहीं निकल पाया।

दूल्हे की कार के पीछे परिवार के लोग दूसरी गाड़ी से चल रहे थे। जब तक वे लोग पहुंचे, तब तक कार आग की लपटों से घिर गई। परिजनों ने पुलिस और दमकल को सूचना दी। पुलिस के साथ पहुंची दमकल टीम ने किसी तरह आग बुझाकर कार के अंदर से लोगों को निकाला। तब तक आकाश, ईशू, आशीष समेत कार ड्राइवर की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए।

## मणिशंकर अय्यर के परमाणु बम वाले बयान पर प्रधानमंत्री ने कसा तंज

# पाकिस्तान बम बेचने के लिए तलाश रहा खरीददार : मोदी

ओडिशा, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 50 सीट भी नहीं जीत पाएगी और चुनाव के बाद उसे विपक्षी दल का दर्जा भी नहीं मिलेगा। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के पाकिस्तान के पास परमाणु बम संबंधी बयान पर तंज कसते हुए मोदी ने कहा कि इन डरे हुए लोगों (कांग्रेस) ने देश की जनता के उत्साह को खत्म कर दिया है। आज पाकिस्तान ऐसी स्थिति में है कि वह अपने पास मौजूद बम को संभाल नहीं पा रहा है। वे अब अपने बम बेचने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन उन्हें खरीदार नहीं मिल रहे हैं क्योंकि लोगों को पता है कि उनके बम खराब गुणवत्ता के हैं।



- ओडिशा में बोले प्रधानमंत्री-50 सीट भी नहीं जीत पाएगी कांग्रेस

कंधमाल, बोलंगीर और बारगढ़ लोकसभा सीट पर चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि ओडिशा की 'अस्मिता' खतरे में है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार बनेगी और ओडिशा में भाजपा सरकार का मुख्यमंत्री वही बेटी या बेटा बनेगा जो उड़िया भाषा और उड़िया संस्कृति को समझता हो। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस को लोकसभा में प्रमुख विपक्षी दल बनने के लिए 10 प्रतिशत सीट नहीं मिल पाएंगी। राहुल गांधी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे 2014 के चुनाव के बाद से वही स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं...।

### मोदी के चुनावी भाषण में होती हैं खोखली बातें: प्रियंका



**नंदूरबार।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने चुनावी भाषणों में खोखली बातें करते हैं, उनकी बातों में कोई विजन नहीं होता है। उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत इंदिरा गांधी के साहस और दृढ़ संकल्प जैसे गुणों को अपनाने चाहिए। वह नंदूरबार से कांग्रेस प्रत्याशी गोवाल पाडवी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित कर रही थीं।

### मोदी की डोर टेंपो वाले अरबपतियों के हाथ : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए उन्हें टेंपो वाले अरबपतियों का एक कठपुतली राजा बताया। कांग्रेस को अडाणी और अंबानी से टेंपो में नकदी मिलने की टिप्पणी को लेकर मोदी पर हमलावर हुए गांधी ने एक्स पर एक वीडियो साझा किया जिसमें शुक्रवार को लखनऊ में एक कार्यक्रम में उनके भाषण के कुछ अंश शामिल हैं।

# तीन बच्चों, मां-पत्नी की हत्या कर खुद को भी गोली मारकर दी जान

## साले का आरोप- जमीन के विवाद में पूरे परिवार को सुलाया गया मौत की नींद

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचारः** रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के मां, पत्नी और तीन बच्चों की हत्या करने के बाद अधेड़ ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पत्नी को हथौड़े से, मां को गोली मारकर और बच्चों को छत से फेंककर हत्या की गई। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस गुत्थी सुलझाने में जुट गई है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि हत्या करने वाला अधेड़ नशे का आदी था। जबकि मृतका प्रियंका का भाई भूमि विवाद के चलते हत्या का दावा कर रहा है।


अनुराग अपनी पत्नी प्रियंका और तीन बच्चों के साथ (फाइल फोटो)।

### मौत का तांडव

- मामलें में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस कर रही जांच
- पत्नी के भाई का दावा, भूमि विवाद में की गयी हत्या

> अनुराग द्वारा मां, पत्नी व तीन बच्चों की हत्या करने के बाद स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर लेने की बात सामने आ रही है। घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त असलहा व हथौड़ा बरामद किया गया है। सामूहिक हत्या प्रत्येक पहलू की गहनता से जांच कर रही है।
> –चक्रेश मिश्रा, एसपी सीतापुर

क्षेत्र के ग्राम पाल्हापुर निवासी अनुराग सिंह (45) पुत्र स्व. वीरेंद्र सिंह ने शनिवार तड़के तीन बजे घर में सो रही मां सावित्री (65) व पत्नी प्रियंका (39) को पहले गोली मारी। यही नहीं, पत्नी के सिर पर हथौड़े से वार किया, ताकि वो जिंदा न बचे। इसके बाद अनुराग ने बेटी आर्ना (12), आरवी (8) और पुत्र आद्विक (5) को छत से नीचे फेंक दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। पांचों की हत्या करने के बाद अनुराग ने स्वयं को गोली मार आत्महत्या कर ली। अनुराग के भाई अजीत की सूचना पर पहुंची पुलिस व एफएसएल टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मौके से खून से सना हथौड़ा भी बरामद किया। अजीत ने बताया कि शुक्रवार देर शाम अनुराग की पत्नी और उसके बच्चे लखनऊ से आए थे। देर शाम दोनों के बीच शुरू हुआ विवाद देर रात तक चलता रहा। इस दौरान वह जाकर कमरे में सो गया। मां, भाभी व तीनों बच्चों की मौत के बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है। छह मौतों के बाद भाई अजीत की यह बात किसी के गले नहीं उतर रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक अनुराग की पत्नी प्रियंका लखनऊ स्थित जानकीपुरम में निजी फ्लैट में अपने तीन बच्चों के साथ रहकर एक निजी इंश्योरेंस कंपनी में सेवा देती थी। परिजनों ने बताया कि प्रियंका अपने तीनों बच्चों को लखनऊ स्थित सीएमएस अलीगंज में पढ़ा रही थी। गुरुवार को स्कूल बंद होने के बाद अगले दिन पत्नी बच्चों को लेकर गांव पहुंच गई थी। अनुराग और प्रियंका की शादी करीब 14 साल पहले हुई थी। अनुराग ने सिविल सेवा के लिए तैयारी भी की थी। सफलता न मिलने पर अनुराग गांव जाकर खेती करने लगा, अपने पिता का हाथ बंटाने लगा था। वहीं, प्रियंका के भाई आदित्य का कहना है कि वर्ष 2023 में पिता की मौत के बाद अनुराग व उसके भाई अजीत के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। आदित्य ने दावा किया कि सभी छह लोगों की हत्या की गई है।

# शाह बनेंगे प्रधानमंत्री, हटा दिए जाएंगे योगी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अगले साल रिटायर हो जाएंगे। वह (मोदी) अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं। यह भी कहा कि यदि भाजपा सत्ता में आई तो पार्टी दो महीने के भीतर उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बदल देगी। दावा किया कि यदि भाजपा लोकसभा चुनाव जीतती है तो पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव समेत सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया जाएगा।

### केजरीवाल का दावा



- भाजपा लोकसभा चुनाव जीतती है तो जेल में होंगे विपक्षी नेता

केजरीवाल ने यहां आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि भाजपा सत्ता में वापस नहीं आएगी और चार जून को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी केंद्र में सरकार का हिस्सा बनेगी।

केजरीवाल ने कहा कि ये लोग इंडिया गठबंधन से उनके चेहरे के बारे में पूछते हैं। मैं भाजपा से पूछता हूं कि उनका प्रधानमंत्री कौन होगा? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। उन्होंने नियम बनाया था कि 75 साल की उम्र वालों को 'रिटायर' कर दिया जाएगा। उन्होंने लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुमित्रा महाजन को रिटायर (सेवानिवृत्त) कर दिया। उन्होंने कहा कि मोदी भी अगले साल रिटायर हो जाएंगे।

### शाह का जवाब-मोदी ही करते रहेंगे नेतृत्व



**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल के दावे पर गृहमंत्री अमित शाह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे। शाह ने कहा पूर्व हो, पश्चिम हो, उत्तर हो या दक्षिण होइस देश की जनता हर कोने में प्रधानमंत्री मोदी के प्रचंड समर्थन में खड़ी है। इंडिया गठबंधन के नेताओं को पता है कि भाजपा 400 पार करने जा रही है और मोदी तीसरी बार इस देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। इसलिए, केजरीवाल इस प्रकार की अफवाह फैला रहे हैं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि नरेंद्र मोदी ही 2029 तक नेतृत्व करेंगे और मोदी ही आने वाले चुनाव का नेतृत्व करेंगे।

# प्रख्यात पंजाबी कवि और लेखक सुरजीत पातर का निधन



**लुधियाना।** प्रख्यात पंजाबी कवि एवं लेखक सुरजीत सिंह पातर (79) का शनिवार की सुबह निधन हो गया। परिजनों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे उनकी पत्नी भूपिंदर कौर ने उन्हें जगाने की कोशिश की लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया, जिसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पातर के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं जिनमें से एक ऑस्ट्रेलिया में रहता है। पातर के करीबी सहयोगी गुरभजन गिल ने कहा कि सोमवार को उनका अंतिम संस्कार किया जा सकता है।

# दिल्ली में तूफान से दो की मौत, 23 घायल

नई दिल्ली, एजेंसी

- तेज हवाओं से उखड़े पेड़ और बिजली के खंभे

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तूफान से संबंधित घटनाओं में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। कई स्थानों पर तेज हवाओं के कारण पेड़, बिजली के खंभे उखड़ गए और दीवारों के कुछ हिस्से गिर गए। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार देर रात आई धूल भरी आंधी के कारण कई इलाकों में बिजली की आपूर्ति भी बाधित हो गई। पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी में जनकपुरी फ्लाईओवर के पास एक पेड़ की शाखा गिरने से दोपहिया वाहन सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना में एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन उसमें सवार लोग सुरक्षित हैं। रात करीब 11 बजे केएन काटजू मार्ग पर आईबी ब्लॉक के पास एक पेड़ के नीचे दबने एक मजदूर की मौत हो गई।

वहीं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शुक्रवार रात आई तेज आंधी के चलते नोएडा के सेक्टर 62 स्थित एलआईसी भवन के पास स्थित एक इमारत में लोहे की शटरिंग गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई है और तीन अन्य की हालत नाजुक बताई जाती है। ये मजदूर शटरिंग गिरने से लोहे के पाइप के नीचे दब गए थे।

# चौथे चरण की सीटों पर चुनाव प्रचार थमा

- मतदान के लिए आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

**लखनऊ।** प्रदेश में चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों व एक विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए शनिवार की शाम प्रचार थम गया। मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां 12 मई को रवाना होंगी। इन सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण के सभी लोकसभा सीटों के लिए 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जबकि शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा उपचुनाव के लिए 10 प्रत्याशी हैं।

# सीएम आवास पर होता था दंगाइयों का महिमामंडन

संवाददाता, कन्नौज/कानपुर/उन्नाव



- इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो फिर से लौट आएगा आतंकवाद का दौर
- मुख्यमंत्री ने कन्नौज, कानपुर व उन्नाव में पार्टी प्रत्याशियों के लिए जनसभा की

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा शासन में मुख्यमंत्री आवास पर दंगाइयों का महिमामंडन होता था। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो फिर से आतंकवाद का दौर लौट आएगा। मुख्यमंत्री शनिवार को कन्नौज, कानपुर व उन्नाव में भाजपा प्रत्याशियों के लिए आयोजित जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे।

तीसरे चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन मुख्यमंत्री ने तीनों सीट पर क्रमशः सुब्रत पाठक, रमेश अवस्थी, साक्षी महाराज व अकबरपुर से देवेंद्र सिंह 'भोले' को विजय दिलाने की अपील की। उन्होंने कन्नौज में सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन को यहां प्रत्याशी नहीं मिल रहा था, इसलिए वह चुनाव लड़ रहे हैं। पहले किसी को टिकट दिया, फिर उसका टिकट काट दिया। दूसरे को दिया तो वह मैदान छोड़कर भाग गया। तीसरे की घोषणा की तो उसने मना कर दिया। जब कोई नहीं मिला तो सपा अध्यक्ष कह रहे हैं कि वह सेवा करना चाहते हैं। इनके पास जब मौका था, तब कन्नौज के इत्र में बदबू फैलाने का काम कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने आम लोगों से आह्वान किया कि वह घर-घर जाएं और कहें कि उन्हें रामभक्त चाहिए, रामद्रोही नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कहा था कि 'रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे।' तब सपा के लोग रामभक्तों पर गोलियां चलाते थे। इनके समय में अयोध्या में आतंकी हमला हुआ था। यह लोग आतंकियों के मुकदमे वापस लेते थे। कांग्रेस ने देश और सपा ने यूपी की जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया।




हमारे फर्स्ट वोटर

### उस पल का इंतजार जब ईवीएम का बटन दबाऊंगी



बचपन से माता-पिता और परिवार मोहल्ले के लोगों को वोट देते देखते आ रही थी। अब इस बार मुझे भी मतदान करने का अवसर मिला है। बहुत खुशी हो रही है। अब तो बस उस पल का इंतजार है जब ईवीएम का बटन दबा कर अपने मताधिकार का प्रयोग करूंगी। सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए। मैंने तो एक व्हाटसअप ग्रुप भी बना लिया है। जिसमें मतदान के लिए अपील कर रहीं हूं।
**- मानसी द्विवेदी , मेडिकल छात्रा, रुदौली**

### मित्रों और परिवार को दिलाई मतदान की शपथ



पहली बार मतदान का अधिकार मिला है। 20 मई की प्रतीक्षा कर रहा हूं। मैंने अपने मित्रों और परिवार को मतदान के लिए शपथ दिलाई है कि वह मतदान जरूर करेंगे। मतदान देश के प्रति आपके समर्पण और निष्ठा का प्रतीक है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान एक अच्छी सरकार के गठन में आपकी एक वोट की बड़ी कीमत है। इसलिए सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए। मैं भी सबसे पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करूंगा उसके बाद ही कोई दूसरा काम करूंगा। **- प्रखर शर्मा, छात्र, रुदौली**

# हर किसी की पहुंच में होने वाला चाहिए सांसद

**बोले -** डॉ.बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के लेक्चरर, रीडर व इंटर्न चिकित्सक

अमृत विचार परिचर्चा

अयोध्या कार्यालय



डॉ. बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक अमृत विचार के अभियान में शामिल हुए।

▶▶ कहा- भेदभाव से ऊपर उठकर करें काम, सभी ने ली मतदान करने की शपथ

▶▶ जिले के सभी मतदाताओं से की मताधिकार का प्रयोग करने की अपील

**अमृत विचार :** लोकतंत्र के महापर्व पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 'अमृत विचार' की ओर से शुरू की गई मुहिम में हर वर्ग के लोग शामिल होने लगे हैं। देवकाली स्थित डॉ. बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में शनिवार को अभियान के तहत हुई परिचर्चा में कॉलेज के लेक्चरर, रीडर के अलावा बड़ी संख्या में इंटर्न चिकित्सक शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में कहा कि हमारा सांसद ऐसा होना चाहिए, जो हर किसी की पहुंच में हो। जो जातिवाद, परिवारवाद और क्षेत्रवाद की भवना से ऊपर उठकर जिले के विकास के काम करे। इस मौके पर सभी ने मतदान करने की शपथ ली और जिले के सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने की अपील की।

परिचर्चा की शुरूआत करते हुए रीडर डॉ.पीएस त्रिपाठी ने कहा कि 20 मई को लोग सबसे पहले मतदान करें। वोट देने से पहले प्रत्याशी की पृष्ठभूमि पर अवश्य ध्यान दें। नहीं तो एक बार आपके दरवाजे पर आने वाला प्रत्याशी पांच साल तक आपको अपनी चौखट के चक्कर लगवा सकता है। रीडर डॉ. तुलसीराम रावत ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी को अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। मूलभूत सुविधाएं देने वाले प्रत्याशी को ही सांसद चुनना चाहिए। लेक्चरर डॉ. मनीषा यादव ने कहा शिक्षा व स्वास्थ्य का हर व्यक्ति के जीवन में विशेष महत्व होता है। इसलिए सांसद ऐसा होना चाहिए जो जिलेवासियों को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य की व्यस्था दिलाए। उन्होंने 'अमृत विचार' के अभियान की तारीफ करते हुए कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। समाज को आइना दिखाने का काम करता है। आप लोगों के माध्यम से मैं सभी मतदाताओं से अपील करना चाहती हूं कि 20 मई को सभी वोट करने के लिए घर से निकलें। पहले मतदान और उसके बाद ही कोई दूसरा काम।

रीडर डॉ.माधुरी गुप्ता ने कहा कि हमारा सांसद सरल स्वाभाव का होना चाहिए। जिसकी सोच में राष्ट्रवाद प्राथमिकता हो और जनहित की भावनाओं को समझता हो। लेक्चरर डॉ. हेमंत कुमार ने कहा कि सांसद जनता का दुख दर्द समझने वाला होना चाहिए।

## ये लोग परिचर्चा में हुए शामिल

परिचर्चा में लेक्चरर डॉ. अनुज मिश्र, डॉ. करुणा आनंद, डॉ. केशवपुरी गोस्वामी, इंटर्न दीपा यादव, निशा शुक्ला, नव्या अग्रहरि, महिमा जायसवाल, दीक्षा श्रीवास्तव, काजल, कमलेश, संजय चौधरी व सचिन , लैब अटेंडेंट पुष्पेंद्र व चंद्र पाल वर्मा तिवारी समेत अन्य शामिल रहे।

## परिचर्चा में उठे ये प्रमुख मुद्दे

- सामाजिक कार्यों में भागीदारी व संघर्ष करने वाला सांसद चाहिए।
- बेरोजगारी को दूर करने की आवाज उठाने वाला हो।
- भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए कार्य करने वाला हो।
- आउटसोर्स पर कर्मचारियों के दोहन की आवाज संसद में उठाने वाला प्रतिनिधि होना चाहिए।
- जातिवाद, परिवारवाद व क्षेत्र वाद की भावना से ऊपर उठकर काम करने वाला होना चाहिए।


हाथों में मेहंदी लगा वोट की अपील करती स्कूली छात्राएं। अमृत विचार

### रूबीना की रंगोली सर्वश्रेष्ठ व शुभांगिनी को मिला दूसरा स्थान



▶▶ मतदाता जागरुकता के तहत आयोजित की गई प्रतियोगिता

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अदुभुत अयोध्या मतदाता जागरुकता के तहत शनिवार को बाबू बालिका इंटर कॉलेज में रंगोली मतदाता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें रूबीना को पहला, शुभांगिनी को दूसरा व कोमल यादव को तीसरा स्थान मिला। इसके साथ ही कई अन्य शैक्षणिक संस्थानों में जागरुकता के कार्यक्रम आयोजित किए गए। अद्भुत अयोध्या मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक, स्लोगन/पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता आदि का आयोजन किए जा रहे है। मतदाताओं को 20 व 25 मई के अवसर पर अपने अपने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने अमूल्य मताधिकार का प्रयोग कर देश और लोकतंत्र के प्रति अपने सर्वोपरि कर्तव्य का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में स्लोगन, रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### राष्ट्रीय मास्टर ट्रेनर बने आशीष

**अयोध्या, अमृत विचार।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने जिले के आशीष शर्मा को सोशल इमरजेंसी रिस्पांस वालंटियर का राष्ट्रीय स्तर पर मास्टर ट्रेनर बनाया है। यह उपलब्धि उनको गुजरात के अहमदाबाद में पांच दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के लिए आयोजित परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हासिल हुई है। वर्ष 2001 में रेड क्रॉस के साथ एक स्वयं सेवक के रूप में जुड़े श्री शर्मा 23 सालों में लगभग 10 हजार स्वयंसेवकों को मानव सेवा के लिए प्रेरित व प्रशिक्षित कर चुके हैं। कोविड महामारी के दौरान मानवीय सेवा के लिए राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुए थे।


आशीष शर्मा

# छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली

रुदौली, अयोध्या

**अमृत विचार :** हिंदू इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। अभियान को गति प्रदान करने और लोकतंत्र के इस पर्व की सफलता के लिए छात्र- छात्राएं माता-पिता का संकल्प पत्र भरवाकर हस्ताक्षर भी ले रहे हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रिया शरण सिंह ने बताया की संकल्प पत्र में विद्यार्थी अपने माता-पिता से आगामी लोकसभा चुनाव में 20 मई को मतदान के दिन घर से निकलकर सबसे पहले मतदान करने का वादा लिया गया है। छात्राओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और कोतवाली में छात्राओं ने रंगोली बना मतदान करने का संदेश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. मदन बरनवाल ने बच्चों की खूब प्रशंसा की। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देवेन्द्र सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।



छात्राओं ने रंगोली में ईवीएम और राष्ट्रीय ध्वज बनाया। अमृत विचार

▶▶ हिंदू इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अभियान से लोकतंत्र के इस पर्व को दी गति

विद्यालय के स्वीप कार्यक्रमों के प्रभारी शिक्षक आशीष शर्मा ने बताया कि लोकतंत्र के इस उत्सव में मेरे छात्रों की अधिकतम भागीदारी हो ऐसा मेरा प्रयास है। प्रवक्ता अनिल खरे ने कहा अच्छा मतदान प्रतिशत देश के प्रति हम सब की जिम्मेदारी है। विद्यालय के अध्यापक प्रवेश कुमार, दिनेश पटेल, देवांशु, विक्रम सिंह, रंजना सिंह, कल्पना वर्मा, माधुरी सिंह व नम्रता अग्रवाल रहे।

## सार-संक्षेप

### दूसरे दलों के कई लोग सपा में हुए शामिल

**अयोध्या, अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने शनिवार को केंद्रीय कार्यालय सहादतगंज पर भाजपा एवं बसपा के कई नेताओं को समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा कि जो लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं उनके मान सम्मान में समाजवादी पार्टी सदैव उनके साथ खड़ी रहेगी। इस अवसर पर अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष अशोक वर्मा भी मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने नियुक्त किए गए प्रभारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में प्रचार-प्रसार और गठबंधन दलों में समन्वय को लेकर कांग्रेस ने शनिवार को विधानसभा वार प्रभारी नियुक्त किए हैं। जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया अयोध्या विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, बीकापुर विधानसभा क्षेत्र की प्रभारी रेनू राय, रुदौली विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बृजेश रावत और मिल्कीपुर विधानसभा का प्रभारी दिनेश शुक्ला को बनाया गया है। प्रदेश प्रवक्ता गौरव तिवारी को मीडिया कोऑर्डिनेटर और एडवोकेट गिरीश तिवारी को लीगल सेल का कोआर्डिनेटर बनाया गया है।

### गांव में महिलाओं ने चौपाल में किया संवाद

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाजपा की महिला विंग की महिलाएं गांव में चौपाल लगाकर संवाद कर रही। प्रत्याशी को वोट की अपील कर रही। शोध प्रमुख मधु पाटक के नेतृत्व में महिलाओं ने शनिवार को बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के बल्लीपुर में यहां संगीता तिवारी के निवास स्थान पर और पराग पुरवा, बीकापुर में मनोज यादव, पाण्डेय पुरवा में शंकुतला पाण्डेय के निवास स्थान पर चौपाल का आयोजन किया। महिलाओं से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की।

### गोंड महासभा की जिला इकाई भंग

**अयोध्या, अमृत विचार।** अखिल भारतीय गोंड महासभा के जिला अध्यक्ष प्रवीण धुरिया और महानगर अध्यक्ष अशोक कुमार को उनके पद से हटा जिला कमिटी भंग कर दी गई है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाबू राम गोंड ने शनिवार को बताया कि यह कार्यवाही निष्क्रियता के चलते की गई है। जल्द ही दोनों कमेटियों के गठन के लिए चुनाव तिथि की घोषणा की जाएगी।

### देश में कल्याणकारी सरकार की आवश्यकता : वेदप्रकाश


गंगौली में आयोजित चौपाल को सम्बोधित करते हुए नगर विधायक।

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार द्वारा गरीबों के उत्थान के लिए तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है। जिसका लाभ आम जनमानस को मिला रहा है। 500 वर्षों के बाद अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हुआ है। अयोध्या का विकास हुआ। यह बातें नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने शनिवार को ग्राम पंचायत गंगौली व महेशपुर में आयोजित एक चौपाल में कहीं। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, प्रधान संघ जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, जिला पंचायत सदस्य देवता प्रसाद पटेल, राष्ट्रीय लोक दल के रामशंकर वर्मा, मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी, मंडल महामंत्री राजेश पाठक समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### कला किसी की मोहताज नहीं होती: एसबी सागर


प्रतियोगिता में दीवार पर उकेरे गए चित्र में रंग भरती एक प्रतिभागी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** पटेल नगर स्थित सागर कला भवन में ग्रामीण बालिकाओं की कला प्रतियोगिता हुई। इसके बाद संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कला भवन के अध्यक्ष व निदेशक एस बी सागर ने कहा कि कला एक ऐसी विधा है जो किसी की मोहताज नहीं होती, हर मानव प्राणी में विद्यमान होती है। सिर्फ साधने की जरूरत है। इसके पूर्व बी सागर ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात बालिकाओं द्वारा दीवारों और पोस्टरों पर उकेरे गए देवी देवताओं के चित्रों की प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को लेखन सामग्री भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बस्ती, अंबेडकर नगर, गोरखपुर, अमेठी, सुल्तानपुर अयोध्या, बाराबंकी,गोंडा सहित कई जिलों की बालिकाओं ने हिस्सा लिया। प्रज्ञा श्रीवास्तव, रिंकी यादव, वंदना साहू, अंजू यादव, रिद्धिमा गुप्ता, पल्लवी, प्रिया, रावत, काजल मौर्य, अंशिका मौर्य, देवांशी, आंचल सोनकर, मानसी गौड़, सेजल मौर्य, स्वाति, रुचि, खुशी, सलोनी मोदनवाल को लेखन सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया।

### सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों का मनोबल बढ़ाया

**अयोध्या, अमृत विचार :** निषाद नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय की छात्रा रूपल मिश्रा का जन्मदिवस समारोह शनिवार को एकम फाउंडेशन के अध्यक्ष इंजीनियर अनिल कुमार मिश्रा के सहयोग से मनाया गया। समारोह में मौजूद 65 बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। इंजीनियर मिश्रा ने विद्यालय के मेधावी बच्चों को आवश्यकता होने पर आर्थिक सहायता की मदद आश्वासन दिया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष इंजीनियर टीबी सिंह, प्रबंधक रविंद्र गुप्ता, समाजसेवी रवि सोनकर, अनूप मिश्रा व विद्यालय का स्टाफ मसौजूद रहा।

### तिलोदिकी नाले की मशीनों से सफाई शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर निगम सीमा अंतर्गत जीयनपुर स्थित तिलोदिकी नाले की मशीनों से सफाई शुरू हो गई है। नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा ने शनिवार को निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि नाला सफाई का कार्य टेल इन्ड (निकासी की तरफ से) प्रारम्भ कराया गया है। इसमें 63 बड़े नाले एक मीटर से अधिक चौड़े नालों का निर्माण विभाग के माध्यम से व 142 छोटे नाले एक मीटर से कम चौड़े, छह मझोले नालों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। नौ बड़े नालों की सफाई मशीनीकृत रूप से कराई जा रही है। सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद पाण्डेय, अवर अभियन्ता विनोद पटेल आदि मौजूद रहे।

### श्री शक्तिपीठ पर मनाई गई पीतांबरा जयंती

**अयोध्या, अमृत विचार:** सोहावल तहसील क्षेत्र के मुबारकगंज में आस्था और विश्वास का केंद्र श्री अध्याधत्म शक्तिपीठ पर पीतांबरा जयंती धूमधाम से मनाई गई। न्यास अध्यक्ष देव मित्र पांडेय, मुख्य अर्चक सुधीर पांडेय और श्रद्धालुओं ने आचार्य गिरिजा मिश्र के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश दतिया पीठ की परंपरा के अनुसार शक्तिपीठ पर स्थापित मां भगवती पीतांबरा के विग्रह का षोडशोपचार पूजन किया। हवन, आरती व पुष्पांजलि के बाद बाल स्वरूप कन्याओं का पूजन कर अंग वस्त्र प्रदान किया गया। साथ ही पीठ परिसर में स्थापित भगवती तारा, स्वामीजी महाराज तथा अन्य देवी देवताओं के विग्रहों की विशेष पूजा की गईं। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में पीठ से जुड़े रवीश चंद्र पांडेय उर्फ़ गोपाल जी, अनुराग पांडेय बिठूल, सत्यदेव चतुर्वेदी, रमेश विश्वकर्मा समेत बड़ी संख्या में साधक व श्रद्धालु शामिल रहे।

# बदला मौसम, चली आंधी


आंधी के बीच देवकाली से गुजरते वाहन। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सर्कुलेशन के डेवलप होने का असर जिले के मौसम पर भी पड़ा। जिले में शनिवार दोपहर एक बजे के करीब 20 मिनट तक आंधी चली। इस दौरान आसमान में सिर्फ धूल का गुबार ही नजर आ रहा था। सड़कों पर बाइक सवारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा, जबकि घर व प्रतिष्ठान धूल से भर गए। मौसम विभाग का मानना है कि 13 मई तक आंधी के साथ छिटपुट बूंदाबांदी के भी आसार हैं।

▶▶ कहीं-कहीं छिटपुट बूंदाबांदी के भी आसार

आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. सीताराम मिश्र ने बताया कि अधिकतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री कम होकर 38 पर पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। उन्होंने बताया कि आगामी 24 घंटे में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने एवं कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। हवा सामान्य व सामान्य से तेज गति से पूर्वी दिशा में चलने की संभावना है।

### कई गांवों की बिजली गुल, लोग रहे परेशान

**हैदरगंज, अयोध्या :** विद्युत आपूर्ति कई घंटे बाद भी बहाल न होने के चलते लोग गर्मी में परेशान रहे। केलालाल खां अंतर्गत तारुन फीडर अंतर्गत सुबह 9:30 बजे बिजली सप्लाई बंद कर दी गई, जिसके चलते ग्राम पंचायत खपराडीह, कटौना, जाना पछियाना, कोरोराघवपुर की तीन हजार आबादी के लोग गर्मी से परेशान रहे।



यहां के किसान भी सब्जी सहित अन्य फसलों की सिंचाई आदि को लेकर परेशान दिखे। उपकेंद्र के जेई राजेश यादव का कहना है कि अधिकारियों के निर्देश पर एनसीसी कंपनी के ठेकेदार को इंटरपोलिंग के लिए शटडाउन दिया गया था। इसी के चलते विद्युत व्यवस्था बहाल होने में समय लगा। कितनी देर शटडाउन दिया गया यह बताने में असमर्थता जताई।

# भिड़े चिकित्सक और एंबुलेंस संचालक, आरोप-प्रत्यारोप

अयोध्या कार्यालय

▶▶ जिला अस्पताल में चर्चा में आया नया विवाद

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में एक नया विवाद फिर चर्चा में है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शनिवार को शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है।

इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र वर्मा का शुक्रवार को पुलिस को दी शिकायत में आरोप है कि आठ मई की रात वह ड्यूटी पर थे। इसी दौरान एक प्राइवेट एंबुलेंस के चालक का भाई और दलाली करने वाला आमिर खान आया। उन्होंने इमरजेंसी ओपीडी से बाहर जाने को कहा। इसको लेकर उसने वाद-विवाद किया और अभद्रता करते हुए सरकारी कार्य में बाधा खड़ी की। अस्पताल से बाहर मिलने पर जान से मारने और फर्जी मामले में फंसाने की धमकी दी। इतना ही नहीं अगले दिन फोनकर फिर से धमकाया, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान और दहशत में हैं। वहीं आमिर का आरोप है कि आठ मई को वह अपनी भाभी को दिखाने गया था। जहां डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने भाभी के साथ आपत्तिजनक हरकत की और विरोध पर विवाद पर उतारू हो गए। जिसकी पुलिस को शिकायत दी गई है। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. उत्तम कुमार ने शनिवार को बताया कि पीड़ित चिकित्सक की ओर से शिकायत आई थी, जिसको जाँच और कार्रवाई के लिए पुलिस को भेजवाया गया है। अस्पताल परिसर में दलाल और दलाली को रोकने के लिए सोमवार से अभियान के तहत कार्रवाई कराई जाएगी। चौकी प्रभारी रिकाबगंज कमलेश साहनी का कहना है कि प्रकरण संज्ञान में है। मामले की जाँच कराई जा रही है।

**अतीत के झरोके से** बदलते जमाने के साथ बदल गया प्रचार का तौर तरीका

# काकी पायलागी, वोटवा के लिए आये हैं

बलराम तिवारी, मिल्कीपुर (अयोध्या)


गायत्री देवी


अर्जुन शुक्ला


रंजीत शर्मा


सुरेश गोस्वामी

**अमृत विचार :** जमाना बदला, वोट मांगने का तौर तरीका भी एक दम बदल गया है। ज्यादा नहीं दो-ढाई दशक पहले के और अब के चुनाव प्रचार का तरीका एकदम उलट हो गया है।

मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम घुरेहटा निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता गायत्री देवी ने कहा कि पहले के जमाने में चुनाव के समय गांव में रौनक होती थी। शाम को कुएं की जगत पर चुनावी चौपालें सजती थीं लेकिन अब सब कुछ बदल गया है। पहले गांव के लोग आते थे। दरवाजे की कुंडी खड़काते हुए कहते थे, काकी बाहर निकलो वोट वाले आये हैं, हम बाहर आकर उनका परिचय जानते थे, गुड़ चबैना से स्वागत करते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है।

ग्राम सोहवल सलोनी पूरे शुक्ल निवासी 70 वर्षीय अर्जुन प्रसाद शुक्ल बताते हैं कि पहले चुनाव में बड़ा हल्ला-गुल्ला होता था। लोग माइक लगाकर जीप से प्रचार करते थे। जीप के पीछे बच्चे सरपट दौड़ लगाते थे। बच्चों को दौड़ता देख जीप में बैठे पार्टी कार्यकर्ता कुछ पर्चे, बिल्ले फेंक देते थे। अब यह सब गुजरे जमाने की चीज हो गई। अब तो मोबाइल फोन पर अपील की जा रही है। टीवी में प्रचार आ रहे हैं। आखिरी तक पता ही नहीं लग पाता कि कौन किस पार्टी से उम्मीदवार है। बस इतना पता चलता है कि यह मोदी-योगी की पार्टी का है। वह अखिलेश वाला है। फलाने हाथ के पंजे से खड़े हैं। हाथी वाले उम्मीदवार का फला नाम है।

ग्राम पलिया लोहानी के 77 वर्षीय रंजीत शर्मा ने कहा कि तीन दशक पहले के चुनाव में और अब के चुनाव में जमीन आसमान जैसा अंतर आ गया है। कहते हैं कि पहले गांव गांव में आकर लोग अपने नेता की खूबी बताते थे। प्रत्याशी जब गांव आकर अपने पूर्वजों की पहचान बता कर फिर अपने बारे में बताते थे। लोगों के बात समझ में आ जाती तो वोट के लिए हां बोल देते और फिर चाहे जो आता और दूसरे किसी को वोट नहीं देते थे, लेकिन अब तो नेताओं की तरह रातोंरात हमारे वोट की प्राथमिकताएं भी बदलने लगी हैं। अब उम्मीदवार की जाति और धर्म को देखकर वोट दिया जा रहा है। उसकी पढ़ाई लिखाई और सामाजिक कार्यों की पड़ताल करने वाला कोई नहीं है। पिड़ोरा निवासी 60 वर्षीय सुरेश गोस्वामी बताते हैं कि

▶▶ बुजुर्ग बोले - अब कहाँ वैसा प्रचार जब प्रत्याशी या उनके समर्थक रात-रात भर वोट के लिए खटकाते थे कुंडी

ढाई दशक पहले तक चुनाव के दरम्यान साप्ताहिक बाजारों के दिन सभी पार्टियां गाड़ियों पर लाउडस्पीकर व झंडे लगाकर बाजारों में पहुंच जाती थीं। एक-दूसरे की तरफ लाउडस्पीकर का मुंह करके घंटों भाषण व नारेबाजी की जाती थी। अब पता ही नहीं चलता कब पर्चा दाखिल हुआ और कब वोटिंग शुरू हो गई। पहले चुनाव में हल्ला गाड़ियां बनवायी जाती थी, उन्हें पोस्टर और झंडों से सजाया जाता था। गाड़ी में बैठे लोग हारमोनियम एवं ढोल मंजीरे के साथ उम्मीदवार के समर्थन में कजरी, कहरौआ, सोहर इत्यादि गाने गाते हुए वोट मांगते थे लेकिन अब ऐसा कुछ भी नहीं है। पहले सामाजिक कार्यकर्ता को चंदा लगाकर चुनाव लड़ाया जाता था। अब तो पार्टियों से टिकट खरीदने पड़ते हैं। यही वजह है कि आपराधिक इतिहास वाले उम्मीदवार के लिए राजनीति सबसे सही जगह हो गई है।

# बूथों पर टोली बनाकर करें जनसम्पर्क : मधु

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाजपा के सिविल लाइंस स्थित लोक सभा चुनाव कार्यालय पर शनिवार को अयोध्या विधान सभा चुनाव प्रबंध समिति की बैठक हुई। अयोध्या विधानसभा की प्रवासी व पूर्व जिलाध्यक्ष मथुरा मधु शर्मा ने शक्ति केन्द्र, मंडल की समिति से सांगठनिक रिपोर्ट ली। शक्ति केन्द्र प्रभारियों को बूथ समितियों से समन्वय बनाने को कहा। कहा कि मजबूत बूथ से ही चुनाव में विजय प्राप्त की जा सकती है। हर घर हर मतदाता तीन बार सम्पर्क अभियान के तहत सभी बूथों पर टोली बनाकर जनसम्पर्क करें। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि महानगर के सभी बूथों पर टोली बनाकर घर-घर सम्पर्क किया जा रहा है। अयोध्या विधानसभा क्षेत्र प्रभारी अशोक कसौंधन ने बताया कि मडंल व शक्ति केन्द्र के पदाधिकारी लगातार बूथ समिति तथा पन्नाप्रमुख से समन्वय बना कर जनसम्पर्क के लिए निकल रहे हैं। बैठक में विधानसभा संयोजक रमापति पाण्डेय, शैलेन्द्र कोरी, मंडल अध्यक्ष अनुराग त्रिपाठी, बालकृष्ण वैश्य सहित प्रबंध समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।



## एक नजर

### फर्जी खसरा तैयार कराने का आरोप, केस दर्ज

अयोध्या, अमृत विचार। कैंट थाना क्षेत्र के बनवीरपुर गाँव निवासी शत्रोहन ने अपने विपक्षी पर जमीन हड़पने के लिए फर्जी खसरा तैयार करवा अदालत के समक्ष प्रस्तुत करने का आरोप लगाया है। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि शिकायत पर एक को नामजद करते हुए धोखाधड़ी और कूटरचना की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की विवेचना शुरू कराई जा रही है।

### युवक से तमंचा बरामद

तारुन, अमृत विचार : थाना क्षेत्र में शनिवार को दरोगा मुन्नीलाल ने दोपहर के समय मधुबाला बालिका इंटर कालेज के पास से एक युवक टहलता दिखाई दिया। तलाशी लेने पर उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। आरोपी की पहचान इनायतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम गहनागन निवासी गौस मोहम्मद उर्फ फिरोज पुत्र अब्दुल रऊफ के रूप में हुई। आरोपी का चालान किया गया है।

# सात वार्डों को 24 घंटे मिलेगा शुद्ध पेयजल

## प्रदेश में सात वार्डों में 24 घंटे पानी देने वाला पहला जिला बनेगा अयोध्या

## श्रद्धालु और वार्डों की 35 हजार आबादी को मिलेगा लाभ

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या


अमानीगंज स्थित जलकल परिसर में निर्माणाधीन निगरानी केंद्र। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर निगम के सात वार्डों के लोगों के लिए अच्छी खबर है। उन्हें 24 घंटे पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। दावा किया जा रहा है पानी की शुद्धता ऐसी रहेगी कि लोगों को अपने घरों से आरओ तक हटाना पड़ जाएगा। इसका लाभ सात वार्डों की 35 हजार आबादी ही नहीं बल्कि अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भी होगा। इसी के साथ अयोध्या सात वार्डों में 24 घंटे पानी देने वाला प्रदेश का पहला जिला बन जाएगा।

अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। मूलभूत आवश्यकताओं में बिजली और पानी है। बिजली कटौती से मुक्ति दिलाने का प्रयास चल ही रहा है। अब 24 घंटे पानी देने की भी कवायद शुरू हो गई है। अमृत मिशन के दूसरे चरण के तहत 24 गुणे सात पेयजल आपूर्ति की योजना पर काम तेजी से चल रहा है। उत्तर प्रदेश जल निगम (प्रथम) इसके लिए चार से 16 इंच तक की जीआई पाइप बिछवा रहा है। यही नहीं 10 नए नलकूपों का भी निर्माण कार्य कराया जाएगा। जिससे पानी की मात्रा को बढ़ाया जा सके। इस योजना में अयोध्या धाम के वार्ड भी शामिल हैं।

### दिन में तीन घंटे व रात में छह घंटे फ्लो रहेगा कम

24 घंटे पानी की सप्लाई होने के बाद एक भय यह भी था कि कहीं पानी की बर्बादी न हो। इसके लिए दोपहर में दो से शाम पांच और रात में 10 बजे से सुबह चार बजे तक पानी के फ्लो को कम किया जाएगा। इसके लिए डिस्ट्रिक्ट मीटर एरिया (डीएमए) का प्रयोग होगा। जो पानी के प्रेशर को कम करने व बढ़ाने में सहायक होगा। सातों वार्ड में 15 डीएमए लगाए जाने हैं। बाकी के समय लोगों को एक से डेढ़ इंच का पानी मिलेगा।

### टंकी भरने पर ऑटोमैटिक बंद हो जाएंगे नलकूप

फैजाबाद व अयोध्या में लगभग 60 नलकूप हैं। जिसमें अकेले फैजाबाद शहर में ही 54 हैं। इन्हीं नलकूपों से पानी की टंकियां भरी जाती हैं। जिनसे पानी भी सप्लाई होता है। पानी की टंकियां खाली होने पर अपने आप ही नलकूप चल जाएंगे। टंकी के भरने पर बंद भी हो जाएंगे। इसके लिए फ्लो कंट्रोल वॉल्व का प्रयोग किया जाएगा।

### फरवरी 2025 है डेडलाइन, दिसंबर से शुरू करने की योजना

24 × 7 दिन पानी की सप्लाई करने के लिए अक्टूबर 2023 में इस योजना पर काम शुरू हुआ था। प्रोजेक्ट को पूरा करने की डेडलाइन फरवरी 2025 है, लेकिन अधिकारियों का दावा है कि वह इस प्रोजेक्ट को दिसंबर से ही शुरू कर देंगे। अमानीगंज स्थित जलकल कार्यालय में मॉनिटरिंग कक्ष का भी निर्माण कराया जा रहा है।

### इन सात वार्डों में आएगा पानी

- अवधपुरी
- बाल गंगाधर तिलक
- रामकोट
- ऋणमोचन घाट
- मणिराम दास छावनी
- महात्मा गांधी
- मीरापुर

### जलकल में जांची जाती है पानी की शुद्धता

पानी में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर उसकी जांच अमानीगंज स्थित जलकल कार्यालय के प्रयोगशाला में होती है। प्रयोगशाला देख रहे शशि शेखर ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में हर जगह पानी अच्छा सप्लाई हो रहा है, लेकिन फिर भी किसी को सप्लाई के पानी में परेशानी है तो वह प्रयोगशाला में जांच करा सकता है।

76 करोड़ का प्रोजेक्ट है। अभी पायलेट बेस पर है। 40 फीसदी कार्य हो चुका है। दिसंबर में हमारी कोशिश है कि सप्लाई चालू कर दें। जनवरी से ड्रिंक फॉर टैप योजना के तहत क्लोरीन इत्यादि से पानी को शुद्ध बनाकर सप्लाई कराया जाएगा, ताकि लोग सीधे टोटियों से पानी पी सकें। काम चालू होते ही प्रोजेक्ट को नगर निगम को हैंडओवर कर दिया जाएगा। **–संचय शुक्ला, अधिशासी अभियंता, जल निगम**


हनुमानगढ़ी पर दर्शन–पूजन करते बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अरलेकर।

# यह राष्ट्र का मंदिर है : राज्यपाल

अयोध्या कार्यालय

- बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अरलेकर ने किये रामलला के दर्शन

**अमृत विचार :** करोड़ों राम भक्तों की इच्छा थी कि राम मंदिर बने। अब राम मंदिर बन गया है। यह राष्ट्र का मंदिर है। इसको लेकर पूरे देश में एक अच्छा वातावरण बना है। ये बातें शनिवार को रामलला के दर्शन करने के बाद बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अरलेकर ने कहीं।

दर्शन के बाद सर्किट हाउस पहुंचे राज्यपाल राजेंद्र अरलेकर ने कहा कि इस राष्ट्र मंदिर को लेकर सभी के मन में एक सद्भावना जागृत हुई है। मैंने प्रभु राम से यही मांगा है कि उत्तर प्रदेश-बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश को लोगों को सुख शांति प्रदान करें। पहले की अयोध्या और आज की अयोध्या में बहुत परिवर्तन आया है। सरकार और यहां के लोगों के सहयोग से जो काम हुआ है वह बहुत ही सराहनीय है।

# पोस्टल बैलेट से मतदान का हुआ आगाज

अयोध्या कार्यालय

- सुरक्षा के बीच घर-घर पहुंच पोलिंग पार्टियों ने बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के पोस्टल बैलेट से डलवाये वोट
- चार विधानसभा क्षेत्रों में 231 लोगों ने डाले वोट

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में मतदान की प्रक्रिया शनिवार को शुरू हो गई। कड़ी सुरक्षा के बीच जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों में पोलिंग पार्टियां बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर पहुंचकर पोस्टल बैलेट से मतदान करा रही है। पोलिंग पार्टी के साथ पर्याप्त सुरक्षा बल लगाए गए हैं। मतदान रविवार को भी कराय जाएगा।

आयोग ने 85 साल से ऊपर और दिव्यांग मतदाताओं को उनके घर जाकर मतदान कराने का आदेश दिया है। इसके लिए जिले की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच-पांच पोलिंग पार्टियां बनाई गई हैं। पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी के साथ तीन मतदान अधिकारी शामिल है। टीम के साथ माइक्रो ऑब्जर्वर के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है। जिले में ऐसे कुल 368 मतदाताओं के मतदान कराए जाने हैं। इनमें 85 साल से ऊपर के 268 और दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 118 है।


पालिया गांव में बैलेट पेपर से वोट डालती वृद्धा। अमृत विचार

### चार विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं ने डाले वोट

शनिवार को जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों में 231 लोगों से वोट डलवाये गए। इनमें 85 साल से ऊपर के 162 और दिव्यांग 69 शामिल रहे। विधानसभा रुदौली में 85 वर्ष से अधिक के 38 व दिव्यांग 30, मिल्कीपुर में 29 व 14, बीकापुर में 36 व 15 और अयोध्या में 59 व 10 दिव्यांग मतदाताओं ने अपने अपने घर पर मतदान किया।

जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों अयोध्या, मिल्कीपुर, बीकापुर और रुदौली में पोलिंग पार्टियों ने शनिवार को घर-घर जाकर सुबह 10 से शाम पांच बजे मतदान की प्रक्रिया पूरी कराई।


मिल्कीपुर के ग्राम सोधियावां में दिव्यांग रोली का पोस्टल बैलेट से वोट डलवाते पीठासीन अधिकारी।

# घर बैठे पोर्टल व मैसेज से प्राप्त करें मतदाता पर्ची

अयोध्या कार्यालय

**हाईटेक चुनावी व्यवस्था**

- घर-घर जाकर मतदाता पर्ची बांटने का काम शुरू
- मतदान प्रतिशत बढ़ाने की यह भी एक रणनीति

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य है। इसके लिए मतदाताओं को पर्ची बांटने का काम शुरू हो गया है। इसके अलावा आप घर बैठे पोर्टल और मैसेज भेजकर भी मतदाता पर्ची प्राप्त कर सकते हैं।

मतदाता पर्ची बांटने को लेकर सभी उपजिलाधिकारियों ने शनिवार को बीएलओ के साथ बैठक की। निर्देश दिया कि 15 मई तक मतदाता पर्ची बांटने का काम पूरा किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बीएलओ के स्तर से मतदाता पर्ची बांटने की समीक्षा का निर्देश दिया है। साथ ही घर बैठे ऑनलाइन मतदाता पर्ची हासिल करने की जानकारी देने के लिए भी कहा है। उन्होंने बताया कि पोर्टल, ऐप और एसएमएस से मतदाता सूची में नाम और मतदान केंद्र की जानकारी हासिल की जा सकती है। मतदान के दिन सभी मतदान केंद्रों पर हेल्प काउंटर लगाया जाएगा। इस पर बीएलओ मौजूद रहेंगे।

मतदाता पर्ची हासिल करने के अन्य विकल्प भी हैं। पोर्टल voters.eci.gov.in, voterportal.eci.gov.in या ceouttarpradesh.nic.in पर जाकर पर्ची हासिल की जा सकती है। इसके अलावा 1950 नंबर पर ECI स्पेस (मतदाता सूची का एपिक नंबर) लिखकर मैसेज कर भी मतदाता पर्ची हासिल की जा सकती है। बूथ लोकेशन, मतदाता सूची और बूथ पर मतदाताओं की लाइन से जुड़ी जानकारी वेबसाइट boothlocation.inसे हासिल कर सकते हैं।

# पीएम मोदी के मिशन 2047 में तय करनी होगी सहभागिता : वन मंत्री

अयोध्या कार्यालय


चिकित्सक सम्मेलन में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार को बुके भेट करते सांसद लल्लू सिंह।

- 20 को वोट डालने बूथ पर जरूर जाएं : अध्यक्ष
- भाजपा न किया चिकित्सक सम्मेलन का आयोजन

**अमृत विचार।** पीएम मोदी के मिशन विकसित भारत 2047 में हम सभी को अपनी सहभागिता तय करनी होगी। 4 जून को भारत को भगवामय करने का हम सभी को संकल्प लेना है। ये बातें वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने शनिवार को कहीं। वो सिविल लाइंस के एक होटल में आयोजित चिकित्सक सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश पहले से ज्यादा सुरक्षित और निर्णायक बना। दुनिया में देश ने नेतृत्व का एक नया अध्याय जोड़ा। कोविड प्रबंधन में जन-भागीदारी और सरकार के प्रबंधन की प्रशंसा पूरी दुनिया में हो रही है। सरकार के कार्यकाल में 370 अनुच्छेद का निरस्तीकरण, अयोध्या का अभूतपूर्व विकास व प्रभु रामलला का विराजमान होना, तीन तलाक का खात्मा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसी कई उपलब्धियां बनी जो इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित की जाएगी। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में अयोध्या को विश्व मानचित्र पर स्थापित किया।

आईएमए अयोध्या की अध्यक्ष डॉ. मंजूषा पाण्डेय ने कहा कि 20 मई को मतदान करने के लिए बूथ पर जरूर जाएं। अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर वन मंत्री का माल्यार्पण और अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया गया। अध्यक्षता डॉ. नानक सरन व संचालन डॉ. पंकज श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में डॉ. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, डॉ. अफरोज खान, डॉ. एसएम द्विवेदी, डॉ. सईदा रिजवी, डॉ. एफबी सिंह, डॉ. एसके पाठक, डॉ.एसबी सिंह, डॉ. केएन कौशल, डॉ. महेश सुरतानी, डॉ. चितरंजन वर्मा, डॉ. आरडी भुवन, डॉ. अनिल जायसवाल, डॉ. वीके गुप्ता, डॉ. आनंद गुप्ता, डॉ. पीयूष गुप्ता सहित अन्य चिकित्सक व पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

## पति की पिटाई से घायल महिला ने तोड़ा दम

- पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम, आरोपी पति हुआ फरार

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** महराजगंज थाना क्षेत्र में पति की पिटाई से घायल महिला ने दर्शननगर मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान शनिवार को दम तोड़ दिया। वारदात के बाद से आरोपी पति फरार है। थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी पूरा बाजार अंतर्गत ग्राम जानापुर निवासी शैलेंद्र कुमार मिश्र नशे का आदी है, जिसको लेकर अक्सर पत्नी से विवाद और मारपीट हुआ करती थी। शैलेंद्र ने शुक्रवार रात पत्नी सुजीता मिश्रा की पिटाई कर दी। हमले में सुजीता (38) गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके बेटे हरिओम मिश्र ने मां को सीएचसी पूराबाजार पहुंचाया। जहां से डॉक्टर ने उसको गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज दर्शननगर रेफर कर दिया था। चौकी प्रभारी पूरा बाजार आलोक कुमार सिंह ने बताया कि घटना संज्ञान में है। घर से फरार शैलेंद्र कुमार मिश्र की तलाश कराई जा रही है। अभी मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।






## स्टारवार

### मुद्दों पर संवेदना बढ़ाने के साथ होगी सियासत की दिशा बदलने की कोशिश

# मंदिर की राजनीतिक तपिश कम करने आएंगे योद्धा

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** राममंदिर की राजनीतिक तपिश को कम करने के लिए सियासत के बड़े योद्धा उतरने वाले हैं। सत्ता पक्ष के योद्धा मुद्दे पर संवेदना बढाने के साथ नए मुद्दों को हवा दे सकते हैं। विपक्ष के सूरमा वर्षों से चल रही राम मंदिर की तपिश को कम करके सियायत की दिशा बदलने की कोशिश करेंगे। मकसद दोनों का अयोध्या के लोगों से वोट पाना है। अयोध्या में अगले दो दिन बाद से यह स्टार वार शुरू होने वाला है।

अयोध्या देश की सियासत का केंद्र है। पक्ष और विपक्ष दोनों इसे साधते हैं। राम मंदिर पर फैसले के साथ ही अयोध्या की जनता सीधे इससे जुड़ी हुई है। कभी फैसले पर तो कभी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर। मुख्यमंत्री आए, प्रधानमंत्री आए तो कभी राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति। देश भर से दो हजार से ज्यादा वीवीआईपी पहुंचे। वीआईपी की संख्या डेढ़ लाख से ऊपर निकल गई। भले ही कार्यक्रम धार्मिक रहा हो लेकिन वीवीआईपी के दौरों का संदेश तो सियासी ही रहा है। सत्ता पक्ष के लोग अयोध्या को तरह-तरह से मथ चुके है। यहां राजनीति ओर चुनाव की अंर्तधारा राम मंदिर स्वतः चलता है। पीएम के दौरे और रोड-शो से अयोध्या के साथ देश में बिना कहे चुनावी संदेश निकला। इस दौरान बयानवीरों के बयान के अलावा विपक्ष की गतिविधियां बहुत कम दिखी। ऐसा आम लोग कहते हैं।

यहां मतदान 20 मई को है। दो दिन बाद राजनीति में चुनाव का स्टार वार शुरू होगा। तारीखें तय हो गई है। मुद्दों पर धार रखी जा रही है।सत्ता पक्ष से राम मंदिर मुद्दे के प्रति संवेदना बढ़ाने के साथ नए मुद्दे के तीर चलने की संभावना है। दम साध रहे विपक्ष के सियासी योद्धाओं का मकसद राम मंदिर की तपिश को कम करना। सत्ता पक्ष को उसी के गढ़ में घेरना होगा। श्रीराम की धरती से सत्ता की नाकामी और अयोध्या पर सियासत जैसे मुद्दे के जरिए विपक्षी दूर तक संदेश देना चाहेंगे। मैदान सज गया है। रैलियों के स्थान तय हो रहे है। सप्ताह भर अयोध्या के लोगों ब्रेन वाश कर चुनावी चासनी में डुबो वोट हथियाने की कोशिश सभी करेंगे।

### अयोध्या में दूर से सियासत साधने और हमले की रणनीति

अब तक अयोध्या में किसी भी राजनीतिक स्टार का कार्यक्रम नहीं बताया गया। दूर से सियासत साधने और हमले की रणनित दिखती है। बसपा प्रमुख मायावती प्रत्याशी सच्चिदानंद पांडे के पक्ष में 17 मई को रुदौली विधानसभा क्षेत्र से हमला राजनीतिक हमले को धार देंगी। भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के पक्ष में सीएम योगी 14 मई को दरियाबाद और 16 मई को मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा करेंगे। सपा मुखिया अखिलेश यादव मिल्कीपुर से हमला 18 मई को हमला करने वाले है। वह पार्टी प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के पक्ष में जनसभा करेंगे। अपने किले को सुरक्षित रखने के लिए भाजपा ने केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, प्रदेश सरकार में मंत्री संजय निषाद, प्रदेश मंत्री संदीप सिंह के साथ पूर्व डीजीपी बृजलाल व चिराग पासवान से जनसभा के लिए समय मांगा गया है। कोशिश ये भी है कि सपा मुखिया के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भी संयुक्त सभा कराई जाए। हालांकि अभी इसकी सहमती नहीं मिली है। जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री की दरियाबाद में रेलवे स्टेशन के मैदान व मिल्कीपुर की जनसभा का आयोजन चार नंबर नलकूप के मैदान में होगी।

## सार-संक्षेप

### विवेकानंद एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में मनाया गया मातृ दिवस



विवेकानंद एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में मातृ दिवस में मौजूद प्रबंधक व प्राचार्य।

**अयोध्या, अमृत विचार** : कृष्णा एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित विवेकानंद एजुकेशनल इंस्टीट्यूट बकौली अमानीगंज अयोध्या में शनिवार को मातृ दिवस मनाया गया। अध्यक्ष मिथिलेश सिंह, प्रबंधक डॉ. अर्जुन सिंह, प्रधानाचार्य प्रशांत विक्रम सिंह द्वारा मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। छात्राओं द्वारा मां को समर्पित नृत्य प्रस्तुत किया गया। वृद्धाश्रम पर आधारित नाट्य मंचन किया गया। मदर्स-डे पर आधारित पोस्टर/कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में दिव्यांशी मिश्रा, काजल कसौधन, आस्था शुक्ला ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक डॉ. अर्जुन सिंह व प्रधानाचार्य प्रशांत विक्रम सिंह ने अपने उद्बोधन में माताओं के योगदान को अतुलनीय बताया। इस अवसर पर शिक्षिका प्रियंका सिंह, संतोष दुबे व हिमांशु शुक्ला द्वारा मां को समर्पित गीत प्रस्तुत किया गया। संचालन शिक्षिका तृप्ति सिंह व शक्ति तिवारी ने किया। व्यवस्थापक वीरेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### कनक किड्स में मदर्स डे की बताई गई महत्ता



कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार** : कनक किड्स में मदर्स डे के अवसर पर स्कूल की निदेशिका मधु त्रिपाठी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कनक किड्स इंटरनेशनल स्कूल में क्लास टीचर्स कोमल त्रिपाठी ने बच्चों को इसकी महत्ता बताई। इंचार्ज प्रीति सिंह, जसप्रीत गिल, आकांक्षा पांडेय, प्रियंका लखमानी, अलका पांडेय, प्रियंका राजभर आदि मौजूद रहीं।

### भजन संध्या में झूमे श्याम प्रेमी



भजन संध्या में झूमते श्रद्धालु।

**भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार** : अक्षय तृतीया के अवसर पर शुक्रवार देर रात रुदौली नगर के एक मैरिज लॉन में आयोजित श्याम भजन संध्या में श्याम प्रेमी जमकर झूमे। श्रीश्याम ताली कीर्तन मंडल द्वारा एक से बढ़कर एक भजन गाये गये। गणेश वंदना से प्रारंभ हुए कीर्तन में कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है , मुझे अगला जन्म खाटू में देना, अखंड ज्योति है अपार माया श्याम देव की बरबर छाया और जुलुम कर डालो सितम कर डालो जैसे भजनों पर श्रद्धालु देर रात झूमते रहे। कीर्तन मंडल के जुगल किशोर शर्मा, पंकज आर्य, नीरज शर्मा, रोहित कौशल, सूरज सोनी आदि मौजूद रहे। संचालन एवं आभार शैलेंद्र शर्मा व्यक्त किया।

### पूजन-अर्चन के साथ हुई परशुराम की आरती

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : नाका हनुमानगढ़ी पर परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। षोडशोपचार पूजन किया गया। आरती उतारी गई। आयोजन शुक्रवार शाम सनातन ब्राह्मण समाज की ओर से किया गया। आयोजित कार्यक्रम में आचार्य भृगु और पं. दिनेशानंद के मंत्रोच्चार के बीच संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर शास्त्री ने पूजन और आरती की। आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि समाज में संस्कारों को पुनर्प्रतिष्ठित करने की जरूरत है। कहा कि ब्राह्मणों के साथ सभी समाज के लोगों को इसके लिए प्रयास करना चाहिए। सभा को सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी के महंत राम दास, प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। संचालन उदय भान मिश्र ने किया। जिलाध्यक्ष पं. अजय रंजन पांडेय ने अतिथियों का स्वागत, माल्यार्पण और अंगवस्त्र भेंटकर किया। कार्यक्रम में उपेंद्र शर्मा, शारदा प्रसाद, अवधेश शुक्ल, कुंवर कृष्ण मिश्र, राम कुमार दूबे, वीरेंद्र चौबे सहित महिला, पुरुष और बच्चे शामिल थे।

# पोखरण परमाणु परीक्षण भारत की बड़ी उपलब्धि : प्रो. राजेश

## नेशनल टेक्नोलॉजी दिवस पर अवध विश्वविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन

अयोध्या कार्यालय



अवध विश्वविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में मौजूद मुख्य वक्ता।

**अमृत विचार** : पोखरण परमाणु परीक्षण भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा प्रणाली के लिए एक बड़ी उपलब्धि रही है। जिसकी तुलना पौराणिक कथाओं के शक्ति ब्रह्मास्त्र हथियार प्राप्त करने के लिए की जाती है। यह दिन भारतीय वैज्ञानिकों की उल्लेखनीय उपलब्धियों का पल रहा है। ये बातें शनिवार को आईईटी बीएचयू के प्रो. राजेश कुमार ने कहीं। वह डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में नेशनल टेक्नोलॉजी दिवस पर आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे।

इससे पहले संगोष्ठी का शुभारम्भ डीन स्टूडेंट अफेयर आईईटी बीएचयू के प्रो. राजेश कुमार, रिजनल कोर्डिनेटर रिजनल एकेडमिक सेंटर इसरो, आईईटी, बीएचयू के प्रो. शिशिर गौर, आर्गेनाजिंग सेक्रेटरी विज्ञान भारती अवध प्रांत आशुतोष सिंह, मुख्य नियंता प्रो. एसएस मिश्र व अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने किया। विशिष्ट अतिथि इसरो, आईईटी, बीएचयू के प्रो. शिशिर गौर ने कहा कि टेक्नोलॉजी हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। वैज्ञानिकों के अथक प्रयास से देश पूरी दुनिया में अमिट छाप छोड़ रहा है। मुख्य नियंता प्रो. एसएस मिश्र ने बताया कि आज का दिन हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस दिन एक लम्बे प्रयास के बाद परमाणु पोखरण परीक्षण में सफलता मिली थी। विज्ञान भारती अवध प्रांत आशुतोष सिंह ने कहा कि आज का युवा विकसित भारत का सपना पूरा कर सकता है। इस मौके पर बीटेक, एमसीए, एमएससी के छात्रों द्वारा 30 मॉडल प्रदर्शित किए गए जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चार को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. बृजेश भारद्वाज ने और संचालन इं. हर्षित सिंह ने किया। इस अवसर प्रो. केके वर्मा, डॉ. गीतिका, डॉ. ब्रजेश भारद्धाज, डॉ. विनीत आदि मौजूद रहे।

### छात्रों के लिए उपयोगी है लघु अवधि के कोर्स: कुलपति

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में शनिवार को छह दिनी सर्टिफिकेट कोर्स ऑन पर्सनालिटी डेवलपमेंट का समापन हुआ। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने कहाकि संवाद के ढंग को हमेशा बेहतर करने की कोशिश होनी चाहिए। कैसे बात करनी है, कैसे चलना है, पहनावा कैसा है, इन सबका प्रभाव सामने वाले व्यक्ति पर पड़ता है। सामने वाला व्यक्ति उसी के अनुरूप हमारी छवि बनाता है। उन्होंने कहाकि लघु अवधि के ऐसे कोर्स अत्यंत उपयोगी हैं। विश्वविद्यालय में ऐसे छोटे-छोटे कोर्स से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास होगा और साथ ही उन्हें नया अनुभव भी मिलेगा। व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि छह दिनी पाठ्यक्रम कोर्स में संवाद, निर्णय कैसे लें, टाइम मैनेजमेंट, बाडी लैंग्वेज, टीम भावना, पब्लिक स्पीच, इमेज बिल्डिंग, स्ट्रेस मैनेजमेंट, वर्कप्लेस, एथिक्स आदि की जानकारी दी गई। प्रो. शैलेंद्र वर्मा ने आभार ज्ञापन किया। कोर्स समन्वयक डॉ. राकेश कुमार, डॉ. कपिलदेव, डॉ. निमिष मिश्रा, डॉ. रामजीत सिंह यादव, डॉ. महेंद्र पाल, डॉ. आशीष पटेल, डॉ. अंशुमान पाठक, डॉ. विवेक उपाध्याय, डॉ. रामजी सिंह उपस्थित रहे।



अवध विश्वविद्यालय में कुलपति को स्मृति चिन्ह भेंट करते विभागाध्यक्ष।

# अनदेखी : चौधरी चरण सिंह जलाशय में उगी झाड़ियां

सोहावल, अयोध्या



ब्लॉक मुख्यालय पर बना चौधरी चरण सिंह जलाशय।

**अमृत विचार** : विकास खंड मुख्यालय पर 22 वर्ष पहले आदर्श तालाब के रूप में स्थापित हुआ चौधरी चरण सिंह जलाशय का दो बार सौंदर्यीकरण हुआ लेकिन जलाशय आज भी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। झाड़ियों में तब्दील इस जलाशय में अब जंगली जानवरों और पशु पक्षियों का बसेरा है। तालाब की अनदेखी का नतीजा है कि शोभा बढ़ा रही मछलियां तो गायब हो ही गई सरोवर का नक्शा ही बदल गया।

एडीओ पंचायत सोहावल राजीव कुमार ने कहा कि विकास खंड में लगभग 27 अमृत सरोवर बनाने की रचना ब्लॉक स्तर पर शुरू की गई है। धनाभाव के कारण एक मात्र अमृत सरोवर हाजीपुर में बनकर तैयार हो पाया है। शेष पर काम अभी चल रहा है। मुख्यालय के इस आदर्श सरोवर की बाबत अभी कोई नया प्रस्ताव नहीं बना है।

## बेटी को विदा कराने आए पांच को पीटा

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार** : बेटी को विदा कराने आए मायके पक्ष के पांच लोगो को ससुरालवालों ने पीट दिया। पीड़ित ने थाने पर शिकायत की है। सतरिख थाना क्षेत्र के सतरिख कस्बे के रहने वाले सिराज की बेटी तसरीन बानो का विवाह 6 माह पूर्व सतरिख के ही हासेमऊ गांव के नियाज के साथ हुआ था। शनिवार को सिराज अपने परिवार के साथ बेटी को विदा कराने के लिए हासेमऊ गए थे। आरोप है कि बेटी को विदा नहीं किया गया और दामाद नियाज और इनके भाई सरफराज, शहजाद, एजाज व इलियास ने मिलकर सिराज और पत्नी, बहन व बेटे को लाठी डंडो से पीट दिया और जान से मारने की धमकी भी दी।

# सुराही गायब, मटक रहा घड़ा, बॉटल है अलबेली

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : गर्मी आते ही पानी के लिए मिट्टी के घड़ों की मांग में तेजी आ गई है, लेकिन इस बार बाजार से सुराही लगभग गायब है। मिट्टी की बॉटल अलबेली होने के नाते लोगों को खूब भा रही है। पांच से छह घंटे तक पानी ठंडा रखने वाली यह बॉटल 200 से 300 रुपये के बीच में है। इसी तरह घड़ों में भी दो किस्में आ रही हैं। बलुही मिट्टी वाले घड़ों की खरीदारी अधिक हो रही है।

रिकाबगंज चौराहा स्थित मिट्टी के बर्तन व घड़ों के विक्रेता धीरज प्रजापति ने बताया कि वह लोग काफी वर्षों से इसका व्यवसाय कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान के सभी घड़े बड़ा गांव से ही तैयार होकर आते हैं। पांच से लेकर 15 लीटर तक के घड़े उनके पास हैं, जिनकी कीमत 350 रुपये के करीब है। उन्होंने बताया कि दो तरह की मिट्टियों के घड़े बाजार में हैं। चिकनी मिट्टी के घड़ों में पानी कम ठंडा होता है। अब घड़ों में टोटियां भी लग रही हैं। सुराही बनाने में थोड़ी कठिनाइयां होती हैं। इसलिए वह बाजार में बहुत कम दिखती हैं। पानी का बॉटल भी 700 एमएल से लेकर एक लीटर तक का है, जिन बॉटलों पर पेंटिंग हुई हैं वह थोड़े महंगे हैं। उनके यहां 250 से लेकर 350 रुपये तक की बॉटल हैं। मिट्टी के बॉटल्स सेहत के लिए बेहतर है। पानी को भी अच्छे से ठंडा करते हैं।



मिट्टी की बॉटल दिखाता युवक।

▸▸ गर्मी बढ़ते ही गरीबों का फ्रिज कहे जाने वाले मटके की मांग में आई तेजी

# 1800 शिक्षकों के वेतन वृद्धि पर संकट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : परिषदीय विद्यालयों में नए सत्र में छात्रों का नामांकन नहीं करने वाले जिले के 280 परिषदीय विद्यालयों के लगभग 1800 शिक्षकों का वेतन नहीं बढ़ेगा। इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही जिन विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति 50 फीसदी से कम मिली है, उस क्षेत्र के 11 बीईओ की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी।

जिले में 1792 परिषदीय विद्यालयों का संचालन हो रहा है। नए सत्र में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए अभियान चल रहा है। अधिकांश विद्यालयों ने नए सत्र में कुछ न कुछ नए छात्रों का पंजीकरण किया है।

सर्व शिक्षा अभियान के तहत इसकी निगरानी की जा रही है। बीते दिनों टास्कफोर्स की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज ने नए सत्र में हुए पंजीकरण की समीक्षा की थी। पाया गया कि 280 परिषदीय विद्यालय ऐसे हैं, जिनमें चालू सत्र में एक भी नया नामांकन नहीं किया गया है। जिला प्रशासन इसे शिक्षकों की लापरवाही मान रहा है। लापरवाही देखते हुए विभाग ने इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के खिलाफ नोटिस जारी किया। प्रधानाध्यापकों को बताना होगा कि किन कारण से नया नामांकन नहीं हो पाया।

### इन ब्लॉकों में मिली खराब प्रगति

जिले के 11 ब्लॉकों में अधिकांश विद्यालय ऐसे मिले हैं, जिनमें छात्रों की उपस्थिति 45 फीसदी मिली। ऐसे ब्लॉकों के खंड शिक्षा अधिकारी को नोटिस भेजा गया है। इनमें बीकापुर, सोहावल, मवई, मया , हैरिंग्टनगंज, मिल्कीपुर, पूराबाजार, रुदौली, अमानीगंज आदि ब्लॉकों में छात्रों की उपस्थिति ठीक नहीं मिली है इसे लेकर नामांकन नहीं बढ़ाने वाले शिक्षकों की वेतन नहीं बढ़ाने का फैसला किया गया है। इसके अलावा दोषी प्रधानाध्यापक, शिक्षक और क्षेत्र के बीईओ की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि सभी को चेतावनी जारी की जा रही है।

▸▸ छात्रों के नामांकन में लापरवाही पर कसी गई नकेल 11 बीईओ भी फंसे

## कंप्रेशर टैंक में धमाके से सहम गए लोग

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार** : शनिवार की दोपहर दरियाबाद कस्बा स्थित पनीर बनाने की फैक्ट्री में धमाका हो गया। धमाका इतना जबरदस्त था कि पूरा दरियाबाद कस्बे के लोग सहम गये। दरियाबाद कस्बा के मोहल्ला चौधरियान स्थित एक पनीर खोया बनाने की फैक्ट्री में लगे कंप्रेशर टैंक के फटने से भगदड़ मच गई। वहीं कस्बा वासियों की मानें तो कंप्रेशर टैंक के फटने की आवाज इतनी तेज थी कि कस्बे के लोग भयग्रस्त हो गए। सैकड़ों लोगो की भीड़ जमा हो गई। काम कर रहे मजदूर धमाके से पहले ही फैक्ट्री के बाहर निकाल चुके थे। वहीं कंप्रेशर टैंक के फटने से टीन शेड क्षतिग्रस्त हो गया। यहां पर खोया पनीर आदि बनाने का काम किया जाता है। वहीं इस संबंध में थाना अध्यक्ष दरियाबाद शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है।

# प्रधानमंत्री मोदी गरीबों के सच्चे हमदर्द

**बनीकोडर, बाराबंकी। अमृत विचार** : प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने शनिवार को फैजाबाद संसदीय क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में नाथूपुर, डिगसरी, खुसेहटी और भवनियापुर आदि स्थानों पर आयोजित जन चौपाल में सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। भवनियापुर में आयोजित जन चौपाल में बोलते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गरीबों का सच्चा हमदर्द बताते हुए उन्होंने आगे कहा कि गरीबों को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने की खातिर भाजपा सरकार सतत प्रयत्नशील है। इस दौरान ग्राम प्रधान भवनियापुर कमल किशोर यादव लल्लन, राकेश लोधी, सुरेंद्र मिश्र, विवेक शुक्ल, रामानंद शुक्ल, गौरीशंकर मिश्र, प्रदीप शुक्ला, अनूप शुक्ला, गुड्डू रावत, विनय सिंह, राधेश्याम यादव, हरिशंकर पाण्डेय, श्रीभगवान ओझा, शिव चंद्र यादव, विजय पाल और विवेक प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

**हैदरगढ़** : भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के समर्थन में शनिवार को भाजपा नेता वेद प्रकाश बाजपेयी की अगुवाई में मर्दापुर, रघुनाथगंज, बड़वल गांव में घर घर जाकर जनसंपर्क किया गया। इस दौरान रतिपाल, कुशमेश चंद्र मिश्रा, पिंटू शुक्ला, विनोद सोनी मौजूद रहे।

# गबन और फर्जीवाड़े में कानूनी सलाह के बाद ही दर्ज होगी रिपोर्ट

अयोध्या, कार्यालय

▸▸ ऐसा न करने पर मानी जाएगी अदालत की अवमानना

**अमृत विचार**: अब गबन, धोखाधड़ी और कूटरचना के मामलों में पुलिस सीधे रिपोर्ट नहीं दर्ज कर सकेगी, बल्कि रिपोर्ट दर्ज करने के पूर्व पुलिस को सरकारी वकील से कानूनी सलाह लेनी होगी। ऐसा न करने पर अदालत की अवमानना माना जाएगा। अभियोजन निदेशालय की ओर से इस बाबत पत्र जारी होने के बाद जनपद में आदेश के क्रियान्वयन की कवायद शुरू हो गई है।

बताया गया कि आपसी अनुबंध, भागेदारी, व्यवसायिक अथवा सिविल विवाद से जुड़े मामलों में पेशबंदी के तहत रिपोर्ट दर्ज कराने के मामलों पर लगाम के लिए सर्वोच्च अदालत की ओर से पूर्व में आदेश जारी किया गया था। इसी तरह के एक मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 18 अप्रैल को सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट का हवाला देते हुए डीजीपी को दिशा-निर्देश जारी कर इसका अनुपालन कराने की हिदायत जारी की गई थी। जिसको लेकर अब प्रदेश के अभियोजन निदेशालय के एडीजी दिपेश जुनेजा की ओर से पुलिस-प्रशासन के साथ अभियोजन को पत्र जारी किया गया है। पत्र में अदालत के आदेश पर दर्ज होने वाले मामलों को छोड़कर आम व्यक्ति अथवा लोकसेवक से जुड़े गबन, धोखाधड़ी और कूटरचना के मामलों में पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के पूर्व जिला अथवा अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी व सिविल से अनिवार्य रूप से अभिमत अर्थात क़ानूनी सलाह हासिल करने तथा इस क़ानूनी सलाह का उल्लेख दर्ज एफआईआर में करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कहा गया है कि एक मई के बाद ऐसे मामलों में बिना अभिमत के दर्ज मामले अदालत की अवमानना माने जाएंगे। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ज्ञानेश पांडेय ने बताया कि निदेशालय की ओर से अदालत के आदेश के अनुपालन के लिए सभी को सूचित किया गया है। अनुपालन कराने की जिम्मेदारी अभियोजन को दी गई है। उनका कहना है कि सभी संबंधित से इस विषय में विचार-विमर्श हुआ है और आदेश का क्रियान्वयन कराया जा रहा है।

## हाईवे पर अलग-अलग स्थानों पर मिले दो शव

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार** : बाराबंकी-गोंडा हाईवे के अलग-अलग स्थानों पर दो शव मिले। शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी। शुक्रवार की रात्रि थाना क्षेत्र के हाईवे पर ग्राम दलसराय के पास एक शव का क्षत- विक्षत शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए आसपास के लोगों से पूछा लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। दूसरा शव लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर हाईवे के ग्राम दुर्गापुर मोड़ के निकट पड़े होने की सूचना हाईवे से गुजर रहे एक ड्राइवर ने चौकाघाट के पास चेकिंग कर रही पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय ने बताया कि सड़क हादसे में दोनों की मौत हुई है। शवों की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## लूट में वांछित बाइक के साथ पकड़ा गया

**बाराबंकी, अमृत विचार** : रामसनेहीघाट पुलिस ने शनिवार को लूट के मामले में वांछित भुडेहरी थाना क्षेत्र के निवासी राकेश कुमार को तासीपुर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने सात सौ रुपये व एक मोटरसाइकिल बरामद की। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने एक पखवाड़े पहले पावर हाउस के पास से पिकअप ड्राइवर के पास से मोबाइल व रुपये छीने थे। 20 दिन पूर्व पटरंगा में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

# लाखों खर्च कर खुदे तालाब, एक बूंद पानी भी नहीं

मिल्कीपुर, अयोध्या



मिल्कीपुर क्षेत्र में सूखे पड़े अमृत सरोवर। अमृत विचार

**अमृत विचार** : वर्षा जल संचयन के लिए ग्राम पंचायतों में राज्य अमृत सरोवर की खुदाई मनरेगा योजना के अंतर्गत की गई है। जिस पर लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन यहां बूंद भर भी पानी नहीं है। सरकार ने बारिश के पानी की बर्बादी को रोकने के लिए जल संरक्षण योजना चलाई। जिससे पानी को गांव के तालाबों में एकत्रित करके उसका उपयोग कृषि सहित अन्य कार्यों के लिए हो सके।

ग्राम पंचायतों के अलावा ब्लॉक कार्यालय के भवनों से जल संचयन के लिए कार्य किया गया है। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के 73 ग्राम पंचायतों वाली विकास खण्ड अमानीगंज के ग्राम पंचायतों में राज्य अमृत सरोवर का निर्माण कार्य मनरेगा योजना के अंतर्गत कराया गया है। इन सरोवरों के नामकरण गांव के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व अन्य समाजसेवी के नामों से हुआ है। जिससे गांव की युवा पीढ़ी उनके देश के प्रति योगदान को जानकर उन्हें याद करती रहे। जिस पर पांच से सात लाख रुपये मजदूरी व अन्य कार्यों पर खर्च हुआ है, लेकिन देखा जाए तो अधिकतर तालाबों में पानी ही नहीं है। जिससे बेजुबानों को बूंद-बूंद भर पानी के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा है। तालाबों में पानी भरवाने के लिए शासन से धनराशि भी मुहैया कराई जाती है।

> "तालाब में पानी कहां से भरवाया जाए। एडीओ पंचायत से बात करने की बाद ही कुछ बता पाएंगे। यदि पैसा आता होगा तो दो दिन के भीतर तालाब में पानी भरवा दिया जाएगा।"
> – केके सिंह, खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **जूली पुत्री सुरेश कुमार निवासी- नवीपनाह माल लखनऊ** की रहने वाली हूँ। दिनांक 6-5-2024 को मेरी इंटरमीडिएट की मार्क सीट जिसका अनुक्रमांक 219547131 व हाई स्कूल अनुक्रमांक 1341744 वास्तव में कही खो गयी है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम लंठु गुप्ता से बदलकर राजकुमार गुप्ता रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।- **राजकुमार गुप्ता पुत्र सुरेश, निवासी- मरकड़ी, पोस्ट- पिडहनी, मर्करी, गोरखपुर,** (उ0प्र0)-273402

**सूचना**

सूचित हो कि मै वैभवी सिंह पुत्री इतेंद्र सिंह, निवासी- ग्राम-सरौती, पोस्ट- अर्जुनामऊ, ब्लॉक- नवाबगंज, तहसील- हसनगंज जनपद उन्नाव की निवासिनी है। मेरी एलआईसी पालिसी संख्या 214708342 में त्रुटिवश मेरा नाम वैभवी सिंह के स्थान पर हनी सिंह पुत्री इतेंद्र सिंह अंकित हो गया है। जबकि हनी सिंह पुत्री इतेंद्र सिंह व वैभवी सिंह पुत्री इतेंद्र सिंह दोनों नाम एक ही महिला के है इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है। इतेंद्र सिंह के मात्र एक पुत्री वैभवी सिंह है जो उपरोक्त पते कि निवासी है । अत: मेरी पॉलिसी में मेरा नाम हनी सिंह के स्थान पर वैभवी सिंह अंकित किया जाय।

**सूचना**

मैं सूचित करता हूं कि **मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद अयूब , निवासी- गौरा मज़रे ड़ीह, थाना- डीह, जिला रायबरेली** का हूं। मैं अपने दूसरे नंबर के पुत्र मोहम्मद शमीम को गलत आचरण व्यवहार से त्रस्त आकर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में दूसरे नंबर के पुत्र मोहम्मद शमीम के कृत्यों से मेरा कोई लेना देना और सरोकार नहीं है।

**Notice**

My daughter is a student of Fatima higher secondary school. My daughter's name has been written as Ananya in the records, whereas my daughter's correct name is Ananya Singh. The correct name is Ananya Singh written in the Aadhar card. Therefore, it is necessary to mention Ananya Singh in the school records. Manish Kumar son of Gopal Singh resident of Rupni Jogaulia Tola East Champaran Bihar.

**Notice**

My son is a student of Fatima Higher Secondary School. My son's name has been written as Vivan in the records, whereas my son's correct name is Atharv Singh. The correct name is Atharv Singh written in the Aadhar card. Therefore, it is necessary to mention Atharv Singh in the school records. Manish Kumar son of Gopal Singh resident of Rupni Jogaulia Tola East Champaran Bihar.

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **छोटे पुत्र स्व0 रोशन, निवासी- खेरवा पुरवावां, थाना- मल्लावां तहसील बिलग्राम जिला हरदोई**, मेरे पुत्र वाहिद व पुत्रवधू हिना के द्वारा मुझे व मेरे परिवार के अन्य सभी लोगों को हमेशा परेशान किया जाता है मेरे पुत्र व पुत्रवधु मेरी बात को मानने से इनकार करते है इनका चाल चलन ठीक नही है उनके इन कृत्यों से तंग आकर मैने अपने पुत्र वाहिद व पुत्रवधु हिना को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है अब हमारा इन लोगों से कोई भी वास्ता व सरोकार नही रहेगा। अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी धारक हूं। पालिसी संख्या 219320700 में मेरा नाम प्रांशू सिंह दर्ज है जबकि बैंक खाता, आधार कार्ड एवं वोटर लिस्ट में मेरा नाम अर्पिता सिंह है। दोनों ही नाम प्रांशू सिंह व अर्पिता सिंह मेरे हैं। अत: पालिसी में मेरा नाम प्रांशू सिंह उर्फ अर्पिता सिंह दर्ज किया जाय। **–प्रांशू सिंह उर्फ अर्पिता सिंह पुत्री राजेश कुमार सिंह, निवासी अमदही पूरे राम सरन, पोस्ट–अमदही पूरे राम अधीन गोंडा।**

**सूचना**

मेरी पुत्री फातिमा हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा है। मेरी पुत्री का नाम अभिलेखों में अनन्या लिख गया है, जबकि मेरी पुत्री का सही नाम अनन्या सिंह (ANANYA SINGH) है। अधारकार्ड में सही नाम अनन्या सिंह ही लिखा है। अतरू विद्यालय के अभिलेख में अनन्या सिंह अंकित किया जाना आवश्यक है।–**मनीष कुमार पुत्र गोपाल सिंह, निवासी- रूपनी जोगौलिया टोला पूर्वी चंपारण बिहार।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा पुत्र फातिमा हायर सेकेंडरी स्कूल का छात्र है। मेरे पुत्र का नाम अभिलेखों में विवान लिखा गया है, जबकि मेरे पुत्र का सही नाम अथर्व सिंह (ATHARV SINGH) है। अधारकार्ड में सही नाम अथर्व सिंह ही लिखा है। अत: विद्यालय के अभिलेख में अथर्व सिंह अंकित किया जाना आवश्यक है। **– मनीष कुमार पुत्र गोपाल सिंह, निवासी- रूपनी जोगौलिया टोला पूर्वी चंपारण बिहार।**

# निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से कराया जाएगा लोकसभा चुनाव

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा, दिया निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह व 55 अंबेडकरनगर के प्रत्याशी और प्रतिनिधि के समक्ष विधानसभा टांडा, अकबरपुर का ईवीएम, वीवी पैट वेयर हाउस से निकालकर छटाई का कार्य बूथवार किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित प्रत्याशी और प्रतिनिधि द्वारा इस पर संतुष्टि जताई गई। इसके उपरांत निर्वाचन संबंधी अन्य तैयारियां का भी जायजा लिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से कराया जाएगा।



कार्यालय का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह।



एनआईसी कक्ष में ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन के दौरान मौजूद सामान्य प्रेक्षक।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सीसीटीवी कैमरा और अन्य व्यवस्थाएं का निरीक्षण किया और जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं मौके पर ठीक-ठाक पाई गई। निरीक्षण के दौरान मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, प्रत्याशी और प्रतिनिधि तथा निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## प्रेक्षक ने अधिकारियों और प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के समाप्ति के उपरांत सामान्य प्रेक्षक सुहर्ष भगत, रिटर्निंग ऑफिसर अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता सहित लोकसभा क्षेत्र 55 अंबेडकरनगर के प्रत्याशी व प्रतिनिधि की उपस्थिति में ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन एनआईसी कक्ष में किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों से प्रत्याशियों और प्रतिनिधियों को अवगत कराया। उन्होंने साथ ही साथ होम वोटिंग, द्वितीय प्रशिक्षण, पोस्टल बैलेट और स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दिया। रेंडमाइजेशन के दौरान सहायक रिटर्निंग अफसर गोसाईगंज, कटेहरी, टांडा, अकबरपुर, जलालपुर, परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर और अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### एक नजर

#### लेखा विवरण प्रस्तुत नहीं, दो प्रत्याशियों को नोटिस

**अंबेडकरनगर।** 55 अंबेडकरनगर विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों की लेखा पुस्तकों की प्रथम जांच शनिवार को हुई। जिसमें सभी अभ्यर्थियों ने लेखा पुस्तकें प्रस्तुत किया। प्रथम जांच में दो अभ्यर्थी लेखा विवरण प्रस्तुत नहीं कर सके। जिस पर व्यय प्रेक्षक राजा भट्टाचार्जी ने दोनों प्रत्याशियों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। व्यय प्रेक्षक ने वीएसटी और वीवीटी टीम को चुनाव कार्यक्रम की समुचित वीडियोग्राफी सुनिश्चित करने का भी सुझाव दिया। व्यय प्रेक्षक प्रतिदिन एनआईसी कांफ्रेंस हॉल में 25 मई तक दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। कोई भी व्यक्ति शिकायत प्रस्तुत कर सकता है। वहीं सुझाव सूचना दे सकता है। व्यय प्रेक्षक मोबाइल 8528502061 पर 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे।

#### मान्यता मिलने से ग्रामीण छात्रों को होगी सुविधा

**अंबेडकरनगर।** राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंडित महावीर प्रसाद आईटीआई कॉलेज सुरेंद्रनगर हजपुरा के एससीसी, बीसीसी, ट्रिपल सी और ईसीसी की मान्यता प्रदान की गई है। इस मान्यता के प्राप्त हो जाने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के लिए ट्रिपल सी की शिक्षा प्राप्त करना काफी आसान और कम खर्चे में संभव होगा। विद्यालय के प्रबंधक हृदय मणि मिश्र ने बताया कि क्षेत्र के छात्रों की सुविधा के लिए यह मान्यता काफी लाभकारी सिद्ध होगी।

#### अभियान चलाकर की गई वाहनों की जांच

**अंबेडकरनगर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के लिए उड़नदस्ता ने जनपद के अलग-अलग क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें महरुआ, चनहा, अहिरौली, टांडा, बसखारी, जलालपुर, आलापुर, किछौछा, शुकुलबाजार, बनगांव रोड, यादवनगर, रामपुर सकरवारी समेत कई अन्य क्षेत्रों में प्रत्येक आने-जाने वाले छोटे-बड़े वाहनों की जांच की गई।

## मुख्यमंत्री 15 मई को जनपद में करेंगे जनसभा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 मई को जनपद के दौरे पर रहेंगे। वह भाजपा उम्मीदवार रितेश पांडे के लिए जनसभा को संबोधित करेंगे। लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान ने गति पकड़ ली है। सभी प्रमुख दलों द्वारा बड़े-बड़े नेताओं को बुलाए जाने की तैयारियां जोरों से की जा रही हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष दो दिन पहले जनपद में आकर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में जोश भरा था। वहीं अब 15 मई को सीएम योगी आदित्यनाथ का दौरा प्रस्तावित है। भाजपा नेताओं के अनुसार उन्हें कटेहरी विधानसभा क्षेत्र में बुलाए जाने की तैयारी है। उधर समाजवादी पार्टी की तरफ से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ ही वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव का कार्यक्रम जनपद में जल्द लगने वाला है।

# अकबरपुर चेयरमैन ने थामा बीजेपी का दामन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**सदस्यता**

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष को पट्टिका पहनाकर दिलाई सदस्यता

**अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश कार्यालय लखनऊ में शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश महामंत्री संजय राय, परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह की उपस्थिति में अकबरपुर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चंद्रप्रकाश वर्मा, सभासदों और समाजवादी युवजन सभा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. संदीप सिंह सन्नी को समर्थक और कार्यकर्ताओं सहित भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

चन्द्र प्रकाश तीसरी बार अकबरपुर नगर पालिका परिषद से निर्दलीय अध्यक्ष बने हैं। बसपा से राजनीति की शुरुआत करने वाले चन्द्र प्रकाश 2017 विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुए थे और भाजपा ने उन्हें अकबरपुर विधानसभा से चुनाव लड़ाया, लेकिन वह हार गए थे। 2022 विधानसभा चुनाव में भाजपा ने टिकट नहीं दिया तो उन्होंने भाजपा से इस्तीफा दे दिया। 2023 के नगरपालिका चुनाव में चन्द्रप्रकाश ने निर्दलीय अकबपुर नगर पालिका परिषद का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। पिछले कुछ दिनों से चल रही चर्चा को विराम देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी ज्वाइन कर ली।

लोकसभा उम्मीदवार सांसद रितेश पांडे, भाजपा जिला प्रभारी शिव नायक वर्मा, लोकसभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, लोकसभा संयोजक अवधेश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी, मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने नेताओं को भाजपा में शामिल होने पर बधाई दिया है। दूसरी तरफ पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री विद्यावती राजभर ने बलुआ बहादुरपुर के एक कार्यक्रम में सर्वजीत राजभर, शनि राजभर, परमानन्द, सत्यम कुमार, सूरज कुमार, भीम राजभर, कुलदीप राजभर सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।


डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के साथ मौजूद अकबरपुर नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश वर्मा व साथ में डॉ. संदीप सिंह सन्नी। अमृत विचार

## लोकसभा चुनाव के लिए 8 हजार 360 कर्मचारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** मतदान को बेहतर ढंग से संपन्न कराने के लिए 14 मई से लगभग 8 हजार 360 कर्मचारियों को अंतिम चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 19 मई तक राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में चलने वाले प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी के साथ-साथ मतदान प्रथमए द्वितीय और तृतीय अधिकारियों को भी विशेष प्रशिक्षण मिलेगा। साथ ही प्रशिक्षण में भाग लेने वाले कर्मचारी कॉलेज परिसर में ही पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे।

अंबेडकरनगर लोकसभा सीट के लिए 25 मई को मतदान को सकुशल और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए कर्मचारियों को अकबरपुर नगर स्थित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में अंतिम चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 19 मई तक चलेगा। उपायुक्त स्वतः रोजगार भूपेंद्र सिंह ने बताया कि कुल आठ हजार 360 कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें पीठासीन अधिकारी, मतदान प्रथम, द्वितीय व तृतीय अधिकारी शामिल रहेंगे। प्रतिदिन दो पालियों में 15 कक्ष में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम पाली का प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक और जबकि दूसरी पाली का प्रशिक्षण दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगा। 18 मई तक प्रत्येक पाली में 780-780 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अंतिम दिन 19 मई को प्रथम पाली में 500 कर्मचारियों के अलावा ऐसे कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा जो 14 से 18 मई तक प्रशिक्षण में शामिल नहीं हो सके थे।

## संविधान और आरक्षण की भाजपा हिमायती

**बसखारी, अंबेडकरनगर।** भाजपा और मोदी सरकार के चार सौ पार के नारे से डरी कांग्रेस, सपा सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के नेता संविधान और आरक्षण के मुद्दे पर जनता को गुमराह कर रहे है। भाजपा और मोदी सरकार संविधान व आरक्षण की हमेशा हिमायती रही है। उक्त विचार भजपा नेता नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे के समर्थन में नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आरक्षण और संविधान को बचाने के लिए भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे को लाखों मतों के अंतर से जीतना होगा।

## अगवा की गई युवती को पुलिस ने किया बरामद

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** जहांगीरगंज थाना क्षेत्र की निवासिनी युवती बीते गुरुवार की सुबह नित्य क्रिया के बाद जब घर लौट रही थी, तब उसके घर के सामने से ही बाइक से आए पड़ोसी जनपद आजमगढ़ अतरौलिया थाना क्षेत्र के लोहरा निवासी शैलेश पुत्र रामबेलास ने युवती को बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया था। अगवा युवती की तलाश में जुटे पीड़ित परिजन जानकारी होने पर आरोपी युवक के घर पहुंच गए और जब पता लगाया तो वहां से भी आरोपी युवक अगवा युवती को कहीं और लेकर निकल गया था। पूछने पर आरोपी युवक के परिजनों द्वारा पीडित परिजन को भगा दिया गया। इस पर अगवा युवती की पीड़ित मां ने थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध युवती को घर से अगवा करने का मुकदमा पंजीकृत कराया। थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पहुंचे हल्का दरोगा विजय यादव की मौजूदगी में महिला सिपाही प्रतिमा सिंह ने बावली चौक तिलकटण्डा मार्ग से युवती को बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सोमवार को युवती का बयान दर्ज करवाया जाएगा।

### सार-संक्षेप

#### सपाइयों ने किया नुक्कड़ सभा का आयोजन

**बसखारी, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी लालजी वर्मा के समर्थन में नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में नुक्कड़ सभा का अयोजन किया गया। सपा द्वारा आयोजित नुक्कड़ सभा में सपा प्रतयाशी लाल जी वर्मा, पूर्व एमएलसी अतहर खां, फैजान अहमद, मेराजुद्दीन किछौछवी सहित इंडिया गठबंधन से जुड़े कई अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। जो समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी लाल जी वर्मा को भारी मतों से जीतने की अपील कर भाजपा पर निशाना साधा। वहीं बहुजन समाज पार्टी, बहुजन मुक्ति मोर्चा समर्थ प्रत्याशी जावेद अहमद, सहित अन्य प्रत्याशियों और पार्टियों के समर्थक भी अपनी-अपनी पार्टी के पक्ष में लोगों से मतदान करने के लिए सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। जनपद में आगामी 25 मई को लोकसभा का मतदान होना है। जिसको लेकर सभी पार्टियों ने कमर कस ली है।

#### विवाद सुलझाकर साथ रहने के लिए राजी हुए दो जोड़े

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थानाध्यक्ष प्रियंका पांडेय व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त हेल्प डेस्क कर्मी द्वारा पति-पत्नी के कुल दो जोड़े के मध्य पारस्परिक परिवारिक विवाद को सुलझाकर उन्हें राजी-ख़ुशी विदा किया गया। महिला थानाध्यक्ष प्रियंका पांडेय व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त हेल्प डेस्क कर्मी के प्रयास से पति-पत्नी के दो वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसके बाद पति-पत्नी एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

#### गैंगस्टर के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** थाना हंसवर क्षेत्र में पुलिस टीम ने थाना स्थानीय पर विभिन्न मुकदमों और गैंगस्टर एक्ट से संबन्धित वांछित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हंसवर पुलिस टीम द्वार थाना स्थानीय पर पंजीकृत विभिन्न मुकदमों और गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राजेश अग्रवाल पुत्र रामचन्द्र अग्रवाल निवासी संजय अपार्टमेन्ट कालोनी कांटनमील कालोनी चौका घाट थाना जैतपुरा जनपद वाराणसी को को मुखबिर की सूचना के आधार पर कटोखर चौराहा से गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय में भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक दयाशंकर मिश्रा, कांस्टेबल रविन्द्र यादव शामिल रहे।

#### एससी-एसटी व पॉक्सो एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** थाना सम्मनपुर में पंजीकृत विभिन्न मुकदमों एससी-एसटी एक्ट व पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत थाना सम्मनपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत एससी-एसटी व पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त अनुराग पुत्र रामतीरथ यादव निवासी गुरदासपुर थाना सम्मनपुर को मुखबिर की सूचना पर बरियावन चौराहा से गिरफ्तार किया है। थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार सिंह, कांस्टेबल सर्वेश राम शामिल रहे।

#### चोरी के मोबाइल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**आलापुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** थाना राजेसुल्तानपुर पुलिस व पीआरवी कर्मियों की मदद से थाना स्थानीय पर पंजीकृत चोरी के मामले में अभियुक्त को मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियान के तहत थाना राजेसुल्तानपुर पुलिस टीम द्वारा पीआरवी कर्मचारी की मदद से अभियुक्त विनोद वर्मा पुत्र समशेर वर्मा निवासी दुर्गेचितपुर थाना राजेसुल्तानपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किया गया मोबाइल बरामद किया गया है। पीडित्ता से प्राप्त तहरीर व बरामदगी के अधार पर थाना स्थानीय पर विनोद वर्मा पुत्र समशेर वर्मा निवासी ग्राम दुर्गेचितपुर थाना राजेसुल्तानपुर व दो अन्य के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक जंगेश हैसन, कांस्टेबल शैलेन्द्र यादव, कांस्टेबल विजय कुमार शामिल रहे।

#### वंचित छात्र-छात्राओं को मिलेगा छात्रवृत्ति का लाभ

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति के लाभ से वंचित पिछड़ा और अनुसूचित जाति के 8 हजार 438 विद्यार्थियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। 31 मई को इनके खाते में छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति की राशि पहुंच जाएगी। 14 मई तक आवेदकों का ऑनलाइन सत्यापन किया जाएगा। छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए बीते दिनों दशमोत्तर छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन आवेदन किया था। समय पर सत्यापन न होने से पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति के 8 हजार 436 छात्र-छात्राओं का डाटा लॉक नहीं हुआ। नतीजतन पिछड़ा वर्ग के 4 हजार 755 व अनुसूचित जाति के 3 हजार 683 छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति के लाभ से वंचित हो गए थे। समाज कल्याण अधिकारी विक्रम कौशल ने बताया कि अब नए सिरे से ऑनलाइन सत्यापन किया जाएगा। वहीं पात्र मिलने वाले छात्र-छात्राओं को योजना का लाभ मिलेगा।

#### चौपाल लगाकर किया जागरूक

**भीटी, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** भीटी तहसील क्षेत्र के ग्राम चतुरी पट्टी चौराहा पर राष्ट्रीय लोक दल द्वारा भाजपा लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडे के समर्थन में किसान मजदूर चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न तिवारी ने किया। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव ने कहा कि किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर किसानों मजदूरों का सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि भाजप उम्मीदवार रितेश पांडे को जिताकर प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपनों को साकार किया जा सके। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वेद प्रकाश सिंह, शेष मणि पांडे पूर्व फौजी, पूर्व ग्राम प्रधान छतरी पत्ती भगेलू राम, खलील अहमद, विजय गुप्ता, जगन्नाथ, राम बहादुर तिवारी, विजय गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

#### छह कस्तूरबा स्कूलों में होगी इंटर तक की पढ़ाई

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जनपद में कुल 15 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इनमें से पट्टी, आसपुर देवसरा, गौरा, मानधाता, बिहार और सांगीपुर कस्तूरबा विद्यालयों में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत बालिका हास्टल बन कर तैयार हो गया है। इसके साथ ही इन विद्यालयों को उच्चीकृत कर दिया गया है। इन स्कूलों में अब इंटर तक की पढ़ाई होगी। अब बालिकाएं कक्षा आठ के बाद भी आगे की पढ़ाई हास्टल में रहकर कर सकेंगी। संड़वाचंद्रिका कस्तूरबा विद्यालय में पहले से ही बालिका हास्टल बना हुआ है, जहां रहकर बालिकाएं आगे की पढ़ाई कर रही हैं। बीएसए भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जिले के छह कस्तूरबा विद्यालयों में बालिका हास्टल बनकर तैयार हो गया है। इसी सत्र से इन विद्यालयों के हास्टल में बालिकाएं कक्षा आठ से आगे की पढ़ाई कर सकेंगी।

## संलिप्त चिकित्सा शिक्षकों पर होगी कार्रवाई : अमीरुल

टांडा, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सददरपुर के प्रधानाचार्य अमीरुल हसन ने पत्र जारी करते हुए चेतावनी दिया है कि डॉ. मुकेश राना प्रभारी अधिष्ठान को लक्ष्य बनाकर कतिपय चिकित्सा शिक्षकों द्वारा छात्रों के सहयोग से छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही है।

बीते 04 मई की रात्रि में एमबीबीएस बैच-2022 के कुछ छात्रों के मध्य हुए आपसी वाद विवाद को लेकर चिकित्सा शिक्षक जातिगत रूप देने में लगे हुए हैं। जिसके चलते आपसी वाद-विवाद में अनुसूचित जाति के अन्य बैच के छात्रों को इस घटनाक्रम में समाहित कर मेडिकल कॉलेज में अराजकता और जातीय द्वेष का वातावरण उत्पन्न कर पठन-पाठन का माहौल खराब किया जा रहा है। मामले की जांच के लिए गठित जांच समिति के अध्यक्ष डॉ. मुकेश राना प्रभारी अधिष्ठान को लक्ष्य बनाकर चिकित्सा शिक्षकों द्वारा छात्रों के सहयोग से उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में प्रधानाचार्य द्वारा संज्ञान लेने के बाद छात्रों द्वारा लिखित और मौखिक रूप में बताया गया कि शिकायती पत्र में उनके हस्ताक्षर नहीं है। जिससे यह स्पष्ट हो रहा है कि शिकायती पत्र पूर्ण रुप से असत्य और निराधार है।

# भाजपा सरकार में ही विकास संभव : सांसद

टांडा, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** भाजपा द्वारा किसान अन्नदाता मोर्चा सम्मेलन का आयोजन सुहेलदेव राजभर पाकर्क देवहट में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद व पूर्व मंत्री बाबूराम निषाद रहे। मुख्य अतिथि बाबूराम निषाद ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में रहने वाले सभी भाईयों और बहनों के कल्याण के लिए योजनाएं चलाई और 10 साल के अंदर प्रधानमंत्री ने देश में कोई भाई-बहन नहीं बचा है जो भारत सरकार के योजना अंतर्गत लाभार्थी नहीं बनाया।



सम्मेलन को संबोधित करते मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद।

कोरोना काल के समय प्रधानमंत्री ने सभी को दवा और राशन उपलब्ध कराया। आज भी देश में 80 करोड लोगों को राशन मिल रहा है। इस दौरान उन्होंने सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं शौचालय, आवास, जल जीवन मिशन सहित अन्य योजनाओं के बारे में बिस्तार से बताया। सम्मेलन में मौजूद सभी से भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे के पक्ष में मतदान के लिए अपील किया। भाजपा के प्रत्याशी रितेश पांडे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गरीब, मजलूम, दलित और अन्य लोगों का विकास केवल भाजपा सरकार ही कर सकती है। पूर्व की सरकारों ने केवल लूटने का काम किया है, समाज के हर वर्ग के लोगों के साथ छल किया है। जनता उन्हें पूरी तरह से नकार रही है। कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राज किशोर राजभर ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से अशोक पांडे, लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र सिंह टिल्लू, पिछड़ा वर्ग के क्षेत्रीय नेता शिवनायक वर्मा, पूर्व विधायक संजू देवी, पूर्व जिला अध्यक्ष मिथलेश त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष साधू वर्मा, ब्लॉक प्रमुख बसखारी संजय सिंह, किछौछा अध्यक्ष ओमकार गुप्ता, मीडिया प्रभारी राजेश सिंह, ज्योति सिंह, माधुरी राजभर, किसान मोर्चा पदाधिकारी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

**अनदेखी** जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी सरकार की मंशा पर फेर रहे हैं पानी

# लाखों खर्च के बाद भी बदहाल अमृत सरोवर

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** भियांव विकास खंड अन्तर्गत निमटिनी गांव में अमृत सरोवर के नाम पर लाखों रुपए खर्च कर दिए गए, लेकिन अमृत सरोवर आज तक अपने स्वरूप में परिवर्तित नहीं हो सका है। इसके बावजूद ब्लॉक स्तरीय अधिकारी अनजान बने हुए हैं।

सरकार द्वारा जल संरक्षण और जल संचयन के उद्देश्य से निमटिनी गांव में अमृत सरोवर का निर्माण होना था। जिसके लिए 36 लाख 91 हजार रुपए अनुमोदित किया गया। जिसका दो वर्ष पूर्व फरवरी माह में कार्य प्रारंभ हो गया। इस कार्य में करीब लगभग 25 लाख रुपए खर्च कर दिए गए हैं, लेकिन अमृत सरोवर बदहाल पड़ा हुआ है। इतने रुपये खर्च होने के बावजूद गेट के नाम पर छोटे-छोटे दो पिलर खड़े कर दिए गए हैं।


भियांव विकास खंड अन्तर्गत निमटिनी गांव में बन रहा अमृत सरोवर।

अब यहां लगभग एक वर्ष से निर्माण कार्य ठप पड़ा हुआ है। इतना ही नहीं अमृत सरोवर के चारों तरफ उगी हुई झाड़ियां दुर्दशा को बयां कर रही हैं। हजारों रुपये खर्च कर पेड़ पौधे लगाए गए, लेकिन रखरखाव के अभाव में सब नष्ट हो गए हैं। वहीं सचिव अनुज यादव ने बताया कि कितना पैसा खर्च हुआ है, वह ऑफिस से पता चल पाएगा। इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी अंजलि भारती बातचीत करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन ही रिसीव नहीं किया।

## ग्राम न्यायालय तैयार होने से फरियादियों को मिलेगी सुविधा

कटेहरी, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** दीवानों मुकदमों के लिए जिला मुख्यालय की दौड़ लगाने वाले वादकारियों को जल्द ही राहत मिलने वाली है। तहसील परिसर में तैयार ग्राम न्यायालय को लोकसभा चुनाव बाद जनपद न्यायालय को हैंडओवर कर दिया जाएगा।

दीवानी मुकदमों के बेहतर ढंग से निस्तारण करने व वादकारियों की सुविधा के लिए प्रत्येक तहसील में ग्राम न्यायालय की स्थापना का निर्णय बीते दिनों लिया गया था। लगभग डेढ़ वर्ष पहले ब्लॉक परिसर जलालपुर में स्थित एक भवन को न्यायालय का रूप देकर जनपद न्यायालय को हैंडओवर कर दिया गया। इसके बाद आलापुर तहसील में भी ग्राम न्यायालय स्थापना की प्रक्रिया शुरू हुई। हालांकि न्यायाधीश व अन्य कर्मचारियों की तैनाती अभी होनी बाकी है। अब भीटी तहसील परिसर में भी ग्राम न्यायालय की स्थापना का कार्य अंतिम चरण में है। एसडीएम भीटी सौरभ शुक्ला ने बताया कि ग्राम न्यायालय के लिए भवन को पूरी तरह से तैयार कर दिया गया है।

## एक नजर

### उसरैना में करंट की चपेट में आने से वृद्ध की गई जान

**रुपईडीह, अमृत विचार :** शनिवार की सुबह कौड़िया के उसरैना हरीलाल पुरवा गांव निवासी कन्हैयालाल शुक्ल उर्फ छोटे (65) की बिजली के करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। उनके पुत्र विनोद कुमार ने बताया कि उनके पिता शनिवार को सुबह बिजली का पंखा लगाने जा रहे थे। तभी अचानक बिजली के करंट के चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### बिजली की शार्ट सर्किट से घर में लगी आग

**रुपईडीह, अमृत विचार :** बिजली के शॉर्ट सर्किट से ब्लाक के रुपईडीह गांव निवासी अनिल मिश्र के घर मे रात में अचानक आग लग गई। इस घटना में उनके घर में रखा हुआ किराने का सामान, फर्नीचर, राशन, बर्तन आदि सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्राम प्रधान काशीनाथ तिवारी ने बताया कि इस घटना का मौके पर लेखपाल राजवंत कुमार द्वारा निरीक्षण कर घटना में हुई छति के आकलन की रिपोर्ट तहसील सदर को भेज दी गयी है।

### पूर्व प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि के पिता का निधन

**नवाबगंज, अमृत व विचार :** टिकरी ग्रापं के पूर्व प्रधान के पिता का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। अयोध्या के सरयू तट पर उनका अंतिम किया गया। टिकरी के पूर्व प्रधान व वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह के पिता देवीशरन सिंह एडीओ एजी के पद से रिटायर थे। लखनऊ के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। शुक्रवार रात लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उनका निधन हो गया। शनिवार को अयोध्या के सरयू तट पर पूर्व प्रधान संतोष सिंह ने पिता स्व देवीशरन सिंह को मुखाग्नि व उनका विधि विधान से अंतिम संस्कार किया।

# हाजिरी रजिस्टर कमरे में ले जाने पर शिक्षिका को पीटा

## पीड़ित शिक्षिका ने प्रधानाध्यापिका के खिलाफ दी तहरीर

गोंडा कार्यालय



आहत शिक्षिका।



शिक्षिकाओं के बीच हो रहे विवाद को सुलझाते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** इटियाथोक शिक्षा क्षेत्र का प्राथमिक विद्यालय संझवल शनिवार को कुरुक्षेत्र बन गया। अटेंडेंस रजिस्टर को अपने कमरे में ले जाकर हस्ताक्षर करने से नाराज प्रधानाध्यापिका ने अपनी सहयोगी शिक्षिका के साथ मिलकर अपने ही स्कूल की सहायक शिक्षिका की डंडे से पिटाई कर दी। इस पिटाई से पीड़ित शिक्षिका घायल हो गयी। उसके हाथ की चूड़ी भी टूट गयी। पीड़ित शिक्षिका ने प्रधानाध्यापिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए खरगूपुर थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इटियाथोक की रहने वाली नेहा जैन क्षेत्र के ही प्राथमिक विद्यालय संझवल में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। कहकशां बेगम इस स्कूल की इंचार्ज प्रधानाध्यापक हैं।

नेहा जैन के मुताबिक शनिवार को करीब सात बजे स्कूल पहुंचने पर उपस्थिति रजिस्टर लेकर वह अपने कमरे में गई और सहयोगी अध्यापक प्रिया वर्मा के साथ हस्ताक्षर बनाने लगी। इसी दौरान इंचार्ज प्रधानाध्यापक कहकशां बेगम अपनी सहयोगी शिक्षिका तरन्नुम परवीन के साथ उनके कमरे में पहुंचीं और नेहा पर डंडे से हमला कर दिया। प्रधानाध्यापक कहकशां बेगम के अचानक हमला किए जाने से वहां का माहौल काफी बिगड़ गया जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। मामले में जब नेहा ने विरोध किया तो उसकी पिटाई करते हुए नोच खसोट कर उसे घायल कर दिया। नेहा का कहना है कि पिटाई से उसके हाथ की चूड़ी टूट गयी और हाथ में जख्म हो गया। पीड़ित शिक्षिका ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक कहकशां बेगम व सहायक अध्यापक तरन्नुम परवीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए खरगूपुर थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पहले भी कई बार हो चुकी है मारपीट

सहायक अध्यापक नेहा जैन की पिटाई का यह कोई पहला मामला नहीं है। इसके पहले भी इंचार्ज प्रधानाध्यापक सहायक शिक्षिका को पीट चुकी हैं। नेहा जैन ने बताया कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक उनके साथ पहले भी कई बार मार पीट कर चुकी हैं। आरोप है कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक कहकशां बेगम व सहायक अध्यापक तरन्नुम परवीन उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर बनाकर अक्सर स्कूल से गायब रहती हैं। रजिस्टर पर फर्जी सीएल चढ़ाया जाता है। जब इसकी शिकायत की जाती है तो उनके साथ मारपीट की जाती है। इस पूरे प्रकरण की शिकायत वह जिलाधिकारी व बीएसए से भी कर चुकी हैं।

### बीएसए ने बीईओ से मांगी रिपोर्ट, होगी कार्रवाई

प्राथमिक विद्यालय संझवल में प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक के बीच हुई मारपीट की घटना को बीएसए प्रेमचंद यादव ने गंभीरता से लिया है। बीएसए ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में मारपीट जैसी घटनाएं अक्षम्य हैं। संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी से रिपोर्ट मांगी जा रही है। दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। विद्यालय का माहौल खराब करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे।

# डायरिया का प्रकोप, 24 मरीज हुए भर्ती

## रोज मेडिकल कॉलेज पहुंच रहे 55 से 70 पीड़ित, चिकित्सक बता रहे बचाव के तरीके

गोंडा कार्यालय



मरीजों की जांच करती डॉक्टरों की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार:** लू से बीमारियों ने भी पैर पसारना शुरू कर दिया है। डायरिया का प्रकोप अधिक है। खानपान में लापरवाही से लोग डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। रोज 50 से अधिक मरीज डायरिया से पीड़ित होकर पहुंच रहे हैं। स्थिति नाजुक होने पर 24 रोगियों को भर्ती किया गया है, इसमें 15 बच्चे हैं।

मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी व ओपीडी में सबसे अधिक संख्या उल्टी-दस्त, पेट दर्द और बुखार पीड़ितों की है। गर्मी में दूषित खानपान से डायरिया का प्रकोप फैल रहा है। बच्चों के पेट में दर्द, उल्टियां, मल काला होना, बुखार आना, होंठ-मुंह-जीभ सूखने की समस्या अधिक है। खानपान पर नियंत्रण रखकर बीमारी से बचा जा सकता है। डा. मोहम्मद सईद ने बताया कि डायरिया में पेट दर्द, पेट में ऐंठन होना, उल्टी-दस्त, बुखार, भूख नहीं लगना, शरीर में पानी की कमी की समस्या होती है। स्वच्छ पानी पीएं। हल्का भोजन करें। उल्टी-दस्त होने पर तुरंत ओआरएस अथवा चीनी-नमक और पानी मिलाकर एक-एक घंटे बाद देते रहें। दस्त अधिक होने पर चिकित्सक को दिखाएं। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। तरल पदार्थों का सेवन करें। इसके साथ कुछ सावधानियां बरत कर बीमारियों से बचा जा सकता है। जैसे भोजन करने से पहले हाथ पैर अच्छी तरह धो लें, सुपाच्य और संतुलित भोजन ही ग्रहण करें। बाजार की खुली चीजें खाने से परहेज करें। खानपान में जंक फूड के सेवन से बचें। डॉक्टर एम डब्ल्यू खान चिकित्सा अधीक्षक मेडिकल कॉलेज ने बताया कि मेडिकल कालेज में डायरिया के कई मरीज भर्ती किए गए हैं। चिकित्सकों को बेहतर ढंग से रोगियों का उपचार करने के लिए कहा गया है। चिकित्सक डा. मोहम्मद सईद, मोहम्मद सलमान के साथ वार्डों का भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लिया गया। ओआरएस सहित दूसरी दवाएं उपलब्ध हैं।

## ट्रक ने युवक को कुचला, गई जान

**रुपईडीह, अमृत विचार:** शुक्रवार को वाहन दुर्घटना में कौड़िया के उसरैना गांव निवासी हरिशंकर नाई (28) की हुई मौत के मामले में उनके भाई अंगद ने ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि कल शुक्रवार को मृतक अपने सहयोगी गांव के ही संतोष कुमार पांडेय (48) के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर से आर्यनगर केक लेने जा रहा था तभी रास्ते मे गोंडा बहराइच मार्ग पर ब्लॉक रुपईडीह मुख्यालय के निकट पीछे से आ रहे ट्रक की अचानक ठोकर लग गई। बताया कि ट्रक को अपने कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने बरामद की अंग्रेजी शराब

संवाददाता, मनकापुर

**अमृत विचार:** पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक से अंग्रेजी शराब की 40 बोतलें बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है और विधिक कार्रवाई में जुटी है।

मनकापुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को कस्बा चौकी प्रभारी सुरेन्द्र प्रताप सिंह अपने हमराही मुख्य आरक्षी अखिलेश सिंह व आरक्षी आयुष यादव के साथ क्षेत्र भ्रमण पर निकले थे और संदिग्ध वाहनों की जांच पड़ताल कर रहे थे। इसी दौरान बंदरहा रेलवे क्रासिंग के समीप एक संदिग्ध बाइक सवार दिखाई पड़ा। पुलिस ने उसे रोककर उसके बाइक की तलाशी ली तो डिग्गी में रखी अंग्रेजी शराब की 40 बोतल बरामद हुई। पुलिस ने युवक से बड़ी मात्रा में शराब ले जाने का कारण पूछा तो वह जवाब नहीं दे सका। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवक अवैध रूप से बिक्री के लिए शराब ले जा रहा था।

### प्रशासन की टीम ने छापेमारी में पकड़ी कच्ची शराब

डीएम नेहा शर्मा के निर्देश पर आबकारी निरीक्षक अभय कुमार गुप्ता, प्रमोद सिंह व राम धनी वर्मा की संयुक्त टीम ने विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत मनकापुर कोतवाली महुआडीह क्षेत्र के भरहू भट्ठा व जमुनहा में छापेमारी की। टीम ने 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। मौके से 150 किलो महुआ, लहन व शराब बनाने के उपकरण आदि पकड़े गए। कारोबार में लिप्त तारा देवी व बब्लू निवासी महुआडीह पर केस दर्ज किया गया है। टीम ने कस्बे के मोहल्ला पटेल नगर में स्थित सरकारी भांग दुकान से 245 गोली भांग व 141 पुड़िया गांजा भी बरामद किया है।

# आग लगने से लाखों का बोरा राख

गोंडा कार्यालय



गोदाम में आग लगने से जले बोरे। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जूट के बोरे का कारोबार करने वाले एक व्यापारी की दुकान में शनिवार को आग लग गयी। घटना में लाखों रुपये का बोरा राख हो गया। घंटों मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया।

गोंडा-बहराइच मार्ग स्थित नवीन गल्ला मंडी गेट पर किराए की दुकान लेकर सोनू व मोनू जूट के बोरे का कारोबार करते हैं। शुक्रवार को देर रात वे दुकान बंद कर घर चले गए। सुबह पता चला कि दुकान में आग लग गई है। मंडी गेट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने दुकान का ताला तोड़कर आग बुझाने का प्रयास किया। दमकलकर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। दमकल की दो गाड़ियों से दो घंटा तक आग बुझाई गई तब जाकर तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। गनीमत रही कि आग आसपास की दुकानों तक नहीं पहुंची, वरना कई दुकानें चपेट में आ जाती। यदि आग मंडी की दुकानों को चपेट में ले लेती तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। आग लगने की सूचना पाकर बड़गांव व मिश्रौलिया चौकी के पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे। जांच पड़ताल की है। आशंका जताई जा रही है कि आग शार्ट सर्किट से लगी होगी। मंडी सचिव मुकेश जायसवाल ने बताया कि मंडी गेट पर बनी सुपर मार्केट में बोरे की दुकान में आग लगी थी।

## सात घंटे बंद रहेगी रेलवे क्रॉसिंग

**करनैलगंज, अमृत विचार :** करनैलगंज से बहराइच मार्ग पर हुजूरपुर रेलवे क्रासिंग को रेलवे लाइन विस्तार के चलते सोमवार रात्रि से मंगलवार सुबह तक बंद रखा जाएगा। आईडब्ल्यू अवधेश सिंह ने बताया पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा गोंडा-बुढ़वल रेलखंड पर तीसरी लाइन बिछाए जाने के लिए कार्य तेजी से चल रहा है। जिसके परिप्रेक्ष्य में करनैलगंज-सरयू रेलखंड पर स्थित समपार संख्या 282ए स्पेशल पर करनैलगंज-हुजूरपुर बहराइच मुख्य सड़क मार्ग 13 मई की रात्रि दस से 14 मई की सुबह पांच बजे तक बाधित रहेगा।

# परिक्रमार्थियों ने किया जम्बू तीर्थ का दर्शन

## बाराही धाम में आज होगा परिक्रमार्थियों का पड़ाव, सूकरखेत नरहरि आश्रम में की पूजा

संवाददाता, उमरी/परसपुर



रात्रि विश्राम के लिए परिक्रमार्थियों की ओर से डाला गया डेरा। अमृत विचार

**अमृत विचार:** परसपुर क्षेत्र के सूकरखेत पसका, गुरु नरहरि आश्रम, वाराह मंदिर दर्शन के बाद शुक्रवार को अयोध्या की 84 कोसी परिक्रमा यात्रा के साधु-संतों ने तिवारी बाजार होकर सेमरा में रात्रि विश्राम को पड़ाव डाला। इससे पहले संतों ने सरयू संगम के त्रिमुहानी तट पर स्नान ध्यान करके गुरु नर हरि आश्रम में मत्था टेककर और वाराह भगवान मन्दिर में दर्शन पूजा प्रसाद चढ़ावा किया।

धर्मार्थ सेवा संस्थान के परिक्रमा संचालक महंत गया दास की अगुवाई में मखभूमि मखौड़ा धाम जिला बस्ती से प्रारम्भ 22 दिवसीय परिक्रमा यात्रा में शामिल साधु संतों का जगह-जगह ग्रामीणों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। महंत गयादास व महंत ओंकार दास के अगुवाई में यात्रा कर रहे साधु-संतों का जत्था खैरा वृंदावन व भैरव दास कुटी पर रात्रि विश्राम के बाद शुक्रवार को तिवारी पुरवा, सकरौर, बखरिहा होकर सेमरा गंगा राम भगत के यहां पहुंचा। परिक्रमा संचालक महंत गयादास ने बताया कि अयोध्या की शास्त्रीय सीमा बस्ती अम्बेडकर, अयोध्या, बाराबंकी जिला होकर परिक्रमार्थियों के जत्थे ने गोण्डा जिला में प्रवेश किया और विभिन्न पौराणिक स्थल जम्बू तीर्थ, तुलसी जन्मभूमि मंदिर राजापुर, नरहरि आश्रम, वाराह भगवान से पैदल चलकर परिक्रमार्थी सेमरा गांव पहुंचे। उन्होंने कहा कि यानि कानि च पापानि, जन्मांतर कृतानि च। तानि सर्वाणि नश्यन्तु प्रदक्षिणम पदे- पदे। ऐसी मान्यता है कि जिस प्रकार भगवत प्रदक्षिणा से जन्म जन्मांतर के किये हुए समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। गंगाराम भगत, अवधेश, किशन समेत ग्रामीणों ने परिक्रमार्थियों को दही चुरा शरबत, ठंडा पेय, जलपान व भंडारे का प्रबंध कराया।

# भूमि फर्जीवाड़ा मामले में जालसाजों पर केस

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार :** सरकारी बंजर खाते की भूमि का बैनामा करने और कराने वाले दो लोगों पर संबंधित लेखपाल ने जालसाजी, धोखाधड़ी, कूटरचना और सरकारी संपत्ति हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है।

करनैलगंज तहसील के ग्राम कादीपुर के लेखपाल रमेश चंद्र ने मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र के निर्देश पर ग्राम कादीपुर निवासी रूपेंद्र प्रताप सिंह और ग्राम भोंका निवासी अनवर खान के विरुद्ध धारा 419, 420, 467, 468, 471 के तहत कराया है। जिसमें कहा गया है कि ग्राम कादीपुर में स्थित गाटा संख्या 116 बंजर खाते में दर्ज है। उस भूमि को अनवर खान निवासी ग्राम भोंका ने रूपेंद्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम कादीपुर को वर्ष 2014 में बैनामा कर दिया था, जबकि विक्रय भूमि बंजर खाते की है। जिसमें क्रेता और विक्रेता दोनों दोषी हैं। पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर दो आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह का कहना है कि आयुक्त के आदेश और लेखपाल की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की विवेचना कराई जा रही है।

## दूसरे की जमीन का किया बैनामा, केस

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचार:** फर्जीवाड़े को लेकर चर्चित तरबगंज तहसील में एक और फर्जी बैनामे का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर आरोपी के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया गया है। लिलोई कला गोरछान पुरवा निवासिनी कामिनी पत्नी धर्मराज ने न्यायालय में अर्जी देकर गांव के ही उमानाथ पांडे पुत्र सरजू प्रसाद के खिलाफ धोखाधड़ी एवं बेईमानी करके रुपया हड़पने की नीयत से कूट रचित खतौनी दिखाकर जमीन का बैनामा कर डेढ़ लाख रुपए ऐंठ लेने का आरोप लगाया था। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने जिस भूखंड का बैनामा किया था। वह जमीन उसके नाम दर्ज कागजात नहीं है।

# संतों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, बेलसर



संतों के साथ विधायक प्रेम नरायन पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार:** अमदही के अष्टावक्र आश्रम में निजी खर्चे से निर्मित संत निवास का विधायक ने उद्घाटन कर संतों को सम्मानित किया। शनिवार को अष्टावक्र आश्रम में 700 संतो के निवास करने की क्षमता वाले संत निवास विश्राम स्थल का विधायक प्रेम नरायन पांडेय ने उद्घाटन कर संतों को सम्मानित किया। यह संत निवास क्षेत्र के समाज सेवी अरुण कुमार सिंह उर्फ गोपाल ने संतों को 84 कोसी परिक्रमा के दौरान रात्रि विश्राम के लिए निर्मित कराया है। विधायक प्रेम नरायन पांडेय ने कहा कि भारतीय संस्कृति देव संस्कृति है। संतों ने अपने त्याग तपस्या से इस धरती को पावन बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्यक्रम के आयोजक गोपाल ने बताया कि अष्टावक्र आश्रम में 84 कोसी परिक्रमा के दौरान करीब दो हज़ार संत यहां निवास करते हैं। पहली टोली सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में जा चुकी है। दूसरी टोली संत गया शरण के नेतृत्व आ गई है। तीसरी टोली शाम को ओंकार दास जी महराज के साथ आयेगी। चौथी टोली रविवार को सुबह गया दास महाराज के साथ आयेगी। सभी साधु संतों को रहने खाने पीने की व्यवस्था आश्रम पर की जाती है। तिलक राज सिंह, अनुज शुक्ल, सुरेश शुक्ल, राहुल सिंह, विवेक सिंह, जगराम, विशाल सिंह रहे।

# गैस सिलेंडर में आग लगने से दंपति झुलसे

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार:** मोहल्ला सकरौरा में शुक्रवार को गैस का चूल्हा ठीक करते समय गैस सिलेंडर में आग लग जाने से पति पत्नी झुलस गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार से बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दंपति को अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है जहां पति की हालत गंभीर बतायी जा रही है। करनैलगंज को सकरौरा मोहल्ले में रहने वाले अशोक कुमार कनौजिया के मुताबिक शुक्रवार की शाम को जाना बनाते समय उनके गैस चूल्हे में खराबी आ गयी। पत्नी ने चूल्हा ठीक करने बुलाया तो वह बिना सिलेंडर बंद किए उसे ठीक करने लगे। इसी दौरान गैस सिलेंडर में आग लग गयी और अशोक कनौजिया पत्नी भोली समेत झुलस गए। घटना के बाद मोहल्ले में हड़कंप मच गया। आनन फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार को बाद उन्हें जिला अस्पताल को लिए रेफर कर दिया। अशोक व उनकी पत्नी भोली को जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है।

**84 कोसी परिक्रमा**

## हनुमान मंडल की अगुवाई में परिक्रमार्थियों का फूल-माला से किया गया स्वागत

# कपिल मुनि आश्रम पहुंचा परिक्रमार्थियों का जत्था

संवाददाता, नवाबगंज



तुलसीपुर माझा में भोजन करते परिक्रमार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मखौड़ा धाम से प्रारम्भ अयोध्या की 84 कोसी परिक्रमार्थियों का पहला जत्था शनिवार को मंहगूपुर गांव के कपिल आश्रम पर पहुंचा। हनुमान मंडल की अगुवाई में चल रहे परिक्रमा में शामिल परिक्रमार्थियों का स्थानीय लोगों ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत सम्मान किया।

चौरासी कोसी परिक्रमा की अगुवाई कर रहे हनुमान मंडल के प्रमुख सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस बार 600 की संख्या में संत परिक्रमा कर रहे हैं। चैत्र पूर्णिमा से परिक्रमा बस्ती जिले के मखौड़ा धाम से प्रारम्भ हुई थी। शुक्रवार को परिक्रमार्थियों ने तुलसीपुर माझा स्थित पहलवान बाबा की चक्की पर पहुंचकर रात्रि में भोजन एवं विश्राम किया। सुबह 6 बजे परिक्रमा ढेमवा मार्ग से होते हुए महंगूपुर के कपिल आश्रम पहुंची।

महंगूपुर निवासी प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष सुशील पाण्डेय ने संतों को जलपान कराया फिर संत भगवान कपिल के आश्रम में पहुंचे। कपिल भगवान के दर्शन पूजन के उपरांत संतो ने विश्राम किया। दोपहर में संतों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

### प्रशासन की नजरअंदाजी पर बिफरे परिक्रमा प्रमुख

विश्व हिन्दू परिषद के हनुमान मंडल के प्रमुख सुरेंद्र सिंह प्रशासन की नजरअंदाजी से काफी नाराज दिखे। उन्होंने पुलिस पर पूर्ण रूप से लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब से गोंडा जिले में परिक्रमार्थियों ने प्रवेश किया है तबसे गोंडा पुलिस ने कोई सुरक्षा नहीं दी। शुक्रवार को तुलसीपुर में परिक्रमार्थी सड़क किनारे विश्राम कर रहे थे। भोजन भी पटरी पर हुआ किन्तु कोई पुलिस कर्मी नहीं दिखा। ऐसी अव्यवस्था से आहत परिक्रमा प्रमुख ने पुलिस पर मनमाना व उपेक्षा पूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत वे मुख्यमंत्री से भी करेंगे। विहिप के जिला सह मंत्री रामशंकर शर्मा ने बताया कि शुक्रवार की शाम जब नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय से बात की गई तो उन्होंने उप राष्ट्रपति के कार्यक्रम में व्यस्तता की बात कहकर फोन काट दिया। वहीं जब पुलिस अधीक्षक को फोन किया तो दूसरी तरफ़ से पूछा गया कि क्या आपने परिक्रमा की अनुमति ले रखी है? परिक्रमा के पारम्परिक व पूर्व से सुचित होने बात कहने तथा पुलिस व्यवस्था उपलब्ध कराने की बात कहने पर दूसरी से बात कर रहे महानुभाव भड़क गए।

# हार्टअटैक से बचना हो तो रहें फिट

## लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

गोंडा कार्यालय



मरीज का चेकअप करते डॉक्टर।

**अमृत विचार:** एक समय था जब हार्टअटैक को बड़े-बूढ़ों की बीमारी माना जाता था,,लेकिन आजकल 30-40 की उम्र वाले भी इसकी चपेट में आ रहे हैं।

उक्त बातें वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ चरक हॉस्पिटल से आए जैनस इनीशिएटिव के संस्थापक डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव ने लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में प्रबंध समिति के सदस्य मनोनीत होने की पश्चात महाविद्यालय परिवार के साथ एक शिविर का उद्घाटन करते कहीं। उन्होंने कहा सभी को फिटनेस पर ध्यान देना होगा। चेस्ट फिजिशियन डॉ. एके उपाध्याय ने कहा कि एक अध्ययन में यह पता चला है कि भारत में 40-69 साल के आयु वर्ग में होने वाली मौतों में से 45% मामले दिल की बीमारियों से होते हैं। डॉ. आलोक अग्रवाल ने कहा कि हृदय रोग लाइफस्टाइल में हो रहे बदलाव डायबिटीज, मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर और खराब कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियां बेहद तेजी से बढ़ रही हैं। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूष रंजन अपने दांतों को कैसे स्वस्थ रखें एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पुनीत श्रीवास्तव ने भी आंखों की समस्या एवं उनके निदान पर लोगों को स्वस्थ रहने की सलाह दी। स्त्री रोग विशेषज्ञ अंजू अग्रवाल ने छात्राओं को होने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला। नि:शुल्क शिविर के उद्घाटन के पश्चात महाविद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रबंध समिति उपाध्यक्ष वर्षा सिंह एवं सचिव उमेश शाह ने डॉ पंकज श्रीवास्तव के साथ सभी डॉ को सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### छात्रा से छेड़खानी मामले में दो शोहदे गिरफ्तार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** नगर में संचालित एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा से छेड़खानी के मामले में पुलिस ने दो शोहदों पर केस दर्ज कर गिरफ्तार किया है। करनैलगंज नगर के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा के साथ रास्ते में दो युवकों ने छेड़खानी करते हुए अश्लील हरकत किया और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। दो अलग-अलग समुदायों का मामला होने के कारण मौके पर लोगों ने युवकों को पकड़ लिया और धुनाई भी की। उसके बाद युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। मामले में बालिका के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आमिर अहमद निवासी गुडाही बाजार कस्बा करनैलगंज तथा तौशीफ अहमद निवासी सदर बाजार कस्बा करनैलगंज पर केस दर्ज किया है।

# गोनर्द की धरती से अवध की जनता को साधेंगे अमित शाह

## केंद्रीय गृहमंत्री की जनसभा आज, दोपहर 3.15 बजे एलबीएस कॉलेज के बीएससी परिसर में उतरेगा हेलीकॉप्टर

गोंडा कार्यालय



टामसन मैदान में तैयार पंडाल। अमृत विचार

**अमृत विचार:** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार को गोनर्द की धरती से अवध क्षेत्र की लोकसभा सीटों के वोटरों को साधेंगे।

गृहमंत्री का उड़न खटोला दोपहर 3.15 बजे लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के बीएसएसी कैंपस में बनाए गए हेलीपैड पर उतरेगा। यहां से वह कार द्वारा शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज में आयोजित जनसभा स्थल तक पहुंचेंगे और चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। जिले की गोंडा व कैसरगंज लोकसभा सीट के लिए पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है। इसके साथ ही अवध क्षेत्र की लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, अमेठी, रायबरेली व मोहनलालगंज सीट पर भी 20 मई को वोट डाले जायेंगे। रायबरेली को छोड़कर अन्य सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। पार्टी के सांसद कीर्तिवर्धन सिंह तीसरी बार बीजेपी के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। वह हैट्रिक लगाने की जी तोड़ कोशिश में जुटे हैं।

श्रेया सजातीय वोटरों के अलावा सपा के परंपरागत वोट बैंक समझे जाने वाले मुस्लिम और यादव मतदाताओं के बलबूते जीत का दावा कर रही हैं। इसी तरह जिले की कैसरगंज लोकसभा सीट पर इस बार पूरे देश की निगाह है। यहां के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के यौन उत्पीड़न मामले में फंसने के बाद पार्टी ने उनका टिकट काटकर उनके बेटे करण भूषण सिंह को उम्मीदवार बनाया है। टिकट कटने और बेटे की जीत सुनिश्चित करने को लेकर बृजभूषण शरण सिंह की प्रतिष्ठा भी इस बार दांव पर है। ऐसे में केंद्रीय गृहमंत्री की चुनावी जनसभा अहम मानी जा रही है। शाह न सिर्फ गोंडा के मतदाताओं से मुखातिब होंगे बल्कि यहीं से कैसरगंज व अवध क्षेत्र की अन्य सभी सीटों के मतदाताओं को साधने की कोशिश करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री की जनसभा को लेकर शनिवार को भाजपा पदाधिकारी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप उर्फ बमबम ने बताया कि गृह मंत्री की जनसभा में व्यवस्था चाक चौबंद रहे इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं की 32 अलग अलग टोलियां बनायी गयी हैं जो जनसभा में पहुंचने वाले मतदाताओं की देखभाल व सुरक्षा के साथ साथ पेयजल, साफ सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का ध्यान रखेंगी।

### गृहमंत्री की जनसभा को लेकर लागू रहेगा रूट डायवर्जन

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी जनसभा को लेकर पुलिस प्रशासन भी व्यवस्था में जुटा है। इस जनसभा को लेकर रविवार को जिले में रूट डायवर्जन प्लान लागू रहेगा। प्लान के मुताबिक लखनऊ जाने वाली रोडवेज बसें मिश्रौलिया, डीजल डिपो के रास्ते अम्बेडकर चौराहा होते हुए लखनऊ जायेगी तथा इसी रास्ते वापस आयेगी। अयोध्या जाने वाली रोडवेज बसे गुरुनानक चौराहे से बड़गांव होते हुए सद्भावना के रास्ते जायेंगी तथा इसी रास्ते वापस आयेंगी। लखनऊ रोड से आने वाले बड़े वाहन जिन्हे बलरामपुर, श्रावस्ती जाना है ऐसे वाहन अम्बेडकर चौराहे से जेल रोड होते हुए कटहा घाट, सद्भावना के रास्ते जायेंगे तथा इसी रास्ते वापस आयेंगे। छोटे वाहन अम्बेडकर चौराहे से पोस्ट आफिस तिराहा, आईटीआई चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य को जायेगी तथा इसी रास्ते से वापस आयेगी। लखनऊ रोड से आने वाले ऐसे वाहन जिन्हे बहराइच जाना है वे सभी अम्बेडकर चौराहे से सदरूदीन तिराहा होते हुए आर्य नगर के रास्ते अपने गन्तव्य को जायेंगे तथा इसी रास्ते वापस आयेंगे। आपातकालीन वाहनों के लिए रूट डायवर्जन लागू नहीं रहेगा।

## महिला को पीटकर घर से निकाला, केस

**खरगूपुर, अमृत विचार:** दहेज में सोने की चेन, मोटरसाइकिल व एक लाख रुपये नकद की मांग न पूरी करने पर विवाहिता को मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए घर से भगा दिया गया। पुलिस ने पति, सास, ससुर, जेठ व जेठानी सहित आठ लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न, हमला व धमकी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। खरगूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रुपईडीह गांव निवासी राज कुमारी पत्नी अयोध्या प्रसाद उर्फ़ राजू मौर्य ने थाने पर दर्ज कराए गए मुकदमें में आरोप लगाया है कि उसकी शादी हिंदू रीति रिवाज़ से कुछ वर्ष पहले हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल के लोग उसे प्रताड़ित करने लगे।

# प्रेम प्रसंग में युवक को पीट-पीटकर मार डाला

## भाई की साली से प्रेम करना पड़ा महंगा, जान देकर चुकानी पड़ी कीमत, शव पीएम के लिए भेजा

संवाददाता, उमरी बेगमगंज

**अमृत विचार:** तरबगंज थाना क्षेत्र के पकड़ी गैनपुरवा गांव के रहने वाले एक युवक को बड़े भाई की साली से प्रेम करना महंगा पड़ गया। प्रेमिका की शादी तय होने की बात सुनकर वह उसके घर पहुंचा तो प्रेमिका के परिजनों ने युवक की पीट पीट कर हत्या कर दी और उसका शव सर किनारे फेंक दिया। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने प्रेमिका समेत छह लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है और शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



लालमणि।

### वारदात

▸▸ परिजन की तहरीर पर प्रेमिका समेत छह लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

तरबगंज थाना क्षेत्र के पकड़ी गैनपुरवा निवासी जसराज दूबे के मुताबिक उसके भाई शिवचरन की ससुराल उमरीबेगमगंज थाना क्षेत्र के चंगेरी गांव के रहने वाले भोंदू पांडेय के यहां है। जसराज का कहना है कि उसका दूसरा भाई लालमणि का बड़े भाई शिवचरन की साली तनु से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनो शादी करना चाहते थे। लेकिन तनु के परिवार के लोग राजी नहीं थे। इसी बीच परिजनों ने तनु की शादी कहीं अलग तय कर दी। इस बात की जानकारी तनु ने फोन से लालमणि को दी थी। शुक्रवार को लालमणि तनु के घर गया था। वहां तनु के परिजनों ने लालमणि की पीट पीट कर हत्या कर दी और शव को सड़क किनारे फेंक दिया। मार पीट की जानकारी मिलने पर जब मृतक के भाई शिवचरन ने अपने ससुराल फोन किया और अपने ससुर से भाई के बारे में पूछा तो ससुर भोंदू ने उसे भी जान से मारने की धमकी दी। शिवचरन का कहना है कि कुछ देर बाद डायल 112 पुलिस का उसके पास फोन आया। फोन करने वाले ने शिवचरन को बताया कि उसके भाई को अस्पताल ले जाया जा रहा है। जब वह अस्पताल पहुंचा उसके भाई की मौत हो चुकी थी और उसका शव अस्पताल की मर्चरी में रखा हुआ था। मामले में मृतक के जसराज ने प्रेमिका तनु समेत उसके पिता भोंदू पांडेय, भाई उमाशंकर पांडेय सौरभ पांडेय, अभिषेक पांडेय व नितिन पांडेय के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी है। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई की जायेगी।

### एएसपी व सीओ ने ली घटना की जानकारी

उमरी, बेगमगंज थाना क्षेत्र के चंगेरी गांव में हुई युवक की हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी तरबगंज सौरभ वर्मा व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने थाने पहुंचकर वारदात की जानकारी ली और आरोपियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया। एएसपी ने बताया कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## मतदान को प्रेरित करेगी मीना मंच

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** परसपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में सुगमकर्ता मनोज कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में मीना सभा का आयोजन किया गया। मीना सभा के दौरान तय किया गया कि मीना मंच की टोलियां ग्रामीण क्षेत्रों में मेरा गोंडा मेरी शान 20 मई को करो मतदान के नारे के साथ घर-घर जाकर लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित करेंगी। मीना की सभा के दौरान अलग-अलग मजरों गुलाम पुरवा, चकेंदवा, दुबे हाता, लोखदिया पुर बेलवाडीह के लिए मीना टोलियों का गठन किया गया। यही टोलियां आगामी 20 मई होने वाले मतदान के लिए वृद्ध, महिलाओं, युवाओं को प्रेरित करेंगी।



प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों से वार्ता करतीं सीडीओ एम. अरुन्मोली। अमृत विचार

### दो पालियों में 3025 कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव कराने को लेकर शनिवार को भी मतदान कर्मचारियों का दूसरे चक्र का रैंडमाइजेशन चला। प्रशिक्षण के दौरान सीडीओ एम अरुन्मोली ने मतदान कार्मिकों को पूरी तन्मयता से प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा पूरी निष्ठा के साथ चुनाव सम्पन्न कराये को कहा। श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय गोंडा में चल रहे मतदान कार्मिक द्वितीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रथम पाली में 1532 मतदान कार्मिक के सापेक्ष कुल 21 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे तथा द्वितीय पाली में 1532 के सापेक्ष 18 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया है कि यह प्रशिक्षण 10 मई से 13 मई तक चलेगा। छूटे हुए मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण 14 मई को होगा। सीडीओ ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों ने 380 बैलेट वोट तथा 249 ईडीसी वोट डाले।

## सार-संक्षेप

### गेहूं का बोरा गिरने से टूटी हड्डी, इलाज के दौरान मौत



**नवाबगंज, अमृत विचार :** तुलसीपुर माझा निवासी एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। गेहूं की बोरी गिरने से उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गई थी। पूरे राम प्रसाद निवासी बुधराम ने बताया उनका बेटा विवेक उर्फ राजू (22) गेहूं का बोरा ले जा रहा था तभी फिसलकर गिरने से रीढ़ की हड्डी टूट गयी।

### तरबगंज में करन को मिलेगी डेढ़ लाख वोटों से लीड

**बेलसर, अमृत विचार :** करन भूषण को तरबगंज विस से डेढ़ लाख वोटो से लीड मिलेगी। ये बात थान पुरवा में आयोजित जनसभा में सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कही। उन्होंने कहा बीजेपी राष्टीय मुद्दों की बात करती है। कार्यक्रम का आयोजन राज बहादुर सिंह व संचालन पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह ने किया।

### कटरा बाजार विधानसभा में दस मतदान केंद्र आदर्श घोषित

**रुपईडीह, अमृत विचार :** लोस चुनाव के लिए ब्लॉक के पांच मतदान केंद्रों को मिलाकर दस मतदेय स्थलों को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है। बीडीओ मृत्युंजय यादव ने बताया कि डीएम के निर्देशानुसार ब्लॉक के मतदान केंद्र प्रावि सहजनवा, छितौनी व भवनियापुर उपाध्याय, पंचायत भवन अमडोहवा तथा जूनियर हाईस्कूल निधि नगर को मिलाकर दस मतदेय स्थलों को आदर्श मतदेय स्थल के रूप में चयनित किया गया है।

### हिंदू समाज को मतदान करने के लिए दिलाया संकल्प



मतदान के लिए संकल्प दिलाते विहिप के शारदा कांत पांडेय। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** बीएचपी पूरे देश में संत यात्रा निकाल गांव-गांव संतों ने वोटरों को मतदान के लिए जागरूक किया। विहिप के विभाग संयोजक शारदा कांत पांडे के नेतृत्व में प्रमोद दास, राजकुमार वेदांती, राम मनोहर दास ने रामजानकी मंदिर से यात्रा प्रारंभ कर ग्राम सभा छिरास शुक्ल पुरवा, रामापुर, भरथा इटहिया, चौदहा, शाहजोत, चूंटीपुर, कटरा बाजार सहित कई स्थानों पर संतों क्षेत्र के नौजवानों को जागरूक कर मतदान के लिए संकल्प दिलाया।

### पुलिस ने शराब के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**खरगूपुर, अमृत विचार :** खरगूपुर पुलिस ने दो आरोपियों को अवैध शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक विभव तिवारी व धनंजय सिंह ने कस्बे से सटे गिरधर बगिया के पास से एक व्यक्ति को दस लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है आरोपी ने अपना नाम पवन कुमार निवासी शिवसहाय पुरवा बताया वहीं उपनिरीक्षक अखिलेश यादव ने काशीराम निवासी परसुरामपुर को भी दस लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बच्चों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली




मनकापुर में रैली निकालते कंपोजिट विद्यालय बंजरिया के बच्चे। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** मुजेहना ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेसहूपुर के बच्चों ने स्कूल के शिक्षकों की देखरेख में शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली और गांव के लोगों को निमंत्रण पत्र बांटकर आगामी 20 मई को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेसहूपुर के प्रधानाध्यापक बृजेंद्र सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर शनिवार को स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने मेरा गोंडा मेरी शान, 20 मई को करें मतदान जैसे स्लोगन वाले पोस्टर भी हाथ में ले रखा था। बच्चों ने गांव में घूम घूम कर लोगों को स्कूल में बनाया गया निमंत्रण पत्र भी लोगों को वितरित किया और आगामी 20 मई को अपने पोलिंग बूथ पर पहुंचकर मतदान करने की अपील की। इस दौरान विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष मुनिजर, प्रधान प्रतिनिधि सुरजीत कुमार चौबे, क्षेत्र पंचायत सदस्य बाबूराम तिवारी, गोपाल पाण्डेय, विनोद कुमार यादव, रवीन्द्र नाथ गुप्ता, रामशंकर, विष्णु प्रताप वर्मा आदि रहे।

# जिस घर में छायी थीं खुशियां, वहां पसरा है मातम

## सड़क हादसे में घायल लोगों की हालत स्थिर, घायलों के लिए एसओ समेत कई समाजसेवियों ने किया रक्तदान

गोंडा कार्यालय



घायल बच्ची को गोद में उठाकर ले जाते एसओ वजीरगंज। अमृत विचार



रक्तदान करते वजीरगंज थानाध्यक्ष व अवध केसरी सेना के अध्यक्ष नीरज सिंह।

**अमृत विचार:** शुक्रवार दोपहर तक वजीरगंज के नगवा गांव खुशियों से आल्हादित था। मौका था शिवपूजन मिश्र के भाई विष्णु मिश्र के तीन साल के बेटे वैदिक को मुंडन का। परिवार को लोग दो गाड़ियों से वैदिक को लेकर मुंडे कराने अयोध्या गए थे। घर पर भोज की तैयारी चल रही थी। मंगल गीत गाए जा रहे थे। इसी बीच भीषण सड़क हादसे की खबर ने सभी को अवाक कर दिया। एक साथ तीन लोगों की मौत और 10 से अधिक लोगों के घायल होने की जानकारी मिलने के बाद परिवार में चीख पुकार मच गयी। गांव में जिसने भी हादसे की खबर सुनी वह घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़ा। अभी भी परिवार को कई सदस्य अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। हादसे के बाद शनिवार को पूरे गांव में मातम पसरा रहा। वहीं इस सड़क हादसे में घायल हुए सभी लोगों की हालत शनिवार को स्थिर रही। तीन घायलों का इलाज जिला अस्पताल में, पांच का निजी अस्पताल में जबकि दो का लखनऊ का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। निजी अस्पताल में भर्ती कुछ लोगों को रक्त की जरूरत थी। इस पर वजीरगंज एसओ अभय सिंह, अवध केसरी सेना के अध्यक्ष नीरज सिंह समेत अन्य समाजसेवियों ने अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। शुक्रवार को वजीरगंज थाना क्षेत्र के राजा सगरा गांव के समीप स्कॉरपियो कार व ट्रक की भिडंत में नगवा गांव के रहने वाले मातादीन बारी(50) पुत्र इंद्रबली, रानी (40) पत्नी आनंद तिवारी निवासी बिश्नोहरपुर थाना नवाबगंज व श्लोक(8) पुत्र शिवपूजन मिश्रा निवासी नगवा थाना वजीरगंज की मौके पर मौत हो गयी थी, जबकि मोहिनी मिश्रा (28) पुत्री धर्म दत्त मिश्रा ग्राम नगवा, नीलम मिश्रा (45) पत्नी धर्मदत्त मिश्रा निवासी नगवा, प्रीति तिवारी (30) पत्नी महेश मिश्रा निवासी नगवा, हिमेश (28) पुत्र धर्मदत्त मिश्रा निवासी नगवा, आदर्श पांडे (22) पुत्र कमलेश पांडेय निवासी नगवा, लक्ष्मी तिवारी (21) पुत्री इकबाल तिवारी निवासी रामनगर तरहर थाना कोतवाली देहात, रोली तिवारी (14) पुत्री ध्रुव राज तिवारी निवासी बरई पारा थाना वजीरगंज व अंशिका पांडे (14) घायल हो गए थे।

# मतगणना: खाली हुआ मंडी स्थल प्लेटफार्म

गोंडा कार्यालय



मतगणना के लिए खाली हुआ मंडी का प्लेटफार्म। अमृत विचार

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हैं। चुनाव संपन्न होने के बाद मतगणना बहराइच रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में होगी। जिसको लेकर मंडी की 45 दुकान व प्लेटफार्म को खाली कर लिया गया है। जनपद में पांचवें चरण में चुनाव 20 मई को होना है। प्रशासन की ओर से चुनाव की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद ईवीएम बहराइच रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में रखे जाते हैं। प्लेटफार्म व दुकानों को खाली करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने मंडी प्रशासन को नोटिस भेजी थी। मंडी परिसर को हर हाल में 1 मई तक खाली कर देना था लेकिन अब जाकर खाली कराया जा सका है। मंडी परिसर में गेहूं खरीद के लिए करीब एक दर्जन केंद्र संचालित थे। क्रय केंद्र मंडी स्थित प्लेटफार्म पर बनाये गए थे सभी केंद्रों को उतरौला रोड स्थित फल एवं सब्जी मंडी में स्थापित किया गया है। बताया जाता है कि 45 दुकान हैं जिनको खाली कराया गया है। व्यापारियों का कहना है कि गेहूं खरीद का समय चल रहा है। व्यापार किया जाता था ऐसे में दुकानों को खाली कराया जाना कष्ट परक है।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा तथा अपर जिलाधिकारी चंद्रशेखर कई बार प्लेटफार्म को खाली करने के लिए मंडी पहुंच चुके हैं। जिसका असर यह रहा की प्लेटफार्म को खाली कर लिया गया है।

## रंजिश को लेकर हमला, तीन घायल

**परसपुर, अमृत विचार:** पुरानी रंजिश को लेकर देर रात घर चढ़कर आये लोगों के हमले में महिला सहित तीन लोग घायल हो गये। जिसमें महिला सहित दो लोगों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। ग्राम झाली गांव सुसुण्डा निवासी द्वारिका प्रसाद पाण्डेय ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि रंजिश को लेकर उनके गांव निवासी प्रेमनाथ वर्मा, शेषनाथ वर्मा, महेश यादव, ज्ञान प्रसाद यादव का पुत्र एक बजे घर चढ़कर आये और भद्दी-भद्दी गाली देते हुए लाठी डंडे से मारने लगे। शोर करने पर शिव कुमार वर्मा तथा उनकी मां गुलाबा बचाने आये तो उनको मार-पीट कर लहूलुहान कर दिया।




घटना में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

### दो कार टकराईं, आरक्षी हुआ घायल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** पीआरवी 112 कार में सामने से आ रही एक कार टकरा गई जिसमें कार पर सवार आरक्षी घायल घायल हो गया। दूसरा कार समेत चालक फरार हो गया। थाना क्षेत्र कोल्हमपुर इमाम चौकी अंतर्गत अकबरपुर गांव में टिकरी-कटरा मार्ग पर खडौवा की तरफ से कोल्हमपुर की ओर आ रही पीआरवी 112 इनोवा कार रास्ते में अकबरपुर से मैनपुर की तरफ मुड़ रही थी तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ओवरटेक करने के चक्कर में पीआरवी कार में टकरा गई। जिसके बाद पीआरवी 112 कार अनियंत्रित होकर एक लोहे के बोर्ड और पेड़ से टकरा गई। घटना में आरक्षी पवन कुमार चोटिल हो गए और कार चालक मौके का फायदा उठाकर कार लेकर फरार हो गया। इस संबंध में कोल्हमपुर इमाम चौकी प्रभारी शेषनाथ पांडे ने बताया कि घायल आरक्षी का उपचार करा दिया गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।



## एक नजर

### तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश ने दी गर्मी से राहत

बलरामपुर, अमृत विचार। कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और लू के बीच शनिवार दोपहर में अचानक आई आंधी के साथ हल्की बारिश हुई ।बारिश के चलते लोगों को गर्मी से थोड़ा राहत मिली है। आंधी के चलते बिजली व्यवस्था चरमरा गई ।शहर से लेकर गांव तक घंटों बिजली कटी रही ।करीब 2 घंटे बाद बिजली विभाग अपनी आपूर्ति सामान्य कर सका।

### बालू खनन में ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित एक गिरफ्तार

बलरामपुर। पुलिस द्वारा अवैध बालू खनन के तहत चलाए जा रहे अभियान के दौरान शनिवार को थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा अवैध बालू खनन करते हुए एक अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से ट्रैक्टर ट्राली मय बालू लदी हुई बरामद की गई। उपरोक्त के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना थाने मे लोक सम्पत्ति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त अरमान पुत्र बकरीदी निवासी ग्राम मठवा कोहरगड्डी थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर को भाभर नाले मे भगवानपुर कोडर गांव के पास से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### हर हाथ को काम देने का रहेगा प्रयास : साकेत

श्रावस्ती, अमृत विचार। शनिवार को 58 लोकसभा भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा के समर्थन में जन चौपाल कार्यक्रम का हुआ आयोजन ।आयोजक जिलाध्यक्ष जय बजरंग सेना,व अरविंद कुमार शुक्ला महात्मा के द्वारा किडियौना चौराहे पर किया गया। जन चौपाल में सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि साकेत मिश्रा ने कहा कि श्रावस्ती के सर्वांगीण विकास के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे हर हाल में हर हाथ को हुनर हर हाथ को काम देने का प्रयास करुंगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रमन सिंह के द्वारा किया गया। श्रावस्ती विधायक राम फेरन पांडे ने जन चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डबल इंजन की सरकार की उपलब्धियां को बताया। इस अवसर पर अग्नूराम प्रधान मुजहनिया, अमित कुमार पटेल, अनिल कुमार दुबे, हरदयाल यादव, विश्वनाथ गोस्वामी, सुनीता देवी, व शिव बालक गोस्वामी, सुरेश बाबा, शैलेन्द्र त्रिपाठी अंकुर, कैलाश नाथ व अन्य मौजूद रहे।

## 440 ग्राम पंचायतों में बनेगी डिजिटल लाइब्रेरी

बलरामपुर, अमृत विचार। अब ग्रामीण इलाकों के बच्चों को शहरी बच्चों की तरह गांव में ही डिजिटल लाइब्रेरी से पढ़ाई करने का मौका मिलेगा। जिले की 440 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी। इस कार्य में कुल 17 करोड़ 60 लाख रुपए खर्च होंगे ।लोकसभा चुनाव के बाद डिजिटल लाइब्रेरी स्थापना का कार्य शुरू हो जाएगा।

डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने के लिए जिले के नौ खंड विकास अधिकारियों से ग्राम पंचायतों की सूची मांगी गई है। लाइब्रेरी स्थापना का कार्य शिक्षा विभाग में पंचायती राज विभाग मिलकर करेंगे। ग्राम पंचायतों में ऐसे पंचायत भवन जिनमें तीन कमरे से अधिक हैं वहां पर लाइब्रेरी स्थापना का काम सबसे पहले किया जाएगा। लाइब्रेरी का संचालन जिला पंचायत राज अधिकारी और खंड विकास अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जाएगा। डीपीआर श्रेया उपाध्याय ने बताया कि सभी खंड विकास अधिकारियों से डिजिटल लाइब्रेरी के लिए ग्राम पंचायत का चयन कर सूची देने का निर्देश दिया गया है। एक लाइब्रेरी की स्थापना में चार लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। चुनाव बाद लाइब्रेरी की स्थापना का काम शुरू कर दिया जाएगा। 440 ग्राम पंचायत में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने में कल 17 करोड़ 60 लाख रुपए खर्च होंगे।

# द्वितीय रेंडमाइजेशन में ईवीएम का हुआ निर्धारण

**लोक सभा चुनाव**

- डीएम ने ईवीएम संबंधी प्रत्याशियों के प्रश्नों का दिया संतोषजनक उत्तर



ईवीएम के द्वितीय रैंडमाइजेशन के दौरान मौजूद प्रेक्षक व डीएम। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने तथा भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के क्रम में संसदीय सीट श्रावस्ती एवं विधानसभा गैंसड़ी उपचुनाव में प्रयुक्त होने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह, सामान्य प्रेक्षक किशोर कुमार एवं चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की मौजूदगी में संपन्न हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संसदीय सीट श्रावस्ती की 05 विधानसभा क्षेत्र बलरामपुर तुलसीपुर, गैंसड़ी, श्रावस्ती, भिनगा के कुल मतदान बूथ के सापेक्ष सीयू व बीयू (ईवीएम) का 125 प्रतिशत तथा वीवीपैट का 136 प्रतिशत का द्वितीय रेंडमाइजेशन चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों मौजूदगी में शनिवार को किया गया। रेंडमाइजेशन के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रत्याशियों को रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी तथा सभी प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का अच्छी तरह से समाधान किया। रेंडमाइजेशन पूरी पारदर्शिता एवं सुचितापूर्ण ढंग से प्रत्याशियों की सहमति एवं संतुष्टि के बाद संपन्न हुआ। द्वितीय रेंडमाइजेशन के उपरांत ईवीएम एवं वीवीपैट का बूथ निर्धारण हो गया है। द्वितीय रेंडमाइजेशन के बाद ईवीएम व वीवीपैट के कमीशनिंग कार्य प्रशिक्षित कार्मिकों को लगाकर शीघ्र पूर्ण किए जाने का निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद तिवारी, समस्त एसडीएम, एआरओ, डीपीआरओ, प्रभारी अधिकारी ईवीएम एवं वीवी पैट, चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सरकार बनी तो सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की होगी नीति

## इस बार जुमलेबाजी और गारंटी नहीं चलेगी : मायावती

कार्यालय संवाददाता, श्रावस्ती



अमृत विचार। बसपा सुप्रीमो मायावती ने जिले के जेतवन मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस, बीजेपी व अन्य दल आपको गुमराह कर सत्ता में आना चाहते हैं। ऐसे में

पूंजीपतियों की पोषक इन पार्टियों के वादों में न फंसे, इन्हें इस बार सत्ता से बाहर कर दें। मायावती ने कहा कि केन्द्र में बसपा की सरकार बनी तो सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाया की नीति पर शासन चलेगा। बसपा प्रमुख ने कहा कि आजादी के बाद सबसे ज्यादा कांग्रेस ने पूरे देश पर राज किया लेकिन अपनी गलत कार्यप्रणाली के चलते उसे सत्ता से बाहर होना पड़ा। भाजपा भी पूंजीपतियों की पोषक है। कांग्रेस की तरह पूंजीवादी सोच के चलते भाजपा राज में भी दलित, गरीब,मुस्लिम, व आदिवासियों का उत्थान नहीं हो पाया। ऊंची जाति के गरीबों का भी भला नहीं हुआ। आरक्षण के अधूरे पड़े कोटे को भरा नहीं गया।

आज भी प्राइवेट सेक्टर को काम दे देने से दलित वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। मायावती ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ब्राम्हणों की हालत सपा ने खराब किया था अब भाजपा कर रही है। उन्होंने सर्वसमाज को आह्वान किया कि अन्य पार्टियों के वायदों से होशियार रहें, अपना वोट न बांटे और इन्हें केन्द्र की सत्ता में आने से रोकें। उन्होंने कहा कि बीजेपी मुफ्त राशन अपने पैसे से नहीं आपके टैक्स के पैसे से दे रही है। इसलिए एकजुट होकर बसपा प्रत्याशी को वोट देकर पूंजीवादी पार्टियों को सत्ता से बाहर करें।

जनसभा में बसपा सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार जो निःशुल्क खाद्यान्न दे रही है। वह अपने पैसे से नहीं बल्कि आपके ही टैक्स के पैसे से दे रही है। बीजेपी व उनके सहयोगी दलों के जातिवादी, पूंजीवादी, सांप्रदायिक व द्वेषपूर्ण नीतियों के कारण उनकी कथनी व करनी में अंतर है। इससे लगता है कि बीजेपी सत्ता में वापस आने वाली नहीं है। आम लोगों में चर्चा है कि यदि ईवीएम में गड़बड़ी नहीं हुई तो इस बार सरकार जरूर बदलेगी। इस बार उनकी कोई जुमलेबाजी और गारंटी नहीं चलेगी।

## अब 21 मई को श्रावस्ती में आएंगे पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम स्थल पर भूमि पूजन करते भाजपा पदाधिकारी।

बलरामपुर, अमृत विचार। श्रावस्ती लोकसभा में आगामी 16 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रैली कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। अब यह कार्यक्रम 21 मई को श्रावस्ती स्थित एयरपोर्ट की भूमि पर होगा।

शनिवार को प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर सिंह, प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह, लोकसभा प्रत्याशी साकेत मिश्रा, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह व उदय प्रकाश त्रिपाठी ने कार्यक्रम स्थल का भूमि पूजन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। पहले यह कार्यक्रम कोइलरा स्थित विश्व विद्यालय परिसर में होने वाला था। सुरक्षा कारणों के चलते इसमें परिवर्तन करते हुए कार्यक्रम स्थल में बदलाव कर श्रावस्ती स्थित एयरपोर्ट निर्धारित किया गया है। रैली को लेकर सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पांडे आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### लोकतंत्र में महत्वपूर्ण है युवाओं की भागीदारी



चौधरी रामतीर्थ महाविद्यालय में छात्रों को मतदान का महत्व बताते एबीवीपी के पदाधिकारी। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बलरामपुर द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शनिवार को उतरौला के राम तीर्थ चौधरी महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एबीवीपी के गोंडा विभाग के विभाग संगठन मंत्री प्रखर मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में युवाओं को बढ़चढ़ कर भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। लोकतंत्र का यह पर्व भावी भारत की दिशा और दशा तय करेगा इसलिए मजबूत और सशक्त लोकतंत्र बनाने के लिए शत प्रतिशत मतदान आवश्यक है। जिला संगठन मंत्री रितेश सिंह ने भी युवाओं को शत प्रतिशत मतदान करने तथा अन्य को भी प्रेरित करने का आव्हान किया। एबीवीपी के कार्यकर्ता पवन शुक्ला ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है लोकतंत्र का यह पर्व पांच वर्ष के भावी भारत को गढ़ने का सुख प्रदान करेगा। जिला संयोजक अम्बुज भार्गव ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक जिम्मेदार छात्र संगठन होने के नाते मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है तथा ग्राम चौपाल और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान प्रांत सह सोशल मीडिया संयोजक जयशंकर मिश्रा, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य साध्वी द्विवेदी सहित अन्य कार्यकर्ता और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### थाना एएचटीयू ने चलाया सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम



बाल विवाह के प्रति जागरूक करतीं पुलिसकर्मी। अमृत विचार

श्रावस्ती, अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव थानाध्यक्ष पुष्प लता मय पुलिस टीम व चाइल्ड लाइन द्वारा अक्षय तृतीया त्यौहार के दृष्टिगत बाल विवाह की रोकथाम हेतु थाना इकौना व गिलौला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों,धार्मिक स्थलों जैसे श्रावस्ती बस स्टैण्ड व विभूतिनाथ मन्दिर आदि स्थानों पर जाकर बालश्रम/भिक्षावृत्ति/बालविवाह/अभियान, व बचपन बचाओ, आन्दोलन व नशे के विरुद्ध अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया। चेकिंग अभियान के दौरान होटल, ढाबा ,वर्कशॉप मिठाई आदि दुकानों के मालिकों को हिदायत दिया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चो को काम पर न रखा जाए ,नशीले पदार्थों का सेवन न करें। इसके संबंध मे जागरूकता व चेकिंग अभियान चलाकर आम जनमानस को जागरूक किया। तथा विषम परिस्थितियों में सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन के टोल फ्री नंबर 108, 112, 1090, 1098, 1076, 181 आदि के संबंध में जानकारी प्रदान दिया।

### मतदान करें, देश के लोकतंत्र को मजबूत करें

सीतापुर। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं लोगों को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से ओमकमल पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज लालपुर बाजार के छात्र छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली। विद्यालय प्रांगण से निकाली गई जागरूकता रैली को विद्यालय प्रबंधक ओमप्रकाश मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर शनिवार को रवाना किया। रैली में शामिल छात्र-छात्राएं मतदान अवश्य करें, पहले मतदान करें फिर जलपान करें जैसे नारे लिखी तख्तियां लेकर मतदान करें, मतदान करें के नारे लगाते हुए क्षेत्र के ग्राम लालपुर बाजार, पुडरिया समोलिया आदि ग्रामों का भ्रमण कर विद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिव्य कृष्ण मिश्रा ने मतदान अवश्य करने के लिए जागरूक किया।

## दूसरे दिन भी प्रशिक्षण से गायब रहे पांच कर्मी



एमपीपी इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण लेते मतदान कर्मी। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। एमपीपी इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण के दूसरे दिन शनिवार को चुनाव में ड्यूटी करने वाले मतदान कर्मियों के दूसरे चरण के प्रशिक्षण का दिया गया। कॉलेज के में विधानसभावार 93 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने मतदान कर्मियों को ईवीएम से मतदान कराने का तरीका बताया। प्रशिक्षण में दूसरे दिन 5 मतदान कर्मी अनुपस्थित रहे।

प्रभारी मतदान कार्मिक व सीडीओ संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि गोंडा संसदीय क्षेत्र के उतरौला विधानसभा में 20 मई को मतदान होगा। चुनाव के लिए उतरौला विधानसभा क्षेत्र की 463 पोलिंग पार्टियों में शामिल कर्मियों को एमपीपी इंटर कॉलेज में 10 व 11 मई को प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे दिन 45 पोलिंग पार्टियों के 93 मतदान कर्मी प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण से गायब रहने वाले 5 कर्मियों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। प्रशिक्षण में जिला विकास अधिकारी गिरीश कुमार पाठक, परियोजना निदेशक चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, डीआईओएस गोविंदराम व बीएसए कल्पना देवी सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आया युवक, मौत

श्रावस्ती, अमृत विचार। सिरसिया थाना क्षेत्र के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को अज्ञात वाहन ने रौंदा घटना स्थल पर दर्दनाक मौत पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल करने में जुटी।

सिरसिया थाना क्षेत्र आदिवासी गांव कटकुइयां के राजकीय आश्रम पद्धति में चतुर्थ श्रेणी के पद पर लगभग एक वर्ष पूर्व से तैनात बलवीर सिंह 45 पुत्र जगन्नाथ निवासी मंगल पुरवा थाना चंदन चौकी जनपद लखीमपुर सिरसिया में किराए की मकान में रह कर अपनी पत्नी मिट्ठू देवी के साथ कार्य कर रहा था।शुक्रवार की देर रात निजी कार्य से सूरज कुंडे के तरफ से सिरसिया के तरफ़ आ रहे थे कि सिरसिया थाने के समीप पहुंचे ही थे की सामने से आ रहे अज्ञात वाहन की टक्कर से घटना स्थल पर दर्द नाक मौत हो गई मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान करने में जुट थी। लगभग एक घंटे बाद युवक की पहचान हुई। पत्नी को जानकारी होने पर सी एस सी पर पहुंची मृतक की पत्नी ने मृतक का पता बलवीर सिंह पुत्र जगन्नाथ निवासी मंगलपुरवा थाना चंदन चौकी जनपद लखीमपुर बताया।

## किसानों के हित में लगातार काम कर रही है भाजपा सरकार : कामेश्वर



भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

बलरामपुर, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी द्वारा किसान मोर्चा सम्मेलन का आयोजन शनिवार को मातेश्वरी इंटर कॉलेज महराजगंज के जहान डीह किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह व विशिष्टअतिथि पूर्व सांसद व बहराइच के एमएलसी पदम सेन चौधरी रहे। कार्यक्रम में पहुंचे किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का किसान मोर्चा के पदाधिकारी व भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। प्रदेश के किसान मोर्चा अध्यक्ष ने विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला और किसानों के हित की बात कही।

उन्होंने कहा की केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों के हित की बात करती हैं। अगर किसी ने भी सम्मान किसानों को दिया है तो सिर्फ केंद्र की मोदी सरकार ने दिया है। किसानों के सम्मान के लिए सम्मान निधि दे रही है। पिछली सरकार में किसानो के फसल का दाम बिचौलिए खा जाते थे। लेकिन जब से मोदी सरकार बनी है। किसानों के अनाज बिक्री का दाम सीधा उनके खाते में भेजा जाता है। किसान मोर्चा के कार्यकर्ता व पार्टी के कार्यकर्ता परिवार से ऊपर उठकर राष्ट्र के निर्माण के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। यही समय सही समय है कार्यकर्ता जाति धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण के लिए भाजपा को जिताएं। ताकि देश तरक्की के रास्ते पर जा सके। सरकार ने जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के दिया है तो मतदान करते समय भी जाति धर्म न देखें। पूर्व सांसद व वर्तमान एमएलसी पदमसेन चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के बदौलत ही भाजपा ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया है। भाजपा आम कार्यकर्ता को टिकट देती है और मुख्यमंत्री भी बनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की अखंडता को बनाए रखने के लिए देश हित में कड़े फैसले लिए हैं। आप सभी की मेहनत से श्रावस्ती को साकेत मिश्रा जैसा अपना सांसद मिलेगा। विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा की भाजपा सरकार में अगर आगडा पिछड़ा और अल्पसंख्यक सभी के लिए विकास कार्य किए गए हैं।

इस मौके विधानसभा संयोजक, शिव प्रसाद यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर हुकम सिंह,वरुण सिंह मोनू, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शशांक सिंह, विधानसभा विस्तारक शुभम तिवारी, विपुल तिवारी मंडल महामंत्री प्रवेश कुमार मिश्रा, वंदना पासवान, चौधरी जितेंद्र सिंह ,मोनू सिंह सुशील तिवारी, मंडल अध्यक्ष पंकज सिंह आदि मौजूद रहे।

**अनदेखी** मवेशियों और पशु पक्षियों की सुविधा के लिए बनाए गए हैं अमृत सरोवर

# लाखों खर्च कर बनाए गए अमृत सरोवरों में उड़ रही धूल



कांदभारी गांव में सूखा पड़ा अमृत सरोवर। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। देश की आजादी के 75 वें साल में जिले की लगभग 800 ग्राम पंचायत में लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए अमृत सरोवर सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। भीषण गर्मी के इस मौसम में इन सरोवरों में धूल उड़ रही है। मवेशियों तथा पशु पक्षियों को आसानी से पानी उपलब्ध कराने तथा जल संरक्षण कर भूगर्भ जलस्तर बनाए रखने की सरकारी मंशा पूरी तरह फेल होती दिख रही है।

बताते चलें कि सरकार ने आजादी के 75 वें साल में पूरे देश में अमृत महोत्सव मनाया था। इसी महोत्सव के तहत प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवरों का निर्माण कराया गया था। इसके निर्माण के पीछे मंशा यह थी कि इन सरोवरों में बारिश का पानी इकट्ठा होगा। गर्मी के सीजन में यहां पशु पक्षियों के लिए पेयजल उपलब्ध रहे साथ ही साथ इनमें जल संरक्षण करने से भूगर्भ जलस्तर भी बढ़ेगा। लेकिन ऐसा कुछ होता नहीं दिख रहा है: गर्मी शुरू होते ही सारे सरोवर सूख गए हैं कई सरोंवरों में तो बच्चों ने खेल का मैदान बना लिया है। आलम यह है कि इन तालाबों का फायदा किसी को नहीं मिल रहा है। ग्रामीण शिव कुमार, राम तेज, अशफाक, आफाक सुधांशु तथा ननके यादव ने बताया कि हर ग्राम पंचायत में सरोवरों का निर्माण करा कर सरकार ने जो लाखों रुपए खर्च किए वह सारा धन मिट्टी में मिल गया है। सरोवरों के किनारे ग्रामीणों के टहलने तथा बैठने के लिए ट्रैक में सीमेंट की कुर्सी का भी निर्माण कराया गया था । इनके सूखने से किसी को कोई फायदा नहीं मिल रहा है ।ग्रामीणों ने सरोवरों में पानी भरवाने की मांग शासन प्रशासन से की है।

बीते दिनों डीएम अरविंद सिंह ने अभियान चला कर गूल निर्माण के माध्यम से नहरों का पानी सरोवर में भरवाने का आदेश तो दिया लेकिन अभी तक सरोवर सुख ही पड़े हैं।

## पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली बनाने को किया प्रोत्साहित

श्रावस्ती। शनिवार को रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी, कमान्डेंट 62वीं वाहिनी एसएसबी, भिनगा के नेतृत्व में पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली के तहत वाहिनी मुख्यालय भिनगा के जवानों के द्वारा वाहिनी मुख्यालय भिनगा सहित सभी समवाय/सीमा चौकी में साफ सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

पर्यावरण को बचाने हेतु 5 मई से 5 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोंगो के बीच जागरूकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । इसी क्रम में सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने वाहिनी मुख्यालय भिनगा सहित इसकी सभी समवाय/सीमा चौकियों में कचरा इकट्ठा किया, नालियों को साफ किया और गंदगी को हटाया ।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपने आस-पास के इलाके को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में योगदान देना और लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना था ।

# जांच के बाद फर्जी अस्पताल सीज डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**सख्ती**

- प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के आदेश पर हुई कार्रवाई
- मां हेल्थ केयर के नाम से चल रहा था फर्जी अस्पताल

अमृत विचार। फर्जी अस्पताल चलाने वाले डॉक्टर के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। यह कार्यवाही प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन के आदेश पर उतरौला तहसील के भड़वाजोत चमरुपुर में अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल सीज कर दिया गया है। साथ ही साथ अस्पताल संचालक के खिलाफ श्रीदत्तगंज थाने में केस भी दर्ज कराया गया है।

सेंट्रल प्रेस काउंसिल के प्रदेश प्रभारी आरपी सिंह ने गत अप्रैल माह में प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को पत्र भेजकर शिकायत किया था कि गोंडा-उतरौला मुख्य मार्ग पर भड़वाजोत चमरुपुर बाजार में मां हेल्थ केयर के नाम से फर्जी अस्पताल संचालित किया जा रहा है। अस्पताल के संचालक बिना किसी वैध डिग्री के हाइड्रोसील व बवासीर आदि का ऑपरेशन भी करते हैं। इस तरह मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। मामले की शिकायत पर प्रमुख सचिव ने जिला प्रशासन को जाचं व कार्रवाई का आदेश दिया। सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि प्रमुख सचिव के निर्देश पर एसीएमओ डॉ. एसके श्रीवास्तव, एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार चौधरी व सीएचसी श्रीदत्तगंज के अधीक्षक डॉ. मनीष श्रीवास्तव से मां हेल्थ केयर की जांच कराई गई। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर अस्पताल को सीज करा दिया गया। प्रभारी निरीक्षक श्रीदत्तगंज अनिल कुमार दीक्षित ने बताया कि एसीएमओ डॉ. एसके श्रीवास्तव की तहरीर पर अस्पताल संचालक राहुल कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# मौसम के अनुरूप आवश्यक दवाइयां ले जाएं पोलिंग पार्टी


कलेक्ट्रेट में बैठक करते अधिकारी और प्रेक्षक। अमृत विचार

बहराइच

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पोलिंग पार्टी में शामिल कर्मचारियों को सुझाव दिया है कि वे मौसम के अनुरूप अपने साथ आवश्यक दवाइयां अवश्य ले जायें। ताकि किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। विद्युत विभाग के अधिकारियों मतदान केन्द्रों पर बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## उपेक्षा को लेकर निषाद पार्टी ने जताई नाराजगी

**बहराइच, अमृत विचार।** जरवल ब्लाक के ग्राम पंचायत बेलनापारा में लोकसभा कैसरगंज व बहराइच के निषाद पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। इसमें कार्यकर्ताओं की उपेक्षा को लेकर भाजपा के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई। निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष मनोज कुमार निषाद ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की उपेक्षा कर रही है। अभी तक कार्यकर्ताओं के साथ कोई भी बैठक नहीं की गई है। भाजपा सिर्फ निषादों का वोट लेना चाहती है, लेकिन उनकी बात सुनने तैयार नहीं है। जिला महासचिव पंकज कुमार निषाद चित्रकूट बांदा लोकसभा 48 में एनडीए गठबंधन में शामिल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. संजय निषाद को पोस्टर बैनर में स्थान नहीं दिया गया है। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। इस मौके पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिल निषाद, रामकुमार निषाद, ओमप्रकाश निषाद, राजिंदर निषाद, जिला सचिव गौरी शंकर निषाद, दिपेंद्र निषाद आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने किया रोड शो


शहर में रोड शो निकालते मुख्यमंत्री धामी। अमृत विचार

बहराइच

**अमृत विचार।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में शहर में रोड शो निकाला। इसके बाद वह हेलीकॉप्टर से रवाना हो गए।

भारतीय जनता पार्टी बहराइच लोकसभा सीट के प्रत्याशी डॉ आनंद कुमार के समर्थन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री की अगुवाई में सिविल लाइन के गोनार्ड लान से रोड शो निकल गया। रोड शो शहर के पानी टंकी, अस्पताल चौराहा, डिगिहा तिराहा, छावनी चौराहा होते हुए घंटाघर पहुंचा। यहां शाम के 5 बज गए। चुनाव आचार संहिता को देखते हुए रोड शो को समाप्त कर दिया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर आनंद गोंड, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, महसी विधायक सुरेश्वर सिंह, ब्लॉक प्रमुख शिवम जायसवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

### भाजपा के रोड शो में शामिल हुआ बिजली कर्मचारी

**बहराइच,अमृत विचार।** शहर के सिविल लाइन पावर हाउस में टीजी 2 के पद पर कार्यरत एक कर्मचारी शनिवार को ऑफिस में अपना हस्ताक्षर बनाकर भाजपा के रोड शो में शामिल होने के लिए चला गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अधीक्षण अभियंता ने जांच के निर्देश दिए हैं। इलाहाबाद जिला निवासी अंकलेश यादव शहर के सिविल लाइन पावर हाउस में कर्मचारी है। अंकलेश की तैनाती टीजी टू के पद पर है। शहर के सिविल लाइन से निकले रोड शो में उसका किसी ने वीडियो बना कर वायरल कर दिया। इस मामले में बिजली विभाग की अधीक्षण अभियंता सत्य प्रकाश से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वीडियो मिला है शिकायती पत्र किसी का मिले तो जांच करवा कर कार्रवाई की जाएगी। इस तरह किसी पार्टी का प्रचार प्रसार करना गलत है।

## दिव्यांग बच्चों ने मतदान के प्रति किया जागरूक

**बहराइच।** लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान की भागीदारी हो, इसके लिए सभी मेहनत कर रहे हैं। शहर के मोहल्ला कानूनगो पुरा में स्थित बाबा सुंदर सिंह मूक बधिर विद्यालय के बच्चों ने मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया है। बाबा सुंदर सिंह बधिर विद्यालय तथा बाबा सुंदर सिंह टीचर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के प्रशिक्षुओं व दिव्यांग बच्चों ने आम जनता से अपनी भाषा में पोस्टर के माध्यम से मतदान करने की अपील की और यह संदेश दिया कि मतदान हमारा पहला अधिकार है। हमें हर कार्य को छोड़कर पहले मतदान करना चाहिए। इस अवसर पर प्रशिक्षु हिमांशु, सौम्या, कोर्स कोआर्डिनेटर विजय बहादुर गुप्ता तथा दिव्यांग बच्चों जिक्र आयुष समीर खान ऋषभ प्रांशु आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### हादसे में महिला घायल

**बहराइच,अमृत विचार।** पयागपुर थाना क्षेत्र के अमदापुर गांव निवासी सुमन अपने पति हरि श्याम के साथ बाइक से जिला मुख्यालय आ रहे थे। कोतवाली देहात के दोनक्का के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें महिला घायल हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मवेशी से टकराकर घायल

**बहराइच,अमृत विचार।** कोतवाली नानपारा के कग्गर गांव निवासी जाहिदा पत्नी इजहार हुसैन अपने बेटे के साथ बाइक से जा रही थी। रास्ते में बाइक सवार लोग मवेशी से टकरा गए। मवेशी के टकराने से महिला घायल हो गई। महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### भूमि विवाद में दंपति को पीटा

**बहराइच,अमृत विचार।** राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत टेडिया निवासी दयाराम पुत्र प्यारेलाल और रीना देवी पत्नी दयाराम को दयाराम के भाई और अन्य ने जमीनी विवाद में मारपीटा। जिससे दोनों घायल हो गए। दोनों को क्षेत्र के अस्पताल से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# इस बार ट्रक से नहीं जाएंगी महिला मतदान अधिकारी

## लोकसभा चुनाव के लिए 492 बसों की हुई व्यवस्था


किसान डिग्री कालेज में वाहन का अंकन करवाते स्वामी।


परिसर में खड़े वाहन। अमृत विचार

बहराइच

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए वाहनों के अधिग्रहण काम पूरा हो गया है। इस इस बार महिला मतदान अधिकारियों को ट्रक से मतदान केंद्रों तक नहीं जाना पड़ेगा। महिला मतदान अधिकारी बस से ही मतदान केंद्र तक जाएंगी।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ओपी सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए 1290 छोटे वाहन अधिग्रहीत कर लिए गए हैं। इन वाहनों से पुलिस और प्रशासन के मतदान अधिकारी मतदान केंद्रों तक जाएंगे। 492 बसें चुनाव के लिए ली गई है। आरटीओ ओपी सिंह ने बताया कि 100 छोटे वाहन अतिरिक्त में भी ली गई हैं। उन्होने बताया कि चुनाव के लिए बलरामपुर और श्रावस्ती से बसें मंगाई गई हैं।

### महिला कर्मियों को दी गई सहूलियत

पिछले चुनावों में महिला मतदान अधिकारियों को मतदान केंद्रो तक जाने के लिए ट्रक से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इस बार पहले ही अधिकारियों से वार्ता कर ली गई जिसके तहत बसों की संख्या को बढ़ाया गया है। इस बार ट्रक की सेवा नहीं रखी गई है।

–मोनिका रानी, जिलाधिकारी

# परिवर्तन के लिए करें मतदानः भगतराम


कैसरगंज में सम्मेलन में मुख्य अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी।

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी की ओर से विधानसभा कैसरगंज के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन कैसरगंज के मैरिज लान में आयोजित किया गया। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सपा से कैसरगंज लोकसभा प्रत्याशी भगत राम मिश्र ने कहा कि केन्द्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने नौजवानों, किसानों, व्यापारियों और समाज के सभी वर्गों को धोखा दिया। यह जुमलों वाली सरकार है।

कार्यकर्ताओं का आवाहन किया कि वे सत्ता और व्यवस्था परिवर्तन के लिये पूरी ताकत से जुट जाय। सपा विधायक आनंद यादव ने कहा कि कैसरगंज लोकसभा के लोग परिवर्तन का मन बना चुके हैं। साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने वालों को मतदाता अपने वोट की ताकत से करारा जवाब दंगे। पूर्व विधायक रामतेज यादव ने कहा कि भाजपा ने सभी वर्गों को धोखा दिया है। इसे हम अपने मतदान की ताकत से परास्त करेंगे। पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे,पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव ने सपा सरकार के कार्यों की याद दिलाते हुये कहा कि भाजपा गरीबों, किसानों, नौजवानों का हक छीनकर पूंजीपतियों की तिजोरी भरने का काम किया है। देश मे परिवर्तन के लहर चल रही है। इस मौके पर प्रदीप यादव एडवोकेट, विनोद शुक्ला, विकास चौधरी, सैयय्द सैफ, सहित सैकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### काम के बजाय स्कूल से बच्चों को जोड़ें


जागरूकता कार्यक्रम के तहत बच्चों को स्कूल भेजने के लिए जागरूक करते पदाधिकारी।

**बहराइच, अमृत विचार।** फखरपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत को ड्रॉपआउट मुक्त बनाने के लिए पिरामल फाउंडेशन, ग्राम प्रधान और बेसिक शिक्षा के कर्मचारी एक जुट होकर अलग-अलग थीम के अनुसार लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को ड्रॉपआउट होने से रोकना, उनका नामांकन करवाना और नियमित उपस्थिति रखवाना है। अभियान को ग्राम प्रधान के प्रीतिनिधित्व में आगे बढ़ाया जा रहा है जिसमें अब तक बच्चों ने रैली में खूब बढ़-चढ़ कर भाग लिया है जिसमें समुदाय के लोगो ने भी अभी सहभागिता दिखाई हैं। अभियान के अंतर्गत, फखरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत फखरपुर, ग्राम पंचायत कुदसपारा और ग्राम पंचायत अरईकला में रैली निकाली जा चुकी है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की उपलब्धता में सुधार के लिए अलग- अलग संगठनों और सरकारी विभागों के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए नई पहलों की भी शुरुआत की जा रही है। फखरपुर ब्लॉक में कार्यरत गांधी फेलो आयुषी सिंह इस अभियान को लीड कर रही हैं। ग्राम प्रधान, स्कूल शिक्षक, समुदाय के सदस्य सभी साथ मिलकर इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं ताकि गाँव में शिक्षा और बच्चों के नामांकन, नियमित उपस्थिति और ड्रॉपआउट के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके।

### मतदान कार्मिकों का बूथवार हुआ रेंडमाजेशन


निर्वाचन कार्यालय में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कर्मियों का रेंडमाजेशन कार्य शनिवार को प्रेक्षकों की मौजूदगी में हुआ। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किये गये सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय की मौजूदगी में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, बहराइच में मतदान कार्मिकों तथा माइक्रो आब्ज़र्वर का बूथवार तृतीय रैण्डमाइज़ेशन सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी, प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्वत, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सोगेश यादव आदि मौजूद रहे।

### वृद्धाश्रम के बुजुर्ग करेंगे लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान


मतदान के लिए शपथ लेते बुजुर्ग। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार।** रामगांव के राजापुर माफी स्थित वृद्धा आश्रम के परिसर में शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदर्श कल्याण सेवा समिति के प्रबंधक अनिल प्रधान रहे। इस दौरान प्रबंधक प्रधान ने आश्रम में निवास कर रहे सभी वृद्धजनों से उनका कुशलक्षेम पूंछकर आर्शीवाद प्राप्त किया। प्रबंधक ने सभी वृद्धजनों को खाद्य सामग्री वितरण कराया। कार्यक्रम में प्रबंधक प्रधान ने वृद्धजनों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व 13 मई को सभी पहले मतदान, फिर जलपान की शपथ के साथ मतदान कर लोकतंत्र की मजबूती में अपना अहम योगदान प्रदान करें। आप सभी का एक-एक वोट लोकतंत्र की नींव को मजबूती प्रदान करेगा। इस मौके पर आश्रम के पार्ट टाइम चिकित्सक डॉ. प्रदीप पांडेय, योगा टीचर अंजुला पांडेय समेत आश्रम का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### निर्माण के लिए ईंटें मंगवायीं तो युवक ने तलवार लेकर दौड़ाया

**मटेरा, बहराइच, अमृत विचार।** जिले के निहाल सिंहपुरवा गांव निवासी एक ग्रामीण ने मकान निर्माण के लिए ईंट मंगवाया। इससे नाराज युवक ने तलवार लेकर हमले के लिए दौड़ा लिया। ग्रामीण ने दूसरे के घर में घुस कर जान बचाई। मटेरा थाना क्षेत्र के मटेरा बाजार निवासी जय कृष्ण साहू पुत्र सत्य नारायण साहू की पुश्तैनी जमीन निहालसिंह पुरवा गांव में है। जिस पर कन्हैया सिंह आदि दावा करते हैं। नानपारा तहसील की टीम ने ग्रामीण की शिकायत पर जमीन की पैमाईश कर दी। ऐसे में ग्रामीण ने मकान निर्माण के लिए ईंट मंगवाया। इसका विरोध करते हुए एक ही परिवार के कन्हैया सिंह, राजन सिंह और रवि सिंह तलवार लेकर ग्रामीण को जान से मारने की नीयत से दौड़ाया। आसपास के लोगों ने रोका और ग्रामीण ने दूसरे के घर में घुस कर जान बचाई। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। इसके बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। थानाध्यक्ष परमानंद तिवारी का कहना है कि शिकायती पत्र की जांच की जा रही है।

## तेज हवाओं के साथ हुई रिमझिम बारिश

बहराइच

**अमृत विचार।** जिले में पढ़ रही गर्मी से शनिवार को लोगों को निजात मिली तेज हवाओं के साथ रिमझिम बारिश हुई, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव हो गया।तराई के बहराइच जिले में एक माह से भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग कूलर, पंखा और अन्य संसाधनों का सहारा ले रहे हैं। शनिवार सुबह जंगल क्षेत्र से तेज हवाओं की शुरुआत हुई इसके बाद बारिश शुरू हो गई यह बारिश जिला मुख्यालय भी पहुंच गई। सुबह 11 बजे शुरू हुई बारिश जारी रही। दोपहर तीन बजे तक बारिश हुई। बारिश से जहां लोगों को गर्मी से निजात मिली।

# बौंडी और मटेरा थानाध्यक्ष की मौजूदगी में नहीं हो सकता निष्पक्ष चुनाव

बहराइच


चुनाव आयोग को भेजे गए शिकायती पत्र दिखाते जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने शनिवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए आरोप लगाया कि अवकाश लेकर बौंडी थानाध्यक्ष पूरे स्टाफ के साथ छुट्टी पर रहने के बाद भी वर्दी में रिवाल्वर लेकर पूरे स्टाफ के साथ जौनपुर में लगे रहे। अब बौंडी के साथ मटेरा पुलिस सत्ता पक्ष के दबाव में काम कर रही है। चुनाव आयोग को पत्र लिखने बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने शनिवार को कार्यालय में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि बौंडी थानाध्यक्ष पूरी तरह से सत्ता पक्ष के इशारे पर काम कर रहे हैं। निष्पक्ष चुनाव में खलल डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पांच फरवरी को बौंडी थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय छुट्टी पर होने के बाद भी भाजपा के विधायक का रुतबा बढ़ाने के लिए सर्विस रिवाल्वर और पूरे स्टॉफ के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए। इसकी शिकायत डीएम और एसपी के साथ प्रदेश के चुनाव आयुक्त से की गई। शिकायत के बाद चुनाव आयोग की ओर से जिला प्रशासन से आख्या मांगी गई। लेकिन अंजनी कुमार राय को थाने से हटाया नहीं गया है। ऐसे में चुनाव निष्पक्ष नहीं हो सकता।

## मधुमक्खी के हमले में मां-बेटा घायल

**बहराइच, अमृत विचार।** कोतवाली देहात क्षेत्र के हेमरिया गांव निवासी मां बेटे पर मधुमक्खी ने काम करते समय हमला कर दिया। जिसमें दोनों के घायल होने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिमरिया निवासी केदार यादव के घर के सामने पेड़ पर मधुमक्खियों ने अपना बसेरा जमा रखा है। शनिवार सुबह किसी अज्ञात ने मधुमक्खी के चट्टे में मिट्टी का ढेला फेंक दिया। जिससे मधुमक्खियां एक साथ उड़ने लगी और सभी मवेशियों को नोचने लगे। मवेशी को धुएं से बचाने के दौरान दुलारी देवी (38) पत्नी केदार यादव को मधुमक्खियों ने नोचना शुरू कर दिया। बचाने के लिए आए बेटा शंभू यादव (10) को भी नोचा। परिवार के लोगों ने किसी तरह कंबल और बोरे से बचाते हुए दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मां और बेटे का इलाज चल रहा है।

# जिला अस्पताल में महिला की मौत पर परिजनों का हंगामा

बहराइच

**अमृत विचार।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी एक महिला को सीने में दर्द होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज शुरू होते ही उसकी मौत हो गई। जिस पर परिवार के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। समझाने के बाद परिवार के लोग शव लेकर घर चले गए।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी मनीषा (30) पत्नी द्वारिका प्रसाद के सीने में दर्द हो रहा था। घर के लोग सीएचसी ले गए। सीएचसी में हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शनिवार को दोपहर 2.50 बजे महिला को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज शुरू होते ही महिला की 2.55 बजे मौत हो गई। इस पर परिवार के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया लेकिन इमरजेंसी में मौजूद स्टाफ ने मरीज की हालत गंभीर होने और अस्पताल द्वारा कोई लापरवाही न करने के मामले में समझाया गया। जिस पर परिवार के लोग शव लेकर घर चले गए। मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ एमएमएम त्रिपाठी ने बताया कि महिला की मौत पर हल्की कहासुनी लोगों ने की थी। लेकिन सब शांत हो गई। मरीज की हालत ही गंभीर थी।

# उत्तराखंड में लगेगा बहराइच जैसा प्लांट

संवाददाता, बहराइच


जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट की जांच करते उत्तराखंड से आए अधिकारी।

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज में संचालित ऑक्सीजन प्लांट और बूस्टर का उत्तराखंड से आई पांच सदस्यीय टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद टीम वापस चली गई।

मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय में कोरोना के समय बड़े बड़े ऑक्सीजन प्लांट लगाए गए थे। जिससे ऑक्सीजन उत्पन्न किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज में संचालित ऑक्सीजन प्लांट और बूस्टर को देखने के लिए उत्तराखंड के गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा से डॉक्टर अनिल पांडे नोडल अधिकारी ऑक्सीजन प्लांट उत्तराखंड एवं इंजीनियर प्रभास डंगवाल, आरएस बिष्ट, अजय कुमार आए। मेडिकल कॉलेज में स्थापित प्लांट की संचालन और आपूर्ति एवं बेहतर सुविधा देने के संबंध में सूचना प्राप्त की। इसी प्लानिंग तथा मॉडल एवं प्लांट को मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा उत्तराखंड में स्थापित करना चाहते हैं। निरीक्षण के उपरांत प्रधानाचार्य डॉक्टर संजय खत्री से वार्ता कर रिपोर्ट उत्तराखंड सरकार और मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा को देगे। प्लांट की क्षमता एवं टेक्निकल चीजों के बारे में मैनेजर रिजवान ने बताया। निरीक्षण में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एमएमएम त्रिपाठी समेत अन्य उपस्थित रहे।

**अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस** | करुणा, सेवा और अटूट समर्पण की प्रतिमूर्ति होती हैं नर्स, स्वस्थ राष्ट्र व स्वस्थ परिवार की परिकल्पना को साकार करने में निभा रहीं महत्वपूर्ण भूमिका

# अपना घर और परिवार छोड़ दूसरों को जीवन देने में लगीं स्टॉफ नर्स

बहराइच

**अमृत विचार।** नर्सें पारिवारिक अवसरों को अक्सर भूल जाती हैं, क्योंकि अधिक लोगों को अस्पताल में उनकी आवश्यकता होती है। वह कितनी बार भोजन का त्याग सिर्फ इसलिए कर देती हैं। क्योंकि किसी को तत्काल पोषण की आवश्यकता होती है। वह उन लोगों के लिए परिवार का सदस्य बन जाती हैं जिन्हें अस्पताल के बिस्तरों पर उपेक्षित छोड़ दिया जाता है। त्याग ,दया , करुणा और अटूट समर्पण के इस असाधारण योगदान का सम्मान करने के लिए हर साल 12 मई को दुनिया भर में 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' मनाया जाता है। इस बार इस दिवस की थीम 'देखभाल की आर्थिक शक्ति' रखा गया है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस आधुनिक नर्सिंग सेवा की अग्रणी 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल' के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है। इनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग क्षेत्र में महिलाओं को आने का अवसर मिला और नर्सिंग सेवा को सम्मान की नजर से देखा जाने लगा। जिले में कार्यरत 500 से अधिक नर्सें अपनी दक्षता और समर्पण के साथ न सिर्फ रोगियों की देखभाल में सहायता कर रही हैं।

### हमारे दिल में है सम्मान



हम किसी भी पद पर हों लेकिन जब हमारा जन्म हुआ था तो सबसे पहले हम जिनके हाथ में थे वह एक नर्स थीं। यह मेरे लिए बहुत सुखद है कि हम एक प्रशिक्षित हाथों में थे। उनके लिए सदा हमारे दिल में सम्मान का भाव रहता है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर उन्हें कोटि कोटि बधाई।

**-मोनिका रानी ,जिलाधिकारी**

### न करें विवाद, होता है इलाज



चिकित्सीय प्रक्रिया की पूरी जानकारी न होने से कुछ तीमारदार लड़ाई-झगड़े पर आमदा हो जाते हैं। जबकि एक डॉक्टर पूरा दिन मरीज के पास नहीं रह सकता और नर्स दिन-रात रोगियों की देखभाल करती है। इसलिए हमेशा एक नर्स का सम्मान करना चाहिए।

**-डॉ.संजय खत्री, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज**

### सभी स्टॉफ नर्स होती हैं प्रथम इलाज की रीढ़



सरकार पीएचसी, सीएचसी से लेकर मेडिकल कॉलेज में स्टॉफ नर्स को तैनात करती है। इसका लाभ शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को मिलता है। प्रथम इलाज की रीढ़ स्टॉफ नर्स होती है। उनके योगदान को कैसे भुलाएं। संक्रामक बीमारी की स्थिति में जब अपने भी साथ में रहकर काम करती हैं।

**-बृजेश सिंह , जिला स्वास्थ्य सूचना अधिकारी**

### परिकल्पना अधूरी



चिकित्सा जगत में हम कितने भी योग्य हों बिना नर्स के रोगियों की देखभाल की कल्पना नहीं कर सकते, अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर हम उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हैं।

**-शैलजा गौर, स्टॉफ नर्स**

### दूसरे के दर्द को समझा अपना



जब लोग बीमार होते हैं तो सबसे पहला उनका संपर्क एक नर्स से ही होता है। नर्स ही हैं जो हमारे स्वास्थ्य की स्थिति से डॉक्टर को अवगत कराती हैं और बीमार के सेहत की निगरानी करती हैं।

**-नेहा सचान स्टॉफ नर्स**

### नवजात से लेकर बड़ों का रखा ध्यान



जन्म के समय बच्चे को सांस लेने में दिक्कत हो या बड़े लोगों का इलाज करना। सीएचसी से लेकर जिला अस्पताल में स्टॉफ नर्स ही अपनी कुशलता से किसी के जीवन में प्राण फूंकने का काम करती है।

**-ज्योति दुबे**


**सूचना**

सूचित हो कि मै विनोद कुमार उर्फ पुत्ती कौशल पुत्र छोटेलाल अपने पूरे होशोहवास में अपने बड़े पुत्र शुभम कौशल पुत्र विनोद कुमार उर्फ पुत्ती कौशल को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा समाज मे किए गए किसी भी गलत कार्य या लेन-देन से मेरा कोई संबंध नही है। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का परिवार के लोगों से कोई लेना देना नहीं है। वह अपने कार्य का स्वयं जिम्मेदार होगा। विनोद कुमार उर्फ पुत्ती कौशल पुत्र छोटेलाल निवासी डिहवा शेर बहादुर, पीपल वाली गली नगर पंचायत कैसरगंज बहराइच।

**सूचना**

सूचित किया जाता है मैं रामकुमार सोनी अपने पुत्र विजय सोनी को उनके गलत आचरण व व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है उनके द्वारा किए गए किसी कृत्य से मेरा और मेरे परिवार का कोई सरोकार वास्ता नहीं होगा अपने किसी भी कृति के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे पता- रामकुमार सोनी s/o स्व0 गुरु प्रसाद सोनी पुरानी बस्ती कल्याणपुर लखनऊ 2260022

# प्राचीन काल से संस्कृति आधारित राष्ट्र रहा है भारत



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

सांप्रदायिक राजनीति आर्थिक नीतियों से जुड़े गरीबी-अमीरी, शिक्षा और स्वास्थ्य आदि मूलभूत प्रश्नों को महत्व नहीं देती। वे राजनीति में भी कट्टरपंथी मजहबी अलगाववाद चलाते हैं। सांप्रदायिक अलगाववादी जिस देश में रहते हैं,उस देश की संवैधानिक व्यवस्था से भी टकराते हैं। राजनीति वोट बैंक के तुष्टीकरण के कार्यक्रम बनाती है।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने मुस्लिम संख्या वृद्धि के तथ्य उद्घाटित किए हैं। सलाहकार परिषद स्वतंत्र निकाय है। यह समय-समय पर तथ्य व आंकड़ों के आधार पर भिन्न-भिन्न विषयों पर परामर्श देती है। परिषद ने दुनिया के 167 देशों के जनसांख्यकीय चरित्र का अध्ययन किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के किसी भी देश में बहुसंख्यक आबादी की बढ़त नहीं दिखाई पड़ी है,लेकिन कई देशों में अल्पसंख्यक आबादी की बढ़त पाई गई है। भारत में मुस्लिम आबादी की संख्या बढ़ी है। मुस्लिम संख्या वृद्धि के ताजा आंकड़ों को लेकर देश में खासी बहस चल रही है।

भारत में हिन्दू मुस्लिम सहअस्तित्व सामाजिक पुनर्गठन की बड़ी चुनौती रहा है। गांधी जी ने हिन्दू मुस्लिम सहअस्तित्व के लिए आजीवन काम किया और अंत में कहा कि इस प्रश्न पर मेरी हार हुई। मुस्लिम राजनीति अन्य पंथों पर आक्रामक रही है। मुस्लिम साम्प्रदायिकता के कारण ही भारत का विभाजन हुआ था। गांधी जी ने मोहम्मद अली जिन्ना से पाकिस्तान की मांग न करने और साथ-साथ रहने का आग्रह किया था। इस सम्बंध में उन्होंने जिन्ना को (15 सितंबर 1944) पत्र लिखा था। उन्होंने जिन्ना से पूछा था कि, ''मजहब के अलावा हिन्दू और मुसलमान में क्या कोई और भी भेद है? मुसलमान शेष भारतवासियों से क्यों अलग हैं? जिन्ना ने जवाबी पत्र (17 दिसम्बर 1944) में लिखा था, ''हम मानते हैं कि मुसलमान और हिन्दू देश की किसी भी परिभाषा के आधार पर अलग-अलग कौमें हैं। हमारी संस्कृति, सभ्यता, भाषा, साहित्य, कला, कानून, परम्परा व इतिहास अलग-अलग है। जीवन के प्रति हमारा नजरिया भी अलग है। हम किसी भी अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर अलग राष्ट्र हैं।" यह मुस्लिम लीग और जिन्ना का घोर साम्प्रदायिक दृष्टिकोण था। इस साम्प्रदायिकता के दृष्टिकोण को माने तो हिन्दू मुसलमान जब मिलकर रहते थे, तब भी मुसलमान अलग राष्ट्र थे। भारत के भीतर दो राष्ट्र थे। यह सोच अलगाववादी थी। वस्तुतः भारत प्राचीन काल से ही एक संस्कृति आधारित राष्ट्र है।

सांप्रदायिक राजनीति स्वयं को अलग राष्ट्र मानती रही है। मजहब आधारित जनसंख्या में बढ़त इसीलिए चिन्ता का विषय है। मजहब के आधार पर अलग राष्ट्र की मांग करना, इसके लिए लाखों लोगों की हत्या हिंसा किसी भी सूरत में उचित नहीं हो सकता। यह मानवता के विरुद्ध अपराध है। जनसंख्या के आधार पर ही मुस्लिम लीग ने अलग देश मांगा। भयंकर रक्तपात हुआ। इसलिए साम्प्रदायिक आबादी की बढ़त की कोई भी सूचना देश को चिंता में डाल देती है।

आंकड़ों के निष्कर्ष सत्य के उद्घाटन के लिए पर्याप्त हैं। अविभाजित भारत की अंतिम जनगणना 1941 में हुई थी। तब हिन्दू आबादी 84.44 प्रतिशत थी और मुस्लिम 13.38 प्रतिशत थे। मुसलमानों की इस संख्या में आज के पाकिस्तान और बांग्लादेशी मुस्लिम भी सम्मिलित थे। फिर देश का बंटवारा हुआ। भारत स्वतंत्र हुआ। कुल मुस्लिम आबादी की संख्या में पाकिस्तानी व बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या घट गई। स्वतंत्र भारत की प्रथम जनगणना 1951 में हुई। तब पाकिस्तानी व बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या नहीं रही। इसलिए हिन्दू जनसंख्या का अनुपात 87.24 हो गया। मुस्लिम आबादी घटकर 10.43 हो गई। लेकिन 50 वर्ष बाद 2001 की जनगणना में हिन्दू घटकर 84.21 प्रतिशत हो गए। मुस्लिम आबादी का अनुपात अविभाजित भारत के 13.38 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गया। आबादी के इसी अनुपात पर मुस्लिम लीग ने अलग देश की मांग की थी और पाकिस्तान अस्तित्व में आया था। इस तरह की जनसंख्या बढ़त से एक और मजहबी साम्प्रदायिक देश की जनसंख्या तैयार हो गई है।

सांप्रदायिक राजनीति आर्थिक नीतियों से जुड़े गरीबी-अमीरी, शिक्षा और स्वास्थ्य आदि मूलभूत प्रश्नों को महत्व नहीं देती। वे राजनीति में भी कट्टरपंथी मजहबी अलगाववाद चलाते हैं। सांप्रदायिक अलगाववादी जिस देश में रहते हैं, उस देश की संवैधानिक व्यवस्था से भी टकराते हैं। राजनीति वोट बैंक के तुष्टीकरण के कार्यक्रम बनाती है। कट्टरपंथी मजहबी राजनीति की मांगे खतरनाक हैं। वे तुष्टीकरण की साम्प्रदायिक राजनीति को सेकुलर कहते हैं। वस्तुतः सेकुलर विचार में आस्था और अंधविश्वास नहीं होने चाहिए। मजहबी राजनीति सेकुलर हो ही नहीं सकती। इस्लामी विचारधारा के अंतरराष्ट्रीय विद्वान प्रोफेसर डेनियल पाइप के अनुसार, ''दूसरे पंथों के विपरीत इस्लाम में सामाजिक जीवन के परिचालन के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोग्राम है। दूसरे पंथ केवल मौलिक मूल्यों के ही उपदेश देते हैं और भौतिक विषयों पर समय अनुसार विधान और नियम बनाने का काम समाज पर छोड़ देते हैं। इस्लामी राजनैतिक चिन्तन सुस्पष्ट ध्येय निर्धारित करता है। सभी मुसलमानों को इन नियमों का पालन अनिवार्य है। दूसरे पंथों में राजनीतिक क्रियाकलापों के लिए लिखित आदेश नहीं है। मुस्लिम विश्वास में ईश्वर पर विश्वास के साथ ही उनके पवित्र कानून भी हैं। यह कानून 'शरिया' कहा जाता है। यह राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करता है। इस्लामी राजनीति में मजहब की प्रचंड प्रेरणा है।" (प्रोफेसर डेनियल पाइप-'इन द पाथ आफ गॉड' पृष्ठ तीन)

गांधी जी हिन्दू मुसलमान की साझा राष्ट्रीयता चाहते थे। वे असफल रहे। डॉक्टर आंबेडकर हिन्दू-मुसलमान के पक्ष पर गांधी जी से असहमत थे। डॉ. आंबेडकर ने लिखा है, ''गजनी के मोहम्मद ने भारत पर अपने अनेक हमलों को जेहाद छेड़ने की संज्ञा दी थी।" मोहम्मद के इतिहासकार अल उतबी ने उसके हमले के बारे में लिखा था, "उसने मंदिरों में मूर्तियों को तोड़ा और इस्लाम की स्थापना की। उसने शहरों पर कब्जा किया, नापाक कमीनों को मार डाला। मूर्ति पूजकों को तबाह किया और मुसलमानों को गौरवान्वित किया। तदुपरांत वह घर लौटा और इस्लाम के लिए की गई विजयों का ब्योरा दिया और यह संकल्प व्यक्त किया कि वह हर वर्ष हिन्द के खिलाफ जेहाद करेगा।" यही स्थिति अन्य हमलों की भी है। हजारों मंदिर तोड़े गए थे। श्रीराम जन्मभूमि, ज्ञानवापी काशी और मथुरा की घटनाओं के प्रसंग इस समय भी ताजा हैं।

यूरोप के अनेक देश मुस्लिम आक्रामकता को लेकर चिन्तित हैं। फ्रांस में पैगम्बर का कार्टून बनाने को लेकर भयानक हिंसा हुई। डेनमार्क में भी ऐसी ही साम्प्रदायिक हिंसा हुई थी। पाकिस्तान में ईश निंदा कानून के अंतर्गत ढेर सारे गैर मुसलमानों का उत्पीड़न जारी है। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर भी इसी तरह का हमला हुआ था। इसलिए जनसंख्या की बढ़त को लेकर चिंता स्वाभाविक है। भारत के लिए यह और भी चिंता का विषय है। मुस्लिम साम्प्रदायिकता के कारण ही देश टूटा था। अपनी इच्छा अनुसार जीवन ध्येय निर्धारित करना प्रत्येक मनुष्य का अधिकार है। विवेक आधारित जीवन रस का आस्वाद प्रत्येक मनुष्य की अभिलाषा है। अपने अनुभव और विश्वास के अनुसार जीने का अधिकार स्वाभाविक है। इसलिए कि प्रत्येक मनुष्य अद्वितीय है। अनूठा भी। किसी की जीवन पद्धति में हस्तक्षेप न करना और सबको अपने ढंग से जीवन जीने का अवसर मिलना प्राकृतिक न्याय है। दुनिया को सुन्दर बनाने की यह न्यूनतम शर्त है, लेकिन साम्प्रदायिक मजहबी राजनीति अपने मत को श्रेष्ठ और बाकी को 'इनकार करने वाला' मानती है और इनकार करने वालों के लिए सजा का औचित्य भी सिद्ध करती है। मुस्लिम जनसंख्या की बढ़त के प्रभाव का विवेचन जरूरी है। यह चिन्ता मुस्लिमों के विरुद्ध नहीं है। चिन्ता का विषय आक्रामक साम्प्रदायिकता और अलगाववाद से छुटकारा पाना है। भारत के राष्ट्रजीवन व संविधान में सभी आस्था समूहों का सम्मान है। इसलिए जनसंख्या का असंतुलन गहन रूप में विचारणीय है।

# जमानत आसानः विधि वेत्ता हैरान

अब जब वे जाएंगे, तो केजरीवाल की नजीर सामने होगी। ऐसे में न्यायालय शायद सोरेन का प्रार्थना पत्र भी खारिज न कर सके। बड़े वकील तो जेल में बंद अलगाववादी मुल्जिमों का भी मुद्दा यह कहकर उभार रहे हैं कि चुनाव प्रचार के लिए तो वे भी कोर्ट से आग्रह कर सकते हैं। तब क्या आदेश होंगे?



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

दिल्ली शराब घोटाले के आरोपी अरविंद केजरीवाल,जो तिहाड़ जेल में बंदी थे,को सर्वोच्च न्यायालय ने कुछ शर्तों के साथ,प्रचलित लोकसभा चुनावों में प्रचार हेतु अंतरिम जमानत दे दी है,उन्हें दो जून को पुनः समर्पण करना होगा। वे इस अवधि में मुख्यमंत्री पद से संबंधित कोई कार्य नहीं कर सकेंगे। शराब घोटाले पर कुछ नहीं बोल सकेंगे और न मामले से संबंधित गवाहों से बातचीत कर सकेंगे। इस ऐतिहासिक आदेश के कई प्रभाव स्पष्ट हैं।

विचाराधीन बंदी और अपराध करने का मन बना रहे लोग हृदय में प्रसन्न हैं,क्योंकि जमानत का एक नया और आसान आधार मुहैया हो गया है। चुनाव प्रचार को उच्चतम न्यायालय ने एक प्रकार से मानव की आवश्यक बुभुक्षा मान लिया है और स्वाभाविक है कि यह अधिकार सबको मिलेगा,क्योंकि संविधान में अनुच्छेद 14 में समानता का अधिकार संरक्षित है। वैसे भी न्याय की देवी आंखों में पट्टी बांधे दिखलाई जाती हैं,वे विभेद कर ही नहीं सकतीं। चुनाव तो देश में कहीं न कहीं होते ही रहते हैं। वे किसी स्तर के हों और सारा देश एक है तथा हर नागरिक को देश के किसी हिस्से में किसी चुनाव में प्रचार करने का हक है। रही बात बड़े छोटे की,तो जैसे बड़े नेता के लिए लोकसभा का चुनाव महत्व रखता है,वैसे ही गांव गिराव के नेता को ग्राम पंचायत चुनाव।

न्यायाधीश के लिए कोई बड़ा छोटा होता ही नहीं है। अलबत्ता इस निर्णय से विधि वेत्ता हैरान हैं। वे सोचते हैं कि अब तो विचाराधीन और सजा काट रहे जघन्य अपराधों में संलिप्तता वाले बंदी किसी न किसी चुनाव प्रचार हेतु जमानत मांगेगें,तब संगत न्यायालय कैसे इंकार कर पाएंगे? वे यदि मना करेंगे तो वह आदेश विभेदकारी होगा। कानूनविदों की सोच है कि इसके पहले इस आधार पर जमानतें मांगी गई थीं, जो नहीं प्रदान की गई।

हाल ही में झारखंड के मुख्यमंत्री रहे,जेल काट रहे हेमंत सोरेन भी सुप्रीम कोर्ट जमानतार्थ गए थे,क्योंकि उनकी ऐसी अर्जी उच्च न्यायालय से खारिज हो गई थी। उच्चतम न्यायालय ने उनसे अगले हफ्ते आने के लिए कहा।

अब जब वे जाएंगे तो केजरीवाल की नजीर सामने होगी। ऐसे में न्यायालय शायद सोरेन का प्रार्थना पत्र भी खारिज न कर सके। बड़े वकील तो जेल में बंद अलगाववादी मुल्जिमों का भी मुद्दा यह कहकर उभार रहे हैं कि चुनाव प्रचार के लिए तो वे भी कोर्ट से आग्रह कर सकते हैं। तब क्या आदेश होंगे? बहरहाल,यह तो निकट भविष्य में साफ हो पाएगा कि उच्च और अवर न्यायालय इस बहस भरे बिंदु पर क्या रुख अपनाते हैं,किंतु एक नई बहस छिड़ तो गई ही है।

फिलहाल केजरीवाल प्रथम दृष्ट्या दोषी माने गए हैं,क्योंकि उन्हें पुनः समर्पण के आदेश हैं और घोटाले पर कुछ भी बोलने की मनाही की गई है। तथ्य यह भी है कि संप्रति उनकी गिरफ्तारी को अवैध करार देने वाली याचिका अनिर्णीत है।

# चुनावों को प्रभावित करता सॉफ्टफेक



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

कंटेंट बनाने वाली कंपनियों को इन वॉटरमार्क का इस्तेमाल कैसे किया जाना चाहिए, यह परिभाषित करने पर बारीकी से विचार करना चाहिए।



विगत फरवरी माह में इंडोनेशिया और पाकिस्तान में मतपत्रों के जरिए संपन्न हुए चुनावों में साफ झलक मिली कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीकें चुनावी गतिविधियों में भी घुसपैठ कर चुकी हैं। यह चिंताजनक परिदृश्य है,जो तथ्यहीन सूचनाओं या फर्जी खबरों के प्रसार से कहीं ज्यादा व्यापक और दुष्प्रभावी है।

विश्वप्रसिद्ध वैज्ञानिक जर्नल के अभी हाल के 9 अप्रैल 2024 के अंक में छपे लेख के अनुसार ट्विटर (अब एक्स) में मशीन लर्निंग, एथिक्स, ट्रांसपेरेंसी एंड अकाउंटेबिलिटी (मेटा) टीम की निदेशक रह चुकी रुम्मन चौधरी ने जनरेटिव एआई (जीएआई) के जरिए चुनाव संबंधी गलत सूचनाओं की पहचान करने और उन्हें रोकने के लिए चल रहे बड़े पैमाने पर प्रयासों का ब्योरा दिया था। ऐसे प्रयासों में जेनरेटिव एआई के दुरुपयोगों का उल्लेख था,किंतु राजनेताओं और राजनीतिक दलों द्वारा एआई का उपयोग अब ऐसे उद्देश्यों के लिए भी हो रहा है,जो दुर्भावनापूर्ण तो नहीं हैं,फिर भी वे गहरी नैतिक चिंताएं पैदा करते हैं। डीफफेक के साथ ही जेनरेटिव एआई 'सॉफ्टफेक' के युग की शुरुआत कर रहा है जिनसे ऐसी छवियां, वीडियो ऑडियो क्लिप बनाई जाती हैं,जो राजनीतिक उम्मीदवार को अधिक आकर्षक और जनप्रिय बनाती हैं,जबकि डीपफेक (डिजिटल रूप से परिवर्तित दृश्य मीडिया) और चीपफेक्स (कम गुणवत्ता वाले परिवर्तित मीडिया) आपत्तिजनक होते हैं।

सॉफ्टफेक अक्सर उम्मीदवार की चुनावी अभियान टीम द्वारा ही बनाए जाते हैं। उदाहरण के लिए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति चुनाव में विजयी उम्मीदवार प्रबोवो सुबिआंतो ने जीएआई पर बहुत अधिक भरोसा किया और खुद को एक जनप्रिय नेता के रूप में ब्रांड/प्रोजेक्ट करने के लिए कार्टून अवतारों का निर्माण और प्रचार किया। उन्हें 'जन जन प्यारा और गले लगाने वाला' नेता प्रोजेक्ट किया गया। यह एआई संचालित मेकओवर युवा मतदाताओं को आकर्षित करता था। एक उच्च रैंकिंग वाले सेना अधिकारी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मानवाधिकारों के हनन से उन्हें जोड़ने वाले आरोपों को खारिज करने के व्यापक प्रयास का यह एक हिस्सा था,जबकि चर्चित न्यूज एजेंसी बीबीसी ने उन्हें इंडोनेशिया का 'खूनी अतीत वाला" तक करार दिया था।

यही नहीं सुबिआंतो का समर्थन करने वाले एक समूह द्वारा इंडोनेशिया के दिवंगत हो चुके पूर्व राष्ट्रपति सुहार्तो की एक एआई जनित झूठी अपील 'गेट आउट टू वोट' का वर्चुअल रीमेक किया गया और डीपफेक का चतुर उपयोग भी किया गया। यह सब उनकी आश्चर्यजनक जीत में योगदान देने वाला माना जाता है। लाहौर,पाकिस्तान में स्थित शोध और वकालत के संगठन डिजिटल राइट्स फाउंडेशन की संस्थापक निघत दाद के अनुसार दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशियाई चुनावों में उम्मीदवारों के कई भाषाओं में बोलने,पुराने कर्णप्रिय गाने गुनगुनाने आदि के डीपफेक वीडियो की बाढ़ आ गई जिसमें नेताओं को वैसा जीवंत मानवीय रूप दिया गया है,जैसा कि उम्मीदवार स्वयं अभिनीत नहीं कर सकते।

अब प्रश्न यह है कि क्या किया जाना चाहिए? चुनावों में जीएआई के उचित उपयोग के बारे में वैश्विक दिशा-निर्देशों पर विचार किया जा सकता है,लेकिन वे क्या होने चाहिए? इस दिशा में कुछ आरंभिक प्रयास हुए हैं। उदाहरण के लिए यूएस फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन ने फोन कॉल में एआई जनरेटेड वॉयस के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है,जिसे रोबोकॉल के रूप में जाना जाता है। मेटा जैसे व्यवसायों ने कतिपय वॉटरमार्क लांच किए हैं,जो एक लेबल या एम्बेडेड कोड सरीखे होते हैं, जिन्हें किसी छवि या वीडियो में जोड़ा जाता है। हेर-फेर किए गए मीडिया को चिह्नित करने के लिए,लेकिन ये कम असरकारी और अक्सर स्वैच्छिक रुप से अपनाए जाने वाले उपाय हैं,जबकि डिजिटल संचार की में ठोस नियमों को लागू करने की आवश्यकता है,जो उन कंपनियों से जो एआई सामग्री उत्पन्न करती हैं। सोशल-मीडिया प्लेटफॉर्म,जो उन्हें वितरित करते हैं,सभी पर लागू हों।

कंटेंट बनाने वाली कंपनियों को इन वॉटरमार्क का इस्तेमाल कैसे किया जाना चाहिए? यह परिभाषित करने पर बारीकी से विचार करना चाहिए। वॉटरमार्किंग एक स्टैंप की तरह होनी चाहिए है या कंटेंट वितरकों द्वारा उठाए जाने वाले एम्बेडेड मेटाडेटा की तरह भी जटिल हो सकती है। कंटेंट वितरित करने वाली कंपनियों को न केवल गलत सूचना,बल्कि आधिकारिक,उम्मीदवार-समर्थित चैनलों के माध्यम से जारी किए जाने वाले चुनाव-अस्थिर करने वाले, अनुचित प्रभाव डालने वाले सॉफ्टफेक की निगरानी के लिए सिस्टम और संसाधन स्थापित करने चाहिए। अभी तक उम्मीदवारों के लिए कंटेट में वॉटरमार्किंग का प्रावधान नहीं है। इसे चुनाव संचालित करने वाली मशीनरी और नियामक संस्थाओं द्वारा अनिवार्य बनाना होगा। सोशल मीडिया नियंत्रित करने वाले प्रतिष्ठान ऐसे वाटरमार्क वाले या इनसे रहित कंटेंट के बारे में दर्शकों को उचित अलर्ट दे सकती हैं और उन्हें सूचित कर सकती हैं।

मीडिया आउटलेट सॉफ्टफेक पर स्पष्ट नीतियां बना सकते हैं। उदाहरण के लिए वे बस ऐसे एकाध डीपफेक की अनुमति दे सकते हैं जिसमें एक विजेता के भाषण का कई भाषाओं में अनुवाद किया जाता हो,लेकिन उम्मीदवारों का समर्थन करने वाले मृत राजनेताओं के डीपफेक की अनुमति नहीं होनी चाहिए। चुनाव विनियामक और सरकारी निकायों को चुनावी काल में कुकुरमुत्ते की तरह उगती उन कंपनियों की बारीकी से जांच करनी चाहिए,जो ऐसी नकली कंटेंट के निर्माण में संलग्न हैं।

जैसे न्यूयॉर्क शहर में स्थित एक एआई कंपनी इलेवन लैब्स के टेक्स्ट-टू-स्पीच और वॉयस इम्यूलेशन सॉफ्टवेयर को रोबोकॉल बनाने के लिए तैनात किया गया था जिसने जनवरी में न्यू हैम्पशायर के प्राथमिक चुनावों में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को वोट देने से मतदाताओं को रोकने की कोशिश को नाकाम किया। ऐसे ही जेल की कोठरी से अपने 2024 के अभियान के आउटरीच के दौरान पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के सॉफ्टफेक बनाने के प्रयास भी हुए थे।

जीएआई उपयोगों पर चुनावी मानक स्थापित करना आवश्यक है। ऐसे कानूनों का एक लंबा इतिहास है,जो यह विनियमित करते हैं कि उम्मीदवार कब,कैसे और कहां प्रचार कर सकते हैं और उन्हें क्या कहने और क्या न कहने की अनुमति है? जागरूक नागरिकों की भी इसमें भूमिका है। हम सभी जानते हैं कि इंटरनेट पर जो सब कुछ उपलब्ध होता है,उस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। अब हमें न केवल बदले हुए मीडिया को पहचानने के लिए सजगता विकसित करनी चाहिए, बल्कि यह सोचने की भावनात्मक इच्छा से भी बचना चाहिए कि अमुक उम्मीदवारों के सॉफ्टफेक कितने 'मजेदार' या 'प्यारे' हैं,जो अक्सर स्पष्ट रूप से एआई द्वारा जनित होते हैं। इसका लक्ष्य बस उम्मीदवार को पसंद करने योग्य बनाना है।

सॉफ्टफेक पहले से ही दुनिया के कुछ सबसे बड़े लोकतंत्रों में चुनावों को प्रभावित कर रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में भी इस समय सामान्य निर्वाचन का समय है। मतदाताओं को जागरूक रहने का वक्त है। कृत्रिम बुद्धि के ऐसे झांसों में न आकर विवेकपूर्ण मतदान करना ही बुद्धिमानी होगी।

# समष्टीकरण

समष्टीकरण की प्रक्रिया भारत के लिए कोई नई बात नहीं है। जरूरत है-शब्द और भाषा को भेदने की। भारत की ज्ञान परंपरा आख्यानात्मक है,जीवन और प्रकृति के तत्वबोध को मनीषियों ने किसी न किसी कथानक या आख्यान के रूप में व्यक्त किया है। आधुनिक स्वतंत्रता संघर्ष और लोकचेतना के अध्येता के लिए यह चुनौती भरा काम है कि वह उस कथानक या आख्यान में समाए हुए उस तत्त्वबोध को,उन अवधारणाओं की पहचान करे।

शक्ति उपासना की परंपरा में एक ग्रंथ का नाम है दुर्गासप्तशती। दुर्गा सप्तशती के दूसरे अध्याय में महाशक्ति के प्रादुर्भाव की एक रूपक-कथा है,महिष से परास्त होकर देवता ब्रह्माजी के नेतृत्व में भगवान शंकर और विष्णु के पास गए। निवेदन किया कि भगवान। सूर्य, इंद्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरुण तथा अन्य देवताओं के अधिकार छीनकर महिषासुर स्वयं ही सबका अधिष्ठाता बना बैठा है। इस निरंकुशता की बात सुनकर चक्रपाणि विष्णु को क्रोध आया और उनके आवेश से एक तेज प्रकट हुआ। उनके तेज को देखा तो ब्रह्मा,शंकर तथा इंद्र आदि अन्य देवताओं के शरीर से भी बड़ा भारी तेज निकला। वह सब तेज मिलकर एक हो गया। वह तेज पुंज जलते पर्वत सा जान पड़ा,उसकी ज्वालाएं,सभी दिशाओं में व्याप्त हो गईं। वह देवी या व्यापक महाशक्ति अपनी हजारों भुजाओं से सभी दिशाओं को आच्छादित करके खड़ी थीं। रणभूमि में दैत्यों के साथ युद्ध करती हुई अंबिका देवी ने जितने निःश्वास छोड़े वे तत्काल सैकड़ों-हजारों गणों के रूप में प्रकट हो गए और असुरों का सामना करने लगे। सुमहत्तेजस्तच्चैक्यं समगच्छत,सभी के सात्विक आवेश से निकलने वाला वह महान तेज एक बन गया। विभिन्न दिशाओं में बिखरी हुई ऊर्जा को एक निश्चित दिशा मिली और वह संगठित हो गई।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अन्याय के विरुद्ध यह समष्टि का सात्विक क्रोध है। इसमें "मैं" और "मेरे" की राजस-तामस गंध नहीं और इस समष्टिगत और सात्विक क्रोध से एक तेज निकलता है और वह तेज भी समष्टि का तेज बन जाता है। वही महाशक्ति है। अन्याय-अत्याचार के विरुद्ध वह जागरण शक्ति है। सामूहिक शक्ति है। यह लोकचेतना है,अक्षय-ऊर्जा का अव्ययस्रोत। यदि आप इसे अभिधा में ही पढ़ना चाहते हैं और आपका आग्रह है कि यह तो हिस्ट्री है,देशकाल में घटित घटना का शब्दगत सच,तो वह आप जानें,किंतु यदि इसके अर्थ की गहराई में जाएं,व्यंजना को समझें तो एकता की महाशक्ति का स्वरूप बहुत स्पष्ट हो सकेगा।

# किसकी हवा चल रही है



अनूप शुक्ल
कानपुर

दोनों विरोधी नेताओं की प्रचार सामग्री एक ही प्रेस में छपी है। सोचते हैं अबकी बार कोई पूछेगा किसकी हवा चल रही है तो बता दूंगा- 'फ़लाने प्रिंटिंग प्रेस की हवा चल रही है।'

शहर में वोटिंग हो रही थी तो सुबह जरा आराम से उठे। अपना वोट दूसरे शहर में हैं। इसलिए यहां निश्चिंत सोते रहे। वहां होते तो शायद अब तक उंगली की नीली स्याही दिखाते हुए सोशल मीडिया पर फोटो सटा दिए होते। क्या पता अनगिनत नीली स्याही लगी उंगलियों को देखकर कोई विकास पुरुष कहता हो- "तुम मुझे उंगली दिखाओ,हम तुम्हें अंगूठा दिखाएंगे।"

दोस्तों से बात होती है तो कोई पूछता है-"वहां हवा किसकी चल रही है?" हम बताते हैं- ''हमें तो कोई हवा नहीं दिख रही।'' अभी तक तो किसी ने बताया नहीं कि वो अपना वोट किसको देगा। जिस भी दोस्त से बात हुई उसने यही पूछा- "यार ये मंहगाई भत्ते की बढ़ी किस्त अभी मिली नहीं। कुछ पता है कब तक आएगी?"

मन करता है अबकी कोई पूछे तो बता देंगे कि यहां तो सिर्फ 'मंहगाई भत्ते' की हवा चल रही है। क्या पता हम किसी का नाम ले देते तो वो गाने लगता जबलपुर में तो उनकी हवा चल रही है। फिर वह जबलपुर में किसी को फोन करके बताता- "तुमको पता नहीं जबलपुर में तो उसकी हवा चल रही है। दो-चार फोन के बाद वह हवा अंधड़ में बदल जाती और लोग आंख मूंदकर मान लेते। इसके बाद पड़ोसी को बताता- "अरे तुमको पता नहीं जबलपुर में तो फलाने की हवा चल रही है।" अगर वह पूंछता-"खबर पक्की है? तुमको कैसे पता चला?" उसको शायद जबाब मिलता-"हां एकदम पक्की खबर है। हमको कानपुर के लोगों ने बताया कि जबलपुर में फलाने जीत रहे हैं।"

अपने यहां यही हो रहा है। जबलपुर की हवा के बारे में कानपुर वाला बता रहा है। बिहार के बारे में नागालैंड वाला। आसाम के बारे में गुजरात वाला। दिल्ली के बारे में झुमरीतलैया वाला।

हाल यह है कि जो जहां नहीं है,वह वहां की हवा के बारे में बता रहा है,जो जिस जगह से जितना दूर है,उसके पास उस जगह के बारे में उतनी ही पुख्ता सूचना है। अमेरिका को तो भारत की हवा के बारे में इत्ती पुख्ता खबर है कि वहां विदेश मंत्रालय के पत्ते फेंट दिए गए। नारद जी ने नाम न बताने की विद्या कसम दिलाते हुए बताया है कि मीडिया पर भारत में बहती हवा को देखते हुए यमराज को अतिरिक्त ताकतों से लैस किया जा रहा है। हवा का ताजा रुख जानने के लिए मैं अखबार खोलता हूं। अखबार में एक साथ दो विरोधी पार्टियों के नेताओं की अपीलें लिपटीं हैं। एक ही साइज के पर्चे,एक ही छपाई में दोनों एक जैसे मुस्कराते हुए दिखते हैं। एक साथ लिपटे होने के कारण दोनों की तस्वीरें गले मिलतीं दिखीं।

अखबार खुलते ही दोनों अपीलें जमीन पर गिर जाती हैं। नीचे गिरी मुस्कराती तस्वीरें देखते हुए सोचता हूं- "इस देश के नेता को चुनाव जीतने के चक्कर में कितना तप करना पड़ता है,मुस्कराते हुए कितना गिरना पड़ता है।"

दोनों विरोधी नेताओं की प्रचार सामग्री एक ही प्रेस में छपी है। सोचते हैं अबकी बार कोई पूछेगा किसकी हवा चल रही है तो बता दूंगा-''फलाने प्रिंटिंग प्रेस की हवा चल रही है," लेकिन चुनाव में तो पैसा भी लगता है। आजकल बिना पैसे के चुनाव जीतता असंभव माना जाता है। हाल यह है कि जैसे प्राइवेट स्कूल वाले बच्चे के एडमिशन के पहले बच्चे के मां-बाप की आमदनी नापते हैं,उसी तरह राजनीतिक पार्टियां चुनाव में टिकट देने के पहले उम्मीदवार की टेंट देखते हैं। टिकट उसी को देते हैं,जो चुनाव में पैसा खर्च कर सके,बहा सके और जरूरत पड़े तो चुनाव आयोग से नजरें बचाकर लुटा भी सके। पैसा उम्मीदवार की साख से ज्यादा जरूरी है,क्योंकि चुनाव साख से नहीं पैसे से जीते जाते हैं। इमेज जरूरत होगी तो पैसे से बन जाएगी, लेकिन इमेज से पैसा नहीं पैदा होता न!

पहले चुनाव में पैसा कम लगता था,क्योंकि लोग चुनाव देश सेवा के लिए लड़ते थे। अपने पैसे से चुनाव लड़कर देश सेवा का शगल पूरा कर लेते थे,लेकिन इधर पिछले कुछ दशकों से देश सेवा धंधा बन गई है। धंधा बनने के बाद देश सेवा के काम में बहुत बरक्कत हुई है। अब पूरा बाजार और कारपोरेट देशसेवा का टेंडर भरता है। ग्लोबल कंपनियां तक इसमें अपना पैसा लगाती हैं। हाल यह है कि देश के कल्याण के लिए विदेशी तक बेचैन रहते हैं। ये सब मिलकर बाजार में शामिल हैं। बाजार देश सेवा का कोई ठेका अपने हाथ से जाने नहीं देता। एक-एक सीट के लिए कई-कई टेंडर भरता है बाजार। पक्ष में भी बाजार का आदमी होता और विपक्ष पक्ष में भी। चाहे इस पार्टी का उम्मीदवार जीते या उस पार्टी का देश सेवा का काम आखिर में बाजार को ही मिलना है। सोचते हैं अबकी बार कोई फोन करके पूछेगा किसकी हवा चल रही है तो बता देंगे उसको, ''यहां तो बाजार की हवा चल रही है।" आप बताओ आपके उधर किसकी हवा चल रही है?

# बेरोजगारी से बढ़ती चिंता

युवाओं के इस देश में जहां 100, बेरोजगारों में 83 युवा हैं तो ऐसे में देश की असल प्रगति कैसे संभव होगी? रोजगार सर्जन आने वाली सरकार की प्राथमिकता होगी,यह आशा की जानी चाहिए।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हाल के अखबारो की सुर्खिया देखकर डर लग रहा है कि देश किस ओर जा रहा है। आज की एक इकोनॉमिक अखबार की खबर है कि तेल मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश की कुछ प्रमुख तेल और गैस कंपनियों ने 15700 जॉब्स घटा दिए, जबकि पिछले वर्षों में उनका राजस्व दो गुना हुआ है। यही नहीं देश के सर्वोच्च तकनीकी संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों को जॉब नहीं मिलने के आंकड़े इन दिनों की सुर्खियां बन रहे हैं। अर्थव्यवस्था की चमकती तस्वीर के बीच बेरोजगारी की भयावह स्थिति बनी हुई है। हमें समझना होगा कि मजदूर पूंजी पैदा करता है,मजदूर समाज में सुख और शांति पैदा करता है। यह एक अन्याय पूर्ण व्यवस्था है कि अपने श्रम से पूंजी पैदा करने वाला नंगा और भूखा है और पूंजी का बड़ा हिस्सा पूंजीपतियों की तिजोरियों और बैंकों के खातों में जमा हो रहा है।

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआई) के हाउस होल्ड सर्वे में दावा किया गया है कि पिछले महीने में 47 लाख लोगों का रोजगार छिन गया जिसमें सबसे ज्यादा संख्या ग्रामीण एरिया में रहने वाले लोगों की रही है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2012 में लगभग एक करोड़ लोग बेरोजगार थे,जबकि 2022 में यह संख्या 2.29 करोड़ जा पहुंची। देश में श्रम बल का आकार लगातार घट रहा है,जो मार्च में 43.38 करोड़ से घटकर अप्रैल में 42.91 करोड़ रह गया जिसका सबसे ज्यादा प्रकोप ग्रामीण क्षेत्र में हुआ शहरी क्षेत्र में स्थिति मार्च जैसी ही है। युवाओं के इस देश में जहां 100, बेरोजगारों में 83 युवा हैं तो ऐसे में देश की असल प्रगति कैसे संभव होगी? रोजगार सर्जन आने वाली सरकार की प्राथमिकता होगी,यह आशा की जानी चाहिए।

# केंद्र की सत्ता से नरेंद्र मोदी की होगी विदाई

## समाजवादी पार्टी ने बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में दिये जीत के मंत्र

धनघटा, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** धनघटा कस्बा में शनिवार को सपा का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें कार्यकर्ताओं को सपा सरकार की उपलब्धियां को बताने के साथ ही जीत के टिप्स बताए गए। कहा गया कि इस चुनाव में जिले से बाहरियों को खदेड़ने के साथ ही केंद्र की सत्ता से नरेंद्र मोदी की विदाई भी करनी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम ने कहा कि आम जनता को सपा सरकार की विकास योजनाएं आज भी याद हैं। हर कार्यकर्ता को अपना बूथ मजबूत करने की आवश्यकता है। मतदान के दिन एक एक वोट पोल कराकर सभी बूथों पर सपा प्रत्याशी को मजबूत करना है।

पूर्व विधायक अलगू प्रसाद चौहान ने कहा कि सपा ने अपनी सरकार के दौरान हर वर्ग का विकास करने के साथ ही सभी को लाभ पहुंचाने का कार्य किया था। जब जब सपा की सरकार बनी है प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाने के साथ ही जगह नदियों पर पुल बनाकर सुविधाओं को सुलभ बनाने का काम किया गया है। यही वजह है कि सपा प्रत्याशी लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद को हर वर्ग का अपार समर्थन मिल रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष रामवृक्ष यादव ने सपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि सपा सरकार ने कन्या विद्याधन योजना, युवाओं को नौकरी देने के साथ ही हर वर्ग का विकास करने का काम किया है। ऐसे में हर पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपना सर्वोच्च योगदान समर्पित करें। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष गौहर अली खान, पूर्व प्रमुख हैंसर राम अशीष यादव, जिला उपाध्यक्ष के. डी. यादव, रविन्द्र नाथ राय, जिला पंचायत सदस्य अंकिता बाबी, पूर्व विधायक दशरथ प्रसाद चौहान, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद्र पाण्डेय, चंदू यादव, केशव राजभर, सुरेंद्र यादव, संजय यादव, अनिल यादव, हरिश्चंद्र यादव, सरवन यादव समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कार्यकर्ता सम्मेलन में मंचासीन पदाधिकारी।

### भाजपा ही करा सकती है सर्व समाज का विकास : रमेशचंद्र रत्न

**धनघटा, संतकबीरनगर।** धनघटा तहसील क्षेत्र के हैंसर बाजार में शनिवार को भाजपा अनुसूचित जाति सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं को भाजपा की नीतियों को बताने के साथ भाजपा सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं से भी अवगत कराया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेलवे बोर्ड के चेयरमैन, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के महामंत्री रमेश चंद्र रत्न ने कहा कि भाजपा सर्व समाज की पार्टी है और सर्व समाज के विकास के लिए कार्य करती है।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने में योगदान करें जनप्रतिनिधि

▸▸ डीएम ने नगर पंचायत अध्यक्षों, ग्राम प्रधानों व सभासदों से की अपील

संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने पत्र के माध्यम से अपील किया है कि इस बार के लोकसभा निर्वाचन में अपने क्षेत्रों, गॉवों और आस-पास के मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक और प्रेरित करें।

जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ने के साथ ही स्वच्छ और स्वस्थ्य लोकतंत्र निर्माण में निर्वाचन आयोग की मंशा साकार हो सके। लोकसभा क्षेत्र संत कबीर नगर में छठवें चरण में आगामी 25 मई को मतदान होना है। नगर पंचायतों और ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत मतदान करना सभी मतदाताओं की जिम्मेदारी है।

कहा कि जिस प्रकार विभिन्न धार्मिक त्यौहारों होली, दशहरा, दीपावली, छठ, ईद, मुहर्रम और बोधि दिवस आदि त्यौहारों नागरिक सुदूर अंचलों से प्रसन्नता पूर्वक चले आते हैं, उसी प्रकार लोकतन्त्र के इस महापर्व में भी लोग जहां भी हों उन्हें मतदान के लिए घर आने और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि यूवाओं की विशेष सहभागिता के प्रतीक के रूप में इस बार जनपद में जूनियर हाई स्कूल मगहर के कमरा नम्बर 1 को विशेष बूथ 'युवा बूथ' के रूप में तैयार किया गया है।



महेंद्र सिंह तंवर,जिलाधिकारी।

## सार-संक्षेप

### बसपा नेता व पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष ने थामा बीजेपी का दामन



भाजपा में शामिल होने के बाद मौजूद लोगों को सम्बोधित करते अशोक चौधरी।

**संतकबीरनगर अमृत विचार।** देर रात भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर एचआरपीजी कालेज छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व जिला पंचायत सदस्य और जिले के कद्दावर बसपा नेता अशोक चौधरी ने अपने सैकड़ो साथियों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर लिया। भाजपा के प्रदेश महामंत्री और विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश, सदर विधायक अंकुर राज तिवारी की मौजूदगी में भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा श्रीवास्तव ने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर उनके साथ ग्राम प्रधान संदीप चौधरी, गुरदीप सिंह, मनोज सिंह और निलेश गुप्ता समेत सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया।

### मतदान राष्ट्र निर्माण में सबसे बड़ा योगदानः मयंक राय

**संतकबीरनगर,अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जनपद इकाई सन्तकबीरनगर द्वारा ख़लीलाबाद स्थित प्रभादेवी स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रान्तीय मंत्री मयंक राय, प्रभा देवी स्नात्कोत्तर महाविद्याल के प्राचार्य डॉ. प्रमोद त्रिपाठी, प्रान्त सहमंत्री अर्पित कसौधन और नगर मंत्री आनन्द प्रजापति ने मां सरस्वती और स्वामी विवेकानन्द के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन और द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्रान्त मंत्री मयंक राय ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महा उत्सव में हम सबको लगकर अधिकतम मतदान करने की आवश्यकता है। जिससे अधिकतम जनभागीदारी वाला जनप्रतिनिधि लोकसभा में पहुंचे और एक स्वच्छ और मजबूत सरकार का निर्माण हो सके। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री आलोक मिश्रा, जिला संयोजक रवि शंकर सिंह, मारुति नंदन पाठक, प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य कृपाचार्य पाण्डेय, सहित तमाम शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### महिला ने जहर खाकर की आत्महत्या

**मेंहदावल, संतकबीरनगर।** ग्राम औरही निवासी 28 वर्षीया मनी चौरसिया पत्नी संदीप चौरसिया ने बृहस्पतिवार की रात में जहर खा लिया था। जिसका इलाज गोरखपुर स्थित बीआरडी मेडिकल कालेज में चल रहा था। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की रात महिला की मौत हो गई। शनिवार को मृतक महिला के पति संदीप चौरसिया ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि बताया है कि हम रोजगार के सिलसिले में हैदराबाद रहते हैं। मेरी पत्नी अगल-बगल के घरों में चौका बर्तन करके अपना जीवन यापन करती है। पड़ोसी तीजा पत्नी अर्जुन, रविंद्र पुत्र अर्जुन, सरिता पुत्री अर्जुन, निवासी ग्राम उरई हमेशा पत्नी को चरित्रहीन कहते हुए गांव में दुष्प्रचार करते थे। पड़ोसियों की हरकतों से आजिज आकर उसने गुरुवार की देर रात जहर खा लिया और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### ईवीएम और वीवीपैट का हुआ रेंडमाइजेशन

**संतकबीरनगर,अमृत विचार।** सामान्य प्रेक्षक जनक प्रसाद पाठक के साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, उभा प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शनिवार को ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन कलेक्ट्रेट एनआईसी में कराया गया।

# संस्कार ग्लोबल स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस

**गौरीगंज, अमेठी, अमृत विचार।** शनिवार गौरीगंज के धनीजलालपुर स्थित संस्कार ग्लोबल स्कूल में 'अन्तर्राष्ट्रीय मातृदिवस' उल्लासपूर्वक मनाया गया, जिसमें विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी पोशाक में गीत, नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किये, जिसे देख उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य देवांश भरतद्वाज उपाध्याय द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित माताओं का विद्यालय की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया और कहा मां जीवनदायिनी के साथ-साथ हमारी सबसे बड़ी गुरु, मार्गदर्शक, समर्थक और धरती पर ईश्वर के समान है, इसलिए हमें जिंदगी के सफर में सदा उस राह पर चलना चाहिए जिस पर मां गर्व महसूस करे और आप स्वयं भी गर्व महसूस करें। संस्था के निदेशक संजय सिंह ने सभी को मातृ दिवस की शुभकामना दी और अपने संदेश में कहा संसार के सभी रिश्तों में मां का रिश्ता सबसे पवित्र और सर्वोपरि है,कार्यक्रम प्रभारी खुशबू गिरि के कुशल निर्देशन एवं संगीत शिक्षिका ऋचा पुष्पाकर एवं अन्य साथी शिक्षिका नेहा मिश्रा, रेखा पटेल, अस्मिता सिंह, लवली मिश्रा, पारूल आदि के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर चित्रकेतु सिंह, मंजू सिंह, पूजा उपाध्याय, जीतलाल पटेल, देशराज मौर्य, अनामिका सिंह, सुमन सिंह, संत लाल जायसवाल, आदि शिक्षक एवं आमंत्रित माताएं एवं अभिभावक तथा विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# विषाक्त पदार्थ खाकर दी जान

**बहराइच।** कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के सोनारीपुरवा गांव निवासी रूपेश (25) पुत्र राधेश्याम ने शनिवार को परिवारिक विवाद में विषाक्त पदार्थ खा लिया। परिवार के लोग उसे सीएचसी कैसरगंज ले गए। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर भरत पांडेय ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर कोतवाली देहात क्षेत्र श्यामपुर नदौना गांव निवासी दिनेश पुत्र शोभा राम ने अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया। उसका गंभीर हालत में जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# सुरक्षा के प्रति सचेत रहें हमारे जवान

बहराइच

**अमृत विचार।** जिले में लोकसभा चुनाव में सुरक्षा के लिए दूसरे जनपद से सीआरपीएफ और पुलिस के जवान आए हुए हैं। जिनके ब्रीफिंग शनिवार शाम को पुलिस लाइन में हुई प्रेरक्षकों के साथ जिले के अधिकारियों ने उनको संबोधित किया।

जिले में चौथे चरण का चुनाव 13 मई को होना है। इसके लिए प्रदेश के दूसरे जिले से पुलिस और होमगार्ड सीआरपीएफ के जवान काफी मात्रा में हैं। लोकसभा चुनाव में उनकी तैनाती और ड्यूटी को लेकर शनिवार शाम ब्रीफिंग हुई। उपस्थित पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों को सामान और पुलिस प्रेक्षक ने संबोधित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि सभी जवान बिना दबाव के अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने कहा कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में मुस्तैद रहें सुरक्षा पर चौकस नजर रखें जिससे घटनाएं न हो अगर कहीं भी किसी घटना की जानकारी होती है तो मौके पर पहुंचकर उच्च अधिकारियों को जानकारी दें, जिससे समय से उसे पर अंकुश पाया जा सके। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, नगर रामानंद कुशवाहा, सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी, एलआईयू समेत और विभागों के पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में बाहर से आई फोर्स को ब्रीफ करते अधिकारी। अमृत विचार

# एनपीएस कटौती बंद करे सरकारः द्विवेदी

धनघटा, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री डॉ संजय द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि सरकार कर्मचारियों के वेतन से एनपीएस की कटौती कर रही है किंतु अप्रैल 2023 से अप्रैल 2024 तक कटौती की गई कर्मचारी अंशदान का रुपया प्रान एकाउंट में प्रदर्शित नहीं हो रहा है।

आदर्श इंटर कालेज उमरिया बाजार में आयोजित शिक्षक संवाद कार्यक्रम में उन्होने कहा कि विभाग कहता है कि सरकार ने एक वर्ष से एनपीएस का बजट निर्गत नही किया है। जब सरकार एनपीएस का राज्यांश नही दे पा रही है और तो कर्मचारियों के वेतन से एनपीएस क्यों काटा जा रहा है। सरकार जब तक राज्यांश का बजट नही देती तब तक एनपीएस की नियमित कटौती बंद किया जाय। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेश राम व संचालन इकाई मंत्री मनीराम ने किया। शिक्षकों ने एनपीएस अपडेट न होने व जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में आवाज उठाई। दौरान विंध्याचल सिंह, जयहिंद, शिवजीत कुशवाहा, प्रधानाचार्य जयप्रकाश सिंह, मनीराम, प्रवीण कुमार यादव, राहुल शुक्ला, समर पाल यादव सुशील मौर्य, समसुद्दीन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### अन्य विद्यालयों में भी हुआ शिक्षक संवाद

**संतकबीरनगर।** शिक्षक संवाद कार्यक्रम का आयोजन राम कृष्ण परमहंस इंटर कालेज मुखलिसपुर, रामेश्वर प्रसाद मौर्य स्मारक इंटर कालेज ठकुराडांडी, दिव्यांश पब्लिक स्कूल बगही में भी सम्पन्न हुआ। जिलाध्यक्ष महेश राम ने कहा कि शिक्षक साथ दें तो जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध आक्रामक संघर्ष किया जायेगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सतीश कुमार भारती, रमेश यादव, प्रदीप कुमार, अनिल पांडेय, चंद्रदेव, घनश्याम सिंह राणा, महबूब आलम, जनार्दन पांडेय, पंकज, प्रमोद चौधरी, राम प्रकाश मौर्य, सत्येंद्र, श्रीकांत, सुशील सिंह, गौरव मौर्य, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### माशिसं का ग्रीष्म कालीन शिविर 10 जून को

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का ग्रीष्मकालीन शिविर 10, 11 व 12 जून को शुकताल मुजफ्फरनगर में आयोजित होगा। सम्मेलन में प्रदेश के सभी 75 जनपदों से हजारों शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। इस आशय की जानकारी प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह व प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने संयुक्त रूप से दी है।

# कुशिंग सिड्रोम का ऑपरेशन कर बचाई युवती की जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज ने आठ मई को कामयाबी की एक और इबारत लिख दी। कॉलेज के प्राचार्य ने एंडोक्रोनोलॉजिस्ट, कैंसर रोग विशेषज्ञ व गैस्ट्रो सर्जन की मदद से कुशिंग सिड्रोम का पता लगाया और फिर लेप्रोस्कोप विधि से ऑपरेशन कर युवती की जान बचाई। प्राचार्य के मुताबिक जीएसवीएम में कुशिंग सिड्रोम का पहला ऑपरेशन हुआ है।

शहर की रहने वाली 28 वर्षीय युवती करीब एक साल से वजन बढ़ने, शरीर में कमजोरी, उठने-बैठने में तकलीफ होने, शरीर में बैंगनी रंग के चकत्ते पड़ने, माहवारी की समस्या, शुगर आदि बढ़ने की समस्या से पीड़ित थी। युवती ने शहर के कई नामी अस्पतालों में इलाज कराया, लेकिन आराम नहीं मिला। अप्रैल में युवती जीएसवीएसएस की पीजीआइ के एंडोक्रोनोलॉजी विभाग की ओपीडी में परामर्श लेने पहुंची। यहां एंडोक्रोनोलॉजिस्ट डॉ.शिवेंद्र वर्मा ने लक्षण के आधार पर युवती को कुछ जांच लिखने के साथ ही एमआरआई कराने की सलाह दी।

एंडोक्रोनोलॉजिस्ट डॉ.शिवेंद्र वर्मा ने बताया कि जांच में एसीटीएच शून्य था। पोटैशियम कम था और कार्टिसोल बढ़ा था। इसके बाद युवती के ब्रेन की एमआरआई कराई, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो सका कि ऐंड्रिनियल ग्रंथि किस वजह से बढ़ रही है। सटीक जानकारी के लिए पेट का सीटी स्कैन कराया गया, जिसमें दाईं तरफ किडनी के ऊपर गांठ मिली, जो दो सेंटीमीटर की थी।

### असलहा लेकर डांस करते युवक का वीडियो वायरल

**संतकबीरनगर ।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम भगवान पुर में आई एक बारात की द्वारपूजा के दौरान एक युवक की असलहे के साथ डांस करने की वीडियो वायरल हो रही है। ग्राम भगवान पुर निवासी भजुराम राजभर की पुत्री रीमा की शादी के लिए बारात आई थी। द्वारपूजा के दौरान गांव के ही युवक सुजीत पुत्र सनोज राजभर भी पहुंचा और अवैध असलहा लहराते हुए डीजे की धुनों पर डांस करने लगा। उक्त युवक ने असलहे के साथ डांस करते अपनी विडियो को इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**नानपारा,अमृच विचार।** थाना क्षेत्र के मिहींपुरवा मार्ग स्थित कहारनपुरवा के पास शनिवार की रात बाइक सवार मोतीपुरवा रजकपूर नानपारा निवासी जमुना प्रसाद उम्र 30 को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।सूचना पाकर मृतक के बदहवास परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार की शाम नानपारा बाजार खरीदारी करने गया था तभी रास्ते में हादसे का शिकार हो गया। बाइक चालक हेलमेट नहीं लगाया था। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

## वर्ग पहेली-67

**बाएं से दाएं**

1. महीने-महीने, हर महीने, मासिक, प्रतिमास।
3. रोब, रुआब, दबदबा।
6. आसमान में उड़ने वाला जहाज़, वायुयान।
9. बड़े-बड़े टुकड़ों वाला काला नमक।

**ऊपर से नीचे**

2. बेतार प्रणाली (वायरलैस) द्वारा इंटरनेट के माध्यम से कंप्यूटरों में परस्पर संपर्क स्थापित करने तथा सूचना एवं आँकडों को आदान-प्रदान करने का एक स्थानीय संचार जाल (लोकल एरिया नेटवर्क) जिसके लिए उच्च आवृत्ति की रेडियो तरंगों का प्रयोग किया जाता है।
4. 1. किसी शुभ अवसर पर अथवा किसी अच्छे कार्य के पूर्ण होने पर दिया जाने वाला संदेशा, मुबारकबाद 2. शुभ अवसर पर गाया जाने वाला गाना; मंगलाचार 3. बधावा, उत्सव 4. उक्त शुभ अवसर पर संबंधियों को दिया जाने वाला धन।
5. 1. व्यवस्थापक 2. प्रबंध करने वाला, प्रबंधक 3. एक पदवी।
7. हाथी की पीठ पर रख कर ले जाई जाने वाली पुरानी तोप, गजनाल।
8. 1. स्वर्ग 2. पानी, जल 3. ब्रह्म 4. पृथ्वी 5. सहारा, आश्रय 6. दूध पीने वाला बछड़ा 7. किसी वस्तु को सुरक्षित रखने का स्थान 8. अग्नि 9. संमति।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 |
| | | | | | | |
| 5 | | | | | | |
| 6 | | | | 7 | | |
| | | | | | | 8 |
| | | | | | | |
| | | 9 | | | | |

### वर्ग पहेली -66 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 सौ | | | | 2 जु | |
| 3 जा | र | क | | 4 अँ | ग | ना |
| | दि | | 5 उ | | जु | |
| 6 जी | व | नो | प | यो | गी | |
| | स | | जी | | | 7 पू |
| 8 भा | | | व | | | र |
| 9 न | वी | नी | क | र | ण | |

## सुडोकू-146

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | 2 | | 3 |
| | 2 | | | | 3 | | | 4 |
| | 5 | | | | | | | 7 |
| | | 3 | 4 | | | | | |
| | | 8 | | | | 9 | | |
| | | 1 | | 7 | 9 | 6 | | |
| 6 | | | 8 | | | | 1 | |
| 4 | | | 9 | | | | | |
| 7 | | 9 | | | | | | |

### सुडोकू -145 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 1 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 9 | 8 | 1 | 2 | 7 | 5 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 | 7 |
| 7 | 1 | 6 | 8 | 5 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 7 | 4 | 1 | 2 | 9 | 8 | 3 |
| 1 | 3 | 2 | 7 | 9 | 8 | 5 | 6 | 4 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 मई रविवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 13 मई 02.03 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 10.27 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** — आज विवाह से जुड़े मामलों में परिवार में चर्चा हो सकती है। संभव है कि आप परिजनों के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जाएं। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। व्यवसाय में लाभ तो होगा,लेकिन तनाव भी बढ़ सकता है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृष** — आज प्रतिद्वंद्वी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे। वैवाहिक जीवन की परेशानियों का निवारण होगा। आप घर पर आराम करना पसंद करेंगे। धार्मिक कार्यों में आप काफी रुचि लेंगे। अधिकारियों से आपको काफी अच्छा सहयोग प्राप्त होगा। आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

**मिथुन** — आज महंगे उत्पादों की खरीदारी में धन खर्च हो सकता है। गुप्त शत्रुओं से छुटकारा मिल सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण कार्यभार मिल सकता है। व्यापार में आपको पार्टनरशिप करनी पड़ सकती है।

**कर्क** — आज धन की उधारी करने से बचना चाहिए। परिजनों से आप नाखुश हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण हो सकता है। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करने से पहले आपको उसकी योजना अच्छी तरह से बना लेनी चाहिए।

**सिंह** — आज का दिन कार्यक्षेत्र के दृष्टिकोण से भाग्यशाली रहेगा। समाज में आपका यश बढ़ेगा। बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप अपनी कमियों का मूल्यांकन करेंगे जिससे आपके काम की गुणवत्ता में निखार आएगा।

**कन्या** — आज अटके हुए मामलों को समझदारी पूर्वक सुलझा लेंगे। पिता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपकी योजना सफल होगी। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। विदेशों में रह रहे प्रवासियों के लिए दिन शानदार है।

**तुला** — आज अपनी व्यवसायिक नीतियों में बदलाव ला सकते हैं। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी,किंतु किसी पुरानी गलती को लेकर पश्चाताप होगा। आपको बोलते समय शब्दों पर नियंत्रण रखना चाहिए। छात्र पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज अपनी कार्यप्रणाली में कोई बड़ा बदलाव न करें। गर्भवती महिलाओं को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना होगा। शांत होकर परिस्थितियों का अवलोकन करें। असंतुलित खानपान के कारण गैस और पेटदर्द की समस्या हो सकती है।

**धनु** — आज राजनेताओं के जनसंपर्क का दायरा विस्तृत होगा। घर में मेहमानों का आगमन होने की संभावना है। योग और मेडिटेशन को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार देखने को मिलेगा।

**मकर** — आज गलतफहमी को लेकर रिश्तों में अनबन हो सकती है। भावनाओं में बहकर महत्वपूर्ण बातों को सबके सामने शेयर न करें। व्यवसाय में गति सामान्य रहेगी। आपको कारोबार में बड़े बदलाव करने से बचना चाहिये। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है।

**कुंभ** — आज सरकारी जॉब कर रहे लोग छुट्टी के लिए विचार कर सकते हैं। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। घर के लिए किसी महंगे सामान की खरीदारी कर सकते हैं। अपने लक्ष्यों को लेकर एकाग्र रहेंगे, लेकिन आप अपनी उपलब्धियों से सतुष्ट नहीं रहेंगे।

**मीन** — आज युवाओं को अपने करियर की चिंता रहेगी। अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। धार्मिक क्रियाओं में आपका मन लगेगा। पीठ के दर्द से जूझना पड़ सकता है। घर के सदस्यों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
होते होते प्यार हो गया — दोपहर : 12.00
देवता — रात : 07.48

&pictures
सर्कस — सुबह : 10.57
कंजूस मक्खीजूस — रात : 08.00

SONY PIX
सीजे 7 — सुबह : 11.09
जस्टिस लीग — रात : 09.00

ZEE CINEMA
ब्लैंक — सुबह : 09.10
भारत — शाम : 04.25

colors CINEPLEX
रुध्रन — दोपहर : 01.11
ओएमजी 2 — शाम : 06.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 04.25 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा- यह सामने वाला होटल कितना साफ है। हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा-मेहरबानी करो यार, कम-से-कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बाते मत किया करो।

लड़के वाले- आपकी लड़की क्या करती है?
लड़की वाले- जी, इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करती है।
लड़के वाले- समझे नहीं।
लड़की वाले- गूगल से शायरियां उठाती है और वाट्सऐप पर चिपकाती है।

## एक नजर

### अखंडनगर में विद्युत आपूर्ति चरमराई, बढ़ी परेशानी

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार: जनपद के पूर्वी छोर पर स्थित अखंडनगर ब्लॉक के बरामदपुर, मुरादाबाद, सजमपुर, कराई आदि गांव की बिजली आपूर्ति अत्यंत खराब है। आए दिन बिजली की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो जाती है। जब ठीक रहती है तब बार बार की कटौती से लोग परेशान हैं। इन गांवों की दूरी विद्युत उपकेंद्र अखंड नगर से लगभग 16 किमी है। जिसके कारण बीच में लाइन फाल्ट अधिक आता रहता है। उसका खामियाजा क्षेत्र के लोग भुगत रहे हैं।

### नुक्कड़ नाटक में मतदान के प्रति किया जागरूक

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार: सेंट जेवियर्स स्कूल दोस्तपुर के छात्र छात्राओं ने शनिवार को दोस्तपुर नगर पंचायत क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकालकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। नारे लगाते हुए लोगों को निश्चित रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक कुशाग्र बरनवाल, प्रधानाचार्य अमित कुमार श्रीवास्तव, शिक्षकगण एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### पांच लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार: आबकारी निरीक्षक कादीपुर नेहा श्रीवास्तव को सूचना मिली कि बरवारीपुर के रणवीर राजकुमार इंटर कॉलेज के पास से गांव जाने वाली सड़क पर एक व्यक्ति अवैध शराब के साथ खड़ा है। सूचना पर हमराहियो के साथ मौके पर पहुंची आबकारी निरीक्षक ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान पिचाली निषाद निवासी राईबिगो चंदेलपुर कादीपुर के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंदा

## गुस्साये परिजनों ने सड़क पर शव रखकर लगाया जाम, अधिकारियों के समझाने पर माने परिजन

सूरापुर, सुलतानपुर

अमृत विचार: कस्बे में बाइक सवार युवक को एक तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में मौके पर ही युवक की मौत हो गई। परिजनों ने शव को घर के सामने रख कर यातायात बाधित कर दिया। सूचना पर पहुंचे पुलिस के उच्चाधिकारियों ने समझा बुझाकर यातायात बहाल कराया। इस दौरान करीब दो घंटे तक यातायात रहा बाधित।

सूरापुर चौक से चंद कदम दूर कादीपुर रोड पर तवक्कलपुर नगरा निवासी 30 वर्षीय गजेन्द्र पुत्र जवाहिर को उच्च भार वाहन ने रौंद दिया। गंभीर रूप से घायल गजेन्द्र को लोग कस्बे में निजी चिकित्सक के पास ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों ने लखनऊ बलिया राजमार्ग बाधित कर प्रदर्शन करने लगे। सूचना पर कादीपुर क्षेत्राधिकारी विनय गौतम, थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह, चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह हमराहियों के साथ पहुंचे। जाम लगभग दो घंटे तक चलता रहा। इस दौरान वाहनों की लम्बी कतार लगी रही। क्षेत्राधिकारी कादीपुर विनय गौतम ने बताया कि वाहन व चालक पकड़े गए हैं। चालक की पहचान एटा जिले के रवि के रूप में की गई है। मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद परिजन मानें और जाम खोला।



अधिकारियों से बातचीत करते पीड़ित परिजन व इनसेट में गजेंद्र की फाइल फोटो।

### बिजली मैकेनिक था गजेंद्र

मृतक गजेन्द्र तीन भाइयों में मझला था। पंखा और लाइट मैकेनिक का काम करता था। परिजनों ने बताया कि दो वर्ष पूर्व मृतक की शादी हुई थी। अभी कोई संतान नहीं है। बड़ा भाई जयमाल डेकोरेशन व हाइड्रोलिक का काम करता था, लेकिन कुछ वर्ष पूर्व उसका एक तरफ का अंग काम करना बंद कर दिया। तब से मृतक गजेन्द्र उसका सहारा बना हुआ था।

### बाइक की ठोकर से युवक घायल, केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर: बाइक के टक्कर मार देने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। कोतवाली क्षेत्र के मलिकपुर नोनरा गांव के रंजीत को बीते 25 अप्रैल को एक पल्सर बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। शनिवार को पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अज्ञात कारणों से घर में लगी आग, लाखों का नुकसान



आग लगने से जली बाइक।

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार: अज्ञात कारणों से एक घर में आग लग गई, जिसमें घर में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। क्षेत्रीय लेखपाल राघव राम यादव ने बताया कि आकलन करके रिपोर्ट बल्दीराय तहसील प्रशासन को भेजी जाएगी। बल्दीराय थाना क्षेत्र के नंदौली गांव निवासी अफसार अहमद पुत्र मुश्ताक अहमद के घर में शुक्रवार की रात अचानक आग की लपटें उठने लगी। परिवार के लोग कानपुर शादी समारोह में गए हुए थे। लपटों को देखकर पडोस के लोग घर की तरफ दौड़े और गांव वालों ने आग बुझाई। जब तक आग पर काबू पाया जाता घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। गांव वालों की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया गया। इस हादसे में मोटरसाइकिल,दहेज का सामान,चारपाई, गेहूं, सरसों,जेवरात व नगदी आदि सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारणों का अभी पता नहीं चला है।

# ईवीएम प्रबंधन के दूसरे चरण का रेंडमाइजेशन

- प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी और प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी रहे मौजूद

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: शनिवार को जिला सूचना विज्ञान केंद्र में ईवीएम प्रबंधन प्रणाली के दूसरे चरण का हुआ रेंडमाइजेशन कराया गया। प्रेक्षक रंजीत कुमार जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में रेंडमाइजेशन कराया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव पारदर्शी व निष्पक्ष कराए जाने के लिए ईवीएम प्रबंधन प्रणाली की जानकारी प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों को दी। दूसरे रेंडमाइजेशन के बाद 187 विधानसभा इसौली के 389 मतदेय स्थलों के सापेक्ष मतदेय स्थलवार ईवीएम, वीवीपैट का आवंटन किया गया। जिसमें कुल 486 ईवीएम व 521 वीवी पैट 389 के अतिरिक्त रिजर्व आवंटित किया। गया। 188 विधानसभा सुलतानपुर निर्वाचन क्षेत्र के 400 मतदेय स्थलों के सापेक्ष 500 ईवीएम व 536 वीवीपैट आवंटित किया गया। 189-सदर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के 378 मतदेय स्थलों के सापेक्ष 472 ईवीएम व 506 वीवीपैट आवंटित किया गया।190 विधानसभा लंभुआ निर्वाचन क्षेत्र के 417 मतदेय स्थलों के सापेक्ष 521 ईवीएम व 558 वीवीपैट आवंटित किया गया।191 विधानसभा कादीपुर निर्वाचन क्षेत्र के 407 मतदेय स्थलों के सापेक्ष 508 ईवीएम 545 वीवीपैट आवंटित किया गया। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ला, सभी एसडीएम एआरओ प्रत्याशियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



विकास भवन के एनआईसी में चुनाव को लेकर हुई बैठक में मौजूद कर्मचारी व जनप्रतिनिधि।

# संघर्ष से ही मिलती है सफलता: वत्स

- सूचना आयुक्त ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर्स को किया सम्मानित

कादीपुर/करौंदीकला, सुलतानपुर

अमृत विचार: क्षेत्र के हरीपुर स्थित पं. लालता प्रसाद पब्लिक स्कूल में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि सूचना आयुक्त वीरेंद्र सिंह वत्स ने संबोधित करते हुए कहा कि संघर्ष से ही सफलता मिलती है। उन्होंने युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार पर विशेष ध्यान देने की बात कही इस अवसर पर सूचना आयुक्त श्री सिंह ने उपस्थित अभिभावकों व क्षेत्र वासियों से मतदान में अपील करते हुए पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन पर जोर देने की बात कही।

सूचना आयुक्त ने कहा कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा पहला कदम है। उन्होंने कहा कि आज तक आप सभी अपने परिजन व अभिभावक की देख रेख में शिक्षा ग्रहण किए, आगे की शिक्षा के लिए लगन और मेहनत की जरूरत है। श्री सिंह ने बच्चों को शिक्षा तथा लक्ष्य के लिए कई महत्वपूर्ण टिप्स दिया। कथा वाचक डॉ मदन मोहन मिश्र ने कहा कि बल और बुद्धि दोनों के समन्वय से ही सफलता अर्जित की जाती है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त कर इंजीनियर, डॉक्टर, आईएएस की पढ़ाई करना ही महत्वपूर्ण लक्ष्य नहीं है समाज का एक अच्छा इंसान बनना भी महत्वपूर्ण है। इस मौके पर आरके मिश्रा, फौजदार दूबे, संजय सिंह, सर्वेश मिश्र आदि रहे। प्रबंधक अमरीश मिश्र ने मुख्य अतिथि श्री वत्स को स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा व अंगवस्त्र प्रदान किया। संचालन एसपी सिंह ने किया।



करौंदीकला में आयोजित कार्यक्रम में मेधावियों को सम्मानित करते सूचना आयुक्त वीरेंद्र वत्स।

# पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने रवानगी स्थल मण्डी समिति अमहट व केंद्रीय विद्यालय अमहट का निरीक्षण अधिकारियों के साथ किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने निरीक्षण के दौरान बैरिकेडिंग, पार्किंग, प्रकाश, सीसीटीवी कैमरा, पेयजल, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था आदि के तैयारियों की जानकारी ली। विधान सभावार स्थापित स्ट्रांग रूम निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी स्ट्रांग रूम अधिशासी पीडब्ल्यूडी एसएम त्रिपाठी ने बताया कि सभी स्ट्रांग रूम तैयार कर लिये गये हैं। कृषि उत्पादन मण्डी परिसर की साफ-सफाई व पेयजल व्यवस्था भी पूर्ण किये जाने पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लाल चंद्र सरोज की जिला निर्वाचन अधिकारी ने की सराहना की। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव शुक्ला द्वारा स्थलों का गहनता से निरीक्षण किया गया। उन्होंने वेरिकेटिंग, सीसीटीवी कैमरे, जाली लगाने, मोबाइल टायलेट, पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, ईवीएम कमीशनिंग आदि के सम्बन्ध में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर सभी एसडीएम एआरओ मौजूद रहे।




रवानगी स्थल का निरीक्षण करतीं डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना।

# कुड़वार में चार विद्यालय कराए बंद

संवाददाता, सुलतानपुर

**सख्ती**

- एक को दी चेतावनी, मझना, हाजीपट्टी में बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों पर कार्रवाई

अमृत विचार: बिना मान्यता के संचालित किए जा रहे विद्यालयों के खिलाफ चल रहा अभियान शनिवार को भी जारी रहा। बीएसए के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी ने आज भी अवैध रूप चल रहे चार विद्यालयों के दरवाजे पर ताला जड़ दिया। वहीं एक स्कूल को मान्य कक्षाओं तक ही संचालित करने की चेतावनी दी।

कुड़वार ब्लॉक के बीईओ सुधीर कुमार सिंह शनिवार को अपनी टीम के साथ मझना ग्रामसभा पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीमती ज्ञानदेवी शिक्षण संस्थान का निरीक्षण किया, जो की कक्षा 6 से आठ तक संचालित किया जा रहा था। बीईओ के मांगने पर विद्यालय का संचालन करने वाले मान्यता संबंधी कोई भी अभिलेख नहीं प्रस्तुत कर सके। जिस पर स्कूल को तुरंत बंद करते हुए ताला लगा दिया। इसी तरह मझना में ही ज्ञानोदय शिक्षण संस्थान भी बगैर मान्यता के संचालित होते मिला,इसे भी बंद करा दिया गया। इसके बाद टीम ने खोखीपुर में बिना मान्यता के चल रहे हंस वाहिनी पब्लिक स्कूल को बंद करवाया गया। वहीं,रामापुर हाजी पट्टी में सूबेदार मेजर के.आर शिक्षण संस्थान के प्रबंध तंत्र को चेतावनी दी गई की विद्यालय की मान्यता के अनुसार सिर्फ कक्षा 6 से 10 तक की ही कक्षाएं संचालित करें। कक्षा एक से पांच तक के बच्चों का प्रवेश बगैर मान्यता के न लें। अगर निर्देशों का पालन न किया तो कार्रवाई की जाएगी। उनके साथ ईएमआईएस रंजीत सिंह आदि मौजूद रहे। बीईओ सुधीर सिंह ने बगैर मान्यता के चल रहे स्कूल के प्रबंधतंत्र को चेतावनी देते हुए कहा है कि ये अभियान जारी रहेगा। बंद कराए गए स्कूल पुनः चलते मिले तो उन पर एक लाख रुपए जुर्माना किया जायेगा। इसके साथ ही दस हजार रुपए प्रतिदिन के हिसाब से भी जुर्माना लिया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों को भी जागरूक करते हुए अपने बच्चों का प्रवेश मान्यता प्राप्त स्कूलों या सरकारी विद्यालयों में कराने की नसीहत दी है।

## सार-संक्षेप

### तू कितनी अच्छी है, प्यारी मां...



मदर्स डे पर बच्चों ने प्रस्तुत किया कार्यक्रम।

सुलतानपुर, अमृत विचार: सीताकुंड स्थित हैलो चैंप्स स्कूल में शनिवार को मातृ दिवस कार्यक्रम कक्षा एलकेजी से कक्षा 5 तक के छात्रों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के प्रबंधक संदीप सिंह ने किया। संस्थान की प्रिंसिपल साक्षी श्रीवास्तव के नेतृत्व में सभी कक्षाओं के अध्यापकों के सहयोग से मातृ दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के लिए नृत्य प्रस्तुत करके अपना प्रेम प्रदर्शित किया। छोटे-छोटे बच्चे रंग बिरंगे परिधान में संस्थान में उपस्थित हुए। इस मौके पर अकादमिक प्रमुख अदिति पांडेय ने छात्रों को अपनी माताओं के लिए कुछ रचनात्मक करने के लिए प्रेरित किया।

### सीएम व पीएम के बारे में आपत्तिजनक वीडियो वायरल, केस

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार: पीएम व सीएम को अपमान जनक शब्द बोलना युवती को महंगा पड़ गया। जिसका विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो को पुलिस ने जांच में सही पाया तो युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। सपा प्रत्याशी के एक कार्यक्रम के दौरान गोसाईगंज थाना क्षेत्र के चांदपुर सैदोपट्टी निवासी सरिता यादव उर्फ गुड्डा पुत्री हरिपाल यादव ने पीएम व सीएम को गाली गलौज दी थी। जिसका विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। वायरल विडियो को कोतवाली नगर में तैनात उपनिरीक्षक कृष्ण प्रसाद वर्मा ने जांच पड़ताल की तो ममला सही पाया गया। जिस पर उपनिरीक्षक ने नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय ने मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की है।

### लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव बने सुनील शुक्ला



सुलतानपुर, अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने हलियापुर थाना क्षेत्र के सिकरी गांव निवासी सुनील कुमार शुक्ला को लोहिया वाहिनी की कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव नामित किया है। सुनील शुक्ला पूर्व में प्रदेश सचिव का भी दायित्व बखूबी निर्वहन कर चुके है। राष्ट्रीय सचिव नामित होने के बाद सुनील शुक्ला ने कहा की पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है, उसको मेहनत व ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाते हुए पार्टी को मजबूत करने का प्रयास करूंगा। राष्ट्रीय सचिव नामित होने के बाद राशिद खान, शोएब, सोनू, बृजेश मिश्रा, बाबा, अवनीश कनौजिया, हिमांशु बघेल सहित दर्जनों लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए बधाई दी।

### नकाबपोशों ने सर्राफ को घायल कर लूटे आभूषण व नकदी

- घायल व्यवसायी को पुलिस ने भेजा सीएचसी, मेडिकल कालेज रेफर

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार: दुकान बंद कर घर लौट रहे सर्राफा व्यवसायी पर दो नकाबपोशों ने हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप घायल हो गया। मौका देख उसके पास रखा जेवरात व नकदी लेकर बदमाश फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी भेजा जहां मौजूद चिकित्सको ने उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के मुडिला बाजार निवासी दिनेश बरनवाल पुत्र बाबूराम की क्षेत्र के गांगूपुर पींथीपुर गांव की बाजार में सरार्फा की दुकान किए हैं। शनिवार की देर शाम वह दुकान बंद कर रिहायकपुर दुल्हापुर मार्ग से घर की तरफ आ रहा था। जैसे ही वह नचनिया बाबा स्थान के पास पहुंचा था कि बाइक सवार दो नाकाबपोश बदमाशों ने उस पर हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया इसी बीच हमलावर उसके पास रखा हुआ आभूषण व नगदी लेकर फरार हो गए। रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने इसकी सूचना थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय को दी। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां घायल के सर से खून रूकना नहीं बंद हो रहा था। सीएचसी पर मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कालेज सुलतानपुर रेफर कर दिया।

# अभिनव मिस्टर तो रिया बनीं मिस फेयरवेल

- राणा प्रताप कॉलेज के अंग्रेजी विभाग में विदाई समारोह

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार: राणा प्रताप पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कोमल कनौजिया एवं प्रतिमा मिश्रा ने सरस्वती वंदना के साथ किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डीके त्रिपाठी, पूर्व प्राचार्य प्रो एमपी सिंह बिसेन, अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष प्रो निशा सिंह, मैडम ज्योति सक्सेना, डॉ संतोष अंश का स्वागत विद्यार्थियों ने बैज लगाकर, बुके और स्मृति चिन्ह देकर किया।

स्वागत गीत बीए फर्स्ट ईयर की छात्रा सृष्टि सिंह ने किया। बीए थर्ड ईयर के छात्र दीपांशु मौर्य ने कविता के माध्यम से अपने 3 वर्ष के अनुभव को साझा किया। बीए थर्ड ईयर के छात्र संतोष कुमार ने विदाई गीत गया। बीए तृतीय वर्ष के छात्र एवं छात्राओं के बीच म्यूजिकल चेंयर और कैटवॉक करवाया गया। जिसमें तीन छात्र और छात्राओं को चुना गया। तीन छात्र में से एक तथा तीन छात्राओं में से एक को माइंड बेस प्रतियोगिता के माध्यम से मिस्टर फेयरवेल और मिस फेयरवेल चुना गया। मिस्टर फेयरवेल अभिनव कुमार मिश्र बने। मिस फेयरवेल रिया वर्मा को चुना गया।

# स्टेशन के बाहर बनेगा पार्किंग स्थल, चल रही कवायद

- पहले चरण में स्टेशन का सौंदर्यीकरण और दूसरे चरण में बनेगा पार्किंग स्थल

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन के कायाकल्प होने के चलते पार्किंग स्थल गड्ढे में तब्दील हो गया है। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन के बाहर आरपीएफ थाने के सामने बने आवासीय भवन को तोड़कर पार्किंग स्थल बनाए जाने की कवायद चल रही है। जिसका खाका तैयार कर अधिकारियों ने मुख्यालय भेज दिया है।

36 करोड़ के धनराशि से सुलतानपुर रेलवे स्टेशन का अमृत भारत योजना के तहत कायकाल्प चल रहा है। साथ ही स्टेशन पर बने महकमे के विभिन्न दफ्तरों को दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर स्टेशन परिसर को बेहतर बनाने का कार्य चल रहा है। जिसके चलते स्टेशन के बाहर की पार्किंग स्थल बड़े गड्ढे में तब्दील हो गई है। जिसके चलते यात्रियों व स्टेशन पर आने वाले लोगों के वाहनों के पार्किंग की अव्यस्था हो रही है। वहीं सूत्रों की मानें तो पार्किंग के ठेके का पैसा विभाग के जमा हो गया है, लेकिन उन्हें पार्किंग स्थल नहीं मिल रहा है। पार्किंग स्थल को लेकर अधिकारियों ने खाका तैयार कर बोर्ड को भेज दिया है। अधिकारियों की मानें तो आरपीएफ थाने के सामने जो आवासीय भवन बने हैं। उन्हें तोड़कर पार्किंग स्थल बनाया जायेगा। आवासीय परिसर में रह रहे लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट किया जायेगा। पहले चरण में स्टेशन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कार्य पूरा हो जाने के बाद दूसरे चरण में आवासीय भवन को तोड़कर पार्किंग स्थल का कार्य किया जायेगा। फिलहाल यह कब और कितने बजट से होगा, इसकी जानकारी देने से अभी अधिकारी कतरा रहे हैं।




रेलवे स्टेशन सुलतानपुर। अमृत विचार

> अभी स्टेशन के कायाकल्प का कार्य चल रहा है। इसके बाद पार्किंग स्थल का निर्माण होना है। कब और कितनी लागत से पार्किंग स्थल बनेगा इसकी जानकारी अभी नहीं मिली है।
>
> -बीएस मीना, स्टेशन अधीक्षक सुलतानपुर

**आयोजन** हमें जाति, धर्म, वर्ग देख मतदान नहीं करना चाहिए : श्रीप्रकाश राणा, प्रताप महाविद्यालय में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

# मतदाता जागरूकता के जरिए भाजपा को मजबूती दे रहा ‘ संघ‘

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के बहाने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भाजपा के पक्ष में जमीन तैयार करने और पार्टी की स्थिति का आकलन करने में जुटा है। महाविद्यालयों, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों के बीच जाकर संघ के पदाधिकारी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करा रहे हैं और इसी के साथ मतदाताओं की नब्ज भी टटोल रहे हैं। राष्ट्रहित, जाति, धर्म से ऊपर उठकर मतदान करने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं।

शनिवार को राणा प्रताप पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रमुख श्रीप्रकाश ने कहा कि समाज में जहां- जहां अज्ञानता एवं उदासीनता है वहां हमारी भूमिका उदासीनता दूर करने की होनी चाहिए। लोकतांत्रिक प्रक्रिया का शुभारंभ हुआ है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भारत को और सशक्त बनाने में हमारी भूमिका क्या है? यह हमें तय करना होगा। समाज के जागरूक नागरिक होने के नाते हमारी भूमिका हमें अनिवार्य रूप से निश्चित करनी होगी। हमारी भूमिका समाज को जगाने की रही है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के उदासीन लोग यह सोचते हैं कि यह चुनाव राजनीतिक दलों के लिए है, हमारा कार्य नौकरी करना, परिवार चलाना है। युवा मतदाताओं का मतदान प्रतिशत कम होता जा रहा है। जो चिंतनीय है। वो मतदाता बन तो गए हैं पर मतदान नहीं करते। हमें जाति धर्म ,वर्ग, देख मतदान नहीं करना चाहिए। समाज का आम नागरिक देश के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। कहा कि इस चुनाव में अब हम मतदाता तो नहीं बना सकते पर जो मतदाता हैं उन्हें बूथ तक अवश्य ले जाएं। मतदान से समाज ,संस्कृति ,देश कैसे सुरक्षित होगी यह ध्यान में रखकर करना चाहिए। समाज मे लोगों से संवाद कर मतदान प्रतिशत बढ़ाये।

यहां क्षत्रिय एजुकेशनल एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह एडवोकेट, प्राचार्य प्रो डीके त्रिपाठी, महाविद्यालय के प्रबंधक बालचंद सिंह एडवोकेट, महात्मा गांधी स्मारक इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक प्रो. विनोद सिंह, धनंजय सिंह मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल के प्रबंधक रमेश सिंह टिन्नू आदि ने भी संबोधित किया। संचालन एमजीएस इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह ने किया।




राणा प्रताप महाविद्यालय में कार्यक्रम को संबोधित करते संघ के विभाग प्रमुख श्रीप्रकाश राणा।


## अभिराजी कन्या महाविद्यालय
अमनाईकपुर कादीपुर सुलतानपुर

में स्ववित्त पोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है

**प्राचार्य–** 01 पद

स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत (बी.ए.) पाठ्यक्रम हेतु – प्राचीन इतिहास, गृहविज्ञान, समाज शास्त्र एवं अर्थ शास्त्र प्रत्येक विषयों में 01–01 पद प्रवक्ता की।

**योग्यता एवं वेतनमान –** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 दिवस के अन्दर अपने शैक्षिक अभिलेख की स्वप्रमाणित छाया प्रति के साथ स्वयं या विद्यालय के पते पर सम्पर्क करें।

प्रबन्धक
मो0नं0– 9479933886

## एक नजर

### रिवाल्वर के साथ युवक को पकड़ा, भेजा गया जेल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थानाध्यक्ष ढेबरुआ के नेतृत्व में थाना ढेबरुआ पुलिस व एस एस बी की संयुक्त टीम ने समीउल्लाह पुत्र अजमतुल्लाह निवासी परसपुर बाजार थाना गोल्हौरा जो गोल्हौरा थाने का हिस्ट्रीशीटर है, को एक अवैध रिवाल्वर के साथ ग्राम ढेबरुआ के पास से गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट में जेल भेज दिया गया।

### अपहरण में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** खेसरा पुलिस ने अपहरण में वांछित दो अभियुक्तों को पकड़ न्यायालय भेजा। पुलिस ने शुक्रवार को सुबह नीरज पुत्र साधु शरण निवासी पीडिया तथा बुधीराम पुत्र ओम प्रकाश गोड निवासी खजुरा कला थाना मेहदावल को गिरफ्तार किया। दोनों अभियुक्त विभिन्न धाराओं सहित अपहरण जैसे कांड में वांछित रहे पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को पकड़कर जेल भेज दिया

### किसान संसाधन केन्द्र का किया गया उद्घाटन

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पानी संस्थान द्वारा चलाई जा रही सरल परियोजना के अन्तर्गत तीन ब्लाक (बढ़नी, इटवा, बांसी) के 150 ग्राम पंचायतों में कृषि सम्बन्धित कार्य किया जा रहा है। जो कि किसानों की लागत कम, आय दुगनी और पानी बचत अधिक उत्पादन के लक्ष्यों को लेकर अग्रणी है। जिसके सम्बन्ध में गुरुवार को पानी संस्थान के मुख्य पदाधिकारी भारत भूषण द्वारा विकास खण्ड बढ़नी में एफआरसी सेन्टर किसान संसाधन केन्द्र का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के समय संख्या प्रमुख के साथ परियोजना के प्रबन्धक सुखविन्दर जल बचत के विशेषज्ञ कपिल, कृषि विशेषज्ञ डा भाखन साथ ही विकास खण्ड के ब्लाक कोआर्डीनेटर वीरेन्द्र तथा समस्त पानी संस्था बढ़नी के कार्यकर्ता और 50 किसान मौजूद रहे।

# नेपाल सीमा पर प्रशासन की विशेष नजर

सिद्धार्थनगर



लोकसभा चुनाव

48 मतदान केंद्रों पर काम नहीं करेगा को मोबाइल नेटवर्क

**अमृत विचार।** सीमावर्ती क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क में दिक्कत है। बार्डर पर 48 ऐसे गांव में जहां भारतीय नेटवर्क काम नहीं करता है। सीमावर्ती गांव के लोग नेपाली सिम का प्रयोग करते हैं।

लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर बार्डर पर पुलिस प्रशासन की विशेष नजर है। मतदान के दिन वार्ता होती रहेगी, चुनाव की गतिविधियों की जानकारी मिले, इसके लिए वायरलेस का प्रयोग किया जाएगा। ड्यूटी में लगे सुरक्षाकर्मी वायरलेस से संपर्क में रहेंगे। इसके अलावा भ्रमण करके जहां से नटवर्क होगा वहां से भी जानकारी ली जाएगी। इसे शैडो एरिया घोषित किया गया है। जहां मतदान के दिन पल-पल की जानकारी ली जाएगी। जनपद की 68 किलोमीटर सीमा नेपाल से लगती है। बॉर्डर एरिया में नेटवर्क की समस्या बनी रहती है। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बार्डर के 5 थाना क्षेत्रों के 48 मतदान केंद्र को शैडो एरिया के रूप में चिन्हित किया गया है। ऐसे मतदान केंद्र पर संपर्क बनाए रखने के लिए बैक पैक वायरलेस सिस्टम लगाया जाएगा।

> लोकसभा चुनाव को सकुशल व शांति पूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सभी बिंदुओं पर कार्य कर रही है। बार्डर एरिया के 48 मतदान केंद्र जहां नेटवर्क की समस्या है, उसे शैडो एरिया घोषित किया गया। वायरलेस से लैस कर्मी ड्यूटी करेंगे और पल-पल की जानकारी ली जाएगी।
>
> -प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक

## प्रेक्षकों ने वाहन चेकिंग का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** प्रेक्षक पुलिस एस मल्लिखा द्वारा व्यय प्रेक्षक वाई. आनन्द के साथ विधान सभा कपिलवस्तु के अंतर्गत लछनपुर में सुबह 9 बजे कार्यरत एस एस टी और उसके साथ में कार्यरत एफएसटी द्वारा किए जा रहे वाहनों की चेकिंग का औचक निरीक्षण किया तथा रजिस्टर का अवलोकन भी किया गया। सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित पाए गए, प्रेक्षकों द्वारा अधिक से अधिक वाहनों की जांच करने एवं अन्य आवश्यक निर्देश भी दिए गए।



वाहन चेकिंग का निरीक्षण करतीं प्रेक्षक पुलिस एस. मल्लिखा। अमृत विचार

# मां के साथ बकरी चराने गए बेटे को कुत्तों ने नोचकर मार डाला

## बेटे की चीख नहीं सुन सकी मां, घटना से गांव में मचा रहा हड़कंप

सिद्धार्थनगर



**अमृत विचार।** 12 साल के मुजम्मिल की मां शहरुनिशा को इस बात का मलाल आखिरी दम तक रहेगा कि अगर वह बेटे की पहली चीख सुन पाती तो उसकी जान कुत्तों के झुंड से बचा लेती, भले ही खुद जख्मी हो जाती। यह सब इसलिए हुआ कि वह ऊंचा सुनती हैं। कुत्ते नोचते रहे और बेटा गुहार लगाता रहा, पर उसके कानों तक उसी चीख नहीं पहुंच पा रही थी। जब उसने मुड़कर देखा तो कलेजे का टुकड़ा खून से लथपथ हो चुका था और अंतिम सांसें गिन रहा था। यह दृश्य देखकर वह सकते में आ गई। फिर चीख पुकार शुरू की, लेकिन तबतक तक बेटा हमेशा के लिए उससे दूर जा चुका था।

मौत के बाद जिला मुख्यालय के नौगढ़ डिहवा में मुहल्ले में गम का माहौल है। मुजम्मिल अब्दुल मुईद का सबसे छोड़ा लड़का था। इसके अलावा उससे बड़ा शमशाद (17) और गुफरान (14) हैं। मुजम्मिल बहुत ही होशियार था और सभी का दुलारा था। बकरी पालन इसलिए करते हैं कि कुछ कमाई हो जाती है। पिता भी मेहनत मजदूरी करके बच्चों की परवरिश करता है।

शुक्रवार को का दिन परिवार के लिए बहुत ही मनहूस रहा। मुजम्मिल जिद करके मां के साथ बकरी चराने के लिए निकला था। उसे क्या पता था कि अब वह कभी भी घर नहीं लौटेगा।

### पहले भी हो चुकी हैं दो घटनाएं

जिले के अलग-अलग हलकों में अप्रैल माह में कुत्तों के वहशियाना हमले में दो बच्चे मारे जा चुके हैं। इटवा थाना क्षेत्र के कहरिया सघन गांव में 9 साल के रमज़ान नामक बच्चे को कुत्तों ने 24 अप्रैल को नोचकर मार डाला था। दो माह पहले भी इटवा क्षेत्र में एक बच्चे को नोचकर मार दिया था। लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की।

मां शहरुनिशा भी बेटे की मौत से सदमे में हैं। उसे पूरी जिंदगी बेटे को खोने का मलाल रहेगा। काश वह सुन सकती और कुत्तों के आक्रमण करते ही वह बच्चे की पहले ही चीख पर जान जाती और बचा लेती। गांव के लोगों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर दहशत है। हमले के बाद लोग बच्चों को घरों में कैद कर रखे हैं।

## नकदी समेत चार लाख के जेवर उठा ले गए चोर, दी गई तहरीर

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के देवरिया चमन गांव में चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाया। जिसमें नकदी समेत कुल करीब चार लाख तक के जेवर चोरी कर फरार हो गए। पीड़ितों को सुबह जगने के बाद जानकारी हुई तो डायल-112 पर फोन पर सूचना दी। क्षेत्र के देवरिया चमन गांव निवासी रामभवन पांडेय, सूर्य नारायण पांडेय व सर्वजीत उर्फ व्याकुल चतुर्वेदी के घरों को चोरों ने निशाना बनाया। इन लोगों के परिवारों के सभी लोग खाना खाने के बाद सोने चले गए। चोरों ने रामभवन पांडेय के घर के पीछे लगे जंगले को तोड़कर, सूर्य नारायण पांडेय के घर के पीछे खिड़की का कुंडा तोड़कर व व्याकुल चतुर्वेदी के छत के रास्ते दरवाजा तोड़कर घर में घुसे। इन लोगों को घटना की जानकारी सुबह जगने के बाद हुई। जब घर के पीछे के खिड़की व जंगला टूटा दिखा।

राम भवन का 170 चांदी का सिक्का, पायल, मंगलसूत्र बीस हजार नकदी समेत कुल करीब चार लाख का नुकसान, सूर्यनारायण पांडेय सोने-चांदी के जेवर व दस हजार नकदी समेत कुल करीब दो लाख का नुकसान तथा व्याकुल चतुर्वेदी बीस हजार नकदी समेत सोने चांदी का जेवर आदि करीब चार लाख तक के नुकसान की बात बताई है। मे थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर चंदन कुमार ने कहा कि तहरीर मिली जांच की जा रही है।

# रेलवे ने कराई स्टेशनों पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

गोरखपुर

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा यात्रा के दौरान यात्रियों को सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा अनुभव कराने के क्रम में गर्मी के दृष्टिगत सभी स्टेशनों पर शुद्ध पेय जल की उपलब्धता हेतु पर्याप्त व्यवस्था की गई है। पूर्वोत्तर रेलवे के तीनों मंडलों के विभिन्न स्टेशनों पर यात्रियों के लिये शीतल पेय जल हेतु 223 वाटर कूलर सहित 7,199 पानी की टोटी एवं 1,089 हैंड पम्प कार्यशील हैं।

इस रेलवे के इज्जतनगर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर 78 वाटर कूलर, 1,884 पानी की टोटी एवं 352 हैंड पम्प, वाराणसी मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर 72 वाटर कूलर, 2,281 पानी की टोटी एवं 348 हैंड पम्प तथा लखनऊ मंडल पर विभिन्न स्टेशनों पर 73 वाटर कूलर, 3,034 पानी की टोटी एवं 389 हैंड पम्प कार्यशील हैं। आवश्यकतानुसार अन्य स्थानों पर वाटर कूलर, पानी की टोटी एवं हैंड पम्प लगाये जा रहे हैं तथा खराब वाटर कूलर, पानी की टोटी एवं हैंड पम्प को ठीक कर कार्यशील बनाया जा रहा है। प्रमुख स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीनों के माध्यम से रेल यात्रियों को सस्ते दर पर आर.ओ. वाटर उपलब्ध कराया जा रहा है। 300 मिली. गिलास रू 2 रिफिल एवं रू 3 कंटेनर के साथ 1/2 लीटर बोतल रू 3 रिफिल एवं रू 5/- कंटेनर के साथ 01 लीटर बोतल रू 5 रिफिल एवं रू 8 कंटेनर के साथ 02 लीटर बोतल रू 8 (रिफिल) एवं रू 12 कंटेनर के साथ एवं 05 लीटर बोतल रू 20रिफिल एवं रू 25 कंटेनर के साथ उपलब्ध कराया जा रहा है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## अधिकारियों से मिलकर बताईं कर्मचारियों की समस्याएं

गोरखपुर

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल कार्मिक अधिकारियों से मिला और मिलकर कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया। महामंत्री ने कहा कि एचआरएमएस पर जनवरी 2024 का अर्जित अवकाश और मेडिकल अवकाश नहीं जोड़ा गया है।

उन्होने पीसीओ मे कार्यरत कर्मचारी जो कॉविड-19 में काम किए हैं। उनका बकाया पीसीओ अलाउंस, पीसीओ में रिक्त पदों की भर्ती, यांत्रिक कारखाना के कर्मचारियों की पदोन्नति, यांत्रिक कारखाना कैंटीन की व्यवस्था सुधारने, मोटरसाइकिल स्टैंड ठीक करने, रेलवे बोर्ड के मानक के अनुसार सभी ऑफिसों में ए सी लगाने के संबंध में वार्ता की। जिसपर कार्मिक अधिकारियों ने सकारात्मक उत्तर दिया। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी सतीश अवस्थी, कौशल सिंह, दीपक चौधरी, कुलदीप मणि त्रिपाठी, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, सूरज गुप्ता, अजय त्रिपाठी ,जयप्रकाश सिंह, अंशुमाल पाठक, निशांत यादव, दीपक प्रजापति,अनिल गौतम, बृजपाल सिंह, धीरज यादव, शशि भूषण सिंह, अल्बर्ट पिटर, राजेश चंद्र पांडे, सतीश श्रीवास्तव, सुनील शर्मा ,नवनीत, कैलाश इत्यादि लोग उपस्थित थे ।




### ईवीएम व वीवीपैट का द्वितीय रेंडमाइजेशन संपन्न

**सिद्धार्थनगर , अमृत विचार।** ईवीएम व वीवीपैट का द्वितीय रेंडमाइजेशन प्रेक्षक सामान्य नीमा अरोड़ा की अध्यक्षता व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विकास भवन के एनआईसी कक्ष में सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम कन्डीडेट सेटिंग, फैसीलिटेशन सेंटर, बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं को घर-घर जाकर उनके द्वारा मांग के अनुसार वोटिंग तथा कार्मिकों को ईवीएम ट्रेनिंग कराया जाना है जिसके लिए 15 से 20 मई तक जिला निर्वाचन कार्यालय में ईवीएम कन्डीडेट सेटिंग का कार्य होगा।

## तालाबों से जमकर हो रहा मिट्टी का खनन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिले के ग्राम पंचायत बर्डपुर नं0-1 के पोखरभिटवा गांव से सटे पूर्व तालाब व गनवरिया पवार से सटे तालाब में कई सप्ताह से खुदाई कर मिट्टी को भेजा जा रहा है। बीते दिनों ढेबरुआ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गड़रखा में रात्रि को किये जा रहे हैं खनन में अचानक ट्रैक्टर ट्राली पलटने और आग लगने से ट्रैक्टर चालक की ह्दय विदारक मौत हो गयी थी। कपिलवस्तु थाना क्षेत्र के बर्डपुर नं0-1 में सरकारी तालाब से हो रहे खनन की शिकायत ग्रामीणों द्वारा लगातार की जा रही है, विकास खण्ड बर्डपुर की लगभग सभी तालाबों से पहले जेसीबी मशीन से खुदाई कर मिट्टी बिक्री की जाती है। एसडीएम सदर ललित कुमार मिश्र ने बताया कि बर्डपुर में सभी सरकारी तालाबों से हुई खुदाई की जांच होगी।

## सार-संक्षेप



श्री वैद्यनाथ आयुर्वेद के साथ समझौता करते गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति।

### अनुसंधान व उद्यमिता क्रियाकलापों को देंगे बढ़ावा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम ने शुक्रवार को आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण की अग्रणी कंपनी, श्री वैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्राइवेट लिमिटेड नैनी, प्रयाग के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता करार (एमओयू) किया। इस करार के तहत विश्वविद्यालय और श्री वैद्यनाथ आयुर्वेद साझा प्रयास कर शैक्षणिक, अनुसंधान उद्यमितापरक क्रियाकलापों को बढ़ावा देंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी और श्री वैद्यनाथ आयुर्वेद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तेजेंदर खुराना ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। दोनों संस्थानों के बीच यह तय हुआ है कि वे शोध आधारित उत्पाद, संयुक्त शोध परियोजनाओं पर मिलकर कार्य करेंगे। साथ ही आयुर्वेद के वर्तमान एवं भविष्य की जरूरतों को पूरा करने, कौशल बढ़ाने के लिए क्षमता विकास, छात्र-संकाय और तकनीकी विनिमय जैसे विषयों पर आगे बढ़ेंगे।



क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करते विधायक विनय वर्मा। अमृत विचार

### विधायक ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घघाटन

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ अन्तर्गत विकास खण्ड बढ़नी के खजुरिया शर्की में कैनवास क्रिकेट क्लब द्वारा क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का विधायक विनय वर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान कैनवास क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता में आयें खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि आपसी मनमुटाव को छोड़कर खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। आप सभी खिलाड़ी आगे चलकर अपने क्षेत्र और जिले का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान विजय कुमार गुप्ता, रामदास मौर्या, रमेश मणि त्रिपाठी, अनिल मिश्रा, प्रशांत सिंह, संजय कसौंधन, बिष्णु सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### आर्केस्ट्रा में इनाम देने को लेकर मारपीट

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र शोहरतगढ़ अन्तर्गत खुनुवां-शोहरतगढ मार्ग पर स्थित रमवापुर तिवारी गांव में शुक्रवार को देर रात आर्केस्ट्रा में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। यहां बार बालाओं का डान्स देखने कई गांव के लोग आये थे। जिस पर इनाम देने को लेकर रात करीब 10 बजे जमकर मारपीट हुई। जिसमें तीन लोग घायल हो गये और तो कई लोगों को चोटे भी आयीं। आर्केस्ट्रा में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। 100 डायल करने पर शोहरतगढ़ पुलिस रात मे घटनास्थल पर गयी थी। जिसपर मामला शान्त हो गया था। शनिवार को सुबह घायल हुए महदेवा नानकार के शंकर और राम विलास ने शोहरतगढ थाने पर रमवापुर तिवारी गांव के अंगद राजभर, संजीत, कल्लू पुत्र शिवपूजन, राजन, विशाल आदि लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। शोहरतगढ़ थानाध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि दोनो पक्ष थाने पर आये थे। दोनो पक्षों में सुलह समझौता हो गया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**हरदोई।** बाइक सवार युवक को सामने से तेज़ रफ्तार में आ रहे ट्रैक्टर ने ज़ोरदार टक्कर मार दी,जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया,उसे सीएचसी पहुंचाया जा रहा था,तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। शनिवार की देर शाम हुए हादसे के दौरान हुए शोर के बीच ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़ कर भाग गया। शनिवार की देर शाम एक बाइक सवार प्रतापनगर चौराहे से हरदोई की तरफ आ रहा था,उसी बीच रास्ते में बेनीगंज कोतवाली के कुइयां चौराहे के पास से सामने से आ रहे तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी,टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि बाइक सवार युवक उछल कर काफी दूर जार गिरा।

## पुलिस ने क्षेत्र में पैदल गश्त कर किया संवाद

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस ने बुद्ध पूर्णिमा तथा चुनाव के दृष्टिगत अपने-अपने थानाक्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट-स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया गया। जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों द्वारा आगामी बुद्ध पूर्णिमा तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास पैदल गश्त चेकिंग किया गया। इस दौरान जनसंवाद स्थापित किया गया व निर्भीक होकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

# सुरंग खनन कार्य के समय सुरक्षा सावधानियों का रखें ख्याल

नई दिल्ली

**अमृत विचार।** उत्तर रेलवे महाप्रबंधक शोभन चौधरी ने जम्मू-कश्मीर में यूएसबीआरएल परियोजना का दौरा किया तथा परियोजना के चल रहे महत्वपूर्ण कार्यों का निरीक्षण कर समीक्षा की।

महाप्रबंधक ने उधमपुर श्रीनगर-बारामुल्ला नई बीजी रेल लिंक परियोजना की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परियोजना का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी यूएसबीआरएल और उत्तर रेलवे और केआरसीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। चौधरी ने श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन यार्ड से मोटर ट्रॉली द्वारा चिनाब ब्रिज तक अपना निरीक्षण शुरू किया। उन्होंने सुरंग संख्या 33, सुरंग संख्या 34, अंजी ब्रिज, सुरंग संख्या 35, रियासी यार्ड, सुरंग संख्या 36 और चिनाब ब्रिज का निरीक्षण किया। सुरंग टी-33 के काम को पूरा करने के लिए शेष गतिविधियों पर उत्तर रेलवे और केआरसीएल के इंजीनियरों के साथ गहन चर्चा की । महाप्रबंधक ने प्रगति की गति पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन परियोजना अधिकारियों को सभी गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखने काम में तेजी लाने के लिए संसाधनों को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया, साथ ही भूगर्भीय रूप से कमजोर परतों से गुजरने वाली सुरंग खनन कार्य को आगे बढ़ाते समय सभी सुरक्षा सावधानियों का पालन किया।



यूएसबीआरएल परियोजना का निरीक्षण करते उत्तर रेलवे महाप्रबंधक शोभन चौधरी।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि यह 3.2 किलोमीटर लंबी सुरंग मुख्य सीमा से होकर गुजर रही है और इसके निर्माण में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। अब यह पूरा होने वाला है। उन्होंने रियासी यार्ड में पुल संख्या 220 और बक्कल यार्ड में पुल संख्या 224 पर प्रदान किए गए पुल उपकरणों का भी निरीक्षण किया। चिनाब ब्रिज पर कौरी में प्रस्तावित संग्रहालय निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर एजेंसियों को काम की स्थिर गति बनाए रखने और लक्ष्यों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी। साइट निरीक्षण के बाद आयोजित समीक्षा बैठक में महाप्रबंधक ने इस बात पर जोर दिया कि लक्ष्यों को और आगे नहीं खिसकना चाहिए और किसी भी कमी को मेहनती योजना बनाकर पूरा किया जाना चाहिए।

# अद्भुत ड्रोन शो से हो रहा भाजपा का प्रचार

नई दिल्ली

**अमृत विचार।** वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर में गंगा आरती के तुरंत बाद 15 मिनट काशी की जनता और समग्र भारत में से आने वाले टूरिस्ट अद्भुत ड्रोन शो का विशेष आनंद उठा पाएंगे। 9 मई से शुरू हुए इस शो का आज समापन होगा। शो के लिए 1000 स्मॉल नेनो केटेगरी ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है, जो पूर्ण रूप से भारत की कंपनी ने डिजाइन और मेनुफेक्चर किया है। प्रत्येक ड्रोन का वजन लगभग 250 ग्राम है। इन ड्रोन और इस शो का डिजाइन, कार्यान्वयन आई आई टी दिल्ली के पूर्व छात्रों द्वारा किया जा रहा है। जिसमें काशी के सभी घाटों पर गूंजा फिर एक बार मोदी सरकार का नारा गूंज रहा है।

इस प्रस्तुति में ड्रोन से आसमान में 400 फिट की ऊंचाई पर लगभग 300 मीटर की चौड़ाई में दिखाई जायेगी विविध कलाकृतियां जो काशी के सभी घाटों पर लोगों का मन मोहित करेंगी। इन कलाकृतियों में बाबा विश्वनाथ के डमरू से लेकर काशी की प्रसिद्ध मां गंगा आरती, भव्य विश्वनाथ कोरिडोर, भारत में बनी वंदे भारत ट्रेन के साथ भाजपा के निशान कमल, भाजपा का ध्वज और लोकसभा चुनावों में कमल के निशान पर वोट की अपील शामिल है। इसके साथ दर्शकों में सबसे अधिक जोश भरने वाली कलाकृति है 'फिर एक बार मोदी सरकार'। इस ड्रोन शो मेंइस कंपनी के युवा संस्थापकों द्वारा 2016 में इन ड्रोन को भारत में बनाने हेतु रिसर्च और डेवलपमेंट किया गया था। भारत में बने ड्रोन और भारतीय युवाओं द्वारा इस ड्रोन शो का कार्यान्वयन, प्रधानमंत्री मोदी के मेक इन इंडिया की सफलता को सिद्ध करता है। यह ड्रोन शो के लिए कुछ खास व्यवस्था की गई है जिसमें दशाश्वमेध घाट के सामने गंगा जी के किनारे पर कठिनाइयों का सामना करके काशीवासियों के लिए ड्रोन शो का कार्यान्वयन हो उस उद्देश्य से विशेष रूप से व्यवस्था की गई है। विशेष टेंट से ड्रोन स्टोरेज और चार्जिंग व्यवस्था बनाई गई है। जिसमें विद्युत प्रवाह हेतु बोट के माध्यम से जनरेटर की सुविधा उपलब्ध की गई है। स्थानिक लोगों की मदद और युवा टीम के जोश से बड़ी कठिनाइयों का सामना करते हुए नदी किनारे ट्रेक्टर और ऊंट गाड़ी के माध्यम से ड्रोन को स्टोरेज और टेक ऑफ स्थान तक पहुंचाया गया। यहां 1000 ड्रोन के टेक ऑफ के लिए 60x60 मीटर की विशेष जगह बनाई है है जो जिसका जियो सर्वे भी पहले किया गया था। ड्रोन शो के दरमियान काशी के प्रतिष्ठित और सम्मानित नागरिकों को विशेषरूप से आमंत्रित भी किया जा रहा है। यह ड्रोन शो भाजपा की आधुनिक चुनाव प्रचार के अनूठे अंदाज को प्रस्तुत कर रहा है।

# ग्राहकों की जरूरतों और पसंद को समझना जरूरी

नई दिल्ली

**अमृत विचार।** सीटीआरएएम द्वारा नई दिल्ली में 24 वें नेशनल रेल ट्रांसपोर्ट सेमिनार का आयोजन तथा रेल शेयर बढ़ाने के प्रयासों में ग्राहक को मूलभूत बनाना महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा किया गया। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि सीटीआरएएम द्वारा नई दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन, चाणक्यपुरी में 24 वें नेशनल रेल ट्रांसपोर्ट सेमिनार का आयोजन किया गया।

रेल शेयर बढ़ाने के प्रयासों में ग्राहक को मूलभूत बनाना महत्वपूर्ण है, जिससे उनकी आवश्यकताओं, पसंदों और परेशानियों को समझा जा सके, जो अधिक सतत और उपयोगकर्ता केंद्रित समाधानों को प्रेरित करेगा" आदि विषय पर विस्तृत चर्चा की गई तथा इसके महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया । सेमिनार की अध्यक्षता श्रीमती सीमा कुमार, सदस्य परिचालन एव व्यवसाय विकास रेलवे बोर्ड ने की। सेमिनार में संगठन से जुड़े समस्त क्षेत्रीय रेलों एवं रेलवे बोर्ड के उच्च अधिकारियों ने भी भाग लिया। सेमिनार के दूसरे भाग में जया वर्मा सिन्हा, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड ने उपस्थित सदस्यों के साथ अपने अनुभव साझा किए।

# भाजपा से लड़ाई में आप-कांग्रेस के सामने वोटों की लंबी चढ़ाई

## दोहराना होगा 2014 वाला प्रदर्शन : मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद माहौल बदलने पर टिकी गठबंधन की उम्मीद

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** देश की राजधानी दिल्ली में सभी सात लोकसभा सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरी भाजपा के लिए इस बार परिस्थितियां पहले जैसी नहीं हैं। इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस-आप मिलकर सभी सीटों पर तगड़ी चुनौती देते नजर आ रहे हैं। इस माहौल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अंतरिम जमानत पर बाहर आने से आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं का जोश हाई हो गया है। पिछले दो चुनावों में भाजपा, कांग्रेस और आप के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने से भाजपा की जीत की राह आसान रहती थी लेकिन इस बार आमने-सामने का संघर्ष होने से भाजपा के सामने जीत के लिए पिछले चुनाव की तरह 50 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त करने की चुनौती है। भाजपा ने 2019 के चुनाव में 56.86 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। पार्टी को हर लोकसभा सीट पर 52 प्रतिशत से ज्यादा मत मिले थे। इसके मुकाबले कांग्रेस को 22.51 तथा आम आदमी पार्टी को 18.11 प्रतिशत मिले थे। किसी भी सीट पर आप व कांग्रेस के मतों का जोड़ 45 प्रतिशत का आंकड़ा नहीं छू पाया था। इस तस्वीर से साफ है कि भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए कांग्रेस-आप गठबंधन को कम से कम 10-12 प्रतिशत मत बढ़ाने होंगे। हालांकि कांग्रेस-आप गठबंधन को इस कोशिश में 2014 लोकसभा चुनाव के परिणाम हौसला बढ़ाने वाले हैं। 2014 में सभी सातों सीटों पर जीत दर्ज करने के बाद भी भाजपा का मत प्रतिशत किसी भी सीट पर 50 प्रतिशत नहीं पहुंच सका था। भाजपा को कुल मिलाकर 46.60 प्रतिशत मत ही मिले थे, जबकि कांग्रेस और आप के वोट शेयर का जोड़ 48 प्रतिशत था। पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट को छोड़कर किसी भी सीट पर भाजपा को आप और कांग्रेस को मिले कुल मतों से ज्यादा वोट नहीं मिले थे। 2014 में आम आदमी पार्टी को 32.90 प्रतिशत तो कांग्रेस को 15.10 प्रतिशत मिले थे।









**07** सीटों पर भाजपा तीसरी बार जीत दर्ज करने की कोशिश में

**04** सीटों पर आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ रही है

**03** सीटों पर कांग्रेस ने उतारे हैं अपने उम्मीदवार

**10-12 %** प्रतिशत मत बढ़ाने होंगे कांग्रेस-आप गठबंधन को भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए

### किस लोकसभा सीट पर कितने मतदाता

| लोकसभा क्षेत्र | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | थर्ड जेंडर | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| चांदनी चौक | 8,83,760 | 7,62,030 | 168 | 16,45,958 |
| उत्तर पूर्वी दिल्ली | 13,26,040 | 11,36,970 | 149 | 24,63,159 |
| पूर्वी दिल्ली | 11,51,211 | 9,69,269 | 104 | 21,20,584 |
| नई दिल्ली | 8,30,190 | 6,94,803 | 78 | 15,25,071 |
| उत्तर पश्चिम दिल्ली | 13,83,711 | 11,83,450 | 262 | 25,67,423 |
| पश्चिम दिल्ली | 13,70,398 | 12,17,448 | 131 | 25,87,977 |
| दक्षिण दिल्ली | 12,67,484 | 10,23,944 | 336 | 22,91,764 |

### कहां कौन मुकाबले में

| सीट | भाजपा | इंडिया गठबंधन (कांग्रेस और आप) |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | बांसुरी स्वराज | सोमनाथ भारती (आप) |
| चांदनी चौक | प्रवीण खंडेलवाल | जेपी अग्रवाल (कांग्रेस) |
| पूर्वी दिल्ली | हर्ष मल्होत्रा | कुलदीप कुमार (आप) |
| उत्तर-पूर्वी दिल्ली | मनोज तिवारी | कन्हैया कुमार (कांग्रेस) |
| उत्तर-पश्चिमी दिल्ली | योगेंद्र चंदोलिया | उदित राज (कांग्रेस) |
| पश्चिमी दिल्ली | कमलजीत सहरावत | महाबल मिश्रा (आप) |
| दक्षिणी दिल्ली | रामवीर सिंह बिधूड़ी | सहीराम पहलवान (आप) |

### चुनाव लड़ने का खूब रिवाज

| लोकसभा क्षेत्र | 2024 में प्रत्याशी | 2019 में प्रत्याशी |
|---|---|---|
| चांदनी चौक | 25 | 26 |
| उत्तर पूर्वी | 28 | 24 |
| पूर्वी दिल्ली | 20 | 26 |
| नई दिल्ली | 17 | 27 |
| उत्तर पश्चिमी | 26 | 11 |
| पश्चिमी दिल्ली | 24 | 23 |
| दक्षिण दिल्ली | 22 | 27 |



**07** सीटों पर दिल्ली में 162 उम्मीदवार, हर बूथ पर लगेंगी दो-दो ईवीएम

**02** बार भाजपा कर चुकी है दिल्ली में क्लीन स्वीप अब हैट्रिक को तैयार

## उत्तर पूर्वी सीट: पूर्वांचल व बिहार के चर्चित चेहरे मनोज तिवारी व कन्हैया कुमार में जंग

उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर इस बार पूर्वांचल और बिहार से आने वाले दो चर्चित चेहरों के बीच रोचक मुकाबला हो रहा है। यहां से भाजपा सांसद भोजपुरी अभिनेता मनोज तिवारी हैं। भाजपा ने उन्हें तीसरी बार चुनाव मैदान में उतारा है, बाकी दिल्ली की छह सीटों पर प्रत्याशी बदल दिए हैं। कांग्रेस से उनके सामने जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार ताल ठोंक रहे हैं। कन्हैया कुमार ढाई साल पहले माकपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। 2019 में कन्हैया ने बिहार की बेगूसराय सीट पर भाजपा के गिरिराज सिंह के सामने चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे। कन्हैया कुमार राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उनके साथ चले थे। मनोज तिवारी और कन्हैया कुमार दोनों ही नेता अपने दलों की स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं। कन्हैया कुमार को तमाम स्थानीय नेताओं की नाराजगी के बाद भी राहुल गांधी की पसंद के कारण टिकट मिला है। यही नहीं पार्टी ने उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान के नेता सचिन पायलट को जिम्मेदारी भी दी है। कन्हैया कुमार के साथ युवाओं का एक वर्ग प्रचार में उत्साह से शामिल रहता है। उनके भाषणों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निशाने पर रहते हैं, तो मोदी ने भी उनकी उम्मीदवारी पर कह दिया था कि कांग्रेस पार्टी टुकड़े-टुकड़े गैंग का सुल्तान बनी हुई है। उधर, मनोज तिवारी पूर्वांचल का अपना गढ़ संभालने के साथ बीते दस साल के काम, राम मंदिर और मोदी की गारंटी पर वोट मांग रहे हैं। 2009 में हुए पहले चुनाव में उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर कांग्रेस को जीत मिली थी। कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश अग्रवाल ने भाजपा के बीएल शर्मा प्रेम को 2.22 लाख वोटों से हरा दिया था। 2014 के चुनाव में भाजपा ने मनोज तिवारी को यहां से उम्मीदवार बनाया था। मनोज तिवारी ने आम आदमी पार्टी के आनंद कुमार को 1,44,084 वोटों से पराजित कर दिया था। 2019 के चुनाव में मनोज तिवारी और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बीच मुकाबला हुआ था। इसमें शीला दीक्षित को 3,66,102 के बड़े अंतर से हार मिली थी।

### पिछली बार इस सीट पर आप को सबसे कम सिर्फ 13 फीसदी वोट मिले थे

2019 में उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर मनोज तिवारी को 54 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस और आप को मिलाकर 32 फीसदी वोट मिले थे। इस बार दोनों पार्टियां साथ लड़ रही हैं। कन्हैया कुमार के लिए सबसे बड़ी चुनौती वोट प्रतिशत का बड़ा अंतर पाटना है। पिछले लोकसभा चुनाव में उत्तर पूर्वी दिल्ली की सीट पर आप को सबसे कम 13 प्रतिशत वोट ही मिले थे। हालांकि 2014 के चुनाव में आप और कांग्रेस का वोट प्रतिशत करीब 51 प्रतिशत था, जबकि मनोज तिवारी को 45.25 प्रतिशत मत ही मिले थे।




कन्हैया कुमार तथा मनोज तिवारी।

## उत्तर पश्चिम सीट: सांसदों से निराश यहां की जनता, तलाश रही विकास का रास्ता

उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। भाजपा ने यहां के अपने सासंद हंसराज हंस का टिकट काटकर दलित चेहरे करोलबाग के रैगरपुरा निवासी योगेंद्र चंदोलिया पर दांव लगाया है। कांग्रेस से यहां दलित नेता उदित राज मैदान में उतरे हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में शहरी इलाके के साथ कच्ची कालोनियां और ग्रामीण क्षेत्र जुड़ा है। यहां करीब 125 गांव और 200 से अधिक अनाधिकृत कालोनियां हैं, जो बेहतर बुनियादी सुविधाओं और मेट्रो कनेक्टिविटी की राह देख रही हैं। इस सीट से 2019 में भाजपा के हंसराज हंस जीते थे तो कांग्रेस प्रत्याशी उदित राज भी 2014 में भाजपा के टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। साल 2009 में कांग्रेस की कृष्णा तीरथ ने इस सीट से जीत हासिल की थी। यह संसदीय क्षेत्र दिल्ली के सबसे घनी आबादी वाले इलाकों में गिना जाता है। कांग्रेस प्रत्याशी उदित राज का पार्टी में ही काफी विरोध हुआ था। बाहरी होने के सवाल पर वह कहते हैं कि मैं 1980 से दिल्ली में हूं। जेएनयू में पढ़ाई की है। यहीं मेरी पोस्टिंग हुई। 2014 में सांसद बना। इसी इलाके में मेरी जमीन भी है, तो मैं बाहरी कैसे हो गया। ऐसे तो आधी से ज्यादा दिल्ली बाहरी हो जाएगी। वह लोगों से बता रहे हैं कि अपने सांसद कार्यकाल में उन्हें दो साल श्रेष्ठ सांसद चुना गया था। वह जनता दरबार लगाकर सबका काम करवाने की कोशिश करते थे। वह अपने बाद बने सांसद बने हंसराज हंस को निशाना बनाते हुए कहते हैं कि अगर मेरा काम अच्छा लगे तो ही मुझे वोट देना। इसके जबाव में भाजपा प्रत्याशी चंदोलिया का कहना है कि उदित राज ने पांच साल के कार्यकाल में कोई काम नहीं किया, सिर्फ जातिवाद की राजनीति की। इस कारण लोग उनसे नाराज हैं। हंसराज हंस सेलेब्रिटी थे, इलाकों में थोड़ा कम गए मगर मोदी सरकार ने क्षेत्र में 2200 करोड़ का एनआईटी बनाया। विकास कार्यों की झड़ी लगा दी। 50 बेड का होम्योपैथिक अस्पताल दिया। मैं लोगों से साफ कह रहा हूं कि अगर मैं सांसद बनता हूं तो आपको नई दिल्ली नहीं आना पड़ेगा, मैं क्षेत्र में रहूंगा। मैं इस सीट पर अपना वोट ट्रांसफर कर लिया है, किराए पर फ्लैट ले लिया है। 24 घंटे मेरा दफ्तर खुला रहेगा। आम आदमी की वादाखिलाफी से लोग गुस्से में हैं। यहां टैंकर माफिया का राज है। पानी की बड़ी समस्या है। राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड के लिए लोग परेशान हैं।




योगेंद्र चंदोलिया, उदित राज।

## जेल, जमानत और जनतंत्र से जीत पाएंगे जनता के जज्बात

### दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रचार से कितनी बदलेगी चुनावी तस्वीर

राजपुरुष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अक्सर यह आरोप लगाया जाता रहा है कि वह मीडिया में हेड लाइन मैनेजमेंट करने में महारथ रखते हैं, तो इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी कम नहीं है, मीडिया में हाईप पाना और चर्चा में बने रहना उन्हें खूब आता है। अंतरिम जमानत पर बाहर आते ही उन्होंने अपनी इस सियासी कला का नमूना पेश भी कर दिया। दिल्ली में तमाम लोगों ने इसे लेकर कहा कि 'अब रायता फैल गया है'। केजरीवाल का चुनावी प्रचार दिल्ली में जनता के जज्बात पर कितना असर डालेगा और आप-कांग्रेस की जीत की संभावनाओं को कितना बल प्रदान करेगा, यह तो समय बताएगा, लेकिन इतना तय है कि आप कार्यकर्ताओं को बूस्टर डोज वाला टॉनिक जरूर मिल गया है। वर्ना अभी तक केजरीवाल की पत्नी सुनीता जहां सहानुभूति की चादर ओढ़े रोड शो कर रही थीं, वहीं पार्टी के नेता 'जेल का जवाब वोट से' अभियान छेड़े हुए थे। जाहिर है, केजरीवाल के बाहर आने के बाद अब गठबंधन नए सिरे से चुनावी रणनीति बनाने में जुट गया है, जिसका असर अगले दो-तीन दिन में जमीन पर नजर भी आने लगेगा। लेकिन बड़ा सवाल यही है कि क्या केजरीवाल 25 मई को होने वाले मतदान से पहले उतने मत प्रतिशतों का इंतजाम कर पाएंगे, जितने दिल्ली में भाजपा को हराने के लिए जरूरी हैं। फिलहाल, केजरीवाल के प्रचार से इंडिया गठबंधन को कुछ फायदा होने की उम्मीद भले लगाई जा रही हो, लेकिन इससे कांग्रेस को पंजाब में नुकसान भी संभावित है, जहां आप और कांग्रेस दोनों अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं।



## नई दिल्ली सीट: सुषमा स्वराज के संस्कारों की बांसुरी के सामने तीन बार के विधायक सोमनाथ भारती

नई दिल्ली लोकसभा सीट पर भाजपा ने अपनी दो बार की सांसद मीनाक्षी लेखी के स्थान पर दिवंगत वरिष्ठ नेता सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को चुनाव मैदान में उतारा है। बांसुरी के सामने मुकाबले में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और तीन बार के विधायक वकील सोमनाथ भारती हैं। अपनी पहली चुनावी लड़ाई के लिए प्रचार कर रही बांसुरी हर भाषण में अपनी मां का जिक्र जरूर करती हैं। वह अपनी सौम्य मुस्कान के साथ मतदाताओं के साथ रिश्ता बनाते समय कहती हैं, मैं सुषमा स्वराज के संस्कारों का प्रतीक हूं, मैं कभी आपको निराश नहीं करूंगी। उधर, सोमनाथ भारती सांसद मीनाक्षी लेखी पर क्षेत्र की अनदेखी करने के साथ केंद्र की भाजपा सरकार को निशाना बना रहा हैं। 2019 के चुनावों में मीनाक्षी लेखी ने लगभग 55% (5.04 लाख) वोट हासिल किए थे। उन्होंने कांग्रेस के अजय माकन और आप के बृजेश गोयल को हराया था। अजय को 2.47 लाख और बृजेश को 1.50 लाख वोट मिले थे। 2014 के चुनाव में मीनाक्षी लेखी ने लगभग 47% (4.53 लाख) वोट पाए थे। उन्होंने कांग्रेस के अजय माकन और आप के आशीष खेतान को हराया था। अजय को 1.82 लाख और आशीष को 2.90 लाख वोट मिले थे, जो कि मीनाक्षी लेखी को मिले मतों से अधिक थे। यहां भी सोमनाथ भारती को जीत के लिए 2014 जैसे वोट शेयर की तलाश है।




बांसुरी स्वराज, सोमनाथ भारती।

### पहले आडवाणी फिर शत्रुघ्न सिन्हा से किया था राजेश खन्ना ने मुकाबला

- नई दिल्ली सीट से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी भी 1777 और 1980 में सांसद चुने गए थे। 1991 से 96 के बीच इस सीट पर दो बार चुनाव हुए। भाजपा से लाल कृष्ण आडवाणी के सामने कांग्रेस ने सिने स्टार राजेश खन्ना को उतारा। कड़े मुकाबले में राजेश खन्ना 1589 वोटों से हार गए थे। लेकिन आडवाणी ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था। उन्होंने नई दिल्ली लोकसभा सीट छोड़ दी, इस पर 1992 में उप चुनाव हुआ तो भाजपा ने राजेश खन्ना के सामने शत्रुघ्न सिन्हा को उतार दिया। एक बार फिर बड़ा रोचक मुकाबला हुआ, लेकिन राजेश खन्ना ने जीत हासिल की।

## दक्षिण सीट: दो विधायकों के संघर्ष में जाति-बिरादरी का समर्थन पाने के लिए जोर आजमाइश

दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट पर भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद रमेश बिधूड़ी को बदलकर इस बार रामवीर सिंह बिधूड़ी को मैदान में उतारा है। रामवीर सिंह बिधूड़ी बदरपुर से विधान सभा क्षेत्र से विधायक हैं और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। वहीं उनके मुकाबले आम आदमी पार्टी ने तुगलकाबाद से दो बार के अपने विधायक गुर्जर नेता सहीराम पहलवान पर दांव लगाया है। सहीराम इससे पहले बसपा में रह चुके हैं और दो बार पार्षद भी चुने गए थे। सहीराम दक्षिण दिल्ली नगर निगम के उप महापौर भी थे। इस बार लोकसभा क्षेत्र में मुकाबला बराबरी का माना जा रहा है। 2019 लोकसभा चुनाव में इस सीट पर भाजपा के रमेश बिधूड़ी ने अपनी जीत कायम रखी थी। उन्होंने आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा को 3,67,043 वोटों के अंतर से हराया था। रमेश बिधूड़ी को 6,87,014 मत मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी के कर्नल देविंदर सेहरावत को शिकस्त दी थी। इस चुनाव में रमेश बिधूड़ी को 497980 और कर्नल देविंदर सेहरावत को 390980 वोट मिले थे। कांग्रेस के रमेश कुमार 125213 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

## पश्चिमी सीट: अनुभव और नए चेहरे के बीच नजर आ रही है कड़ी टक्कर

पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट पर भाजपा नेता प्रवेश वर्मा 2014 में 2.68 लाख और 2019 में 5.78 लाख वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे। इसके बावजूद भाजपा ने उनकी जगह पूर्व मेयर कमलजीत सेहरावत को मैदान में उतारा है। आम आदमी पार्टी ने यहां पूर्व सांसद महाबल मिश्रा पर दांव लगाया है। लोकसभा क्षेत्र में शहरी आबादी के साथ झुग्गी बस्तियां भी हैं। महाबल मिश्रा चुनाव प्रचार में भाजपा प्रत्याशी को यह कहकर घेर रहे हैं कि मैं पूर्व सैनिक हूं, पार्षद और तीन बार विधायक तथा एक बार सांसद चुना गया हूं। क्षेत्र में पहले भी काम किया है। इसके मुकाबले भाजपा की प्रत्याशी सहरावत मोदी की गांरटी का जिक्र करते हुए गांवों और अनाधिकृत कालोनियों में पार्क, ओपन जिम, सामुदायिक हॉल बनवाने के साथ बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा कर रही हैं। महाबल इस क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर 2009 में सांसद चुने गए थे। वह पूर्वांचल समाज पर पकड़ रखते हैं। दिल्ली के सीएम केजरीवाल के जमानत पर रिहा होने से पहले तक 'जेल का जवाब वोट से' अभियान चला रहे थे। वह अपनी जीत का आधार क्षेत्र में आने वाली सभी 10 विधानसभा सीटों पर आप पार्टी का कब्जा और जीत का अंतर 2.5 लाख होना बताते हैं। उधर, भाजपा को नया चेहरा होने के बावजूद संगठन पर भरोसा है। प्रवेश वर्मा की ही तरह कमलजीत भी जाट समुदाय से हैं। वह 2017 में पहली बार पार्षद बनीं और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की मेयर रही हैं। वर्तमान में भी पार्षद हैं।

## चांदनी चौक : कांग्रेस के सामने यहां भगवा प्रचार से निपटने की चुनौती

चांदनी चौक लोकसभा सीट पर भाजपा-कांग्रेस ने वैश्य समाज के प्रत्याशी उतारकर व्यापारी वर्ग को साधने की कोशिश की है। यहां कांग्रेस के पुराने नेता जेपी अग्रवाल का सामना भाजपा के व्यापारी नेता प्रवीण खंडेलवाल से है। भाजपा ने दो बार से जीत रहे सांसद डॉ. हर्षवर्धन की जगह खंडेलवाल को मौका दिया है, जबकि कांग्रेस ने 2019 में चुनाव हारने वाले अग्रवाल पर भरोसा कायम रखा है। वह यहां से पहले जीतु के हैं, इसलिए कांग्रेस को उम्मीद है कि इस बार आप का साथ पाकर जीत का परचम फहरा देंगे। कांग्रेस प्रत्याशी को साफ-सुथरी छवि और पुराने रिश्तों का लाभ मिलने के साथ मुस्लिम मतदाताओं का एक मुश्त समर्थन मिलता नजर आ रहा है। दिल्ली सरकार द्वारा चांदनी चौक का विकास कराने का फायदा भी उनके खाते में है। इसके मुकाबले खंडेलवाल बड़े व्यापारी नेता माने जाते हैं। व्यापारियों के विभिन्न मुद्दों पर उन्होंने केंद्र सरकार से समाधान निकालने की कोशिश की है। इस संघर्ष का चुनाव में उन्हें लाभ मिल रहा है। खंडेलवाल ने प्रचार भगवामय कर रखा है। कभी त्रिशूल तो कभी गदा लेकर निकल पड़ते हैं। ढोल की थाप पर जय श्री राम के नारे लगाती भीड़ साथ चलती है। रोड शो व जनसंपर्क में वह मोदी सरकार के कामकाज तथा राम मंदिर की स्थापना को गारंटी बता रहे हैं। 2019 में इस सीट से भाजपा के डॉ. हर्ष वर्धन ने कांग्रेस के जय प्रकाश अग्रवाल को 2.28 लाख वोटों से हराया था।

## पूर्वी सीट: मिश्रित आबादी क्षेत्र में वोटों के गणित पर टिका जीत का समीकरण

पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर इस बार कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है। यहां के भाजपा सांसद पूर्व क्रिकेटर ने चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा जताई थी। भाजपा ने यहां हर्ष मल्होत्रा को प्रत्याशी बनाया है वह मेयर रह चुके हैं। आम आदमी पार्टी ने विधायक कुलदीप कुमार को मैदान में उतारा है। इस लोकसभा क्षेत्र में पंजाबी, ब्राह्मण, गुर्जर, दलित और मुस्लिम के साथ उत्तराखंड के लोग बहुतायत में हैं। इस क्षेत्र में पॉश इलाके भी आते हैं, जिनमें विवेक विहार, प्रीत विहार, निजामुद्दीन ईस्ट, न्यू फ्रैंड्स कॉलोनी शामिल हैं। इसके अलावा जेजे क्लस्टर, त्रिलोकपुरी, कल्याणपुरी, खिचड़ीपुर, शाहीन बाग और ओखला जैसे इलाके भी शामिल हैं। भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनों दलों के प्रत्याशी जनता से वादा कर रहे हैं कि चुने जाने पर वह क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाई प्रदान करेंगे। इसके साथ ही दोनों एक-दूसरे के दलों को भी कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी मोदी की गारंटी और योजनाएं लेकर लोगों के बीच जा रहे हैं तो आप प्रत्याशी बेटा बनकर आत्मीयता जोड़ने के साथ मुख्यमंत्री केजरीवाल को लेकर सहानुभूति बनाने का प्रयास करने में जुटे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से भाजपा प्रत्याशी पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर 6,96,156 वोट पाकर जीते थे। कांग्रेस प्रत्याशी अरविंदर सिंह लवली 3,04,934 वोटों के साथ दूसरे स्थान और आप प्रत्याशी आतिशी मार्लेना 2,19,328 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रही थीं।

# भाजपा में जल्द शामिल हो सकते हैं धनंजय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ पार्टी के एक बड़े नेता से दिल्ली में हुई मुलाकात



वायरल फोटो

**अमृत विचारः** जौनपुर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी रही श्रीकला का टिकट कटने के बाद उनके पति धनंजय सिंह जल्द ही भाजपा में शामिल हो सकते हैं। शुक्रवार को धनंजय की मुलाकात नई दिल्ली में भाजपा के एक बड़े नेता से हुई है। धनंजय से शनिवार को भगवा स्लोगन लिखे एक पंक्ति में अपनी फोटो सोशल मीडिया में डालकर इशारा किया है। स्लोगन लिखा है कि ,होइहैं वही जो राम रचि राखा,। धनंजय का फोटो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। भाजपा समर्थक इस पोस्ट पर उनका स्वागत भी करते दिखे।

मालूम हो कि धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला जौनपुर से बहुजन समाज पार्टी से प्रत्याशी थीं। पांच दिन पहले उनका टिकट काट दिया गया। इसके बाद पूर्वांचल में इस सीट को लेकर तरह-तरह की कयासबाजी भी हुई। श्रीकला के पति धनंजय सिंह ने टिकट काटने को लेकर बसपा मुखिया मायावती पर नाराजगी भी जाहिर की थी। पांच दिनों तक चले आरोप-प्रत्यारोपों के दौर के बीच शनिवार को अचानक फिर धनंजय सिंह चर्चा में आ गए। कारण था भगवा रंग में लिखी पंक्ति के साथ धनंजय की फोटो सोशल मीडिया में वायरल होना। उधर, सूत्रों के मुताबिक धनंजय सिंह शुक्रवार को भाजपा के एक बड़े नेता से नई दिल्ली में मुलाकात की। भाजपा नेता द्वारा धनंजय सिंह से भाजपा की सदस्यता लेने और साथ ही जौनपुर के भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह की खुलकर मदद करने को भी कहा गया है। धनंजय द्वारा सोशल मीडिया में नए तेवर-कलेवर में आने के निहितार्थ भी निकाले जा रहे हैं। चुनावी विश्लेषकों का मानना है कि इस नए समीकरण के बाद धनंजय अपनी टीम के साथ भाजपा प्रत्याशी की मदद करेंगे। इससे भाजपा की सीट आसान होगी।

# अयोध्या की राजनीति में सपा ने किया नया प्रयोग

▸ लोकसभा की सामान्य सीट पर उतारा अनुसूचित वर्ग का प्रत्याशी

▸ अंतर्धारा में जीत के लिए जातीय गणित साधने की कोशिश

▸ सपा के नए दांव पर मतदाताओं में मंथन, तरह-तरह की चर्चा



राजेंद्र कुमार पांडेय,अयोध्या

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में सपा ने अयोध्या में नया राजनीतिक प्रयोग किया है। सामान्य सीट पर अनुसूचित वर्ग से प्रत्याशी उतारा। इसकी अंतर्धारा में चुनाव की जातीय गणित साधने की कोशिश है। सपा की नई चाल पर मतदाताओं में मंथन के साथ चर्चा शुरू हो गई है। लाभ-हानि का विश्लेषण किया जाने लगा है।

भाजपा के साथ ही सपा के लिए अयोध्या राजनीतिक विकास की धुरी है। समाजवादी पार्टी की स्थापना ही उस समय हुई जब अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन चरम पर था। 4 अक्तूबर 1992 को सपा नई पार्टी के रूप में सामने आई। इसके पहले अयोध्या में कारसेवकों पर 30 अक्टूबर और 2 नवंबर 1990 का गोलीकांड हो चुका था। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव मंदिर आंदोलन के विरोध के अगुवा बन गए थे। सच कहा जाए तो सपा अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन के विरोध की उपज है। जितना आंदोलन तेज हुआ, समाजवादी पार्टी का ग्राफ भी उतनी ही तेजी से बढ़ा। छह दिसंबर 1992 को विवादित ढांचा ढहाए जाने के बाद सीएम कल्याण सिंह के नेतृत्व वाली सरकार गई तो अगले चुनाव में सपा अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव फिर मुख्यमंत्री बने। इसके बाद राजनीति में भाजपा और सपा के बीच चूहे बिल्ली का खेल शुरू हो गया।

सन् 1990 से बदली अयोध्या की सियासत में ऐसा देखने को नहीं मिला। प्रमुख किसी भी राजनीतिक दल ने यह प्रयोग नहीं किया। साल 1996, 1998, 1999, 2004, 2009, 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव हुए। सपा ने ही अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग से प्रत्याशी दिए लेकिन लोकसभा चुनाव में अनुसूचित वर्ग से प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारा। अयोध्या लोकसभा जैसी सीट से दलित वर्ग से प्रत्याशी उतारने के पीछे जातीय गणित के जरिए चुनावी वैतरणी पार करने का प्रयास है। सपा प्रत्याशी अनुसूचित जाति के पासी बिरादरी से आते हैं। सपा चुनाव में इसे सहेजना चाहती है। राजनीति के जानकारों का कहना है कि सपा की सोच है कि उसके अपने वोट बैंक में इसके बढ़ने से स्थिति अच्छी हो सकती है। बता दें कि पिछले चुनाव में सप-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में आनंदसेन प्रत्याशी थे। चर्चा आई की इस बिरादरी से उन्हें वोट कम मिले। इस रणनीति के पीछे एक कारण यह भी है। जानकार मानते हैं कि यह तो केवल एक पक्ष है। नए प्रयोग से खतरा भी है। कहते हैं कि मतदाता जागरुक हो गया है। वह राजनीतिक चालों को समझता है। जाति के नाम पर कुछ जुड़ेंगे तो कुछ हट भी सकते हैं। वैसे भी दौर अब जातीय सियासत से आगे बढ़ने की ओर है। मतदाताओं में भी सपा के नए प्रयोग पर मंथन है। चर्चा शुरू हो गई। मतदाता दबी जुबान चर्चा करते हैं कि यह राजनीतिक दलों की अपनी सोच है। अब मतदाता स्वयं अपने हित की सरकार और प्रत्याशी का बेहतर विकल्प स्वयं चुन लेता है।

## राजनीति में उठापटक पसंद नहीं

फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र मिश्रित आबादी वाला क्षेत्र है। यहां हर वर्ग के लोग रहते हैं। साझी विरासत के वाहक है। सभ्य हैं, सुसंस्कृत है। चिंतन करते हैं। राजनीति में उठापटक पसंद नहीं है। राम की नगरी है इसलिए ज्यादातर मर्यादित आचरण करते हैं और दूसरों से ऐसी ही अपेक्षा करते हैं। आंदोलन के पक्ष व विपक्ष से प्रभावित हुए लेकिन अपवाद के रूप में विधानसभा चुनाव या फिर कुछ अवसरों को छोड़ दिया जाए तो जातिवाद के बहुत समर्थक नहीं महसूस किए गए। अच्छे प्रत्याशी चुनने की आदत है।

## 1998 में सपा को मिली थी जीत

सपा के गठन के बाद अब तक पांच लोक सभा चुनाव हो चुके हैं। यह लोकसभा का छठवां चुनाव है। सपा केवल सन 1998 में यह सीट जीत पाई। पूरी ताकत लगाई लेकिन फिर उसकी दाल नहीं गली। यह कसक सपा को है। जीत के लिए इस बार चुनाव मैदान में सपा ने नया प्रयोग किया है। फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र सामान्य सीट है, लेकिन सपा ने सामान्य सीट पर अनुसूचित वर्ग से विधायक अवधेश प्रसाद को प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में भेजा है। वह मिल्कीपुर( सुरक्षित) से विधायक हैं। ऐसा करने में कोई रोक नहीं है लेकिन अमूमन ऐसा होता कम है। राजनीति के जानकार कहते हैं कि इसके पीछे लाभ के साथ हानि की भी संभावना होती है।


अवधेश प्रसाद

▸▸ सपा की रणनीति उनके वोट बैंक में हो सकती है बढ़ोतरी

▸▸ मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र से विधायक हैं सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद

## 1996 से अब तक फैजाबाद से सांसद

| वर्ष | सांसद |
|---|---|
| 1996 | विनय कटियार (भाजपा) |
| 1998 | मित्रसेन यादव (सपा) |
| 1999 | विनय कटियार (भाजपा) |
| 2004 | मित्रसेन यादव (बसपा) |
| 2009 | डॉ. निर्मल खत्री (कांग्रेस) |
| 2014 | लल्लू सिंह (भाजपा) |
| 2019 | लल्लू सिंह (भाजपा) |

## पिछले लोकसभा चुनावों के सपा प्रत्याशी

मित्रसेन यादव, हीरालाल यादव
अशोक सिंह, आनंद सेन यादव

## भाजपा ने तैयार की राजनीतिक धारा

अयोध्या राजनीति की प्रयोगशाला रही है। भाजपा ने आंदोलन से अपनी राजनीतिक धारा तैयार की। फिर अयोध्या के जरिए सोशल इंजीनियरिंग को परवान चढ़ाया। सत्ता शीर्ष तक पहुंची। राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के जरिए इस चुनाव के लिए भी सोशल इंजीनियरिंग का प्रयास किया गया। बसपा ने अविभाजित फैजाबाद (अंबेडकरनगर) में सोशल इंजीनियरिंग पर धार रखी। एक समय जिले की पांचों विधानसभा सीटें जीती। सर्व समाज का नारा देकर प्रदेश के सत्ता शीर्ष तक पहुंच गई। राम मंदिर आंदोलन और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद सपा ने अयोध्या की प्रयोगशाला में एक नया प्रयोग डाल दिया है। इस पर धार रखी जा रही है। इसका परिणाम चार जून को आने के बाद फैसले की तस्वीर साफ होगी।

## इलेक्शन बायस्कोप



लखनऊ के डालीगंज स्थित प्राचीन मनकॉमेश्वर मंदिर में लोकसभा चुनाव में लखनऊ सीट के भाजपा प्रत्याशी व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को 5 लाख से ज्यादा मतों से जीत दिलाने के लिए शनिवार को महंत देव्यागिरी द्वारा हवन किया गया। -अमृत विचार

## जनता को मिल रहा है डबल इंजन की सरकार का लाभ : स्मृति ईरानी

**अमेठी :** भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने शनिवार को सवनगी में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस दौरान स्मृति इरानी ने डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि भादर विकास खंड में 34,000 गरीब परिवारों के पक्के मकान बने हैं। हर परिवार में महिलाओं को स्वच्छ शौचालय और उज्जवला गैस कनेक्शन मिले हैं। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर दिए हैं। महिलाएं कम्प्यूटर चलाने के साथ बिजली के बिल भी जमा कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ग्रामीण अंचल की महिलाओं को रोजगार देकर लखपती दीदी बना रहे हैं। स्मृति ने कहा डबल इंजन की भाजपा सरकार में अमेठी का विकास तेजी से हुआ। अमेठी की जनता को भाजपा की सरकार ने मेडिकल कॉलेज दिया है। लंबे अंतराल के बाद भाजपा ने अमेठी को सैनिक स्कूल देने का काम किया ।गांधी परिवार का कोई भी सदस्य अमेठी से चुनाव नहीं लड़ रहा है, यह अपने आप में एक संकेत है कि कांग्रेस ने चुनाव से पहले ही अमेठी से अपनी हार स्वीकार कर ली है। इस लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा, भाजपा सभी 80 सीटें जीत रही है। जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ पांडेय और उनके सहयोगियों ने बड़ी माला से स्मृति का स्वागत किया। सभा को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, भाजपा काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष काशी तिवारी , मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

# हाथी के कदम तय करेंगे भाजपा और सपा का दम

▸ प्रतापगढ़ और कौशांबी लोकसभा सीट पर मुकाबले को रोचक बना रहे हैं बसपा के प्रत्याशी

▸▸ युवा प्रत्याशी दोनों सीटों पर अन्य प्रत्याशियों को दे रहे कड़ी टक्कर

▸▸ लोकसभा सीटों पर पांचवें और छठे चरण में क्रमशः 20 और 25 मई को होना है मतदान

रवि प्रकाश सिंह, प्रतापगढ़

**अमृत विचारः** कौशांबी और प्रतापगढ़ दो लोकसभा सीटों पर पांचवें और छठे चरण में क्रमशः 20 और 25 मई को मतदान होना है। चुनावी अखाड़ा पूरी तरह सजा हुआ है। इसमें दांव आजमाने वाले पहलवानों पर जनता भी बारीकी से निगाह गड़ाए हुए है।

कौशांबी और प्रतापगढ़ में दो प्रमुख पार्टियों से दो युवा प्रत्याशी मुकाबले को रोचक बना दिये हैं। दोनों चेहरे भले ही राजनीति में नए हैं, लेकिन पार्टी के परंपरागत वोट और युवा वर्ग के समर्थन से चुनाव को दिलचस्प बना दिये हैं। कौशांबी और प्रतापगढ़ क्षेत्र की दोनों संसदीय सीटों पर बसपा ने एक सीट से युवा ब्राम्हण चेहरा और आरक्षित सीट पर राजनीति के नए चेहरे सेवानिवृत्त क्षेत्राधिकारी को उम्मीदवार उतारकर चुनाव में रोचक बना दिया है। राजनीतिक पण्डित यही गुणा गणित करने में लगे हैं कि यही हाल रहा तो हाथी के कदम से ही प्रतापगढ़ और कौशांबी में सपा और भाजपा का दम तय होगा।

## प्रतापगढ़ संसदीय सीट पर भाजपा ने दूसरी बार संगम पर जताया भरोसा


संगम लाल गुप्ता


डॉ. एसपी सिंह पटेल


प्रथमेश मिश्र

प्रतापगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता लोकसभा चुनाव में दूसरी बार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वह 2019 के चुनाव में वह पहली बार सांसद बने थे। 2017 में पहली बार सदर विधानसभा से विधायक चुने गए। 52 वर्षीय संगम कक्षा आठ पास हैं, समाज में स्वयं की बेहतर पकड़ बताते हैं। सपा के पूर्व एमएलसी और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी डा. एसपी सिंह पटेल पहली बार लोकसभा के चुनाव मैदान में हैं। वनस्पति विज्ञान से एमएससी सपा प्रत्याशी डा.एसपी सिंह पटेल प्रतापगढ़ में वोटों के गुणा गणित में स्वयं को बेहतर बता रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरे 33 वर्षीय प्रथमेश मिश्र सेनानी लखनऊ विश्वविद्यालय से बीए व डा. राम मनोहर लोहिया अवध विवि से एलएलबी करने के बाद से सुप्रीम कोर्ट में वकालत कर रहे हैं। प्रथमेश पहली बार चुनाव मैदान में हैं लेकिन उन्होंने बचपन से घर में चुनाव का माहौल देखा है। राजनीति उनकी नसों में है। मौजूदा समय में प्रथमेश के पिता शिव कुमार मिश्र सेनानी और मां सिंधुजा मिश्र सेनानी भाजपा के सक्रिय सदस्य हैं। फिलहाल उनकी नजर बसपा के कहे जाने वाले वोटों के साथ ब्राह्मण वोट बैंक पर भी बनी हुई है।

## प्रतापगढ़ लोकसभा मतदाता




## कौशांबी लोकसभा सीट पर लड़ाई हुई दिलचस्प


विनोद सोनकर


पुष्पेन्द्र सरोज


शुभ नारायण गौतम

कौशांबी (अनुसूचित जाति) संसदीय सीट पर लड़ाई दिलचस्प दिखाई दे रही है। कैराना की इकरा हसन के बाद कौशांबी के पुष्पेंद्र सरोज दूसरे सपा उम्मीदवार है, जो सीधे लंदन से उत्तर प्रदेश की सियासी रणभूमि में उतरे हैं। लंदन की क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी से स्नातक पुष्पेंद्र का राजनीति से कोई सरोकार तो नहीं लेकिन पांच बार के विधायक और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री पिता इंद्रजीत सरोज से सियासी ककहरा सीखा है। अकाउंटिंग एंड मैनेजमेंट में बीएससी करने के लिए लंदन जाने से पहले देहरादून के वेल्हम बॉयज स्कूल में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की थी। मिलनसार और लोगों के बीच हर परिस्थिति में अपने को संयोजित कर लेते हैं। जातीय समीकरण, उच्च शिक्षा और युवा के दम पर प्रतिस्पर्धी को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने दो बार से लगातार सांसद रहे विनोद सोनकर पर तीसरी बार भी भरोसा जताया है। इससे पहले विनोद सोनकर वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा के चुनाव में लगातार दो बार जीतकर देश की सबसे बड़ी पंचायत पहुंचे थे। बसपा प्रत्याशी शुभ नारायण गौतम चुनावी मैदान में पहली बार जरूर उतरे है, लेकिन राजनीति से इनका पुराना नाता रहा है। मूलरूप से यह देवरिया के रहने वाले गौतम छात्र राजनीति की उपज हैं। वर्तमान में प्रयागराज के गोविंदपुर में रहते हैं। यह पुलिस विभाग में क्षेत्राधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए है। भाजपा तीसरी बार इस सीट पर नजर गड़ाए है तो सपा गठबंधन पिछली हार का हिसाब बराबर करने की जुगत में दिखाई दे रही है। सपा और बसपा के सामने अपनों को जोड़कर साथ चलने की सबसे बड़ी चुनौती है।

## कौशांबी लोकसभा मतदाता




## चुनावी चक्कर

● **13 रुपए किलो चीनी की दुकान कहां है :**
अमेठी की सांसद ने यहां की जनता को 13 रुपए किलो चीनी देने के वादे किए थे वही मै ढूंढ रहा हूं, अमेठी में 13 रुपए किलो चीनी की दुकान कहां है। यह बात कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने शनिवार को अमेठी विधानसभा क्षेत्र के टेंगहा गांव में आयोजित जनसभा में कहीं। शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी व मौजूदा सांसद स्मृति ईरानी पर निशाना साधते हुए कहा कि विरोधी लोग कहते हैं कि अमेठी में इन पैंतालीस सालों में क्या विकास हुआ? कहा कि उनका होमवर्क बहुत कमजोर है। अमेठी के लोगों में ये कहावत थी कि अगर न होता अमेठी में ऊसर तो राजा होते दऊ के दूसर । संजय गांधी के बाद राजीव गांधी ने जब कमान संभाली तो इस बात को समझकर अमेठी में नहरों का जाल बिछाया और सड़के बनवाई। 300 से अधिक फैक्ट्रियां स्थापित की। ऊसर सुधार के लिए भी कांग्रेस ने बहुत काम किया। पहले गरीबों के लिए इंदिरा आवास योजना के तहत उन्हें आवास मिलता था अब वही नाम बदलकर प्रधानमंत्री आवास देकर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। कहा कि अमेठी से गांधी परिवार के सम्मान का रिश्ता है,अमेठी की जनता इस बार ज़बाब देगी। भाजपा की अलगाववाद की राजनीति को जनता भलिभांति से जान चुकी है। भाजपा के नेता अपनी होती हुई हार को देखकर पूरी तरह से हताश हैं, ऐसे में उनके वरिष्ठ नेता भी अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं पर गलत आरोप लगा ईडी-सीबीआई का प्रयोग कर जेल भेजने पर तुली हुई है। इंडी गठबंधन की सरकार बनते ही सब खत्म हो जाएगा।

# दर्द और दरिया के बीच इस बार भी करेंगे मतदान

▸ 300 से अधिक मतदाता हैं सीतापुर लोकसभा क्षेत्र के गांव अंदपुर में

▸ साल भर पानी से घिरा रहता है असईपुर ग्राम सभा का गांव

▸ गांव में अभी भी हैं नाम मात्र की सुविधाएं, ग्रामीण परेशान


नाव पर सवार हो नदी पार करते अंदपुर गांव के निवासी। अमृत विचार

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की राजधानी से सटे जनपद सीतापुर से करीब 90 किमी की दूर बिसवां तहसील और रेउसा ब्लॉक में स्थित घाघरा और शारदा नदी के से घिरे गांव अंदपुर के मतदाता इस बार भी 13 मई को नांव के सहारे मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करेंगे।

अंदपुर गांव असईपुर ग्राम सभा का मजरा है। 900 से अधिक आबादी वाले गांव के धनीराम, चन्द्रभाल, राजाराम बताते हैं कि बाढ़ आने पर गांव के लोगों की समस्या बढ़कर दोगुनी हो जाती है। गांव में आने- जाने के लिए पहले नाव का सहारा लेना पड़ता है, और अगर मतदान करना हो तो तीन किलोमीटर पैदल भी चलना पड़ता है।

## प्राथमिक विद्यालय तो है लेकिन बंद रहता है

शारदा और घाघरा नदियों से घिरे गांव में प्राथमिक विद्यालय तो है, लेकिन अक्सर बंद रहता है। ये दावा ग्रामीणों का है। गांव के रवि, श्याम, सोनू बताते हैं कि उनकी पढ़ाई कक्षा पांच के बाद बंद हो गई। क्योंकि आगे की पढ़ाई को पूरा करने के लिए नदी पार करनी पड़ती, ऐसे में समस्याओं के चलते दूसरे गांव नहीं जा सके।



प्राथमिक विद्यालय का जर्जर कक्ष। अमृत विचार

## आठ माह तक विद्युत आपूर्ति रहती है बाधित

शासन की ओर से गांव में बिजली की व्यवस्था तो कराई गई है, लेकिन साल में करीब आठ माह गांव वालों को बिना बिजली के ही रहना पड़ता। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद वाजपेई बताते हैं कि विद्युत आपूर्ति लखीमपुर जनपद से आई है, लेकिन साल भर में बड़ी मुश्किल से चार महीने ही बिजली आती है। अधिकारियों से बात की जाए तो वे कहते हैं तार के सहारे जमीन में करंट न उतर आए, इसलिए विद्युत आपूर्ति बाधित की जाती है।

## 900 के करीब है आबादी

गांव की आबादी करीब 900 से अधिक है। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। मतदाता की बात करें तो यहां पर करीब 300 से अधिक मतदाता हैं। अपनी समस्याओं को लेकर इस गांव के लोग जल सत्याग्रह भी कर चुके हैं बावजूद हालात जस के तस हैं। गांव के धर्मपाल, कल्लू, सुखई और मनीजर का कहना है कि हर बार की तरह इस बार भी वह सब नाव के सहारे दरिया को पार कर अपना पसंदीदा प्रत्याशी चुनने के लिए मतदान करेंगे।

## अपनी ढपली अपना राग


विरोधी की गाड़ी में रुपया दिखे तो लपककर छीन लो, मैं भी आ जाऊंगा, गाड़ी में 10 लाख रुपया हैं, थानाध्यक्ष को एक लाख रुपए देना, 9 लाख रुपए अपने पास रख लो और मौज करो। – **ओमप्रकाश राजभर**


मणिशंकर अय्यर हो या कांग्रेस के सभी नेता, ये रहते भारत में हैं और गीत पाकिस्तान के गाते हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि रिश्ते में हम पाकिस्तान के बाप लगते हैं। –**आचार्य प्रमोद कृष्णम**


राहुल गांधी को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। जनता से कह रहे हैं है कि डरो मत,वह खुद अमेठी से डरकर वायनाड और फिर रायबरेली भाग गए हैं। –**अनुपम मिश्र**


तीसरे चरण के मतदान तक हताश हो चुके विपक्ष के नेता अब भगवान राम पर टिप्पणी करने लगे हैं। कोई कहता है कि राम मंदिर बेकार है तो कोई कहता है कि राम मंदिर से जनता को क्या लाभ है। –**राघवेंद्र द्विवेदी**

# पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत का : शाह

## तेलंगाना के विकाराबाद और नागरकुर्नूल की चुनावी रैली में केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस को घेरा

**हैदराबाद, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और उसके नेताओं पर तीखा प्रहार करते हुए शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम होने के डर से सबसे पुरानी पार्टी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर भारत का अधिकार छोड़ना चाहती है। राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के आखिरी दिन तेलंगाना के विकाराबाद और नागरकुर्नूल में चुनावी रैलियों में शाह ने याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आज ही के दिन 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था और देश को परमाणु शक्ति बनाया था।



● देश की पुरानी पार्टी के पास सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमला करने का साहस नहीं

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पास सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले करने का साहस नहीं है। देश पर पाकिस्तानी आतंकवादियों के हमले के दस दिन में प्रधानमंत्री मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक एवं हवाई हमले किए और आतंकवादियों का खात्मा कर दिया।

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर एवं नेशनल कांफ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला के पाकिस्तान के पास परमाणु बम होने संबंधी बयान पर शाह ने कहा कि वह राहुल गांधी से पूछना चाहते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है इसलिए क्या पाक के कब्जे वाले कश्मीर को पड़ोसी देश को दे देना चाहिये। जब तक यहां भाजपा है, ऐसा कभी नहीं हो सकता और पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे। शाह ने कहा कि परमाणु बम के डर से वे पीओके पर हमारा अधिकार छोड़ना चाहते हैं। लेकिन आप चिंता न करें, मोदी जी फिर से प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और पाकिस्तान की गोलियों का जवाब तोप से दिया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की कथित टिप्पणी कि तेलंगाना के लोगों का कश्मीर से क्या लेना देना है, शाह ने कहा तेलंगाना के युवा कश्मीर के लिये अपनी जान दे सकते हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की टिप्पणी पर शाह ने कहा कि रेवंत रेड्डी आपका दिमाग ठिकाने पर नहीं है। क्या आपने इसे इटली में रखा है। रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को कहा था कि पुलवामा हमला खुफिया विफलता का नतीजा था। मोदी ने पुलवामा घटना के बाद सर्जिकल स्ट्राइक से राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की। मेरा मोदी से सवाल है कि आप क्या कर रहे हैं?

### आतंकवाद के प्रति कांग्रेस का रुख नरम : सीतारमण



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि आतंकवाद के प्रति उसका रुख नरम रहा है। आपने कांग्रेस की दस साल के शासनकाल के दौरान देखा कि कैसे आतंकवादी हमलों को बर्दाश्त किया गया.... उपयुक्त जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के युवाओं के साथ संवाद के दौरान कहा कि वे इस हद तक पाकिस्तान को डोजियर भेजने में यकीन करते थे कि आपको स्मरण आएगा कि मुंबई में हमला कराने वालों को दंडित नहीं किया गया। सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर 26/11 के आतंकवादी हमले के बाद इस डर से कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया कि उसका 'वोटबैंक' खिसक जाएगा। सीतारमण ने कहा कि भारत उस दौर को कभी नहीं भुला पाएगा जब देश में बार-बार आतंकवादी हमले होते थे और कांग्रेस के नेता आतंकवाद के अपराधियों के साथ बैठा करते थे।

# स्पष्ट करें, छेड़खानी के आरोपों पर राज्यपाल को इस्तीफा क्यों नहीं देना चाहिए : ममता

**सप्तग्राम (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को राज्यपाल सी वी आनंद बोस पर लगे छेड़खानी के आरोपों को लेकर उनकी आलोचना की और कहा कि उनको यह स्पष्ट करना चाहिए कि उन्हें पद से इस्तीफा क्यों नहीं दे देना चाहिए।

हुगली लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार रचना बनर्जी के समर्थन में चुनावी रैली में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक बोस राज्यपाल बने रहेंगे तब तक वह राजभवन के अंदर कदम नहीं रखेंगी। तृणमूल प्रमुख ने कहा, राज्यपाल कहते हैं कि दीदीगीरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी... लेकिन, श्रीमान राज्यपाल मैं कहती हूं कि आपकी दादागीरी अब काम नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि बोस को साफ करना चाहिए कि उनके खिलाफ इस तरह के आरोप लगाए जाने के बाद उन्हें इस्तीफा क्यों नहीं देना चाहिए।



● 24 अप्रैल और दो मई को महिला कर्मी से छेड़खानी का सीवी आनंद बोस पर लगा आरोप

राजभवन की एक संविदा महिला कर्मचारी ने पिछले हफ्ते कोलकाता पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि बोस ने 24 अप्रैल और दो मई को राजभवन में उसके साथ छेड़खानी की थी। बोस ने अपने खिलाफ लगाए आरोपों पर स्थिति स्पष्ट करने के लिए नौ मई को राजभवन की कई सीसीटीवी फुटेज दिखाई थीं। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्यपाल ने संपादित वीडियो जारी किया। मैंने पूरी फुटेज देखी है।

### महिला कर्मचारी से दुर्व्यवहार की मंत्री ने की आलोचना

**कोलकाता।** प. बंगाल के मंत्री अखिल गिरि ने राजभवन की अस्थायी कर्मचारी से राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा कथित तौर पर दुर्व्यवहार किए जाने की आलोचना की। राज्य के पूर्व मेदिनीपुर जिले के रामनगर में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार उत्तम बारिक के समर्थन में सार्वजनिक रैली में प्रशासनिक सुधार मंत्री गिरि ने कहा कि राज्यपाल बूढ़े हो गए हैं और अत्यधिक गर्मी से अपना आपा खो बैठे हैं। उन्होंने आकर्षित होकर राजभवन की एक महिला कर्मचारी बांहों में खींच लिया होगा। अगर ऐसा है तो उन्हें दक्षिण भारत जाने दें और इस कृत्य को दोहराने दें।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्ग 43 गुमला-रांची मार्ग पर बतौली थाना क्षेत्र अंतर्गत शांतिपारा के पास दो वाहनों में आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गये। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। शव वाहन में फंसे होने की वजह से पुलिस द्वारा गैस कटर मशीन से वाहन को काट शवों को निकाला गया। बतौली पुलिस के अनुसार शुक्रवार देर रात तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई थी। बताया जा रहा है कि कार अंबिकापुर से सीतापुर की ओर तथा दूसरा वाहन सीतापुर से अंबिकापुर की ओर आ रहा था तभी यह हादसा देखने को मिला।

### दो पक्षों में संघर्ष में दो की मौत, एक दर्जन घायल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के भोपाल जिले के नजीराबाद थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए संघर्ष में दो लोगों की मौत हो गई और लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नजीराबाद इलाके के शुक्ला गांव में जमीन को लेकर दो परिवारों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। शनिवार सुबह जमीन पर कब्जे को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इसी दौरान जसवंत गुर्जर और रंगलाल गुर्जर पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया गया, जिससे उनकी मौत हो गई।

# एसआईटी जांच संबंधी याचिका पर जल्द होगी सुनवाई

**कोलकाता, एजेंसी**

**चुनावी बॉण्ड घोटाला**

● वकील प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की निगरानी में एसआईटी के गठन की उठाई मांग

वकील प्रशांत भूषण ने चुनावी बॉण्ड को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में सबसे बड़ा घोटाला करार देते हुए शनिवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय उस याचिका पर शीघ्र सुनवाई शुरू करेगा जिसमें कॉरपोरेट संस्थाओं और राजनीतिक दलों के बीच लाभ लेकर फायदा पहुंचाने की कथित व्यवस्था की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराए जाने का अनुरोध किया गया है।

उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में एक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष एसआईटी का गठन किया जाना चाहिए। भूषण ने कोलकाता प्रेस क्लब में कहा, शीर्ष अदालत में दायर की गई उस याचिका पर जल्द सुनवाई शुरू होगी जिसमें एसआईटी गठित करने का अनुरोध किया गया है। उच्चतम न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में एक निष्पक्ष एसआईटी का गठन किया जाना चाहिए। एसआईटी में सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को शामिल नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि वे भी इस मामले में आरोपी हैं। भूषण ने कहा कि जांच से पता चलेगा कि चुनावी बॉण्ड घोटाले में कौन शामिल था और राजनीतिक दलों से पैसा कैसे वसूला जा सकता है।

# झारखंड के माओवादी क्षेत्र में चुनाव कर्मियों को हवाई मार्ग से पहुंचा रहा निर्वाचन आयोग

**रांची।** झारखंड में मतदान शुरू होने में 36 घंटे शेष हैं लेकिन नक्सल प्रभावित सिंहभूम क्षेत्र में ट्रेन और हेलीकॉप्टर से चुनाव कर्मियों को भेजने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कई क्षेत्रों में पहली बार या कई दशकों के बाद मतदान होने जा रहा है। सिंहभूम लोकसभा सीट एशिया के सबसे घने साल जंगल 'सारंडा' का भी घर है, जो देश में वामपंथी उग्रवाद से ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में से है। पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप चौधरी ने कहा कि 95 मतदान दलों को शनिवार को चक्रधरपुर से राउरकेला के लिए विशेष ट्रेन से रवाना किया गया। मनोहरपुर, जराइकेला और पोसैता स्टेशन पर पहुंचने के बाद, वे अपने मतदान केंद्रों तक वाहन से या पैदल पहुंचेंगे।

# सोरेन के खिलाफ धन शोधन में तीन और गिरफ्तार

**नई दिल्ली/रांची, एजेंसी**

ईडी ने शनिवार को कहा कि इसने कथित तौर पर भूमि कब्जा करने से जुड़े धन शोधन मामले के सिलसिले में तीन और गिरफ्तारियां की हैं। मामले में ईडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कुछ अन्य को गिरफ्तार किया था।

ईडी के अनुसार धन शोधन (निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत नौ मई को संजीत कुमार,

● संजीत कुमार, मोहम्मद इरशाद और तापस घोष को ईडी ने जालसाजी के आरोप में पकड़ा

मोहम्मद इरशाद और तापस घोष को हिरासत में लिया गया था। संघीय एजेंसी ने कहा कि इनको छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम के तहत निर्धारित गैर-बिक्री योग्य भूमि के उपयोग की प्रकृति में बदलाव के लिए भू अभिलेखों की जालसाजी, उनमें छेड़छाड़ करने और फर्जी दस्तावेज तैयार करने में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया है। कुमार और घोष रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस में संविदा कर्मचारी हैं। सोरेन सहित, आईएएस अधिकारी छवि रंजन, राजस्व विभाग के पूर्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद और अन्य को ईडी ने जांच के तहत गिरफ्तार किया है। ईडी ने जांच में पाया कि उपरोक्त आरोपियों द्वारा फर्जीवाड़ा और जालसाजी से हासिल की भूमि हेमंत सोरेन के अवैध कब्जे में है।

# सेना के जवान की ससुर ने की हत्या

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शनिवार को सैनिक की उसके ससुर ने कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि केम्बल डांगा गांव में विलेज डिफेंस गार्ड (वीडीजी) के सदस्य दौलत राम ने अपने दामाद एवं सेना के जवान अमित सिंह पर कथित तौर पर गोली चलाई, जिससे उनकी मौत हो गई। पनासा गांव निवासी दौलत राम छुट्टी पर आए अपने दामाद अमित से मिलने पहुंचा था। जब दौलत राम को पता चला कि अमित सिंह ने वैवाहिक विवाद को लेकर अपनी पत्नी की पिटाई की है तो उसने गुस्से में आकर गोली चला दी, जिससे अमित घायल हो गए। गोलीबारी की घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा और अमित सिंह तथा उनकी पत्नी को अस्पताल पहुंचाया। अमित की पत्नी भी पिटाई से घायल हुई हैं।

● वैवाहिक विवाद को लेकर बेटी की पिटाई से नाराज पिता ने गुस्से में मारी गोली

### धमतरी-गरियाबंद जिले की सीमा पर मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के धमतरी और गरियाबंद जिलों की सीमा पर शनिवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

धमतरी जिले के पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि यह मुठभेड़ शनिवार दोपहर तब हुई जब धमतरी से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) का एक दल नक्सल विरोधी अभियान पर निकला था। उन्होंने बताया कि गोलीबारी रुकने के बाद सुरक्षाबलों ने एक नक्सली का शव बरामद किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मारे गए नक्सली की पहचान अब तक नहीं हो पाई है और आस-पास के इलाकों में अब भी तलाश जारी है।

# हैरान हूं आयोग ने मेरी शिकायतों की अनदेखी की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि निर्वाचन आयोग ने उनके द्वारा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं को लिखे पत्र का जवाब देने का तो फैसला किया, लेकिन उनके द्वारा सीधे आयोग में की गई शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों को संबोधित पत्र में उन्होंने कहा कि आयोग सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं के दिए घोर सांप्रदायिक और जातिवादी बयानों से निपटने में तत्परता नहीं दिखा रहा है यह हैरान करने वाला है। पहले दो चरणों के मतदान के आंकड़े जारी करने में निर्वाचन आयोग की देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए खरगे द्वारा 'इंडियन



● मुख्य निर्वाचन आयुक्त को कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा पत्र

नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' के नेताओं को लिखे गए पत्र के जवाब में, आयोग ने शुक्रवार को इसे स्पष्टीकरण मांगने की आड़ में पूर्वाग्रहपूर्ण विमर्श को आगे बढ़ाने का प्रयास बताया था।

खरगे ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से गठबंधन सहयोगियों को संबोधित एक खुला पत्र था, न कि आयोग को। खरगे ने शनिवार को निर्वाचन आयोग के भेजे अपने पत्र में कहा, आश्चर्य की बात है कि भारत निर्वाचन आयोग इस पत्र का जवाब देना चाहता था, जबकि सीधे तौर पर दी गई कई अन्य शिकायतों को नजरअंदाज कर रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग का पत्र एक तरफ कहता है कि आयोग नागरिकों के सवाल पूछने के अधिकार का सम्मान करता है और दूसरी तरफ, नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह के रूप में धमकाता है। मुझे खुशी है कि आयोग समझता है कि उसे संविधान के तहत निर्बाध, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का अधिकार है। हालांकि, चुनावी प्रक्रिया को दूषित करने वाले सत्ताधारी दल के नेताओं द्वारा दिए जा रहे घोर सांप्रदायिक और जातिवादी बयानों के खिलाफ कार्रवाई करने में आयोग द्वारा दिखाई गई तत्परता की कमी हैरान करने वाली लगती है।

### अगर अंबानी, अडाणी कांग्रेस को काला धन भेज रहे थे तो मोदी सरकार ने कार्रवाई क्यों नहीं की

**समस्तीपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि अगर उनके आरोप के अनुसार उद्योगपति मुकेश अंबानी एवं गौतम अडाणी कांग्रेस को काला धन भेज रहे थे तो उनकी सरकार ने इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की। बिहार के समस्तीपुर में चुनावी रैली में खरगे ने कहा कि मोदी भारत के प्रधानमंत्री केवल इसलिए बन सके क्योंकि कांग्रेस ने इसकी आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री कहते हैं कि हम अंबानी और अडाणी पर चुप हैं, हम चुप नहीं हैं... मैं पूछ रहा हूं कि अगर उनके आरोप के अनुसार, हमें इन उद्योगपतियों से काला धन प्राप्त हुआ तो उनकी सरकार ने इस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। क्या ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्होंने स्वयं काला धन प्राप्त किया था।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-995 फ्लैग-1115 डीएमओ-880 बोल्ड-1165
**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग-1110 बोल्ड- 1160 डीएमओ- 950

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज प्रति कुन्तल** | |
| गेहूँ (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूँ (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूँग खड़ा | 10000-10500 |
| मूँग दाल | 10500-11000 |
| मूँग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राजमा सफेद | 13000-14000 |
| राजमा काला | 11500-12500 |
| मूँगफली का दाना | 11000-12000 |

# 15 हजार महिलाएं करेंगी ड्रोन से खेती

## ड्रोन दीदी योजना के लिए महिंद्रा और कौशल विकास तथा उद्यमिता मंत्रालय ने की साझेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कृषि उपकरण निर्माता कंपनी और ट्रैक्टर निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने ड्रोन दीदी योजना के तहत दो पायलट परीक्षण करने के लिए कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के साथ एक समझौता किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस साल के आरंभ में शुरू की गई इस योजना का लक्ष्य 15,000 महिलाओं को उर्वरक बुआई, फसल निगरानी और बीज बुआई जैसे कृषि उद्देश्यों के लिए ड्रोन संचालन के लिए प्रशिक्षित करना है, जिससे नई प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में कौशल प्रदान करके महिलाओं के लिए आजीविका के नए अवसर पैदा हो सकें। इस साझेदारी के तहत, महिंद्रा और एमएसडीई हैदराबाद और नोएडा में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) में 500



● फसल निगरानी और बुआई जैसे कृषि उद्देश्यों के लिए ड्रोन संचालन का दिया जाएगा प्रशिक्षण

महिलाओं को कौशल प्रदान करने के लिए दो पायलट कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसमें केवल 20 महिलाओं वाले विशेष बैच होंगे।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा अनुमोदित 15 दिवसीय पाठ्यक्रम इन केंद्रों पर आरपीटीओ (रिमोट पायलट प्रशिक्षण संगठन) प्रशिक्षकों के माध्यम से वितरित होगा। महिंद्रा ग्रुप के ग्रुप सीईओ और एमडी डॉ. अनीश शाह ने कहा, हमारे इस उदयोन्मुखी दर्शन के अनुरूप, महिंद्रा ग्रुप महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्हें वर्कफोर्स में शामिल होने और आर्थिक स्वतंत्रता हासिल करने के लिए कौशल प्रदान किया जाएगा। एमएसडीई के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने कहा कि हम व्यापक प्रशिक्षण के लिए उनकी कृषि विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। कृषि में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लक्ष्य के साथ हैदराबाद और नोएडा में दो एनएसटीआई को पायलट कार्यक्रम के लिए चुना गया है। राष्ट्र निर्माण के लिए महिलाओं को कुशल बनाने का हमारा यह मिशन, विशेष रूप से उभरते व्यवसायों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ड्रोन दीदी कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन के माध्यम से यह सहयोग आगे भी बरकरार रहेगा।

### जहीराबाद, तेलंगाना और नागपुर, महाराष्ट्र में दिया जाएगा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण केन्द्रों पर एनएसटीआई प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने के लिए बुनियादी ढांचा, प्रतिभागियों के लिए छात्रावास सुविधा प्रदान करेगा और भागीदारी बढ़ाने के लिए स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों और गैर सरकारी संगठनों से संपर्क करेगा। महिंद्रा समूह सिमुलेशन मशीनरी/ड्रोन, सिम्युलेटर नियंत्रक, सिम्युलेटर सॉफ्टवेयर, आई5 प्रोसेसर और प्रशिक्षकों के साथ कंप्यूटर के माध्यम से प्रारंभिक सेट-अप सहायता प्रदान करेगा और डीजीसीए लाइसेंस धारक प्रशिक्षकों की लागत सहित पायलट परियोजना की अवधि के लिए परिचालन लागत को पूरा करेगा। देश भर में चिह्नित एनएसटीआई/आईटीआई में ड्रोन दीदी योजना को आगे बढ़ाने में एमएसडीई की सहायता करेंगे। योजना आगे बढ़ाने के लिए, महिंद्रा जल्द ही जहीराबाद, तेलंगाना और नागपुर, महाराष्ट्र में कंपनी के कौशल केंद्रों में महिलाओं के लिए ड्रोन प्रशिक्षण शुरू करेगी।

# ऑस्ट्रेलिया में लिथियम संपत्ति का अधिग्रहण करने की तैयारी में खनिज विदेश इंडिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड (काबिल) को इस साल ऑस्ट्रेलिया में लिथियम ब्लॉक हासिल करने की उम्मीद है। खान सचिव वीएल कांथा राव ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि विदेश में खनिज संपत्तियों की खोज के तहत काबिल पिछले साल से ऑस्ट्रेलिया में काम कर रहा है। राव ने यहां काबिल के पंजीकृत कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर कहा, काबिल के ऊपर अन्य देशों पर ध्यान देने की जिम्मेदारी है। हमें ऑस्ट्रेलिया में अपने प्रयासों को बढ़ाना होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान हम एक और संपत्ति को लक्षित करें।

काबिल का स्वामित्व तीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को), हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) और मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (एमईसीएल) के पास है। उन्होंने अगले



● खनिज संपत्तियों की खोज के तहत पिछले साल से ऑस्ट्रेलिया में काम कर रहा है काबिल

अधिग्रहण के बारे में बताया, मैं उम्मीद कर रहा हूं कि यह ऑस्ट्रेलिया होना चाहिए, क्योंकि हम (वहां) पिछले साल से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना के विपरीत, ऑस्ट्रेलिया थोड़ा महंगा होगा, इसलिए काबिल की चुकता पूंजी बढ़ानी होगी।

इस समय काबिल की चुकता पूंजी 100 करोड़ रुपये है। राव ने बताया, हम 500 करोड़ रुपये तक जाने के लिए अधिकृत हैं और हमारे पास 200 करोड़ रुपये तक की मंजूरी है। उन्होंने कहा कि अगले दो से तीन वर्षों में अर्जेंटीना के लिथियम ब्लॉकों में खनन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 86300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74700 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55650-55850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 84,100 |
| चांदी तैयार | 84,000 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 73000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 72000 |
| चांदी पक्की | 825 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,100 |
| चांदी आभूषण | 83,500 |

# एक जून से बेंगलुरु-देवघर के बीच सीधी उड़ान शुरू करेगी इंडिगो

**कोलकाता, एजेंसी**

इंडिगो ने एक जून से झारखंड के देवघर और बेंगलुरु के बीच सीधी उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। सीधी उड़ानें सप्ताह में तीन बार मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित होंगी।

एयरलाइन ने बताया कि उड़ान संख्या 6ई 6435 बेंगलुरु से सुबह 10.05 बजे उड़ान भरेगी और दोपहर 12.25 बजे देवघर पहुंचेगी। वापसी की उड़ान 6ई 6437 दोपहर 12.55 बजे देवघर से रवाना होगी और 3.25 बजे बेंगलुरु में उतरेगी। इंडिगो ने कहा कि नया मार्ग भारत के दक्षिणी



हिस्से से झारखंड के प्रसिद्ध धार्मिक केंद्रों तक संपर्क बढ़ाएगा। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा कि बेंगलुरु और देवघर के बीच सीधी उड़ान से न केवल ग्राहकों को झारखंड के पवित्र शहर तक पहुंच मिलेगी, बल्कि छात्रों और रोजगार चाहने वालों को भी सुविधा होगी। देवघर प्रसिद्ध बैद्यनाथ मंदिर है, जो भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में एक है।

### गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस का आईपीओ 15 मई को खुलेगा

**अहमदाबाद।** गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम आईपीओ 15 मई को खुलेगा। कंपनी ने शनिवार को बयान दिया कि आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 15 मई बुधवार को खुलेगा और 17 मई शुक्रवार को बंद होगा। प्राइस बैंड 258 से 272 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया है। निवेशक न्यूनतम 55 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। 55 शेयरों के मल्टीपल यानी गुणक में बोली लगाई जा सकती है। दस रुपये प्रति इक्विटी शेयर की फेस वैल्यू वाला यह ऑफर फ्रेश इश्यू और ओएफएस यानी ऑफर फॉर सेल का मिक्स है।

# भारत का कपास निर्यात 27 % बढ़कर 28 लाख गांठ होने का अनुमान

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय कपास संघ (सीएआई) ने शनिवार को अनुमान लगाया कि 24 सितंबर को समाप्त होने वाले फसल वर्ष 2023-24 के दौरान कपास निर्यात लगभग 27 प्रतिशत बढ़कर 28 लाख गांठ हो जाएगा।

सीएआई ने कहा कि फसल सत्र 2022-23 (अक्टूबर-सितंबर) में कपास का निर्यात 22 लाख गांठ था। एक गांठ 170 किलोग्राम के बराबर होती है। सीएआई के अध्यक्ष अतुल गनात्रा ने बताया कि दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान कीमतें अंतर्राष्ट्रीय कीमतों की तुलना में 8-10 प्रतिशत कम होने के कारण भारतीय कपास की मांग बढ़ गई। हमारा कपास मुख्य रूप से बांग्लादेश, चीन और वियतनाम जैसे देशों को निर्यात किया जाता है। सीएआई ने वर्ष 2023-24 के लिए कपास उत्पादन 309.70 लाख गांठ होने का अनुमान लगाया है, जो पिछले महीने के अनुमान के समान है। हालांकि उत्पादन पिछले सत्र के 318.90 लाख गांठ से कम रहने की उम्मीद है।



● अंतर्राष्ट्रीय कीमतों की तुलना में 8-10 प्रतिशत कम होने से भारतीय कपास की मांग बढ़ी

अप्रैल 2024 के अंत तक कुल कपास आपूर्ति 315.86 लाख गांठ होने का अनुमान है। अप्रैल 2024 तक कपास की अनुमानित खपत 192.50 लाख गांठ है जबकि निर्यात 21.50 लाख गांठ आंका गया है।

## आज का मुकाबला

चेन्नई सुपरकिंग्स
बनाम
राजस्थान रॉयल्स
दोपहर 3:30 बजे

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
दिल्ली कैपिटल्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 12 | 20 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 12 | 634 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

## रॉयल्स को हराकर सीएसके मजबूत करना चाहेगी दावा

चेन्नई, एजेंसी



चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल के प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को मजबूत करने के लिए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। सुपर किंग्स की टीम अभी 12 मैच में 12 अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर है लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुक्रवार को हार के कारण उस पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है और उसे अब बाकी बचे दोनों मैच में जीत दर्ज करने की जरूरत है।

दूसरी तरफ रॉयल्स के 16 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है लेकिन पिछले दो मैच में सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार के कारण उसका मनोबल गिरा है। रॉयल्स की टीम पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने का खतरा नहीं मंडरा रहा है लेकिन संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम नॉकआउट चरण से पहले जीत की राह पर लौट के लिए बेताब होगी। सुपर किंग्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सबसे बड़ी निराशा शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों अजिंक्य रहाणे, रचिन रविंद्र और कप्तान रुतुराज गायकवाड से मिली। यह तीनों बल्लेबाज रॉयल्स के खिलाफ उसकी भरपाई करना चाहेंगे। डेरिल मिचेल और मोईन अली का अच्छा प्रदर्शन सुपर किंग्स के लिए इस मैच में सकारात्मक पहलू रहा। विश्व कप टीम में चुने गए शिवम दुबे गुजरात के खिलाफ 13 गेंद पर 21 रन ही बना पाए थे।

## अब भी प्लेआफ में जा सकती है गुजरात, चमत्कार होते हैं : गिल

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल को उम्मीद है कि उनकी टीम आईपीएल के प्लेआफ में जगह बनायेगी हालांकि चेन्नई सुपर किंग्स को 35 रन से हराने के बावजूद उसके लिए राह आसान नहीं है।

गुजरात 12 मैचों में 10 अंक लेकर आठवें और चेन्नई 12 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। गिल ने कहा हमारी क्वालीफाई करने की संभावना 0.1 या 1 प्रतिशत है। हम सभी को लगता है कि हम अभी भी प्लेआफ में जगह बना सकते हैं। क्योंकि मैने देखा है कि इस टीम ने चमत्कार किए हैं और हम फिर कर सकते हैं। चेन्नई के खिलाफ शतक जमाकर टीम को तीन विकेट पर 231 रन तक पहुंचाने वाले गिल का मानना है कि उनकी टीम कुछ रन पीछे रह गई। 15 ओवर में बिना किसी नुकसान के स्कोर 195 रन था और 250 तक पहुंचना चाहिए था।



### धीमी ओवरगति के लिए गिल पर लगा जुर्माना

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया है। यह टीम का इस सत्र में धीमी ओवरगति का दूसरा अपराध था। इसके लिए हर खिलाड़ी पर छह लाख रूपये या मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया है।

## आरसीबी के लिए दिल्ली से करो या मरो का मुकाबला

बेंगलुरू, एजेंसी



लगातार चार मैच जीतकर प्लेआफ की दौड़ में बनी हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को अपना दावा बनाए रखने के लिए आज दिल्ली कैपिटल्स को हर हालत में हराना होगा। आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को दो बार हराने के अलावा पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है। गुजरात और पंजाब से आरसीबी को कोई चुनौती नहीं मिली और सनराइजर्स को उसने करीबी मुकाबले में हराया। दूसरी ओर दिल्ली के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली टीम ने 27 अप्रैल को मुंबई इंडियंस पर दस रन से मिली जीत में चार विकेट पर 257 रन बनाये थे तो 29 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नौ विकेट पर 153 रन ही बना सकी।

आरसीबी 12 मैचों में 10 अंक लेकर सातवें स्थान पर है और अब हारने से उसके लिये रास्ते बंद हो जाएंगे। कोहली के अलावा कप्तान फाफ डु प्लेसी, रजत पाटीदार, कैमरन ग्रीन और दिनेश कार्तिक ने भी अच्छा पारियां खेली हैं। वहीं, दिल्ली के जैक फ्रेसर मैकगुर्क के सामने होगी जो 235.87 के स्ट्राइक रेट से सात मैचों में 309 रन बना चुके हैं। सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने भी 157 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं पर प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखी।

## खेल डायरी

### स्ट्राइक रेट बेहतर करने की जरूरत : यूनिस खान



**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान यूनिस खान ने बाबर आजम, फखर जमां और मोहम्मद रिजवान जैसे अन्य अनुभवी खिलाड़ियों को आधुनिक क्रिकेट की आवश्यकताओं के अनुरूप स्ट्राइक रेट बढ़ाने की सलाह दी है। यूनिस ने कहा कि खिलाड़ियों को टी 20 प्रारूप में किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहना चाहिए। इसी तरह गेंदबाजों को दबाव की स्थिति में गेंदबाजी करने के लिए तैयार रहना चाहिए। पाकिस्तान को 2009 में टी20 विश्व कप खिताब दिलाने वाले यूनिस ने कहा मुझे लगता है कि बाबर, रिजवान, फखर जैसे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को स्ट्राइक रेट पर काम करना शुरू करना होगा।

### विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में रमित

**नई दिल्ली।** भारत के रमित टंडन ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के फराज खान को हराकर काहिरा में चल रही विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 36वें नंबर के खिलाड़ी और इस टूर्नामेंट में सीधा प्रवेश पाने वाले टंडन ने विश्व में 57वें नंबर के अमेरिकी खिलाड़ी को केवल 13 मिनट में 11-1, 11-3, 11-3 से करारी शिकस्त दी। इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे एकमात्र भारतीय खिलाड़ी टंडन का अगला मुकाबला रविवार को इंग्लैंड के सातवीं वरीयता प्राप्त मोहम्मद अल शोरबागी से होगा।

### नडाल इटैलियन ओपन में हुर्काज से हारे

**रोम।** राफेल नडाल डेढ़ साल में पहली बार शीर्ष 10 के खिलाड़ी के सामने थे लेकिन उन्हें इटैलियन ओपन के तीसरे दौर में नौवीं रैंकिंग के हुबर्ट हुर्काज से हार का सामना करना पड़ा। नडाल अपने पसंदीदा क्ले कोर्ट पर हुर्काज से 1-6, 3-6 से हार गए। अब हुर्काजा का सामना टॉमस एचेवेरी से होगा जिन्होंने थियागो सेबोथ को 6-3, 7-5 से मात दी। अगर नडाल फ्रेंच ओपन में अंतिम बार प्रतिस्पर्धी होना चाहते हैं तो उन्हें 26 मई से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट से पहले कड़ा अभ्यास करना होगा। नडाल पहले ही संकेत दे चुके हैं कि यह टूर पर उनका अंतिम सत्र होगा।

### धीमी ओवर गति के कारण हुआ पंत का निलंबन



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत आरसीबी के खिलाफ आज के अहम मैच में नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें मौजूदा सत्र में तीन बार धीमी ओवर गति के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सात मई को दिल्ली कैपिटल्स की 20 रन की जीत के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए पंत पर 30 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था। दिल्ली कैपिटल्स की टीम इस मैच के आखिरी ओवर में तय समय से 10 मिनट पीछे थी। ऋषभ पंत पर सात मई 2024 को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ धीमी ओवर गति के कारण आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया है और उन्हें एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है।

### वेस्टइंडीज ने जारी किया वार्षिक कार्यक्रम

**मुंबई।** वेस्टइंडीज की टीम 23 मई से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेगी। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने इस साल के अपने घरेलू अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम की घोषणा की है जिसके अनुसार टीम मई से दिसंबर के बीच दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और बांग्लादेश के खिलाफ मैच खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका सीरीज के तुरंत बाद टी20 विश्व कप की शुरुआत होगी, जिसकी सह मेजबानी अमेरिका के साथ वेस्टइंडीज कर रहा है। विश्व कप के बाद जुलाई में टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज, इंग्लैंड की मेजबानी करेगा। अगस्त में साउथ अफ्रीकी टीम फिर से वेस्टइंडीज पहुंचेगी, जहां उन्हें दो टेस्ट और तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलना है। टेस्ट सीरीज से पहले दोनों टीमों के बीच टारौबा में चार दिनों का एक अभ्यास मैच भी होगा। नवंबर में फिर से इंग्लैंड की टीम तीन वनडे और पांच टी20 मैचों के लिए कैरेबियन द्वीप का दौरा करेगी।

# केकेआर ने मुंबई को दिया 157 का लक्ष्य

## बारिश के बाद 16-16 ओवर का हुआ मुकाबला, वेंकटेश ने खेली 42 रनों की पारी, बुमराह और पीयूष को मिले दो-दो विकेट




कोलकाता, एजेंसी

मुंबई इंडियंस की अनुशासित गेंदबाजी के सामने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में वेंकटेश अय्यर की 21 गेंद में 42 रन के बावजूद सात विकेट पर 157 रन ही बना सकी।

बारिश के कारण मैच एक घंटा 45 मिनट की देरी से शुरू हुआ और इसे 16-16 ओवर का कर दिया गया जिसके बाद मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेंकटेश अय्यर ने हैमस्ट्रिंग से जूझते हुए केकेआर को सत्र की सबसे खराब शुरुआत से उबारा।ऊंगली की चोट के कारण 11 मैच नहीं खेलने वाले उप कप्तान नितीश राणा (23 गेंद में 33 रन) ने रन आउट होने से पहले अय्यर के साथ 24 गेंद में 37 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी बनाई, लेकिन मुंबई ने लेग स्पिनर पीयूष चावला की मदद से वापसी की, जिन्होंने अपने तीन ओवरों में 38 रन देकर दो विकेट झटके। उन्होंने वेकेंटेश अय्यर और आंद्रे रसेल (14 गेंद, 24 रन) के दो महत्वपूर्ण विकेट लिए। रसेल आक्रामक मूड में दिख रहे थे जिससे केकेआर की टीम कुछ अतिरिक्त रन जुटाने से वंचित रह गई। बुमराह (चार ओवर में 39 रन पर दो विकेट) ने रिंकू सिंह (12 गेंद में 20 रन) पर आउट करके अपने शानदार स्पैल का अंत किया।



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी। ● एजेंसी

शहर में लगातार बारिश के कारण तीन दिनों तक पिच कवर से ढकी रही। केकेआर ने सत्र की सबसे खराब शुरुआत की और अपने दोनों सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट (06) और सुनील नरेन (0) के विकेट सात गेंद के अंदर गंवा दिये।

सॉल्ट ने नुआन तुषारा पर पारी की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ दिया लेकिन पांचवीं गेंद पर आउट हो गये। ओवर की अंतिम गेंद पर वेंकटेश अय्यर ने चौका जड़ा। सुनील नारायण (शून्य) खाता भी नहीं खोल सके और दूसरे ओवर की पहली गेंद पर बुमराह का शिकार हुए। बुमराह की इनस्विंग यार्कर ने उनके ऑफ स्टंप उखाड़ दिये। वेंकटेश अय्यर ने स्क्वायर लेग से फेंके गये थ्रो से चोट लगने के बाद कुछ उपचार के बाद मुंबई के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज पर आक्रमण कर एक छक्का और एक चौका लगाकर इस ओवर में 15 रन जुटाए। उनकी पारी ने सुनिश्चित किया कि केकेआर ने पावरप्ले में तीन विकेट पर 45 रन बनाए। बारिश के कारण पावरप्ले पांच ओवर का कर दिया गया था।

### केकेआर 157/7

16 ओवर, अतिरिक्त : 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का कम्बोज बो तुषारा | 6 | 5 | 0/1 |
| सुनील नारायण बो बुमराह | 0 | 1 | 0/0 |
| वेंकटेश अय्यर का यादव बो चावला | 42 | 21 | 6/2 |
| श्रेयस अय्यर बो कम्बोज | 7 | 10 | 1/0 |
| नितीश राणा रन आउट | 33 | 23 | 4/1 |
| आंद्रे रसेल का कम्बोज बो चावला | 24 | 14 | 2/2 |
| रिंकू सिंह का किशन बो बुमराह | 20 | 12 | 0/2 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 17 | 8 | 1/1 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 2 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** नुआन तुषारा 3-0-31-1, जसप्रीत बुमराह 4-0-39-2, अंशुल कम्बोज 3-0-24-1, हार्दिक पंड्या 3-0-32-0, पीयूष चावला 3-0-28-2

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.476 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | +0.406 |
| चेन्नई | 12 | 6 | 6 | 12 | +0.491 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.769 |
| बेंगलुरु | 12 | 5 | 7 | 10 | +0.217 |
| गुजरात | 12 | 5 | 7 | 10 | -1.063 |
| मुंबई (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| पंजाब (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.423 |

## एंडरसन वेस्टइंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के बाद लेंगे संन्यास

लंदन, एजेंसी

महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने शनिवार को घोषणा की कि इस सत्र में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला का पहला टेस्ट उनके अर्रालाष्ट्रीय करिअर का आखिरी मैच होगा। एंडरसन ने अपने 20 साल के करिअर में 700 टेस्ट विकेट लिए है। 2003 में पदार्पण करने वाले एंडरसन सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज के साथ इस प्रारूप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली सूची में मुथैया मुरलीधरन (800) और शेन वार्न (708) के बाद तीसरे स्थान पर है।



एंडरसन ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, सभी को नमस्कार। मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि आगामी घरेलू सत्र में लॉर्डस मैदान पर खेला जाने वाला पहला टेस्ट मेरा आखिरी टेस्ट होगा। जिस खेल को मैं बचपन से पसंद करता था उसमें अपने देश का 20 साल तक प्रतिनिधित्व करना अविश्वसनीय रहा है। इंग्लैंड के लिए खेलने की कमी मुझे बहुत खलेगी।

## भारत को ओलंपिक में अच्छे नतीजे मिलेंगे : किम

नई दिल्ली, एजेंसी

मशहूर तीरंदाजी कोच और मेंटोर किम ह्युंग ताक का मानना है कि हाल ही में विश्व कप में ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने वाले भारतीय तीरंदाजों को मजबूत तकनीकी अभ्यास का फायदा ओलंपिक में मिलेगा जहां वे स्वर्ण पदक जीत सकते हैं। अभी तक तीरंदाजी में भारत के लिये एकमात्र ओलंपिक कोटा धीरज बोम्मादेवरा ने जीता है। किम ने सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में कोचों के सेमिनार के बाद कहा भारतीय रिकर्व टीम ने काफी दमदार तकनीकी अभ्यास किया है। इससे उन्हें ओलंपिक में अच्छे नतीजे मिलने में मदद मिलेगी। अभ्यास और तैयारियों में निरंतरता बनाये रखने से पेरिस में पदक जीतना संभव है।

भारतीय रिकर्व तीरंदाज तुर्की के अंताल्या में 14 से 17 जून तक होने वाले आखिरी



क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में टीम कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। बोम्मादेवरा, तरूणदीप राय और प्रवीण जाधव ने 28 अप्रैल को शंघाई में ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को हराकर 14 साल बाद विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। किम ने कहा कि भारत के सीनियर तीरंदाज युवाओं की मदद करने को तत्पर रहते हैं। दीपिका और तरूणदीप जैसे सीनियर उन्हें मार्गदर्शन देते हैं। इससे टीम बनाने में मदद मिलती है।

### मनु और अनीश ओलंपिक चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान पर

**भोपाल।** ओलंपियन निशानेबाज मनु भाकर और अनीश भानवाला शनिवार को राइफल और पिस्टल के लिए ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में अपनी स्पर्धाओं के क्वालीफिकेशन राउंड में मजबूत स्कोर से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। अनीश ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में 587 अंक के स्कोर से शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि मनु महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में 585 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। फाइनल आज होगा जिसमें क्वालीफाई करने वाले पांच निशानेबाजों महत्वपूर्ण पोडियम अंक जुटाने होंगे। महिलाओं की पिस्टल स्पर्धा में रिदम सांगवान 586 अंक से शीर्ष पर रहीं जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ 585 अंक के साथ मनु को पछाड़कर दूसरे स्थान पर रहीं। ईशा सिंह चौथे और अभिदन्या अशोक पाटिल पांचवें स्थान पर रहीं।

## ब्राजील की टीम से बाहर हुए नेमार



**रियो डी जनेरियो।** घुटने की गंभीर चोट से उबर रहे नेमार को कोपा अमेरिका अभियान के लिए ब्राजील की टीम से बाहर कर दिया गया है।अक्टूबर में बाएं घुटने के क्रूसिएट लिगामेंट के टूटने के बाद से नेमार ने नहीं खेला है और 32 वर्षीय खिलाड़ी के अमेरिका में 20 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए फिट होने की बहुत कम संभावना जताई गई थी।मैनचेस्टर यूनाइटेड के मिडफील्डर कासेमिरो और टोटेनहम हॉटस्पर के फॉरवर्ड रिचर्डसन भी टीम में जगह बनाने से चूक गए। दोना अपने-अपने क्लबों में खराब फॉर्म और चोटों से जूझ रहे हैं। मैनेजर डोरिवल जूनियर ने 23 सदस्यीय टीम में पाल्मेरास के किशोर एंड्रिक को नामित किया है। फारवर्ड जुलाई में 18 साल का होते ही रियल मैड्रिड में शामिल हो जाएगा, उन्होने वेम्बली स्टेडियम में इंग्लैंड पर 1-0 की जीत में और मार्च में सैंटियागो बर्नब्यू में स्पेन के खिलाफ 2-2 से ड्रा में ब्राजील के लिए गोल किया था। ब्राजील अपने कोपा अमेरिका अभियान की शुरुआत 24 जून को लॉस एंजिल्स में कोस्टा रिका के खिलाफ करेगा और ग्रुप चरण में पराग्वे और कोलंबिया से भी भिड़ेगा।

## बॉलीवुड हलचल

### सरफरोश के सीक्वल में काम करना चाहते हैं आमिर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान अपनी सुपरहिट फिल्म सरफरोश के सीक्वल में काम करना चाहते हैं। वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म सरफरोश में आमिर खान, सोनाली बेन्द्रे और नसीरउद्दीन साह ने मुख्य भूमिका निभायी थी। इस फिल्म में आमिर खान ने एक आईएएस ऑफिसर की भूमिका अदा की थी।फिल्म सरफरोश को रिलीज हुए 25 साल पूरे हो गए हैं। फिल्म के 25 साल पूरे होने पर आमिर खान और सरफरोश की टीम ने एक शानदार पार्टी रखी थी और जूहू के पीवीआर में स्पेशल स्क्रीनिंग रखी थी। आमिर खान ने खुलासा किया कि वह इस फिल्म के सीक्वल की तैयारी कर रहे हैं। सरफरोश 2 को लेकर आमिर खान ने कहा, मैं एक बात के बारे में कमिटेड हो सकता हूं, कि हम निश्चित रूप से इसके लिए सही स्क्रिप्ट और सही तरह की फिल्म के साथ आने के लिए वाकई में सीरियस होकर काम करेंगे।

### जापान में धूम मचा रही टाइगर 3

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की फिल्म टाइगर 3, जापान में धूम मचा रही है। यशराज बैनर तले बनी मनीष शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म टाइगर 3 पिछले साल प्रदर्शित हुई थी। टाइगर 3 में सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म टाइगर 3 जापान में रिलीज की गई है। जापान में इंडियन फिल्मों का बहुत क्रेज है। जापान में फिल्म टाइगर 3 के रिलीज के एक सप्ताह पूरे हो गए हैं। जापान में फिल्म की रिलीज से पहले सलमान खान ने जापानी फैंस के



लिए एक मैसेज भी छोड़ा था। सलमान खान इस वीडियो में कहते दिख रहे थे कि वह फिल्म टाइगर 3 के जापान में रिलीज होने पर बेहद एक्साइटेड हैं और फिल्म की रिलीज के मौके पर जापान में होना चाहते थे। टाइगर 3 ने जापान में सात दिनों में करीब 15 मिलियन की कमाई कर ली है।

### निर्देशन की दुनिया में आए बोमन ईरानी

मुंबई। बॉलीवुड के जाने-माने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी ने द मेहता बॉयज के साथ निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है। बोमन ईरानी एक दशक से अधिक समय से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। वह अब एक फिल्म निर्माता के रूप में, अपनी बहुप्रतीक्षित निर्देशित पहली फिल्म द मेहता बॉयज के साथ चर्चा में हैं। अपने निर्देशन की पहली फिल्म द मेहता बॉयजमें बोमन ईरानी ने अविनाश तिवारी और श्रेया चौधरी के साथ अभिनय किया है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## एक नजर

### शोपियां में दो आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि शोपियां पुलिस, सेना की 44 राष्ट्रीय राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 14 बटालियन की संयुक्त टीम ने दोनों आतंकवादी सहयोगियों को मलिक चेक क्रॉसिंग पर गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि दोनों आतंकवादी सहयोगियों के नाम सुहैब इकबाल मलिक और तुफैल यूसुफ मलिक है और दोनों शोपियां के बाबा मोहल्ला में रहते हैं।

### पाकिस्तानी ड्रोन पर जवानों ने की फायरिंग

**श्रीनगर।** बीएसएफ के सतर्क जवानों ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब मंडरा रहे पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलीबारी की। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि बीएसएफ के जवानों ने शुक्रवार देर रात सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर के नारायणपुर इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक पाकिस्तानी ड्रोन देखा। ड्रोन को रोकने के लिए कुछ राउंड गोलीबारी की।

### कई रॉकेट को लॉन्च करने वाली प्रणाली का परीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने एक साथ कई रॉकेट को लॉन्च करने वाली प्रणाली का परीक्षण किया, इस दौरान उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन मौजूद रहे। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया की समाचार समिति ने कहा कि शुक्रवार के परीक्षण से कई रॉकेट को लॉन्च करने की प्रणाली और उसमें उपयोग किए जाने वाले गोलों तथा उनकी विनाशकारी शक्ति का पता चला। समाचार समिति ने कहा कि इस प्रणाली को 2024 से 2026 तक लड़ाकू इकाइयों में तैनात किया जाएगा।

### पाकिस्तान में मुठभेड़ में पांच सैनिक मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में शनिवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में पांच सैनिकों की मौत हो गयी। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। मुठभेड़ स्थानीय समयानुसार सुबह पूर्वाह्न 8:30 बजे हुई। प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में बम निरोधक दल को ले जा रहे एक सैन्य वाहन शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण की चपेट में आ गया। जिसके बाद वाहन पर घात लगाकर बैठे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने जवाबी कार्रवाई में गोलियां चलाई और मुठभेड़ शुरू हो गयी। मुठभेड़ में दो सैनिक और दो आतंकवादी घायल भी हुए हैं, जबकि घटना के बाद से एक सैनिक लापता है।

### अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** फार्मा ओपियोइड्स को बड़ा झटका देते हुये, स्पेशल टास्क फोर्स (एस टी एफ) ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी में एक फार्मा फैक्ट्री से चल रहे अवैध साइकोट्रोपिक पदार्थों और आपूर्ति इकाइयों के निर्माण के एक अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि 70.42 लाख नशीली गोलियां/कैप्सूल, 725.5 किलोग्राम नशीली ट्रामाडोल पाउडर और 2.37 लाख रुपये की नशीली दवाओं की जब्ती के साथ पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में फैले ऑपरेशन चला रहे मास्टरमाइंड सहित सात ड्रग तस्करों/आपूर्तिकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया।

---

### कैमरे में कैद हुईं दुर्लभ तस्वीरें

# ऑरोरा की रंग बिरंगी रोशनी से नहाया लदाख का आसमान

संवाददाता, नैनीताल

- दोरजे अंगचुक देश के सर्वश्रेष्ठ एस्ट्रो फोटोग्राफरों में से एक




**अमृत विचार :** लदाख में दुर्लभ ऑरोरा रंग बिरंगी रोशनी की दुर्लभ खगोलीय घटना देखी गई। लद्दाख वेधशाला के प्रभारी इंजीनियर का दोरजे अंगचुक ने ऑरोरा की तस्वीर कैमरे में कैद की हैं। आने वाले दिनो में भी यह घटना देखी जा सकेगी।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के निदेशक व सौर विज्ञानी प्रो दीपांकर बनर्जी ने बताया कि लदाख से पिछली बार, लगभग एक वर्ष पूर्व लदाख के हानले स्थित वेदशाला से डिटेक्ट की गई थी। भारत के लदाख में ऑरोरा देखा जाना देश ही नही बल्कि दुनिया के लिए बड़ी खबर है। इनके भविष्य में देखे जाने के संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

मगर यह पृथ्वी की दिशा में आने वाले सौर तूफानों पर निर्भर करता है। उन्होंने बताया कि का दोरजे अंगचुक देश के सर्वश्रेष्ठ एस्ट्रो फोटोग्राफरों में से एक हैं। लदाख में ऑरोरा की तस्वीरें कैमरे मे उतारने के लिए जुटे हुए हैं। यह 25 वा सोलर साइकिल चल रहा है। इन दिनों सूर्य मैक्सिमा यानी अत्यधिक सक्रियता के दौर से गुजर रहा है।

जिस कारण पृथ्वी के ध्रुवीय व चुम्बकीय क्षेत्रों में मनमोहक रंग में ऑरोरा नजर आते रहेंगे। लदाख के का दोरजे अंगचुक से फोन पर हुई वार्ता में उन्होंने बताया कि बीती रात तीन बजे तक ऑरोरा की तलाश में जुटे रहे। रात दो से तीन बजे के बीच स्याह अंधेरे में ऑरोरा की तस्वीरें कैमरे में कैद करने की सफलता मिल गई। इन दिनों सूर्य बेहद सक्रिय है और सूर्य की सतह से निरंतर सौर भभुकाएँ उठ रही हैं।

## उड़ान में अभद्र बर्ताव को लेकर यात्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**मंगलुरु।** एअर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल की शिकायत के बाद दुबई और मंगलुरु के बीच उड़ान के दौरान अभद्र व्यवहार करने को लेकर एक यात्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि उड़ान के सुरक्षा समन्वयक सिद्धार्थदास ने बाजपे पुलिस थाने में मोहम्मद बी सी के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी।

घटना 9 मई की सुबह हुई और उसी दिन शाम को प्राथमिकी दर्ज की गई। मोहम्मद ने 8 मई की रात को एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान से दुबई से मंगलुरु की यात्रा की और अगले दिन सुबह 7.30 बजे मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। विमान के दुबई के लिए उड़ान भरने के बाद उसने चालक दल से कृष्णा नामक व्यक्ति के बारे में पूछा। कृष्णा नाम उस उड़ान के यात्रियों की सूची में नहीं था।

# कुवैत के अमीर ने भंग की संसद

### राजनीतिक उठापटक के बीच विभाग कंट्रोल में लिए, कहा-देश के लिए मुश्किल फैसला लिया

कुवैत, एजेंसी



तेल की अकूत संपदा से मालामाल खाड़ी देश कुवैत के नए अमीर शेख मिशाल ने संसद को भंग कर दिया है। अमीर ने सरकारी टीवी पर एक संबोधन में इसकी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने संविधान के कुछ अनुच्छेदों को भी निलंबित कर दिया है। कहा गया है कि ये संविधान पर निलंबन चार साल से ज्यादा नहीं होगा। इस दौरान देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सभी पहलुओं का अध्ययन किया जाएगा। सरकारी टीवी के मुताबिक, इस दौरान नेशनल असेंबली की सभी शक्तियां अमीर और देश की कैबिनेट के पास होंगी।

83 साल के कुवैती अमीर ने कहा कि कुवैत हाल ही में कुछ कठिन समय से गुजर रहा है, जिससे देश को बचाने और अपने उच्चतम हितों को सुरक्षित करने के लिए कड़े फैसले लेने में झिझक या देरी के लिए कोई जगह नहीं बचती है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले कुछ वर्षों राज्य के अधिकांश विभागों में भ्रष्टाचार की पहुंच से कुवैत का माहौल खराब हुआ है। दुर्भाग्य से भ्रष्टाचार सुरक्षा और आर्थिक संस्थानों तक पहुंच गया है। उन्होंने न्याय प्रणाली में भी भ्रष्टाचार होने की बात कही है।

सालों से चल रहा राजनीतिक संकटकुवैत पिछले कुछ सालों से घरेलू राजनीतिक विवादों से घिरा रहा है. देश का वेल्फेयर सिस्टम इस संकट का एक प्रमुख मुद्दा रहा है और इसने सरकार को कर्ज लेने से रोका है. इसकी वजह से अपने तेल भंडार से भारी मुनाफे के बावजूद सरकारी खजाने में पब्लिक सेक्टर के कर्मचारियों को वेतन देने के लिए बहुत कम पैसे बचे हैं. कुवैत में भी दूसरे अरब देशों की तरह शेख वाली राजशाही सिस्टम है, लेकिन यहां की विधायिका पड़ोसी देशों से ज्यादा पावरफुल मानी जाती है।

कुबैत की संसद भंग होने के बाद प्रमुख देश यहां की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

#### लोकतंत्र के गलत इस्तेमाल की कही बात

कुवैती अमीर ने कहा कि मैं देश को बर्बाद करने के लिए लोकतंत्र के गलत इस्तेमाल की अनुमति कभी नहीं दूंगा। क्योंकि कुवैत के लोगों का हित सबसे ऊपर है। कुवैत ने लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक गतिरोध से बाहर निकलने की कोशिश में इसी अप्रैल में राष्ट्रीय चुनाव करवाए थे, जो पिछले कुछ वर्षों में चौथी बार था। कुवैत में भी अरब देशों की तरह शेख वाली राजशाही व्यवस्था है, लेकिन यहां पर विधायिका पड़ोसियों के मुकाबले अधिक प्रभाव रखती है। पिछले कई वर्षों से कुवैत घरेलू राजनीतिक विवाद में फंसा हुआ है। इस गतिरोध ने शेखशाही व्यवस्था को कर्ज लेने से रोक दिया है। इसके चलते तेल भंडार से अपार धन कमाने के बावजूद कुवैत के खजाने में सरकारी कर्मचारियों को वेतन देने के लिए बहुत कम राशि बची है।

#### 28 सालों में 12 बार कुवैत की संसद भंग हुई है

कतर की संसद में 50 सदस्य होते हैं, जिसका नेता प्रधानमंत्री होता है। ये सारे सदस्य निर्दलीय रूप से चुने जाते हैं, क्योंकि कुवैत में राजनीतिक पार्टियां पर प्रतिबंध है। इसके अलावा 16 सदस्यों की एक कैबिनेट होती है, जिसे पीएम खुद चुनते है। हालांकि प्रधानमंत्री का पद पर नियुक्ति कुवैत के अमीर ही करते है। और संसद पर भी उन्हीं की ही पकड़ होती है।वे जब चाहे संसद को भंग कर सकते हैं। हालांकि असेंबली भंग करने के 2 महीनों के अंदर ही चुनाव करवाने होते हैं। इससे पहले भी कुवैत की संसद कई बार भंग की जा चुकी है। 2006 से 2024 के बीच लगभग 12 बार कुवैत की जनरल असेंबली को भंग किया जा चुका है। बीबीसी के मुताबिक कुवैत के इतिहास में राजनीतिक उठापटक के कारण 4 बार संसद को भंग किया गया है।

## आईएमएफ को कर्ज चुकाने की पाकिस्तान की क्षमता पर संदेह

**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि पाकिस्तान को कर्ज चुकाने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वैश्विक वित्तीय निकाय ने नकदी की कमी से जूझ रहे देश की कर्ज चुकाने की क्षमता पर संदेह किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के बारे में वाशिंगटन स्थित बैंक का आकलन ऐसे वक्त में आया है, जब आईएमएफ सहायता दल शुक्रवार को यहां अधिकारियों के साथ बातचीत करने के लिए पहुंचा है। ईएफएफ के तहत नए राहत पैकेज का अनुरोध किया था।

## जम्मू-कश्मीर : छह आतंकवादियों के पुलिस ने जारी किए स्केच

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में हुई मुठभेड़ में शामिल छह आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, इन आतंकवादियों ने पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसपैठ की और घने जंगलों में भागने से पहले गोलीबारी में एक गांव के रक्षा गार्ड की गोली मारकर हत्या कर दी।

उधमपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) जोगिंदर सिंह ने आतंकवादियों के एक सहयोगी की गिरफ्तारी के साथ इस मामले में पहली सफलता मिलने की घोषणा की। आतंकवादियों के इस सहयोगी ने सीमा पार से घुसपैठ के बाद आतंकियों को इलाके तक पहुंचने में मदद की थी। एसएसपी सिंह ने कहा कि छह आतंकवादियों के ''स्केच'' विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों, जनता और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ के आधार पर तैयार किए गए हैं। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा हमें उम्मीद है कि लोग आगे आएंगे और आतंकवादियों को ढेर करने में सुरक्षा एजेंसियों की मदद करेंगे। ग्राम रक्षक (वीडीजी) मोहम्मद शरीफ 28 अप्रैल को बसंतगढ़ के पनारा गांव में घेराबंदी और तलाशी अभियान के बाद आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गए थे।

## सांबा में दो अपराधी गिरफ्तार, मामला दर्ज

जम्मू, एजेंसी



- सार्वजनिक शांति और व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा थे दोनों अपराधी

जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में पुलिस ने शनिवार को दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर एक गैंगस्टर सहित तीन लोगों के खिलाफ सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया।

पुलिस ने बताया कि जिले में आपराधिक गिरोहों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गटरू गिरोह के दो कुख्यात अपराधियों को हिरासत में लेकर जेल भेजा गया है। एक की पहचान गिरोह के मुखिया सुमित जंडियाल उर्फ गटारू के रूप में की गई और उस पर जम्मू-कश्मीर सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया गया। गैंगस्टर सुमित और गटारू गिरोह के सदस्य सौरव गुप्ता दोनों सांबा जिला के विजयपुर निवासी ओम प्रकाश के पुत्र हैं और इनके खिलाफ संगठित तरीके से आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इस गिरोह के कारण सार्वजनिक शांति और व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। गैंगस्टर गटारू जिले में अपने भाई सौरव तथा अन्य सदस्यों के साथ मिलकर गटारू गिरोह का संचालन कर रहा है।

## दस नेपाली पेशेवर पर्वतारोहियों ने माउंट एवरेस्ट फतह की

काठमांडू, एजेंसी

- इस मौसम में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने वाला पहला अभियान दल

नेपाल के दस पेशेवर पर्वतारोहियों ने शुक्रवार रात को माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने में सफलता हासिल की। यह इस मौसम में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने वाला पहला अभियान दल है। इस पर्वतारोहण अभियान का आयोजन करने वाले सेवन समिट ट्रैक के कर्मी थानी गुरुगैन ने कहा कि डेंडी शेरपा के नेतृत्व में पर्वतारोहियों की टीम शुक्रवार रात सवा आठ बजे 8,848.86 मीटर ऊंची शिखर पर पहुंची।

पर्वतारोही रस्सियां लगाते हुए पर्वत शिखर पर पहुंचे। ये रस्सियां पर्वतारोहियों को पर्वत पर चढ़ने में सुविधा प्रदान करेंगी। पर्यटन विभाग के पर्वतारोहण अनुभाग के एक अधिकारी चुन बहादुर तमांग ने शुक्रवार रात एक नोटिस जारी करते हुए कहा कि रस्सी लगाने का काम पूरा होने के बाद माउंट एवरेस्ट अब नेपाल और विदेशी पर्वतारोहियों की चढ़ाई के लिए खुल गया है। विभाग के मुताबिक एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ने वाले अन्य पर्वतीय गाइडों में तेनजिंग ग्यालजेन शेरपा, पेम्बा ताशी शेरपा, लकपा शेरपा, दावा रिनजी शेरपा, दावा शेरपा, पाम सोरजी शेरपा, सुक बहादुर तमांग, नामग्याल दोरजे तमांग और लकपा रिनजी शेरपा शामिल हैं। कुल मिलाकर 41 पर्वतारोहण अभियानों से संबद्ध 414 पर्वतारोहियों को इस सीज़न में एवरेस्ट पर चढ़ने की अनुमति मिली है।

## आपातकालीन सेवाओं के लिए पूरे साल खुला रहेगा भारतीय वाणिज्य दूतावास

**न्यूयॉर्क।** यहां भारत के महावाणिज्य दूतावास ने घोषणा की है कि आपात स्थिति के मामले में लोगों की भारत यात्रा में मदद और सुविधा प्रदान करने के लिए यह सभी छुट्टियों सहित पूरे वर्ष खुला रहेगा। वाणिज्य दूतावास ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह आम जनता की आपातकालीन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शनिवार और रविवार सहित अन्य सार्वजनिक छुट्टियों के दौरान अपराह्न दो बजे से शाम चार बजे तक खुला रहेगा। यह सुविधा वास्तविक आपात स्थिति वाले लोगों के लिए है। उसने आवेदकों को सलाह दी कि किसी भी आपातकालीन सेवा के लिए आने से पहले उन्हें संबंधित सेवा से जुड़े सहायक दस्तावेजों के बारे में पता लगाने के वास्ते दूतावास के आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे अनुरोध आपातकालीन सेवाओं की श्रेणी में आते हैं।

## गाजा में इजरायली बमबारी में 31 लोगों की मौत, कई घायल

गाजा, एजेंसी



गाजा पट्टी के विभिन्न इलाकों में इजरायली बमबारी में करीब 31 लोग मारे गये व कई अन्य घायल हो गये। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने यह जानकारी दी। इजरायली लड़ाकू विमानों ने शुक्रवार को मध्य गाजा पट्टी के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिसमें करीब 24 लोग मारे गए। इसके गाजा के उत्तरी क्षेत्र जबालिया में सात अन्य लोग मारे गये।

मिस्र के काहिरा में गुरुवार को इजरायल-हमास संघर्ष विराम पर आयोजित वार्ता विफल होने के बाद इजराइल ने राफा पर हमले तेज कर दिये हैं। संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कहा कि शहर में इजरायली बमबारी तेज होने के कारण सुरक्षा की तलाश में लगभग 110,000 लोगों को राफा से विस्थापित होना पड़ा। एजेंसी ने बताया कि राफा में 34 यूएनआरडब्ल्यूए चिकित्सा बिंदुओं में से दस को बंद कर दिया गया था और क्षेत्र में इसके तीन परिचालन स्वास्थ्य केंद्र कम क्षमता पर काम कर रहे थे।

## पाकिस्तान की शीर्ष अदालत के फैसले के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन ने 27 आरक्षित सीट गंवायी

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पीएमएल-एन की अगुवाई वाले सत्तारूढ़ गठबंधन को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि प्रांतीय एसेम्बली के अध्यक्ष ने 27 जन प्रतिनिधियों की सदस्यता स्थगित कर दी है। मीडिया ने यह जानकारी दी है। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने एक निचली अदालत के उस फैसले को निलंबित कर दिया जिसमें उसने सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल को महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीट में उसका हिस्सा देने से इनकार कर दिया था।

प्रांतीय एसेंबली के अध्यक्ष मोहम्मद अहमद खान ने आरक्षित सीट पर नियुक्त की गयी महिलाओं और गैर मुसलमानों की सदस्यता स्थगित कर दी। उन्हें पाकिस्तान निर्वाचन आयोग की पिछली अधिसूचनाओं के मार्फत आरक्षित सीट पर नियुक्त किया गया था। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने यह खबर दी है।

# रूस ने उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के पांच गांवों पर नियंत्रण का दावा किया

कीव, एजेंसी



रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को दावा किया कि रूसी बलों ने उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के पांच गांवों पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। यूक्रेन के पत्रकारों ने शुक्रवार को बताया कि रूसी सैनिकों ने बोरिसिव्का, ओहिरत्सेव, पिल्ना और स्ट्राइलेचा गांवों पर कब्जा कर लिया है और ये सभी गांव यूक्रेन के खार्किव क्षेत्र में स्थित हैं।

रूसी अधिकारियों ने यह भी दावा किया कि उन्होंने प्रांत पर किए गए हालिया हमले में एक अन्य गांव प्लेटेनिव्का पर भी कब्जा कर लिया है। यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा कि रूसी बलों के हमले के कारण 1,700 से अधिक आम लोगों को क्षेत्र से निकलना पड़ा। खार्किव के गवर्नर ओलेह एस. ने कहा कि हवाई हमलों और बमबारी में 30 से अधिक विभिन्न कस्बों और गांवों को निशाना बनाया गया, जिसमें कम से कम तीन लोग मारे गए और पांच घायल हो गए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेनी बलों ने ड्रोन और मिसाइलों से हमले किये। उसने कहा कि हवाई सुरक्षा प्रणाली ने 21 रॉकेट और 16 ड्रोन को नष्ट कर दिया, जो रूस के बेलगोरोद, कुर्स्क और वोल्गोग्राद प्रांत को निशाना बनाकर दागे गए थे।

#### लुगांस्क पर हमले में तीन लोगों की मौत

**लुगांस्क।** यूक्रेन ने रूस के कब्जे वाले शहर लुगांस्क के बाहरी क्षेत्र रोवेंकी में एक तेल डिपो पर मिसाइल हमला किया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गये। स्थानीय नेता लियोनिद पासेचनिक ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा लुगांस्क के रोवेन्की पर आज का हमला संभवत: क्लस्टर हथियारों से लैस अमेरिकी निर्मित एटीएसीएमएस मिसाइलों के साथ किया गया। हमले से तेल डिपो आग की चपेट में आ गया और इसके आसपास के घर भी क्षतिग्रस्त हो गये।

## अगरतला महिला कॉलेज में मोबाइल फोन पर लगा प्रतिबंध

**अगरतला।** त्रिपुरा के अगरतला में महिला कॉलेज की प्रधानाचार्या ने पढ़ाई में विघ्न पढ़ने के कारण मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रधानाचार्या सरबरी नाथ ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा हमारे संज्ञान में आया है कि किशोरियां मोबाइल फोन की आदी होती जा रही हैं और अगर अध्यापिका उनके पास से गुजर भी जाएं तो उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता, यानी कि शिक्षण-अधिगम गतिविधियों को प्रभावित करने के साथ-साथ छात्रों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन जाता है। ज्यादातर विद्यार्थी पूरी तरह से फोन में व्यस्त होते जा रहे हैं, हालांकि उनके आस-पास बहुत सी चीज़ें घटित होती हैं, फिर भी वे ऊपर तक नहीं देखते जो बहुत निराशाजनक है। किशोर और किशोरियां कॉलेज आते हैं और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हैं लेकिन अब कॉलेज परिसर में कोई शोर नहीं है, हर कोई मोबाइल पर व्यस्त है।

एतराज

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष बोली- प्रशासन ने पुलवामा को लक्षित करके लगाए प्रतिबंध

# महबूबा ने चुनाव फिक्सिंग करने का लगाया आरोप

श्रीनगर, एजेंसी




पत्रकारों को संबोधित करतीं महबूबा मुफ्ती। • एजेंसी

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को पुलवामा जिले में धारा 144 लागू करने पर सवाल उठाया और प्रशासन पर लोकसभा चुनाव को गड़बड़ी करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। महबूबा ने कहा कि अधिकारियों ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में अपराध प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत शनिवार शाम 6.30 बजे से 48 घंटे के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। पुलवामा श्रीनगर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां पर सोमवार को मतदान होना है।

उन्होंने श्रीनगर में संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि यह अभूतपूर्व है और ऐसा पहले नहीं हुआ है कि जहां चुनाव होने हैं, वहां प्रतिबंध लगाए गए हैं और वह भी चुनाव प्रचार के समापन के समय में। उन्होंने कहा कि ये प्रतिबंध पुलवामा को लक्षित करके लगाए गए हैं। उधर, महबूबा के आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, पुलवामा के उपायुक्त ने कहा कि चुनाव प्रचार के लिए चुनाव आयोग के पिछले 72 और 48 घंटों से संबंधित विशिष्ट मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत इसे अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि ईसीआई दिशानिर्देश पिछले 72 घंटों और पिछले 48 घंटों के लिए विशिष्ट एसओपी को अनिवार्य करते हैं। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 और धारा 130 और एसओपी संस्करण 2 पैरा 4.1.1, 4.1.2, 4.1.3 के तहत सीआरपीसी की धारा 144 लागू करने का प्रावधान है। ऐसे आदेश अन्य जिलों द्वारा भी जारी किए गए हैं जहां चुनाव हुए थे/चुनाव होने वाले हैं।

मौन अवधि होने के कारण प्रतिबंध अभियान आदि से संबंधित विशिष्ट गतिविधियों पर लागू होते हैं। पुलवामा के उपायुक्त ने एक्स पर कहा कि प्रतिबंध केवल क्रम में निर्दिष्ट बिंदुओं से संबंधित हैं, सामान्य प्रतिबंधों से नहीं वहीं, महबूबा ने कहा कि पीडीपी कार्यकर्ताओं (जो पार्टी के चुनाव अभियान में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं) पुलिस द्वारा बुलाया जा रहा है और चुनाव से पहले हिरासत में भी लिया जा रहा है। उन्होंने कहा यह केवल पुलवामा तक ही सीमित नहीं है। कुछ दिन पहले सुरनकोट पुंछ में हमला हुआ था।

उसके बाद, हमारे 50-60 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है और एक अजीब माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव आयोग को 1987 के चुनाव दोहराने हैं, तो चुनाव का यह नाटक क्यों? अगर उन्हें इख्वान (सरकार समर्थक बंदूकधारी) या इख्वानों की पार्टी बनानी है, तो उन्हें ऐसा कहना चाहिए।